सूर्योदय : 5:59
सूर्यास्त : 6:22
अधिकतम तापमान : 38.0
न्यूनतम : 22.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-298 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 09 अप्रैल 2024
29 रमजान, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com

29 रमजान, 09.04.2024

सुन्नी हज़रात

सेहरी	इफ्तार
04 : 23	06 : 30

शिया हज़रात

सेहरी	इफ्तार
04 : 22	06 : 39

उमरा, ज़ियारत
उमरा और ईरान-ईराक़, शाम की जियारत के लिये संपर्क करें
अलजवाद टूर्स एण्ड ट्रेवेल्स
लखनऊ
मौलाना सलीम अब्बास ज़ैदी
मो. 9897328277
7905439594

केंद्र और राज्य के बीच नहीं होना चाहिए टकराव : कोर्ट

समस्या

- सूखा राहत राशि से जुड़ी याचिका पर शीर्ष अदालत ने की सुनवाई

नई दिल्ली। शीर्ष अदालत ने सोमवार को उस याचिका पर सुनवाई की जिसमें सूखा प्रबंधन के लिए कर्नाटक को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) से वित्तीय मदद जारी करने का आग्रह किया गया है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि केंद्र और प्रदेश के बीच कोई टकराव नहीं होना चाहिए।

केंद्र सरकार की ओर से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता पेश हुए। उन्होंने न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि वे इस मामले में निर्देश प्राप्त करेंगे। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि विभिन्न राज्य सरकारों को अदालत का रुख करना होता है। शीर्ष अदालत ने केंद्र को कर्नाटक की याचिका पर जवाब दाखिल करने को कहा। सॉलिसिटर जनरल मेहता ने शीर्ष अदालत से मामले की सुनवाई दो हफ्ते बाद करने का आग्रह किया और कहा कि वे इस मामले में निर्देश लेंगे। पीठ ने कहा, केंद्र और राज्य के बीच टकराव नहीं होना चाहिए। मेहता ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर करने के बजाय अगर किसी ने इस मुद्दे पर प्राधिकारियों से बात की होती तो समस्या का समाधान हो सकता था।

भाजपा ने संवारी क्षेत्र की तस्वीर : मोदी

साधा निशाना

- 'पूर्वोत्तर को अपने हाल पर छोड़ दिया गया था'
- 2014 के बाद से 9,500 से अधिक विद्रोहियों ने आत्मसमर्पण किया

गुवाहाटी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है कि केंद्र में भाजपा शासन का पिछला दशक पूर्वोत्तर के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर को अपने हाल पर छोड़ दिया गया था लेकिन भाजपा ने बीते एक दशक में यहां की तस्वीर संवारने का काम किया।

प्रधानमंत्री ने बताया कि पिछले 10 वर्षों में 11 शांति समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जो क्षेत्र में शांति और स्थिरता लाने के प्रयासों में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के समय पर हस्तक्षेप की वजह से संकटग्रस्त मणिपुर की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि केंद्र सरकार नागा समूहों के साथ शांति वार्ता को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद से 9,500 से अधिक विद्रोहियों ने आत्मसमर्पण किया और मुख्यधारा में शामिल हो गए। यह क्षेत्र में शांति और विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब केंद्र में भाजपा सरकार आई, तो मेरी पूर्वोत्तर में हालातों को बदलने की दृढ़ प्रतिबद्धता थी।

मणिपुर की स्थिति में हुआ उल्लेखनीय सुधार

प्रधानमंत्री के अनुसार आज पूर्वोत्तर ना तो दिल्ली से दूर है और ना दिल से दूर है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत सरकार के मंत्रालयों द्वारा पूर्वोत्तर में स्थिति सुधारने के लिए पांच लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च किया गया। मणिपुर के हालात पर विपक्ष की आलोचना पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसी स्थिति से संवेदनशीलता से निपटना सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मैं पहले ही संसद में इस बारे में बोल चुका हूं। हमने संघर्ष को सुलझाने के लिए अपने सर्वोत्तम संसाधन और प्रशासनिक मशीनरी को वहां समर्पित कर दिया। इस वजह से मणिपुर की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

जहां सत्ता पाओ खूब मलाई खाओ : पीएम

मुंबई। लोकसभा चुनाव में महज कुछ ही दिन बाकी रह गए हैं। ऐसे में राजनीतिक दलों में एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला तेज हो गया है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के चंद्रपुर में एक जनसभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उनका एक ही मंत्र है, जहां भी सत्ता पाओ खूब मलाई खाओ। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के सांसद भारत के एक और विभाजन की बात कर रहे हैं। इंडी अलायंस के लोग दक्षिण भारत को अलग करने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया ब्लॉक में शामिल डीएमके द्वारा सनातन धर्म को को डेंगू-मलेरिया कहा जाता है और इसके खात्मे की बात की जाती है। उधर नकली शिवसेना वाले डीएमके पार्टी के उन्हीं लोगों को महाराष्ट्र में रैली करवाते हैं।

श्रीनगर में आतंकी हमला

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में एक बार फिर दहशतगर्दों ने नापाक हरकत को अंजाम दिया है। आतंकियों ने सोमवार को श्रीनगर के शोपियां में एक ड्राइवर को निशाना बनाकार गोली मार दी। घायल ड्राइवर दिल्ली का बताया जा रहा है। वारदात को अंजाम देकर आतंकी मौके से फरार हो गए।

सूचना पर पहुंची सुरक्षाबलों की टीम ने घायल ड्राइवर को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए घायल को श्रीनगर रेफर कर दिया। घटना के बाद से सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और आतंकियों की तलाश की जा रही है।

ईसी दफ्तर के बाहर धरना दे रहे टीएमसी कार्यकर्ता हिरासत में

साजिश

- केंद्रीय एजेंसियों का कर रहे थे विरोध
- टीएमसी का प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग कार्यालय के बाहर कर रहे थे प्रदर्शन

नई दिल्ली। लोकसभा चुनावों को लेकर तेज हुई सरगर्मी के बीच राजधानी दिल्ली में चुनाव आयोग के दफ्तर के बाहर प्रदर्शन कर रहे टीएमसी नेताओं को हिरासत में लिया गया है। दरअसल, टीएमसी का 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग कार्यालय के बाहर केंद्रीय एजेंसियों के खिलाफ धरना कर रहा था। जिन्हें पुलिस ने हटाने की कोशिश की। इसी दौरान कुछ नेताओं को हिरासत में लिया गया है। इसके कुछ वीडियो भी सामने आए हैं। टीएमसी के जिन नेताओं को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया है उनमें टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन, मोहम्मद नदीमुल हक, डोला सेन, साकेत गोखले और सागरिका घोष, विधायक विवेक गुप्ता, पूर्व सांसद अर्पिता घोष, शांतनु सेन और अबीर रंजन विश्वास और पार्टी की छात्र शाखा पश्चिम बंगाल के उपाध्यक्ष सुदीप राहा शामिल हैं। बता दें कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांग पर जोर देने के लिए चुनाव आयोग (ईसी) की पूर्ण पीठ से मुलाकात के बाद धरने की घोषणा की थी। इसके जो वीडियो सामने आए हैं, उनमें देखा जा सकता है कि टीएमसी नेताओं ने अपने हाथों में केंद्रीय एजेंसियों का विरोध करने वाले पोस्टर अपने हाथों में ले रखे थे। जिनमें केंद्रीय एजेंसियों जैसे सीबीआई, ईडी और एनआईए के खिलाफ नारे लिखे गए थे। साथ ही इसमें इन एजेंसियों के निदेशकों को बदले जाने की मांग भी की गई थी। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी लगातार आरोप लगाती रही है कि केंद्रीय जांच एजेंसियां भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र के इशारे पर विपक्षी दलों को निशाना बना रही हैं।

रायबरेली में कांग्रेस पर हमलावर हुई स्मृति ईरानी, राहुल गांधी पर बोला हमला

अब वायनाड के लोगों को धोखा दे रहे राहुल

कसा तंज

अमेठी। भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने दावा किया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केरल लोकसभा सीट के वायनाड निर्वाचन क्षेत्र से आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) का समर्थन लिया। सोमवार को, एएनआई से बात करते हुए, ईरानी ने कांग्रेस नेता पर अमेठी के लोगों का अपमान करने का आरोप लगाया, जो पहले कांग्रेस का गढ़ था, लेकिन 2019 के लोकसभा चुनावों में जीत के बाद अब इसका नेतृत्व उनके द्वारा किया जाता है। पीएम नरेंद्र मोदी ने अमेठी लोकसभा क्षेत्र में 19 लाख नागरिकों को राशन भेजा, अगर गांधी परिवार नरेंद्र मोदी के खिलाफ है, तो 19 लाख नागरिक जिनको मुफ़्त राशन मिल रहा है, गांधी परिवार उन परिवारों को क्या कहेगा? ईरानी ने राहुल गांधी पर अमेठी के लोगों की वफादारी का अपमान करने के लिए सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मैं कुछ दिन पहले वायनाड गई थी और मुझे जानकारी मिली कि राहुल गांधी ने वायनाड को अपना परिवार घोषित कर दिया है कल एक कांग्रेस नेता ने कहा कि राहुल गांधी ने वायनाड को इसलिए चुना क्योंकि राहुल गांधी कहते हैं कि वायनाड के लोग अधिक वफादार हैं।

पीएम ने अमेठी के विकास के लिए काम किया

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमें यह जानकारी मिली है कि राहुल गांधी ने वायनाड में अपना चुनाव लड़ने के लिए आतंकी संगठन पीएफआई का समर्थन लिया था। जब आप पीएफआई के सन्दर्भ में दायर की गई चार्जशीट पढ़ेंगे तो आपको पता चलेगा कि संगठन ने हर जिले में हिंदुओं को मारने की योजना बनाई थी। बीजेपी नेता ने यह भी कहा कि राहुल गांधी को अमेठी के लोगों को बताना चाहिए कि वह हिंदुओं को मारने की योजना बनाने वाले पीएफआई की मदद क्यों ले रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री ने अमेठी के विकास के लिए काम किया है और अमेठी की जनता उन्हें आशीर्वाद देगी। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा, बीजेपी कार्यकर्ता जानते हैं कि गांधी परिवार अमेठी से चुनाव लड़ने आएगा।

- चुनाव जीतने के लिए राहुल गांधी ने ली थी पीएफआई की मदद
- पीएम मोदी ने अमेठी में 19 लाख नागरिकों को राशन भेजा

पीएम मोदी के कार्यकाल में भारत की सीमाएं सुरक्षित हुई : योगी

कार्यकाल

- प्रधानमंत्री मोदी छत्रपति शिवाजी महाराज की 'हिंदवी स्वराज्य' विचारधारा पर काम कर रहे हैं : मुख्यमंत्री योगी

मुंबई। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में भारत की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं और दुनिया में देश का सम्मान बढ़ा है। लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार रामदास तड़स के पक्ष में प्रचार के लिए महाराष्ट्र के वर्धा जिले के हिंगनघाट शहर में एक रैली को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने सवाल किया कि क्या कांग्रेस कभी जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को हटाने और 'तीन तलाक' को खत्म करने का साहस जुटा सकती थी? उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राजग सरकार भारत को वैश्विक शक्ति बनाना चाहती है। आदित्यनाथ ने दावा किया कि दूसरी ओर, विपक्ष के पास देश को विकास के पथ पर ले जाने के लिए ''न तो कोई नेता है, न ही नीति और न ही नीयत है।'' उन्होंने कहा, ''मोदी के प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल के दौरान देश की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं और दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है।'' प्रधानमंत्री मोदी छत्रपति शिवाजी महाराज की 'हिंदवी स्वराज्य' विचारधारा पर काम कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि देश के नागरिक, विशेषकर बेटियां सुरक्षित रहें, इसके ''अराध्यदेव'' का सम्मान हो और विकास नई ऊंचाई पर पहुंचे। अपनी सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए आदित्यनाथ ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश की आबादी 25 करोड़ है।

हर समय तैयार रहे सेना : मनोज पांडे

महत्व

- अप्रत्याशित घटनाओं से रहें सावधान
- थलसेना, वायुसेना और नौसेना के बीच आपसी तालमेल होना बेहद जरूरी



वेलिंगटन। भारतीय सेना को अप्रत्याशित घटनाओं के लिए हर समय तैयार रहना होगा और किसी भी हाल में विचलित नहीं होना होगा। तमिलनाडु के वेलिंगटन स्थित डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज में एक संबोधन के दौरान थल सेना अध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने इन बातों पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि अचानक होने वाली घटनाएं अधिक प्रभाव उत्पन्न करती हैं क्योंकि इनके बारे में पहले से अनुमान लगाना मुश्किल होता है। इस दौरान थल सेना अध्यक्ष ने राष्ट्रों के बीच रणनीतिक प्रतिस्पर्धा के लिए प्रौद्योगिकी के महत्व पर भी जोर डाला।

भारतीय थलसेना, वायुसेना और नौसेना के बीच आपसी तालमेल होना बेहद जरूरी है। इससे खतरों का प्रभावी ढंग से आकलन करने, रणनीतियों को स्पष्ट करने, क्षमताओं की पहचान करने और नीतियां बनाने में काफी मदद मिलती है।

बिना फैसले के मामलों को रिजर्व रखना गलत : डीवाई चंद्रचूड़

नई दिल्ली। भारत के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने अदालती मामलों को महीनों रिजर्व रखने के जजों के रवैये पर नाराजगी जताई है। सीजेआई ने सोमवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि जज बिना फैसला सुनाए किसी केस को 10 महीनों से ज्यादा समय तक रिजर्व रखते हैं। यह चिंता का विषय है। चंद्रचूड़ ने कहा- इतने लंबे समय के बाद केस पर दोबारा सुनवाई हो तो पिछली सुनवाई के दौरान रखी गई मौखिक दलीलें मायने नहीं रखतीं। जज भी कई बातें भूल जाते हैं। उन्होंने इस मामले को लेकर सभी हाईकोर्ट को लेटर लिखा है। उन्होंने कहा- लेटर के बाद मैंने देखा कि कई जज केवल मामलों को डी-रिजर्व करते हैं, लिस्टिंग करते हैं और फिर आंशिक सुनवाई करते हैं।



राम मंदिर — आठ हजार मंदिरों में गूजेंगे बधाई गान

500 साल बाद मनेगा राम जन्मोत्सव

आस्था

- फूलों से सजेगी रामनगरी
- रामलला के विशेष खादी कॉटन से वस्त्र तैयार किए गए हैं
- कथा-प्रवचनों से होगा राम का गुणगान

अयोध्या। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव में डूबी अयोध्या में अब रामजन्मोत्सव का रंग चढ़ गया है। 500 साल बाद भव्य महल में रामलला का जन्मोत्सव जो मनाया जाने वाला है। इसलिए इस बार उत्सव अलौकिक व भव्य होगा। मंगलवार से अयोध्या रामनवमी के उल्लास में डूब जाएगी। रामनगरी के आठ हजार मठ-मंदिरों में बधाई गान व विविध अनुष्ठान शुरू हो जाएंगे। राममंदिर आकर्षण के केंद्र में होगा। रामजन्मोत्सव की पावन बेला में रामलला चैत्र प्रतिपदा से रामनवमी तक खादी से निर्मित विशेष वस्त्र धारण करेंगे।रामलला के वस्त्र बनाने वाले मशहूर डिजाइनर मनीष त्रिपाठी ने बताया कि रामलला के विशेष खादी कॉटन से वस्त्र तैयार किए गए हैं। इन पर सोने व चांदी की हस्त-छपाई की गई है। छपाई में इस्तेमाल किए हुए सभी चिह्न वैष्णव पद्धति के हैं। रामलला दिन के अनुसार कपड़े पहनते हैं। इसलिए अलग-अलग रंगों के कपड़े उनके लिए तैयार किए जा रहे हैं। वहीं, रामनवमी मेले के लिए श्रद्धालुओं का आगमन भी शुरू हो गया है। सोमवार को चैत्र अमावस्या पर एक लाख भक्तों ने सरयू स्नान कर नागेश्वरनाथ महादेव का पूजन किया। इस अवसर पर महिलाओं ने पीपल वृक्ष का पूजन कर पति की दीर्घायु के लिए फेरे लिए। इसके बाद भक्तों ने रामलला व हनुमानगढ़ी में हाजिरी लगाई। जिन भक्तों को होटल धर्मशाला में जगह नहीं मिल रही है वे अपने गुरु स्थानों में शरण ले रहे हैं। रामनगरी के हजारों मंदिरों में कथा, प्रवचन, नवाहपारायण, अनुष्ठान आदि का शुभारंभ मंगलवार से हो जाएगा। हिंदू धाम में पूर्व सांसद डॉ रामविलास दास वेदांती रामकथा का प्रवचन करेंगे। पिछले 18 वर्षों से वह रामनवमी पर रामकथा का प्रवचन करते आ रहे हैं।

धूप से बचाने को लग रहा जर्मन हैंगर

श्रद्धालुओं को गर्मी से बचाने के लिए श्रीरामजन्मभूमि पथ पर 600 मीटर में जर्मन हैंगर लगाया जा रहा है। तेज धूप में श्रद्धालुओं के पांव न जलें इसलिए रामजन्मभूमि पथ से लेकर रामजन्मभूमि परिसर तक जूट की कारपेट बिछाई जा रही है। इसके अलावा 50 से ज्यादा स्थानों पर पीने का पानी और ओआरएस पाउडर का इंतजाम किया जा रहा है। रामनवमी के अवसर पर राममंदिर में लाखों की संख्या में श्रद्धालु आ सकते हैं। जो भक्त राममंदिर नहीं पहुंच पाएंगे, उनके लिए प्रसार भारती कार्यक्रम का सीधा प्रसारण करेगी। शहर में सौ से ज्यादा एलईडी टीवी लगाई जा रही हैं। लाइव प्रसारण के माध्यम से भक्त घर बैठे रामलला के जन्मोत्सव के साक्षी बन सकेंगे। अयोध्या आने वाले श्रद्धालु भी जगह-जगह लगे एलईडी पर लाइव प्रसारण देख पाएंगे।

क्रय केंद्र प्रभारी किसानों से करें सौहार्दपूर्ण व्यवहार, अन्यथा होंगे दंडित : डीएम

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। एक अप्रैल के बाद क्रय केंद्रों पर सक्रियता बढ़ा दी गई है। विपणन विभाग के अधिकारी क्रय केंद्रों के साथ ही गांवों में जाकर किसानों का पंजीयन करा रहे हैं। इस बार रबी विपणन वर्ष 2024-25 में जनपद खीरी में गेहूँ खरीद का शासन द्वारा 250700.00 मी. टन लक्ष्य आंवटित किया गया है।

जनपद में 01 मार्च, 2024 से गेहूँ क्रय प्रगतिमान है। लक्ष्य पूरा करने के लिए सभी क्रय केंद्र प्रभारियों ने निर्देश दिए गए हैं। गेहूं की खरीदारी बढ़ाने के लिए इस वर्ष क्रय केंद्रों के साथ ही मोबाइल क्रय केंद्र की व्यवस्था भी की गई है। एक ट्रक यानी 200 कुंतल तक गेहूं किसानों के दरवाजे से ही खरीद लिया जाएगा। इसके साथ बटाईदारों से भी गेहूं की खरीदारी की जाएगी। गेहूं की खरीदारी के लिए जिले में कुल 156 क्रय केंद्र बनाए गए हैं। गेहूं बेचने के लिए अब तक 7336 किसानों ने पंजीयन कराया है। वही 214 किसानों से 1405 मीट्रिक टन की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की जा चुकी है। बताते चलें कि इस वर्ष गेहूं की खरीदारी की कवायद एक मार्च से शुरू कर दी गई थी। गांवों में जाकर कराया जा रहा किसानों का पंजीयन एक अप्रैल के बाद क्रय केंद्रों पर सक्रियता बढ़ा दी गई है। विपणन विभाग के अधिकारी क्रय केंद्रों के साथ ही गांवों में जाकर किसानों का पंजीयन करा रहे हैं। लक्ष्य पूरा करने के लिए सभी क्रय केंद्र प्रभारियों ने निर्देश दिए गए हैं।

24 घंटे में ही हो रहा भुगतान

किसानों से खरीद के 48 घंटे के अंदर उनके आधार से जुड़े खाते में भुगतान किए जाने की व्यवस्था है। हालांकि 24 घंटे के अंदर किसानों को भुगतान किया जा रहा है। बटाईदार अपना पंजीयन कराकर नजदीक के केंद्र पर गेहूं बेच सकते हैं। इस वर्ष 100 कुंतल तक गेहूं विक्रय के लिए सत्यापन से छूट दी गई है। गेहूं तौलाई के पैसे भी आएंगे।

किसानों से विनम्रतापूर्ण और सौहार्दपूर्ण व्यवहार करें

किसानों से अपील करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि वह अपनी गेहूं की फसल नजदीकी क्रय केंद्रों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बेचे। किसी प्रकार की असुविधा होने पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी एवं संबंधित उप जिलाधिकारी को सूचना देकर उसका निदान कर सकते हैं। डीएम ने क्रय केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए कि वह अपने क्रय केंद्रों पर निर्धारित समय पर उपस्थित रहकर किसानों से विनम्रतापूर्ण और सौहार्दपूर्ण व्यवहार करें। किसी प्रकार की शिकायत आने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

गेहूं तौलाई के पैसे भी आएंगे खाते में

खाते में इस बार खास बात यह कि क्रय केंद्रों पर प्रति कुंतल 20 रुपये तौलाई के पैसे भी अब किसानों को वापस कर दिए जाएंगे। गेहूं के प्रति कुंतल 2275 रुपये के साथ ही तौलाई की रकम भी किसान के खाते में भेजी जाएगी। डीएम की अपील, किसान क्रय केंद्र पर बेचे अपना गेहूं, पाए एमएसपी का लाभ।

फायरिंग करने वाला एक आरोपी गिरफ्तार

सहारनपुर। थाना सरसावा पुलिस ने फायरिंग करने वाले एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नाजायज असलाह बरामद किया है। गौरतलब रहे कि विगत् 15 जनवरी को वरिष्ठ उपनिरीक्षक नरेश सिंह ने अर्जुन मोगा निवासी कस्बा सरसावा व 30 से 35 अन्य लोगों के खिलाफ थाना सरसावा पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया था। थाना सरसावा पुलिस टीम ने नकुड़ हाइवे ओवर ब्रिज के पास से एक वांछित आरोपी अर्जुन पुत्र घनश्याम निवासी मौहल्ला पूर्वी अफगानान कस्बा व थाना सरसावा को दबोचकर उसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर मय एक जिंदा कारतूस बरामद कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह अजय प्रधान भिक्खनपुर सरसावा गुट का है तथा दूसरा गुट थाना चिलकाना के तेलीपुरा निवासी परिक्षित का है। दोंनो पक्ष वर्चस्व को लेकर मोबाइल पर एक दूसरे पर तीखा टिप्पणी करते रहते है, जिस कारण दोनों में काफी तनाव है। कई बार आपस में पूर्व में एक दूसरे पर फायरिंग कर चुके है। इस बात को लेकर आज भी दोनों पक्षों द्वारा कस्बा सरसावा के पास स्थित जियो पैट्रोल पम्प के सामने एकत्र होकर एक दूसरे के साथ मारपीट, डंडा, सरिया आदि गाली गलौच व जान से मारने की धमकी देते तथा तमंचों से एक दूसरे पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की थी।

अन्तर्जनपदीय चोर गिरोह का गैंग लीडर सलीम उर्फ मझिले को उसके 06 नफर साथियों के साथ किया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी ने प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि अन्तर्जनपदीय चोर गिरोह का गैंग लीडर जो हत्या चोरी, लूट डकैती का 30 हजार का इनामिया अपराधी है को उसके 06 नफर अभियुक्तों के साथ गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से 03 राशि भैस, एक राशि पडिया, एक राशि पड्डा, दो अदद अवैध तमंचा 315 बोर तथा दो अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, व एक अदद अवैध तमंचा 12 बोर तथा एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर तथा भैंस चोरी मे प्रयुक्त दो अदद पिक-अप तथा 06 अदद छूरी (चाकू) व मोबाइल फोन तथा कुल धनराशि 16,600/ रू0 बरामद की गई मुखबिर की सूचना पर शारदा नहर पुल से पहले लगे बैरियर के पास से अन्तर्जपदीय चोर गिरोह का गैंग लीडर सलीम उर्फ मझिले उर्फ इकरारुल उर्फ पतरिया जो हत्या चोरी ,लूट डकैती का 30 हजार का इनामिया अपराधी है को उसके 06 नफर साथियों के साथ गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से 03 राशि भैंस, एक राशि पडिया, एक राशि पड्डा, दो अदद अवैध तमंचा 315 बोर तथा दो अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, व एक अदद अवैध तमंचा 12 बोर तथा एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर तथा भैंस चोरी मे प्रयुक्त दो अदद पिक-अप तथा 06 अदद छूरी (चाकू) व मोबाइल फोन व कुल धनराशि 16,600/ रू0 बरामद की गई। बरामदी के आधार पर अभियुक्तों के विरूद्ध मु0अ0सं0-0294/2024 धारा 411/413/414/420/467/468/471 भादवि 41 सीआरपीसी व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत करते हुये नियमानुसार कार्यवाही कर अभियुक्तगण को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा हैं मुखबिर ने सूचना दी कि दो पिकअप गाडी में चोरी की भैंसे व कुछ चोर लहरपुर की तरफ से शारदा नहर के रास्ते से बरेली की ओर जाने की फिराक में है जिस पर तत्काल मुखबिर की सूचना पर शारदा नहर पुल से पहले लगे बैरियर के पास से अन्तर्जपदीय चोर गिरोह का गैग लीडर सलीम उर्फ मझिले उर्फ इकरारुल उर्फ पतरिया पुत्र वशीर अहमद निवासी ग्राम रसूलपुर बकईया थाना सकरन जिला सीतापुर हाल पता मो0 बघौरी टोला कस्बा व थाना लहरपुर जिला सीतापुर जो हत्या चोरी, लूट डकैती का 30 हजार का इनामिया अपराधी है को उसके 06 नफर साथियों हलीम उर्फ छुटकऊ पुत्र वशीर अहमद निवासी ग्राम रसूलपुर बकईया थाना सकरन जिला सीतापुर हाल पता मो0 बघौरी टोला कस्बा व थाना लहरपुर जिला सीतापुर उम्र करीब 21 वर्ष इरफान पुत्र असफाक निवासी मो0 बघौरी टोला कस्बा व थाना लहरपुर जिला सीतापुर उम्र करीब 24 वर्ष दिलशाद पुत्र इस्तियाक निवासी मो0 बघौरी टोला कस्बा व थाना लहरपुर जिला सीतापुर जियाउल्ल पुत्र सफी अहमद निवासी मो0 सैय्यद बाडा कस्बा व थाना खीरी उम्र करीब 35 वर्ष 5. साहिबे आलम पुत्र इस्तियाक निवासी मो0 बघौरी टोला कस्बा व थाना लहरपुर जिला सीतापुर उम्र करीब 26 वर्ष अरशद अंसारी पुत्र अजीज अहमद अंसारी निवासी मो0 कटरा कस्बा व थाना खीरी को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से 03 राशि भैस, एक राशि पडिया, एक राशि पड्डा, दो अदद अवैध तमंचा 315 बोर तथा दो अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, व एक अदद अवैध तमंचा 12 बोर तथा एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर तथा भैंस चोरी मे प्रयुक्त दो अदद पिक-अप तथा 06 अदद छूरी (चाकू) व मोबाइल फोन व कुल धनराशि 16,600/ रू0 बरामद हुयी। बरामदी के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध मु0अ0सं0-0294/2024 धारा 411/413/414/420/467/468/471 भादवि 41 सीआरपीसी व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत करते हुये नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण हलीम उर्फ छुटकऊ पुत्र वशीर अहमद निवासी ग्राम रसूलपुर बकईया थाना सकरन जिला सीतापुर हाल पता मो0 बघौरी टोला कस्बा व थाना लहरपुर जिला सीतापुर उम्र करीब 21 वर्ष इरफान पुत्र असफाक निवासी मो0 बघौरी टोला कस्बा व थाना लहरपुर जिला सीतापुर उम्र करीब 24 वर्ष, दिलशाद पुत्र इस्तियाक निवासी मो0 बघौरी टोला कस्बा व थाना लहरपुर जिला सीतापुर 35 वर्ष जियाउल्ल पुत्र सफी अहमद निवासी मो0 सैय्यद बाडा कस्बा व थाना खीरी जनपद खीरी उम्र करीब 35 वर्ष सलीम उर्फ मझिले उर्फ इकरारुल उर्फ पतरिया पुत्र वशीर अहमद निवासी ग्राम रसूलपुर बकईया थाना सकरन जिला सीतापुर हाल पता मो0 बघौरी टोला कस्बा व थाना लहरपुर जिला सीतापुर उम्र करीब 28 वर्ष साहिबे आलम पुत्र इस्तियाक निवासी मो0 बघौरी टोला कस्बा व थाना लहरपुर जिला सीतापुर उम्र करीब 26 वर्ष अरशद अंसारी पुत्र अजीज अहमद अंसारी निवासी मो0 कटरा कस्बा व थाना खीरी 32 वर्ष।

डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती को मनाने से रोका गया तो होगा देशव्यापी आंदोलन : जुगल किशोर

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। भाजपा नेता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद जुगल किशोर ने मितौली व मैगलगंज में प्रेस वार्ता करके शासन प्रशासन की भेदभावपूर्ण नीति के चलते प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा बौद्ध सत्व बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती को मनाने से रोका गया तो होगा देशव्यापी आंदोलन। भाजपा नेता जुगल किशोर ने कहा देश के अंदर आदर्श आचार संहिता लागू होने के बावजूद एक विशेष समाज के लोग ईद एवं अलविदा में हजारों की संख्या में एकत्रित होकर नमाज पढ़ते हैं। तब धारा 144 आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नहीं होता। देश में धारा 144 लागू है, भारत के संविधान के अनुसार प्रत्येक नागरिक को बराबर का अधिकार हैं, जब देश में ईद का त्यौहार मनाया जा सकता है और जुम्मे की नमाज के दिन हर मस्जिद में हजारों लोग इकट्ठा हो सकते हैं लेकिन शासन प्रशासन उन लोगों को धारा 144 और आदर्श आचार संहिता का पाठ नहीं पढ़ाते । वहीं अंबेडकर जयंती के दिन भोले भाले गरीबों मजबूरों व अंबेडकर अनुयायी जोकि शांतिपूर्ण ढंग से बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाते हैं तो उन्हें शासन प्रशासन द्वारा धारा 144 आदर्श आचार संहिता का पाठ पढ़ाया जाना अत्यंत निंदनीय है। यदि मुसलमानो के लिए धारा 144 के अंतर्गत नमाज पढ़ने के लिए यदि कोई भी परमिशन की आवश्यकता नहीं है तो अंबेडकर जयंती पर परमिशन की आवश्यकता क्यों? जबकी इतिहास गवाह है संपूर्ण देश में अंबेडकर जयंती को धूमधाम से मनाया जाता है। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने वालों को यदि रोका गया तो पूरे देश में होगा बड़ा जन आंदोलन।

अधिवक्ता संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने तहसील लखीमपुर में दिलाया शपथ

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने विधानसभा लखीमपुर एवं श्रीनगर के विभिन्न कार्यक्रमों में रहे। विधानसभा लखीमपुर के तहसील सदर में अधिवक्ता संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह एवं विधानसभा श्रीनगर के विकासखण्ड फूलबेहड़ के ग्राम लौकिहा में जनसम्पर्क किया।

केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने तहसील लखीमपुर में अधिवक्ता संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शपथ दिलाया। इसके पश्चात केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने विधानसभा श्रीनगर के विकासखण्ड फूलबेहड़ के ग्राम लौकिहा में जनसम्पर्क के दौरान कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि इंडी गठबंधन दिल्ली में एक साथ खड़े होते है और जब अपने प्रदेश में जाते है तो अलग-अलग एक-दूसरे के विरूद्ध चुनाव लड़ते है। यह इंडी गठबंधन देश के लोगों को बेवकूफ समझता है। मगर देश के लोग देख रहे है यह सारे राजनैतिक दल इस तरह के है कि न तो इनके पास देश को देने के लिए कुछ है और न ही देश के लोगों के लिए कुछ है और इसके कारण आज पूरे देश में चुनाव से पहले ही इस तरह का माहौल बन गया है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनती है। कार्यक्रम में योगेश वर्मा सदर विधायक, मंजू त्यागी विधायक श्रीनगर, प्रवीण भार्गव पूर्व जिला पंचायत सदस्य, ब्लाक प्रमुख लखीमपुर दिव्या सिंह, रविन्द्र पाल सिंह, ब्लाक प्रमुख नकहा पवन गुप्ता, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि फूलबेहड़ विश्वनाथ सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि बेहजम रामू राज, नरेन्द्र सिंह प्रतिनिधि अध्यक्ष जिला पंचायत, सांसद प्रतिनिधि अरविन्द सिंह 'संजय', अंकुर शुक्ला, शान्तनु तिवारी, कपिल वर्मा, कीर्ति त्रिवेदी, शब्देश वर्मा, ओम प्रकाश अवस्थी, संतोष अवस्थी एड0 सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

श्रीरामनवमीं पर प्रभु श्रीराम की निकलेगी भव्य शोभायात्रा

सहारनपुर। श्रीरामनवमीं महोत्सव समिति के तत्वावधान में आगामी 17 अप्रैल को निकाली जाने वाली शोभायात्रा का समिति द्वारा निमंत्रण पत्र जारी किया गया और कार्यक्रम की रूपरेखा बताई गई। आज गौशाला रोड स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में श्रीराम नवमी महोत्सव समिति द्वारा कार्यक्रम का निमंत्रण पत्र जारी किया गया। बैठक मे 17 अप्रैल को प्रभु श्री रामजी की भव्य शोमायात्रा रामलीला भवन से सायं 3:30 बजे के करीब निकाली जायेगी। शोभायात्रा मे सबसे आगे प्रवीण ग्रोवर ध्वज वाहक धवज लेकर चलेंगे। इस वर्ष प्रभु श्रीराम जी के रथ के सारथी अनुपम गुप्ता रहेंगे। प्रभु श्री रामजी की भव्य शोमायात्रा में पंजाब से आया श्री गणेश जी का रथ व बैंड आकर्षण का केंद्र होगा। उत्सव संचालक प्रवीण कुमार ग्रोवर, प्रधान प्रमेन्द्र बंसल ने आह्वान कि आयोजन को सफल बनाने के लिए भगवान श्री रामजी की भव्य शोमायात्रा में भाग लें। शोभायात्रा को भव्य रूप देना हमारा कर्तव्य है।

भाजपा सरकार से एमएसपी व रोजगार की उम्मीद करना बेमानी : इमरान मसूद

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। इंडिया गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी काजी इमरान मसूद ने महानगर के विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क किया। इस दौरान सभी क्षेत्रों में लोगों ने जाति और धर्म से ऊपर उठकर संविधान की रक्षा और जनहित के लिए इंडिया गठबंधन के समर्थन का आश्वासन इमरान मसूद को दिया। पंजाबी सिक्ख समाज सम्मेलन में उनका सम्मान किया गया।

अम्बाला रोड स्थित एक सभागार में पूर्व कांग्रेस पार्षद स. चंद्रजीत सिंह निक्कू व समाजवादी नेता अभिषेक उर्फ टिंकू अरोड़ा द्वारा आयोजित सिख-पंजाबी समाज के सम्मेलन में पंजाबी-सिख समाज के नागरिकों ने गठबंधन प्रत्याशी इमरान मसूद के समर्थन का ऐलान किया। इमरान मसूद ने कहा कि आज गरीब ओर गरीब व अमीर और अमीर होते जा रहे हैं, जहाँ एक तरफ रोजी-रोटी और नौकरी न मिलने से देश के 80 प्रतिशत से अधिक युवा बेरोजगार हैं, वहीं किसानों को भाजपा की सरकार में एमएसपी न मिलने से किसान भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। मसूद ने कहा कि भाजपा सरकार से एमएसपी की उम्मीद करना बेमानी है, क्योंकि भाजपा सरकार गन्ने के मूल्य में रूपये 10 बढ़ाकर, कट्टे में 5 से 10 किलो यूरिया कम करके किसानों के साथ धोखा करती है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसानों के सरोकारों से कोसों दूर निकल चुकी है और इस बात को किसान आंदोलन के दौरान 700 से अधिक किसानों की मौत ने साबित कर दिखाया और भाजपा सरकार ही इन 700 अन्नदाताओं की मौत के लिए जिम्मेदार है। इमरान मसूद ने युवाओं को रोजगार, किसानों को एमएसपी, महिलाओं को सुरक्षा व आर्थिक आत्मनिर्भरता आदि के लिए कांग्रेस के 5 न्याय व 25 गारंटियों हेतु जनता से समर्थन मांगा। कार्यक्रम में विनय माजरा, सुदेश प्रधान, गुलबहार अब्बासी, गुरविंदर बजाज, परमवीर मग्गी, जितेंद्र वीर, गुरविंदर कालड़ा, बाबा विजय सिंह, दिलबाग सिंह, मंजीत गोल्डी, मंजीत कोका, प्रवीन सैनी, त्रिलोक सिंह, पृथपाल सिंह, जीत सिंह, विक्रम वोहरा, गुरदयाल सिंह, अजमेर सिंह, जातिएंदर सिंह चन्नी, मनिंदर सिंह, मनजोत सिंह, हरनीत सिंह प्रिंस, साहिब सिंह, मनदीप सिंह, अमन दीप सिंह, स्नेहल भाटिया, शुभम वर्मा, राजकुमार, विशाल, गौतम, अमन प्रीत सिंह, कुक्कू, राजा भाटिया , नवीन, रवि, दीपक, सब्बू सिंह आदि सहित गांवों के जलसों में बड़ी संख्या में सभी बिरादरियों के नागरिक व किसान शामिल हुए।

आखिर कब होगा ग्रामीण क्षेत्र में मच्छर मारने वाली दवा का छिड़काव

अवधनामा संवाददाता

मोहम्मदी खीरी। मोहम्मदी में नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में मच्छरों की बढ़ती संख्या ने लोगों की नींद हराम कर दी है मच्छरों के प्रकोप से लोगों का जीना दूभर हो गया है सोते जागते उठते बैठते हर वक्त मच्छरों की भिनभिनाहट से लोग परेशान हैं इसके बावजूद भी स्वास्थ्य विभाग नगरपालिका व ब्लाक के जिम्मेदार लोग लापरवाह बने हुए हैं ग्रामीण क्षेत्र में फागिंग कब हुई किसी को याद नहीं है मच्छरों को भगाने के लिए जलाए जाने वाले मार्टिन व मच्छर अगरबत्ती सहित अन्य उपाय भी नाकाम साबित हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में तो शाम ढलते ही मच्छरों का प्रकोप इस कदर बढ़ जाता है कि लोगों का चैन से बैठना भी मुहाल हो गया है लोगों को मच्छरों के काटने से होने वाले संक्रमण का भी डर सताने लगा है वहीं विकासखंड मोहम्मदी की ग्राम पंचायत दिलावलपुर, बहादुर नगर, पकड़िया, गुरेला, हरिहरपुर, पाल अभय कचनार, मोहम्मदपुर दीना,रामपुर मिश्र, कहिमारा, झारा खेमपुर, बओधनिया, धमोला, मगरेना, खेतहरा, मोहम्मदी सराएं आदि गांव के लोग बढ़ते मच्छरों के प्रकोप से बुखार का शिकार हो रहे हैं ग्रामीणों का कहना है की फॉगिंग नहीं होने से मच्छर तेजी से बढ़ते जा रहे हैं जिस वजह से लोग जरूरी कार्य भी नहीं कर पा रहे हैं दिन में भी मच्छरों का प्रकोप बना रहता है दवा छिड़काव की बहुत आवश्यकता है क्योंकि मच्छरों के काटने से लोग गंभीर बीमारी का शिकार हो रहे हैं। नगर मोहम्मदी में तो साम होते ही मच्छरों का भयानक रूप देखने को मिलता है वहीं ग्राम प्रधान पकरिया का कहना है की अभी कोई मच्छरों की वजह से बीमारी नहीं फैली है इसीलिए अभी कोई दवा का छिड़काव नहीं कराया गया है प्रधान कहमारा का कहना है की हमने पिछले साल दवा का छिड़काव करवाया था लेकिन अबकी अभी तक नहीं करवाया है अब मच्छर ज्यादा बढ़ गए हैं तो अब सोच रहे हैं की छिड़काव करवा दें वहीं ग्राम प्रधान दिलावलपुर का कहना है की मेरे द्वारा बराबर दवा का छिड़काव कराया जाता है वहीं इस संबंध में जव अधिशासी अधिकारी नगरपालिका से जानकारी लेना चाही तो फोन नहीं उठाया गया।

ग्रामीण क्षेत्र में फैला मच्छरों का प्रकोप लोग हो रहे बुखार का शिकार

गौसिया जामा मस्जिद अमवन में हाफिज कौसर रजा ने तरावीह में मुकम्मल किए तीस पारे*

सतांव, रायबरेली। कोंसा ग्राम पंचायत के अमवन में गौसिया जामा मस्जिद में हाफिज कौसर रजा ने रमजान के 26वेंरोजे को कुरआन शरीफ मुकम्मल किया। कुरआन शरीफ मुकम्मल होने के बाद हाफिज कौसर रजा ने अल्लाह रब्बुल इज्जत से दुआ की, कि ए अल्लाह तू ही पालनहार है,और तू ही हम सब गुनहगारों को बक्शने वाला है तू ही मालिको मौला है तू ही जिंदगी देने वाला तू ही जिंदगी लेने वाला है अनेक दुवाएं बाद नमाजे तरावीह मांगी।हाफिज कौसर रजा ने कहा हम में जो बीमार हैं शिफा अता फरमा और जो रोजी से परेशान हाल हैं उन्हें रिज्के हलाल अता करा।जो नमाज नहीं पढ़ पा रहे हैं उन्हें ब जमात पंजगाना नमाज़ पढ़ते की तौफीक अता फरमा।हमें नेक बना दे हम गुनाहों में डूबे हुए हैं तू गफुरुर्रहीम हैं हमें माफ कर दे।ऐ अल्लाह हम शियाकार,बदकार हैं लेकिन जो कुछ भी हूं तेरे हबीब की उम्मत में हूं।हमें अपने हबीब के सदके में माफ कर दे। गांव के सभी लोगों ने बाद नमाजे तरावीह परवरदिगार की बारगाह में रो रो कर दुआए मांगी,वहीं हाफिज कौसर रजा ने कहा अल्लाह का बहुत बड़ा एहसान, और करम हैं जो हम लोग उम्मते मोहम्मदिया में पैदा हुए हैं और हम लोगों को इतना प्यारा महीना रहमत, बरकत और मगफिरत वाला महीना मिला जिसमें अल्लाह ने बेशुमार नेमत नाजिल की वहीं लच्छीखेड़ा के हाफिज मोहम्मद यासीन ने कहा कि इस महीने में कसरत से नमाज पढ़ो।

अनीस रज़ा खान प्रदेश महासचिव नियुक्त

लखनऊ अवधनामा संवाददाता। प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के

अध्यक्ष शाहनवाज़ आलम ने अनीश रज़ा खान को उत्तर प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का महासचिव मनोनीत किया है। अनीश रज़ा खान ने कहा कि वे आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी व महागठबंधन के सभी उम्मीदवारों को जीताने के लिए समर्पित भाव से काम करेंगे। वहीं इस मनोनयन से पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी है। शाहनवाज आलम ने कहा कि वे जमीनी कार्यकर्ता हैं। इस मनोनय से आम कार्यकर्ताओं का मान बढ़ा है। अनीश खान को प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का महासचिव बनाये जाने से कांग्रेस को मजबूती मिलेगी। इसका लाभ इस लोकसभा चुनाव 2024 में मिलेगा।

जर्ज़र तारों की चिंगारी से किसान की फसल राख

महराजगंज, रायबरेली अवधनामा संवाददाता। क्षेत्र में अलग अलग दो गांवों

में दो बीघा से अधिक गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों व फायर बिग्रेड के मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। पहली घटना में बिजली के जर्जर तारों की चिंगारी से क्षेत्र के हलोर गांव निवासी अजय वर्मा पुत्र वंशलाल के खेत में आग लग गई। जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते तब तक आग चारों तरफ खेत में फैल गई। मौके पर अफरातफरी मच गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने आग पर काबू पाया लेकिन तब तक लगभग दो बीघा तीन विश्वा गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। मौके पर पहुंचे कानूनगो व लेखपाल ने निरीक्षण कर घटना की रिपोर्ट तहसीलदार को सौप दी है। तहसीलदार ज्ञान प्रताप सिंह ने बताया की आगजनी की सूचना मिली थी मौके पर कानूनगो व लेखपाल को भेजा गया है नुकसान का आकलन कर मुआवजा दिलाया जाएगा।

पुलिस के हत्थे चढ़ा जिला बदर बदमाश

सहारनपुर अवधनामा संवाददाता। थाना बिहारीगढ़ पुलिस ने गांव शेरपुर के पीएनबी बैंक के पास से एक जिला बदर बदमाश को दबोचकर उसके कब्जे से एक नाजायज चाकू बरामद किया है। थाना बिहारीगढ़ पुलिस ने थाना प्रभारी विनोद कुमार नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना गांव शेरपुर के पीएनबी बैंक के पास से एक जिला बदर बदमाश सलमान उर्फखानू पुत्र जुल्फकार उर्फपक्कर निवासी गांव शेरपुर थाना बिहारीगढ़ को दबोचकर उसके कब्जे से एक नाजायज चाकू बरामद कर लिया। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि दबोचे गये जिला बदर बदमाश सलमान उर्फखानू को न्यायालय के आदेशानुसार विगत 4 अप्रैल को छह माह के लिए जिला बदर किया गया था।

सरकार पर भारी शिक्षा के व्यापारी

महंगी किताबे और बढ़ती फीस के बोझ तले दबा अभिभावक

सैय्यद रहबर मेंहदी

लखनऊ। बड़े और नामचीन स्कूलों में बच्चो को पढ़ा पाना शायद अब आपके लिए मुश्किल हो जाए,क्युकी हर साल कि तरह इस साल भी प्राइवेट स्कूलों ने अपनी किताबो के दाम 20 से 25 प्रतिशत तक बड़ा दिए हैं साथ फीस में भी बढ़ोत्तरी कर दी है वही बढ़ती फीस और महंगी किताबो से अभिभावक खासा नाराज़ और परेशान हैं उनका कहना है कि बच्चो को अब प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाना बजट से बाहर दिखाई दे रहा है,जितनी सैलरी हमे मिलती है उससे ज्यादा का खर्च बताया जा रहा है ऐसे में मध्यम वर्गीय परिवार के लिए शायद प्राइवेट स्कूलों में अपने बच्चो को पढ़ा पाना मुश्किल हो।

तो वही स्कूलों के लिए महंगी किताबे,ड्रेस और हर साल बढ़ती फीस एक फैशन सा बन गया है,और यहां सरकार भी बेबस और लाचार नज़र आ रही है बता दे कि मार्च से ही एनसीईआरटी और सीबीएसई पाठ्यक्रम का नया सत्र शुरू हो चुका है और इसके साथ ही अभिभावकों की जेबों पर भी वजन पड़ना शुरू हो गया है। प्राइवेट स्कूलों द्वारा सरकार के आदेशों का उल्लंघन करना कोई नही बात नहीं है जबकि साफ साफ कहा गया है कि हर साल न तो फीस बढ़ेगी न ही कोर्स बदले जाएंगे लेकिन ऐसा किसी भी स्कूलों में नहीं देखने को मिला यही नहीं पिछले साल सरकार ने सभी स्कूलों में एनसीईआरटी की किताबो को भी शामिल करने का आदेश दिया था लेकिन वो भी शायद ही कही देखने को मिले। आखिर क्या वजह है जो सरकार पर शिक्षा के व्यापारी भारी नज़र आ रहे हैं? आखिर क्यों वो सरकारी आदेशों को नज़र अंदाज़ कर अपनी मनमानी कर रहे हैं? और क्यों सरकार शिक्षा के व्यापारीयो पर दबाव नही बना पा रही? ऐसे में अभिभावकों का दर्द और शिक्षा का व्यापार कर रहे लुटेरों पर कौन शिकंजा कसेगा। ये बड़ा सवाल है जिसका जवाब न तो सरकार के पास है न ही आम नागरिक के पास।

20 से 25 प्रतिशत बढ़ाए गए किताबो के दाम

घर में घुसकर चोरों ने गहने व नकदी पर किया हाथ साफ

महराजगंज रायबरेली अवधनामा संवाददाता। शनिवार की रात शिव प्रसादगंज गांव में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देकर लाखों रुपये के जेवर व नकदी पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की इस घटना के समय दूसरे कमरे में सो रहे परिजनों को इसकी भनक तक नहीं लगी। वहीं सूचना पर पहुंची डायल 112 व कोतवाली पुलिस ने परिजनों से पूछ ताछ कर जाँच पड़ताल शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के शिव प्रसादगंज मजरे पहरावा गांव निवासी इंद्रपाल पुत्र दयाल के घर से शनिवार की रात चोरों ने बाउंड्री तड़क कर घर में घुसकर उस समय चोरी की घटना को अंजाम दिया जब इंद्रपाल व उनकी छोटी पुत्री निशा व दामाद सोनू एवं अन्य परिजन दूसरे कमरे में सोए हुए थे। घटना की रात इंद्रापल की बड़ी बेटी आशा अपने ससुराल गयी हुई थी। शनिवार की देर रात्रि बाउंड्री तड़क कर अंदर से दरवाजे की कुंडी खोल कर घर में दाखिल होकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। सुबह परिजनो ने घर सारा सामान बिखरा देख होश उड़ गए। कमरे के अंदर रखे बैड, अलमारी, संदूक व बक्सों आदि में रखा सारा सामान इधर उधर बिखरा पड़ा था। वही घर में रखे दोनों बेटियों के जेवरात सहित 22 हजार रुपये की चोरी हुयी है । चोरी होने की सूचना गाव में आग की तरह फैल गई और देखते ही देखते लोगों की भीड़ पीड़ित के घर के सामने जमा हो गई। चोरी होने की सूचना महराजगंज कोतवाली में दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

मतदान प्रक्रिया के दौरान किसी के मन में कोई संशय न रहे : डीएम

अवधनामा संवाददाता

मैनपुरी। जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने कलैक्ट्रेट सभागार में मास्टर ट्रेनर के द्वितीय प्रशिक्षण, ईवीएम, वीवी पैट पर जागरूकता, संवेदीकरण प्रशिक्षण सत्र के दौरान मतदान कार्मिकों को मतदान प्रक्रिया के लिए प्रशिक्षित करने हेतु तैनात मास्टर ट्रेनर से सीधे संवाद करते हुए कहा कि मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण के दौरान खासतौर पर पीठासीन अधिकारियों को मॉक-पोल, मतदान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दें, किसी भी पीठासीन, मतदान अधिकारी के मन में किसी भी प्रक्रिया को लेकर कोई भ्रम न रहें।

उन्होने मास्टर ट्रेनर से कहा कि कंट्रोल यूनिट, वैलेट यूनिट, वीवी पैट किस दशा में बदले जायेंगे, कितने स्थान पर सील होंगे, कहॉ पर किसी रंग की सील लगेगी, ईवीएम सैट को मतदान प्रक्रिया को सम्पन्न कराने के लिए लाने-ले जाने में किस प्रकार की सावधानी बरती जाये, वीवी पैट को तेज प्रकाश, धूप में न रखा जाये आदि के बारे में भली-भांति जागरूक किया जाये।

उन्होने कहा कि मतदान के दिन अधिकांश समस्याएं इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के संचालन को लेकर उत्पन्न होती हैं, मतदान कार्मिकों में जानकारी के आभाव में इस प्रकार की समस्याएं होती हैं यदि कार्मिक सही ढंग से प्रक्रिया समझेंगे, मानक के अनुसार मॉक-पोल की प्रक्रिया सम्पन्न करायेंगे, सीयू-वीयू-वीवी पैट को आपस में सही प्रकार से कनेक्ट करेंगे तो इस प्रकार की सभी समस्याओं से निजात मिलेगी और मतदान प्रक्रिया निर्विघ्न रूप से शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मास्टर ट्रेनर्स से कहा कि पीठासीन अधिकारियों को मॉक-पोल कराने के लिए प्रत्येक प्रशिक्षण में बार-बार बताएं, मॉकपोल के दौरान कम से कम 50 दिखावटी मत डलवाये जायें, जिसमें से प्रत्येक प्रत्याशी, नोटा के पक्ष में 10-10 मत अवश्य डलवाकर देखे जायें, मॉक-पोल प्रक्रिया के उपरांत ईवीएम को क्लियर करने के उपरांत मतदान प्रक्रिया प्रारंभ कराई जाए। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारियों को चैलेंज, टेंडर वोट के बारे में सही ढंग से बताएं, चैलेंज मत की दशा में निर्धारित शुल्क जमा कराकर मत डलवाया जाए और उसे पीठासीन अधिकारी अलग लिफाफे में सील कर जमा करें। उन्होने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मास्टर ट्रेनर से पूछा कि यदि मॉक-पोल के दौरान ईवीएम के कंट्रोल, वैलेट यूनिट अथवा वीवी पैट खराब होने की दशा में क्या प्रक्रिया अपनायी जायेगी, वास्तविक मतदान के दौरान ईवीएम खराब होने पर क्या करना होगा, जिस पर अधिकांश मास्टर ट्रेनर ने संतोषजनक जवाब दिये। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने मास्टर ट्रेनर को संबोधित करते हुए कहा कि कार्मिकों को इस प्रकार प्रशिक्षित करें कि मतदान प्रक्रिया की जानकारी के अभाव में कोई अवरोध उत्पन्न न हो।

बलवा नियंत्रण अभ्यास किया

उरई (जालौन)। लोकसभा चुनाव और आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। अराजक तत्वों और दंगा बलवा आदि से निपटने के लिए छत्रसाल इंटर कॉलेज के मैदान में दंगा नियंत्रण रिहर्सल का अभ्यास किया। अगले कुछ दिनों में ईद, नवरात्र, रामनवमी आदि पर्व के साथ ही लोकसभा चुनाव संपन्न होना है। ऐसे में किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए पुलिस लगातार अभ्यास कर रही है। छत्रसाल मैदान में दंगा नियंत्रण रिहर्सल में एक ओर से पुलिसकर्मियों ने दंगाइयों की भूमिका निभाई तो दूसरी ओर से दंगाइयों से निपटने के लिए पुलिस तैयार थी। मैदान के एक छोर से बलवाई घुस आए और माहौल खराब करते हुए नारेबाजी करने लगे। उन्हें समझाने का प्रयास किया गया तो पत्थरबाजी शुरू हो गई। इसके बाद पुलिस ने एक्शन लिया और उन पर पानी की बौछारों और लाठियां चटकाकर तितर बितर करने का प्रयास किया गया। इससे भी बाती नहीं बनी तक उन पर आंसू गैस के गोले छोड़े गए। इसके बाद भी भीड़ के तितर बितर न होने पर उच्चाधिकारियों के आदेश के बाद भीड़ पर हवाई फायरिंग की गई।

डॉ हरिमोहन ने बच्चों को प्रमाण पत्र और स्वामी विवेकानन्द की पुस्तक भेंट की

अवधनामा संवाददाता

उरई (जालौन)। डा बृजबिहारी गुप्ता सरस्वती विद्या मन्दिर, जालौन बाईपास परिसर में संस्कार भारती जालौन व इन्टैक उरई अध्याय के संयुक्त तत्वावधान में हस्त शिल्प द्वारा श्रीगणेश जी के चित्र बनाने की द्वि दिवसीय कार्यशाला का समापन एवं मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में तीस से अधिक बच्चियों ने प्रतिभाग किया। प्राच्य विधा संयोजक डॉ हरिमोहन पुरवार ने बच्चों को प्रमाण पत्र और स्वामी विवेकानन्द जी की पुस्तक भेंट की। विद्यालय के प्रबन्धक श्री रविकान्त द्विवेदी एवं प्रधानाचार्य श्री बृजेन्द्र जी को जिला अध्यक्ष रसना तिवारी जी ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया ।विद्यालय परिवार के समस्त सदस्यों का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ। मासिक बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई।विगत कार्यकमों की समीक्षा एवं आय व्यय विवरण पर चर्चा हुई। आगामी कार्यक्रमों की चर्चा हुई जिसमें भारतीय नववर्ष (वर्ष प्रतिपदा चैत्र शुल्क पक्ष) एवं राम नवमी के कार्यक्रम पर विस्तृत वार्ता की गई। बैठक में सभी साधकों ने, कार्यक्रम की योजना बनाई, कार्यक्रम को पूर्ण कराने हेतु विचार विमर्श किया गया और रणनीति बनाई गई। जिला महामंत्री अमृता सक्सेना ने बताया कि संस्कार भारती कला एवं साहित्य साधकों को समर्पित संस्था है ।और ये संस्था ऐसे ही उत्सव, प्रतियोगिता, एवं कार्यशाला के माध्यम से कला एवं साहित्य को नई ऊंचाई प्रदान करती रहेगी। बैठक में जिला अध्यक्ष सुश्री रसना जी, प्राच्य विधा संयोजक डॉ हरीमोहन पुरवार (चाचा जी), जिला उपाध्यक्ष डॉ सविता सिन्दूर,नाट्य विधा संयोजक श्री ज्ञानेन्द्र कुमार जी, श्री मति उषा निरंजन जी,त्रिशांकी तिवारी, शिवी, अनन्या, शालिनी आदि लोग उपस्थित रहे।

हवन, भंडारे के साथ श्री रुद्र महायज्ञ का हुआ समापन

अवधनामा संवाददाता

मथौली बाजार, कुशीनगर। कप्तानगंज विकास खंड के मलुकही स्थित नव युवक मंगल दल के परिसर में आयोजित ग्यारह दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ का ग्यारहवें दिन सोमवार को हवन -पुजन व विशाल भंडारे के साथ समापन हुआ।

हवन व भंडारे में लगभग चार हजार श्रद्धालुओं शामिल रहे। यज्ञ में प्रतिदिन श्रद्धालु पहुँच कर प्रवचन सुनकर पूण्य के भागी बन रहे थे।वही रात्रि में रामलीला का सजीव मंचन वृन्दावन से आये कलाकारों द्वारा किया जा रहा था। ग्यारह दिवसीय इस यज्ञ में श्रद्धालुओं ने दान पुण्य कर अपने परिवार की कुशलता के लिए यज्ञ भगवान से प्रार्थना किया। इस दौरान ग्राम प्रधान अजीत सिंह, अवध नरायन गिरी, मोतीचंद गुप्ता, रामलखन गुप्ता, महेंद्र वर्मा, अखिलेश सिंह, राधेश्याम यादव, अंबिका सिंह, मंजीत सिंह, मल्लु शर्मा,बेचू वर्मा, मन्ना पांडेय, पिंकू मिश्रा, राजन सिंह, विजय प्रताप सिंह, अरविंद सिंह, राम केवल सिंह,पंकज वर्मा, दिलीप वर्मा, मानिक चंद शर्मा आदि मौजूद रहे।

महायोगी गोरखनाथ विवि में शुरू होगा एमबीबीएस कोर्स

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। बीएएमएस कोर्स का पूर्ण क्षमता से सफल संचालन कर रहे महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, आरोग्यधाम गोरखपुर में चंद प्रक्रियात्मक औपचारिकताओं के पूरा होने के बाद

- **विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की बैठक में एमबीबीएस और बीबीए लॉजिस्टिक पाठ्यक्रम को हरी झंडी**
- **बीएएमएस, नर्सिंग और फार्मेसी में जारी है प्रवेश प्रक्रिया, 30 अप्रैल तक होंगे ऑनलाइन आवेदन**

सत्र 2024-25 से एमबीबीएस की पढ़ाई भी शुरू होने की पूरी उम्मीद है। विश्ववविद्यालय कार्यपरिषद की बैठक में सत्र 2024-25 से एमबीबीएस पाठ्यक्रम चलाने के लिए हरी झंडी मिल गई है।

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद की बैठक रविवार को कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी की अध्यक्षता एवं कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव के संचालन में हुई। कार्यपरिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए उप कुलसचिव (प्रशासन) श्रीकान्त ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2024-25 से एमबीबीएस के साथ ही

बीबीए लॉजिस्टिक पाठ्यक्रम को कार्यपरिषद की मंजूरी मिल गई है। बैठक में प्रवेश प्रक्रिया को शत प्रतिशत ऑनलाइन करने का निर्णय लिया। इसके साथ ही प्रवेश समिति को निर्धारित समय सारिणी के अनुसार समयबद्ध प्रवेश कार्यवाही की अनुमति दी गई। यह भी तय किया गया कि सत्र 2024-25 से प्रवेश के समय ही छात्रावास का आवंटन किया जाएगा। कार्यपरिषद ने बीएएमएस, नर्सिंग, फार्मेसी संकाय के कोर्सेज समेत अन्य कई महत्वपूर्ण यूजी, पीजी, डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में 1 अप्रैल से शुरू प्रवेश प्रक्रिया पर भी चर्चा की। बताया गया कि इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन30 अप्रैल तक स्वीकार किए जाएंगे। प्रवेश परीक्षा अलग अलग निर्धारित तिथियों में होगी। कार्यपरिषद की बैठक में कुल 73 बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान वर्ष 2024-25 के लिए 148 करोड़ रुपये का बजट भी पारित किया गया। बैठक में कार्यपरिषद सदस्य महंत योगी मिथिलेशनाथ, मुख्य पुजारी गोरखनाथ मन्दिर योगी कमलनाथ जी, रामजन्म सिंह व प्रमथनाथ मिश्र (वरिष्ठ सदस्य महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद), कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. सीएम सिन्हा, संयुक्त सचिव उच्च शिक्षा विभाग प्रेम कुमार पांडेय, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की आचार्य डॉ. शोभा गौड़, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. सुनील कुमार, प्रशासनिक अधिष्ठाता डॉ. राजेंद्र भारती, चिकित्सा संकाय के अधिष्ठाता डॉ. हरिओम शरण, परीक्षा नियंत्रक अमित कुमार सिंह, आयुर्वेद कॉलेज के डॉ. सुमित कुमार एम, प्रिया एसआर नायर, मुख्य अभियंता नीरज कुमार गौतम, चार्टर्ड अकाउंटेंट अनिल कुमार सिंह, सहायक अभियंता आशीष उपस्थित रहे।

शत-प्रतिशत हाजिरी व क्लास में तीसरे स्थान पर आबान को गोल्ड मेडल से सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

मथौली बाजार, कुशीनगर। कप्तानगंज स्थित पीजी सेकेंड्री स्कूल कप्तानगंज स्थित पीजी सेकेंड्री स्कूल में कक्षा तीन का छात्र था। विद्यालय परिवार द्वारा वार्षिक प्रगति रिपोर्ट कार्ड वितरण का आयोजन किया जिसमें मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में कक्षा में शत प्रतिशत उपस्थिति होने और क्लास में तीसरे स्थान लाने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया। आबान के इस उपलब्धि पर प्रधान अकमल हुसैन खुशी जाहिर करते हुए आगे बढ़ने की दुआ दिया साथ ही घर माला पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि दूसरे विद्यार्थियों के लिए आबान प्रेरणा स्त्रोत है, सिख लेनी चाहिए। मैं चाहूंगा कि गांव के सभी बच्चे नाम रोशन करेंगे। गोल्ड मेडल मिलने के बाद घर के परिजन व क्षेत्रीय आस पास के लोगों ने बढ़ाई दी।

सुप्रीम कोर्ट के जज से हो घटना की जांच : अखिलेश यादव

अवधनामा संवाददाता

गाजीपुर। माफिया मुख्तार अंसारी को श्रद्धांजलि के बहाने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बड़ा सियासी दांव चला है। उन्होंने इस मामले में मुस्लिमों की आशंकाओं को हवा दी। वहीं, मुख्तार की मौत को अंतर्राष्ट्रीय घटनाओं से जोड़कर अपने वोट बैंक को संदेश भी दिया कि जरूरत के वक्त साथ खड़े होने से कभी पीछे नहीं हटेंगे।

गाजीपुर में अंसारी परिवार से मिलने के बाद उन्होंने एक बार फिर प्रकरण की सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में जांच की मांग की। आधिकारिक रिपोर्ट के मुताबिक, बांदा जेल में बंद मुख्तार की मौत हार्ट अटैक से हुई। लेकिन, मुस्लिम होने के नाते मुख्तार से हमदर्दी रखने वाले इसे प्राकृतिक मौत नहीं मान रहे हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव भी इन भावनाओं की राजनीतिक अहमियत बखूबी समझ रहे हैं। यही वजह है कि उन्होंने गाजीपुर में काफी समय मुख्तार के परिवार के साथ बिताया। सोशल मीडिया के जरिये मुलाकात के दृश्यों को खुद सार्वजनिक भी किया। अखिलेश ने मुख्तार की मौत की सुप्रीम कोर्ट के जज की निगरानी में जांच की मांग करते हुए सवाल भी दागा कि क्या रूस में विपक्षी नेता (एलेक्सी नवलनी) को जेल में जहर देकर नहीं मारा गया। क्या कनाडा सरकार ने उसकी जमीन पर एक व्यक्ति को मरवाने का आरोप भारत पर नहीं लगाया है। मुख्तार अंसारी ने खुद कहा था कि उन्हें जहर दिया जा रहा है। इस सच्चाई को सामने लाने के लिए ही वे जज की निगरानी में जांच की बात कर रहे हैं। अखिलेश इससे पहले कभी मुख्तार या उसके परिवार के लिए इतना खुलकर नहीं बोले, जितना कि रविवार को गाजीपुर में। हालांकि, एक वक्त वो भी था, जब मुख्यमंत्री रहते अखिलेश यादव ने मुख्तार अंसारी के कौमी एकता दल का विलय सपा में नहीं होने दिया था। तब उन्होंने कहा था कि माफिया के लिए सपा में कोई जगह नहीं है। इस मुद्दे पर उनका अपने चाचा शिवपाल यादव से ही विवाद हो गया था।

त्यौहार आपसी सौहार्द से मनाये : एसडीएम अतुल

उरई (जालौन) लौन अवधनामा संवाददाता। नवरात्रि तथा ईद त्यौहार को लेकर स्थानीय प्रशासन ने शांति समिति की बैठक कर त्यौहार को आपसी सौहार्द से मनाए जाने की अपील की। इस बैठक के दौरान बिजली पानी साफ सफाई तथा आवारा जानवरों की विचरण के मुद्दे प्रमुख रूप से छाए रहे। उपजिलाधिकारी अतुल कुमार, सीओ राम सिंह की संयुक्त अध्यक्षता मे शांति समिति की बैठक का आयोजन कोतवाली परिसर में किया गया। बैठक में नवरात्रि तथा ईद के त्यौहार को लेकर चर्चा की गई।मुस्लिम व हिंदू वर्ग के धर्म गुरुओं के अलावा नगर के तमाम गणमान्य नागरिक बैठक में मौजूद रहे। बैठक में एसडीएम अतुल कुमार, सीओ राम सिंह ने सभी उपस्थित लोगों से त्योहार को आपसी सौहार्द से मनाए जाने की अपील की। इस दौरान मौजूद कुछ लोगों ने त्योहारों पर साफ सफाई की मांग करते हुए कहा कि नवरात्रि के दौरान देवी मंदिरों के आसपास तथा गलियों में सफाई की उत्तम व्यवस्था की मांग की। उपस्थित लोगों ने कहा कि शाम के समय तथा आरती के दौरान बिजली की कटौती न की जाए। आवारा जानवरों सुअर आदि के विचरण पर रोक लगाई जाए। ईद के दौरान मस्जिदों के आसपास भी साफ सफाई की उत्तम व्यवस्था की जाए। इस दौरान कोतवाल विमलेश कुमार, क्राइम इंस्पेक्टर जगदंबा प्रसाद दुबे,एस एस आई शीलभद्र सिंह, नगर पालिका अधिषासी अधिकारी, सफाई निरीक्षक देवेंद्र कुमार सहित राजा सिंह, ज़ैदसिद्दकी, अशफाक, सलीम, इकबाल सुनील रमेश आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

क्लैट परीक्षा में चयनित छात्रों को बृजेश पाठक ने किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। 7 अप्रैल को, लखनऊ के सबसे बड़े CLAT संगोष्ठी का आयोजन किया गया था, जहां CLAT 2024 AIR 1, जय कुमार बोहरा, को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक जी और सामाजिक क्रियाकलापक और भाजपा नेता श्री नीरज सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया। उपस्थित लोगों में लॉ प्रेप लखनऊ के निदेशक, श्री नितिन राकेश, श्रीमती रोमा बच्चानी, लखनऊ के कई प्रमुख प्राचार्य और विभिन्न स्कूलों के 700 से अधिक छात्र भी शामिल थे। लखनऊ से वरिष्ठ प्राचार्य, जैसे कि सीएमएस राजेंद्रनगर की श्रीमती जयश्री कृष्णन, सीएमएस अलीगंज-1 की श्रीमती शिवानी सिंह, डीपीएस शहीदपाथ की श्रीमती मंजू लखनपाल, डीपीएस एल्डेको की श्रीमती मनीषा अंथवाल और सेठ एम आर जयपुरिया-कानपुर रोड की श्रीमती पूनम गौतम भी श्री ब्रजेश पाठक जी और नीरज सिंह जी द्वारा सम्मानित किए गए। लखनऊ लॉ प्रेप शाखा से नौ अन्य छात्र जो एनएलएसआईयू बेंगलुरु और एनएलयू दिल्ली में प्रवेश प्राप्त करने में सफल रहे थे, उन्हें भी सम्मानित किया गया। इस समारोह ने CLAT के उम्मीदवारों के लिए एक बहुत ही प्रेरणादायक मंच के रूप में कार्य किया। लखनऊ और उसके आस-पास के कई स्कूलों से प्रतिभागी आकर्षित हुए एवं उन्हें उनकी तैयारी के लिए अमूल्य अनुभवों और प्रेरणा प्रदान किया गया।

पांच माह से नदारद चल रही शिक्षिका निलंबित प्रधानाध्यापक के खिलाफ जांच का आदेश

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। सुकरौली विकास खण्ड क्षेत्र के लेहनी द्वितीय गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय के शिक्षिका ज्योति सिंह के खिलाफ बीएसए ने निलंबन की कड़ी कार्रवाई की है। इसके अलावा यहां के प्रधानाध्यापक के विरुद्ध खण्ड शिक्षा अधिकारी को जांच कर रिपोर्ट प्रेषित करने का निर्देश दिया है। बीएसए द्वारा यह कार्रवाई कई माह से विद्यालय से गायब रही शिक्षिका ज्योति सिंह के खिलाफ मिली शिकायतो की जांच के दौरान अनुपस्थित पाए जाने व उपस्थित पंजिका पर जगह-जगह फरूड लगाकर अपना हस्ताक्षर बनाकर हर माह पुरा वेतन उठाने के मामले में किया गया है। बेशक ! शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है जिसका उपयोग हम दुनिया को बदलने के लिए कर सकते हैं÷, इसके माध्यम से इस तथ्य को रेखांकित किया जा सकता है कि शिक्षा, 'अज्ञानता, गरीबी, सामाजिक और आर्थिक बहिष्कार' के बंधनों से मुक्ति प्राप्त करने का साधन है। यही वजह है कि केन्द्र की मोदी और सूबे की योगी सरकार सबको समान शिक्षा उपलब्ध कराने व शिक्षा के स्तर बेहतर करने की गरज से सर्व शिक्षा अभियान, स्कूल चलो अभियान, शिक्षा अधिकार कानून सहित तमाम महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू कर सभी को एक समान शिक्षा का अधिकार मुहैया कराते हुए स्कूल से जोडती रही है। किन्तु अफसोस जनपद के सुकरौली विकास खण्ड क्षेत्र के लेहनी द्वितीय प्राथमिक विद्यालय पर तैनात शिक्षिका ज्योति सिंह, प्रधानाध्यापक विदेश कुमार और वहां के जिम्मेदार अधिकारी पीएम मोदी और सीएम योगी के नेक नीयती संकल्पित महत्वाकांक्षी योजनाओं की पलीता लगाने मे लगे है। बताया जाता है कि सकरौली विकास खंड के तमाम प्राथमिक विद्यालयों में छात्रों की संख्या कागजों में अधिक दिखाकर एमडीएम की धनराशि का बंदरबांट किए जाने से विद्यालय के जिम्मेवार बाज नही आ रहे है। ऐसी चर्चा है कि लेहनी द्वितीय प्राथमिक विद्यालय पर तैनात शिक्षिका ज्योति सिंह तकरीबन पांच माह से विद्यालय नही आ रही है। वह बीच-बीच में एकाध दिन स्कूल आकर विद्यालय के उपस्थिति पंजिका पर पूरे माह का हस्ताक्षर बनाती है और हर माह का पुरा वेतन उठाती है। इसी कड़ी में उपस्थिति पंजिका में कई जगह वाइटनर लगाकर भी ज्योति सिंह द्वारा हस्ताक्षर किए जाने की बात सामने आ रही है। शिक्षिका ज्योति सिंह कितने दिनों से विद्यालय नही आ रही है, प्रति दिन बिना विद्यालय आए उपस्थिति पंजिका पर कैसे उनका हस्ताक्षर बनता रहा है सहित तमाम आरोप है जो गहन जांच का विषय है। ग्रामीणों का आरोप है कि महीनो से विद्यालय नही आ रही ज्योति सिंह के खिलाफ उन लोगो ने कई बार ब्लॉक स्तर से लगायत जिले स्तर तक के अधिकारियों से शिकायत की लेकिन किसी ने कोई कार्रवाई नही किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी के जांच रिपोर्ट के आधार पर बीएसए राम जियावन मौर्य ने शिक्षिका ज्योति सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

प्रधानाध्यापक के खिलाफ जांच शुरू

ग्रामीणों द्वारा शिक्षिका ज्योति सिंह व प्रधानाध्यापक विदेश कुमार की कारस्तानी जानकारी देने के बाद जब मीडिया टीम विद्यालय मे पहुंची तो वहा एक शिक्षामित्र के सिवाय मौके पर कोई नही मिला। मीडिया ने जब विद्यालय के प्रधानाध्यापक विदेश कुमार से बात किया तो उन्होंने कहा कि उनके पास चार विधालय का चार्ज है। अब सवाल यह उठता है कि किन परिस्थितियों में और क्यो? विदेश कुमार को चार विद्यालयों का चार्ज दिया गया है इसके पीछे जिम्मेदारों की मंशा क्या है। हालाकि इस संबंध में बीएसए राम जियावन मौर्य का कहना है कि खण्ड शिक्षा अधिकारी के रिपोर्ट पर शिक्षिका ज्योति को निलंबित कर प्रधानाध्यापक के खिलाफ जांच कर कार्रवाई करने का आदेश दिया है। अब देखना दिलचस्प होगा कि प्रधानाध्यापक पर साहब की मेहरबानी बरसती है या फिर कार्रवाई का डंडा चलता है।

घर-घर साफ-सफाई के प्रति करें जागरूक : सीएमओ

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। संचारी रोग व दस्तक अभियान को सफल बनाने के लिए सोमवार को आशा कार्यकर्ताओं को सीएमओ डॉ राजेश झा की अध्यक्षता में सीएचसी गौरी बाजार में प्रशिक्षण दिया गया। इसके जरिए उन्हें बेहतर ग्रामीणों को जागरूक करने के निर्देश दिए। इस मौके पर सीएमओ डॉ राजेश झा ने संचारी रोग अभियान के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर मच्छरों को समाप्त करने के लिए साफ-सफाई रखने के लिए जागरूक करें। गांव में गंदा पानी न जमा होने देने की सलाह दें। सीएमओ ने तेज बुखार से पीड़ित लोगों को उचित इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाने व कुष्ठ रोगियों को चिह्नित करने और साथ में आभा आईडी भी बनाने के लिए प्रशिक्षित किया। 10 अप्रैल से संचारी रोगों के लिए चलाए जा रहे दस्तक अभियान के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि सभी आशाएं घर-घर जाकर सभी व्यक्तियों से पूछताछ करें। यदि कोई व्यक्ति बीमार है तो उसे चिह्नित कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भेजें। कुष्ठ रोगों के लक्षणों के बारे में जानकारी देते हुए कुष्ठ रोगियों को चिह्नित करने के लिए प्रशिक्षित किया। इसके बाद सीएमओ ने सीएचसी पर डेंटल एक्स रे मशीन का शुभारम्भ किया। इस मौके पर एमओआईसी बीएन गिरी, पाथ संस्था अभिषेक, बीपीएम शैलेन्द्र ओझा सहित आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

चुनाव ड्यूटी से मुक्त रखने की मांग

सिद्धार्थनगर। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने दिव्यांगों, गंभीर रुप से बीमार अशक्त, नवजात शिशुओं की माताओ, पति पत्नी में किसी एक को चुनाव ड्यूटी से मुक्त करने की मांग की है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष सुजीत कुमार जायसवाल, जिलामंत्री राजेश कुमार मिश्र ने सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक जयेन्द्र कुमार से मिलकर पत्र सौपा। कर्मचारी नेता द्वय ने कहा कि गत वर्षों में भी समस्याओं से ग्रस्त कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी से मुक्त रखा गया था।

सूचना

मेरा नाम पुराने दस्तावेजों में मुस्तफा हुसैन रिजवी (Mustafa Husain Rizvi) पिता फैसल रिजवी (Faisal Rizvi) माता मुम्ताज फातिमा (Mumtaz Fatima) है। जिसको बदलकर मैने अपना नाम मुस्तफा हुसैन (Mustafa Husain) कर लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

पता-459/एमबी-09
मेहताब बाग पार्ट-2
मोहिनी पुरवा हुसैनाबाद
लखनऊ-226003

सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम डैफनी इन्ग्रिड एगबर्ट (DAPHNE INGRID EGBERT) पत्नी स्व. ट्रेवर ब्रायन एगबर्ट (TREVOR BRIAN EGBERT) उम्र 65 वर्ष निवासिनी 121/22/15, जहूर बक्श चर्च कम्पाउण्ड कैपर रोड, लालबाग, लखनऊ की रहने वाली हूं। मेरा बैंक खाता इंडियन ओवरसीज बैंक में खाता सं- 099501000022861 है और मेरे पेंशन खाते में मेरा नाम डैफनी एगबर्ट (DAPHNE EGBERT) अंकित है। पैन व आधार कार्ड में मेरा नाम डैफनी इन्ग्रिड एगबर्ट (DAPHNE INGRID EGBERT) है, जो कि सही है। अतः मुझे इसी नाम व पते से जाना व पहचाना जाये।

डैफनी इन्ग्रिड एगबर्ट
(DAPHNE INGRID EGBERT)
121/22/15, जहूर बक्श चर्च कम्पाउण्ड कैपर रोड, लालबाग, लखनऊ

नुक्कड़ सभाओं में कानून व्यवस्था में हुए परिवर्तन को जनता के साथ करें साझा :डॉ. बीबी मणि

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। भाजपा बड़े स्तर पर नुक्कड़ सभाओं का आयोजन करेगी। फैजाबाद लोक सभा के 302 शक्ति केन्द्रों के व्यस्ततम् स्थानों पर सभाएं की जाएंगी। नुक्कड़ सभाओं में पार्टी के 45 प्रखर वक्ताओं को नियुक्त किया गया है। सभाओं के स्थान

चिन्हित किए जा रहे है। सभाओं के वक्ताओं की कार्यशाला लोकसभा चुनाव कार्यालय पर आयोजित की गई। कार्यशाला में सभाओं में सम्बोधन के विषय के बारे में मंथन किया गया। कार्यशाला में लोकसभा संयोजक डा. बांके बिहारी मणि त्रिपाठी ने कहा कि नुक्कड़ सभाओं के दौरान पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों के बारे में जनता को बताना है। सभाओं के दौरान जनधन खाता, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास, हर घर शौचालय योजना, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, सामूहिक विवाह योजना जैसे योजनाओं की चर्चा करनी है। कानून व्यवस्था को लेकर पिछली सरकारों तथा अब के परिवर्तन के बारे में बताना है। लोक सभा प्रभारी श्रीकृष्ण शास्त्री ने कहा कि पिछली सरकारों तथा मोदी सरकार के कार्यकाल में हुए बदलाव के बारें में जनता को बताएं। जिस क्षेत्र में सभा का आयोजन हो वहां के स्थानीय विकास के आकड़ों को वक्तागण तैयार कर लें। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि सभाओं का स्थल चयन के लिए स्थानीय कार्यकर्ता से चर्चा कर लें। शक्ति केन्द्र के सबसे व्यस्त स्थान पर ही सभा का आयोजन किया जाए। महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने कहा सभाओं के दौरान धारा - 370, ट्रिपल तलाक, सीएए जैसे राष्ट्रीय विषय की चर्चा अवश्य करें। देश की सुरक्षा को लेकर एयर स्ट्राइक, सर्जिकल स्ट्राईक, आतंकवाद का खात्मा, देश की सुरक्षा तथा जी-20 जैसे विषयों को लोगों के साथ साझा करें। में जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, अवधेश पाण्डेय बादल, मणीन्द्र पाण्डेय, रामू प्रियदर्शी, अशोक कसौधन, अभिषेक मिश्र, आलोक कुमार सिंह रोहित, जर्नादन मौर्या, शोभनाथ वर्मा, गोकरन द्विवेदी, डा. विजय लक्ष्मी जायसवाल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

शिक्षा के बिना जीवन अधूरा :आलोक

अवधनामा संवाददाता

पूरा बाजार- अयोध्याधाम। डॉ एच पी सिंह इंटर कॉलेज रामपुर हलवारा सरायराशी में वार्षिकोत्सव

का आयोजन समारोह पूर्वक किया गया समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह रोहित ने कहा कि शिक्षा के बिना जीवन अधूरा होता है क्योंकि शिक्षित व्यक्ति देश व समाज को नई दिशा दे सकता है । विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को शत प्रतिशत शिक्षित कर आगे बढ़ाये जिससे बच्चे शिक्षित होकर उच्च पदों पर आसीन होकर देश व प्रदेश के साथ-साथ माता-पिता का नाम भी रोशन करें उन्होंने कहा कि आज के बच्चे कल के नागरिक हैं इसलिए बच्चे देश के कर्णधार है समारोह में कार्यक्रम प्रस्तुत कर रंजना नंदिनी अनन्या अवंतिका नित्या अभी शुभी अंशुमान सूरज अतीत अनमोल यसलोक अमित व शिवम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। समारोह में गन्ना समिति के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह कॉलेज के प्रबंधक उदय प्रताप सिंह जय सिंह लाल साहब सिंह सुरेंद्र सिंह पूर्व प्रधानाचार्य शीतला सिंह राम प्रसन्न सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किया समारोह में मुख्य अतिथि आलोक कुमार सिंह व विशिष्ट अतिथि शिवेंद्र सिंह में मेघावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया कार्यक्रम की अध्यक्षता रामनयन सिंह व संचालन शिव प्रताप सिंह ने किया कॉलेज की प्रधानाचार्य निशा सिंह ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया ।

मजदूर परिवार एवं बच्चों को घर के अन्य उपयोगी सामग्री के साथ वस्त्र एवम मिष्ठान बाट कर संस्था परिवार ने मनाई खुशी

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। मां शांति सेवा फाउंडेशन बेनीगंज संरक्षक बसंत राम एवं अध्यक्ष नेहा कुमारी के नेतृत्व में संस्था सदस्यों ने भीखापुर क्षेत्र ईट भट्टे पर निर्धन मजदूरों के पास पहुंचकर घर की अन्य उपयोगी वस्तुओ के साथ कपड़े एवम जलपान सामग्री वितरण कर खुशियां मनाई। अध्यक्ष नेहा कुमारी ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व संस्था के संस्थापक वसंत राम की अचानक उन बच्चों से मुलाकात हुई और उन बच्चों को देखकर मन में जिज्ञासा आई कुछ करना चाहिए ऐसे में क्षेत्र में पुनः पहुंचकर संस्था सदस्यों से सेवा की अपील की और वहां पर पहुंच कर बच्चों के साथ खेल कर उत्साह वर्धन करते हुए बच्चों को सभी सदस्यों ने कपड़े पहना कर बिस्कुट टॉफी फल वितरण किया। नेहा कुमारी ने कहा मेरा मानना है कि निर्धन परिवारों में छोटी सी खुशी बाटकर खुद को आत्म संतुष्टि मिलती है। संरक्षक बसंत राम ने बताया कि घर में बच्चों के कपड़े या स्वयं के कुछ दिनों के बाद छोटे होने के कारण या अधिक कपड़े

हो जाने पर कुछ कपड़े पड़े रह जाते हैं ऐसे में अन्य उपयोगी कपड़ों को निर्धन परिवारों मे वितरण करने से निर्धन परिवारों को महंगाई में थोड़ी राहत मिलती है और साथ ही उनके चेहरे पर एक नई मुस्कान की झलक दिखने को मिलती है बच्चों के साथ कुछ पल बिताने पर मन बहुत ही आनंदित हुआ और उनके चेहरे पर मुस्कान देखकर खुद को खुशी महसूस हुई सदस्यों ने निवेदन को स्वीकार कर अपनी स्वेच्छा अनुसार सामानों का वितरण किया संरक्षक ने सभी का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद किया। संस्था की कार्यकारी अध्यक्ष प्रज्ञा श्रीवास्तव ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और कहा छोटी-छोटी खुशियों से समाज में सेवा के प्रति नया संदेश जागृत होता है, कार्यक्रम में, एस बी सागर प्रजापति, सारस्वत कुमार, रोली श्रीवास्तव,इंद्रजीत, सुबोध श्रीवास्तव, सुमन गुप्ता सहित अनेकों लोग उपस्थित रहे।

नन्दी ग्राम में बिना पिंडदान के पितरों से मुक्ति नही

अयोध्या। जनपद के नंदीग्राम भारत कुंड में आज सोमवती अमावस्या होने से पितरों को पिंडदान देकर उनके आशीर्वाद एवं परिवार पर पित्रो की कृपा पाने के लिए जान कार लोग आकर पिंडदान किया करते है। लोगों में मान्यता आज के दिन पित्र गण अपने परिवार से पिन्डदान की आश मे पृथ्वी पर आ जाते हैं। उक्त विचार व्यक्त करते हुए। अमरीश चन्द्रा पाण्डे ने बताया कि अपने परिवार के सुख समृद्धि के लिए लोगों की भीड़ लगी है। नंदीग्राम में बनी हुई बेदी पर क्षेत्रीय लोग पहुंच कर पिंडदान करके अपने परिवार को आगे बढ़ाने के लिये लगी भीड़ देखी गई है।

हर क्षेत्र में सरकार ने लिखी विकास की पटकथा - सांसद लल्लू सिंह

अयोध्या। सोमवार को सांसद लल्लू सिंह ने पूरा बाजार क्षेत्र के आधा दर्जन गावों में चौपाल लगाई। दुल्हन तिवारी का पुरवा, करौंदी, गनौली, रसूलाबाद, नरियावां में चौपाल के माध्यम से जनता से सम्पर्क व संवाद किया। कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर स्थानीय ग्रामवासियों द्वारा सांसद का माला पहना कर स्वागत किया गया। चौपाल में सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि जरूरतमंदों के चेहरे पर खुशी का भाव लाने के हर क्षेत्र में सरकार ने विकास की पटकथा लिखी गयी। समाज के हर वर्ग से संवाद स्थापित करके उनकी जरुरतों को पूरा किया गया। सभी पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के दिया गया है। विपक्ष के पास इसका कोई जवाब नहीं हैं।

पीएचडी शोध छात्रा ने हल्दी को बताया औषधीय वरदान

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। हल्दी के औषधीय गुण पर शोध करते हुए आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज, सामुदायिक महाविद्यालय की पीएचडी शोध छात्रा मृदुला पाण्डेय ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि मसालों के मामले में भारत एक धनी देश है यहां अलग-अलग व्यंजनों के लिए सामान्य से लेकर खास मसालों का इस्तेमाल किया जाता है वहीं, इनमें कुछ ऐसे भी मसाले हैं, जिन्हें अपने औषधीय गुणों की वजह से आर्युवेद में विशेष स्थान दिया गया है हल्दी इन्हीं में से एक है हल्दी एक प्रमुख भारतीय औषधि है इसका पौधा 5 से 6 फुट तक बढ़ने वाला होता है, जिसकी जड़ों की गांठों से हल्दी मिलती है, औषधि-ग्रन्थों में इसे हल्दी के अतिरिक्त हरिद्रा, कुरकुमा, लौंगा, वरवर्णिनी, गौरी, क्रिमिघ्ना, योशितप्रिया, हरदल, टर्मरिक आदि नाम दिये गये हैं।भारत वर्ष में हल्दी को न केवल एक प्रमुख मसाले के रूप में प्रयोग किया जाता है, वरन अपने अद्वितीय औषधीय गुणों के कारण एक प्रमुख प्राकृतिक औषधि के रूप में तथा भारतीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक अवसरों पर भी इसका प्रयोग किया जाता है हल्दी का लेटिन नाम- कुरकुमा लौंगा अंग्रेजी नाम- टरमरिक व पारिवारिक नाम- जिन्जीबेरेसी है इसमें उड़नशील तेल 5.8 प्रतिशत प्रोटीन 6.3 प्रतिशत, द्रव्य 5.1 प्रतिशत खनिज द्रव्य 3.5 प्रतिशत और कार्बोहाइड्रेट 68.4 प्रतिशत के अतिरिक्त कुर्कमिन नामक पीतरंजक द्रव्य व विटामिन ए पाया जाता है हल्दी के औषधीय गुण अनेक हैं जिनमें एंटीइन्फ्लेमेटरी एंटीऑक्सीडेंट एंटीट्यूमर एंटीसेप्टिक एंटीवायरल कार्डियोप्रोटेक्टिव हृदय को स्वस्थ रखने वाला गुण हेपटोप्रोटेक्टिव लिवर स्वस्थ रखने वाला गुण और नेफ्रोप्रोटेक्टिव किडनी स्वस्थ रखने वाला गुण गुण मुख्य हैं हल्दी का उपयोग शरीर के लिए निम्न प्रकार से लाभदायक हो सकता है हल्दी के इस गुण की खोज सन 1975 के प्रारम्भ में ही कर ली गयी थी यह हीमोग्लोबिन की आक्सीडेशन से रक्षा करती है, हल्दी को कृमिहरा या कृमिनाशक (एन्टीथेलमिन्टिक) भी कहा जाता है। टरमरिक के जूस में कृमिनाशक गुण होता है नेपाल के ग्रामीण इलाकों में टरमरिक पाउडर या पेस्ट को पानी में थोड़ा सा नमक डालकर उबालते हैं तथा इस जूस को कृमिनाशक औषधि के रूप में प्रयोग किया जाता है हड्डियों के रोग को दूर करने में सहायक - हड्डियों के विभिन्न रोग, गठिया, वात दूर करने में भी हल्दी अत्यन्त महत्त्वपूर्ण होती है, कच्ची हल्दी में कैंसर से लड़ने के गुण होते हैं। यह पुरुषों में होने वाले प्रोस्टेट कैंसर की कैंसर कोशिकाओं को बढ़ने से रोकने के साथ-साथ उन्हें समाप्त भी करती है हल्दी में उपस्थित तत्व कैंसर कोशिकाओं से डी.एन.ए. को होने वाले नुकसान को रोकते हैं व कीमोथेरेपी के दुष्प्रभावों को भी कम करते हैं, अनेक शोधों से यह प्रमाणित हो चुका है कि टरमरिक अनेक प्रकार के बैक्टीरिया, पैथोजेनिक फंजाई एवं पैरासाइट्स की वृद्धि को रोकती है, लिवर टॉक्सिटी से बचाव में मदद कर सकते हैं लिवर से विषाक्त तत्व निकालने और लिवर को डिटॉक्सीफाई करने में हल्दी सहायक हो सकती है प्रकाशित शोध के अनुसार, हल्दी के डिटॉक्सिफिकेशन और एंटीऑक्सीडेंट गुण मरकरी युक्त खाद्य पदार्थों के सेवन सामान्यतौर पर सी फूड के सेवन से होने वाली लिवर टॉक्सिटी से बचाव में मदद कर सकते हैं, श्वसन सम्बन्धी रोगों के उपचार में - हल्दी को कफहारा, औषधि माना जाता है हल्दी के ताजे राइजोम को कुकर खांसी (व्हूपिंग कफ) के उपचार में प्रयोग किया जाता है इसमें उपस्थित वोलाटाइल ऑयल ब्रांकियल अस्थमा के उपचार में भी अत्यन्त उपयोगी होते हैं इसके साथ ही इसमें एंटी कैंसर गुण भी मौजूद होता है, जो प्रोस्ट्रेट, स्तन, और लंग्स कैंसर के जोखिम से बचाव में मदद कर सकता है ध्यान रहे, अगर किसी को कैंसर है तो उस व्यक्ति के लिए डॉक्टरी इलाज ही पहली प्राथमिकता होनी चाहिए हल्दी के गुण से सूजन की समस्या के लिए भी हल्दी लाभकारी हो सकती है।

भाजपा का लक्ष्य गांवो का विकासः लल्लू सिंह

अवधनामा संवाददाता

पूरा बाजार अयोध्याधाम। भारत कृषि प्रधान देश है देश की अधिकतर जनसंख्या गांवो में निवास करती है इसलिए गावो का विकास करके देश का विकास करना ही भाजपा का लक्ष्य है केंद्र की मोदी सरकार ने अपने दो कार्यकाल में

पंडित दीनदयाल जी के सपनों को साकार करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम किया और देश में ऐतिहासिक विकास करते हुए देश का मस्तक पूरे विश्व में ऊंचा किया। उक्त विचार सांसद लल्लू सिंह ने पूरा ब्लॉक के ऐमी आलापुर गांव में चौपाल व जन आशीर्वाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किया। सांसद श्री सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार ने अयोध्या को विश्व के नक्शे पर ला दिया है और अब अयोध्या विश्व की प्रथम नगरी बनने जा रही है। अयोध्या के ग्रामीण क्षेत्रों का विकास अयोध्या के अनुरूप कराया जाएगा जिसके लिए कार्य योजना तैयार हो रही है। सांसद श्री सिंह ऐमीआलापुर में हरिशंकर तिवारी द्वारा आयोजित चौपाल में ग्रामीणों ने विद्युत और सड़क निर्माण की मांग की सांसद ने चुनाव के बाद सड़क बनवाने का आश्वासन दिया। चौपाल में नाली और खड़ंजे की समस्या को प्रधान से वार्ता कर हल निकाला। अन्य गांवो में आयोजित चौपाल में प्रधान रामजीत निषाद द्वारा आयोजित निषाद बस्ती करौंदी, रसूलाबाद, गंगौली, नरियावां में चौपाल में सांसद लल्लू सिंह ग्रामीणों से रूबरू हुए और चौपाल को संबोधित किया तथा ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनका निराकरण कराया। इस दौरान मंडल चुनाव संयोजक शिवनरायन तिवारी, सुरेश दुबे सहसंयोजक नंद कुमार सिंह, मण्डल प्रभारी दिनेश कुमार मिश्रा, राघवेंद्र तिवारी, मुन्ना दुबे, पूर्व प्रधान बलराम दुबे, प्रधान प्रतिनिधि नीरज राणा, रणवीर सिंह डब्लू, अरविंद सिंह, प्रदीप सिंह, प्रधान प्रतिनिधि राकेश कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष वरुण चौधरी, प्रधान मोहतशिमपुर अनूप वर्मा, समाज सेवी राजेश चौबे, चाणक्य परिषद के पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश पाठक, रामसुख वर्मा, शोभाराम वर्मा, राजेश पाठक, प्रधान प्रतिनिधि अनिल तिवारी, रमेश वर्मा सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

एलुमनी संगठन की आयोजित हुई बैठक

अवधनामा संवाददाता

अयोध्याधाम। गुप्तार घाट अयोध्या में राज्य स्तरीय एलुमनी कार्यक्रम के बाद जवाहर नवोदय विद्यालय अयोध्या के एलुमनी संगठन की प्रथम बैठक आयोजित की गई।

बैठक में नवोदय विद्यालय अयोध्या के व अयोध्या में रह रहे अन्य जिलों के सभी नवोदयन आमंत्रित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य नवोदय विद्यालय अयोध्या के एलुमनी ग्रुप का आधिकारिक रजिस्ट्रेशन, आधिकारिक खाता, जरुरतमंद भाई बहनों की मदद हेतु नवोदय विद्यालय अयोध्या के विभिन्न पदों अधिकारी, चिकित्सा, पुलिस, वकील, लेखपाल, जीएसटी, टैक्स, शिक्षक, बिज़नेस पर पदस्थ सदस्यों का डाटा संकलन, अयोध्या में अन्य जिलों या राज्यों से आ रहें नवोदयन्सं की मदद हेतु चैनल तैयार करना रहा।सभी नवोदयन्सं अग्रज और अनुज के मध्य आपसी पहचान और आत्मीय व्यवहार पैदा करना भी सदा ही ऐसी मीटिंग्स का उद्देश्य रहता है। आयोजित बैठक की अध्यक्षता राजेश ने की और सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। डा. राम चंद्र और प्रदीप पटेल ने संगठन की आगे की कार्यप्रणाली पर व्यापक जानकारी साझा की। विनोद , अखंड , विनीत , राहुल भ अतुल ने अपने बहुमूल्य विचार सभी से साझा किए। जलपान व्यवस्था में हरीश, राजेंद्र और रोहित ने बढ़चढ़कर सहयोग दिया।बैठक में राजेश, विनोद , सदक, प्रदीप, विनीत , केशव, अखंड , धर्मपाल , ईश्वर , हरीश, राजेंद्र, दिनेश, सुफियान, रोहित, राहुल, सुनील-2, रमेश, अतुल, वीर सिंह, अनुराग, सुजल आदि एलुमनी सदस्य उपस्थित रहे। आनलाईन मोड पर डा. रामचन्द्र भईया, प्रवीण, अनुग्रह , अवधेश और कौस्तुभ भी बैठक से जुड़े रहे।

रामलला की मूर्ति पर सूर्य तिलक की तैयारी में जुटे वैज्ञानिक

अयोध्या । रामनगरी में प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब रामनवमी भी होगी खास, रामलला की मूर्ति पर सूर्य तिलक की तैयारी में जुटे वैज्ञानिक रामनवमी के मौके पर राम मंदिर में भगवान राम के मस्तक पर सूर्य तिलक की तैयारी चल रही है। रुड़की के वैज्ञानिक दिन रात इस काम में लगे हैं।अयोध्या में इस बार रामनवमी खास होने जा रही है। राम मंदिर बनने के बाद इस पहली रामनवमी में रामलला का जन्मोत्सव भव्य तरीके से मनाने की तैयारी की जा रही है। रामनवमी के मौके पर राम मंदिर में भगवान राम के मस्तक पर सूर्य तिलक की तैयारी चल रही है। रुड़की के वैज्ञानिक दिन रात इस काम में लगे हैं। लंबे इंतजार के बाद भगवान राम गर्भगृह में विराजमान हैं। राम मंदिर का गर्भगृह ऐसे बनाया गया है कि रामनवमी के दिन रामलला के मस्तिष्क पर सूर्य की किरणें पड़े।

प्रशिक्षणार्थियों ने ली मतदान की शपथ

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। लोक सभा सामान्य निर्वाचन, 2024 के दृष्टिगत निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान कराये जाने एवं मतदान हेतु लोगों को प्रेरित किये जाने के उद्देश्य से पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा ओ लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजनान्तर्गत चयनित पैराडाइज कम्प्यूटर एजूकेशन, आवास विकास कॉलोनी, बाराबंकी द्वारा आज ÷मतदाता जागरूकता अभियान÷ के तहत संस्था में प्रशिक्षणरत सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रेरित किया गया कि वे अधिक से अधिक मतदान करें एवं मतदान हेतु सभी प्रशिक्षणार्थियों को शपथ दिलाने के साथ ही उन्हें जागरूक किया गया कि वे अपने घर परिवार व अपने आस-पास के लोगों को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करें।

पावर स्टेशन पर केबिल बॉक्स जला 3 सौ गांवों में पसरा अंधेरा

बाराबंकी। जैदपुर क्षेत्र के बिजली विभाग के पंडरा पावर स्टेशन पर लगा केबिल बॉक्स जल गया। जिसके कारण पांचों फीडरों से जुड़े तीन सौ गांवों की बिजलीं आपूर्ति साढ़े आठ घंटे ठप्प रही। बिजलीं ठप होने से रोजेदारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।जैदपुर बाराबंकी मार्ग पर स्थित पंडरा गांव में पावर स्टेश का केबिल बॉक्स सोमवार की सुबह साढ़े छह बजे अचानक जलने लगा। जब तक कर्मचारी कुछ समझ पाते तब तक पूरा केबिल बाक्स फुंक गया। केबिल बॉक्स जलने के कारण जैदपुर के पावर स्टेशन से संचालित होने वाले रानीगंज, जौरास, जैदपुर कस्बा सहित पांच फीडरों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। इससे तीन सौ से अधिक गांव प्रभावित हुए। केबिल बॉक्स जल जाने की जानकारी मिलते ही एसडीओ संदीप सिंह, अवर अभियंता शमशुल लका, वकार मेहंदी, सुरेंद्र कुमार सहित कई कर्मचारियों की टीम मौके पर पहुंची और केबिल बॉक्स की मरम्मत में जुट गई।

भूसा बनाने वाली मशीन पर प्रशासन ने लगाई रोक

महराजगंज। गेहूं की फसल में लग रही आग को लेकर सोमवार को जिला प्रशासन ने भूसा बनाने वाली मशीनों पर प्रतिबंध लगा दिया। जिलाधिकारी अनुनय झा ने बताया कि जनपद में गेहूं की फसल तैयार हो रही है और जिसकी सुरक्षित कटाई एवं भंडारण नितांत आवश्यक है। विगत वर्षों में गेहूँ की खड़ी फसल में आग लग जाने के कारण व्यापक रूप में क्षति दर्ज की गयी है। गेहूँ की तैयार फसल को कृषकों द्वारा कम्बाईन मशीन एवं हाथों से कटाई की जाती है। कृषकों द्वारा कम्बाईन मशीन के साथ भूसा बनाने की मशीन (स्ट्रा रीपर) से गेहूँ के बचे हुए डण्ठल को काटकर भूसा बनाया जाता है। विगत वर्ष के अनुभव एवं प्राप्त शिकायतों के आधार पर स्ट्रारिपर मशीन से निकलने वाली चिंगारी से फसल एवं उसके अवशेष में आग लग जाती है जिसके कारण आस-पास गेहूँ की खड़ी फसल में आग लगने की पूर्ण आशंका उत्पन्न हो रही है। आपदा प्रबंधन अधिनियम में वर्णित नियमों व निर्देशों के आधार पर संभावित आपदा के न्यूनीकरण व शमन हेतु स्ट्रा रीपर युक्त मशीन का प्रयोग 20 अप्रैल तक के लिए प्रतिबंधित किया जाता है।

नवीन भवन से संचालित होगा सीएमओ कार्यालय

महराजगंज। जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय का सोमवार को जिलाधिकारी अनुनय झा ने निरीक्षण किया जिसमें उन्होंने सीएमओ कार्यालय, मलेरिया अधिकारी कक्ष, शौचालय सहित विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया और नवीन कार्यालय के संचालन के विषय में जानकारी ली।सीएमओ डॉ नीना वर्मा ने जिलाधिकारी को जानकारी देते हुए कहा कि मुख्य चिकित्सा कार्यालय पूर्णतः नवीन भवन से कार्य करेगा। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के उपरांत भवन के मुख्य द्वार पर गार्ड हेतु पोटा केबिन स्थापित करने और

सार्वजनिक शौचालय के निर्माण का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने इसके अतिरिक्त सभी कक्षों के बाहर नाम पट्टिका, स्टील बेंच, आरओ (कूलर सहित), सभागार मे पर्याप्त संख्या में कुर्सियां व वीसी सिस्टम, मरीजों के लिए हेल्प डेस्क, और पर्याप्त संख्या में डस्टबिन स्थापित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी चीजों को अगले 15 दिन के भीतर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्यालय में एनयूएलएम के माध्यम कैंटीन स्थापना का भी निर्देश दिया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ नीना वर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशों का अनुपालन अगले 15 दिनों में सुनिश्चित किया जाएगा। नवीन कार्यालय ने आज से कार्य करना शुरू कर दिया है। आगे मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से संबंधित सभी सेवाओं का संचालन नवीन कार्यालय से होगा। नरीक्षण के दौरान अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजेंद्र प्रसाद व डॉ राकेश कुमार, एसडीएम शैलेंद्र गौतम सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत का स्वागत

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। देश की मोदी सरकार मे किसान अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है किसानों की आय दोगुनी करने का मोदी का वादा पूरी तरह खोखला साबित हुआ है अपनी मांगों को लेकर आन्दोलन कर रहे लगभग 800 किसानों ने अपनी शहादत दे दी लेकिन किसान विरोधी सरकार ने मृतक किसानों के परिवारजनों को मुआवजा नहीं दिया देश और किसान के हित में भाजपा सरकार का जाना नितान्त आवश्यक है।

कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के अनुसार न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा देने, फसल का सही दाम, कर्ज मुक्ति, बीमा भुगतान, सही आयात निर्यात नीति और जीएसटी मुक्त खेती का वादा किया है। उक्त अनुरोध केन्द्रीय चुनाव समिति के सदस्य पूर्व सांसद डा0 पीएल पुनिया ने कांग्रेसजनों के साथ गोरखपुर जाते समय स्थानीय हाइवे हैदरगढ़ मोड़ पर किसानों के प्रेरणा श्रोत महात्मा महेन्द्र सिंह टिकैत की मूर्ति पर माल्यापर्ण के लिये रूके किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के स्वागत के पश्चात किया।

उक्त अवसर पर भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत का देवां महादेवा के पावन धरती पर स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से अनुपम वर्मा, अजीत वर्मा, राजेन्द्र वर्मा फोटो वाला, अखिलेश वर्मा, शिव नारायण वर्मा ओम प्रकाश वर्मा रामगोपाल रावत, रामानन्द वर्मा, सिकन्दर अब्बास रिजवी, मो0 अकरम, राममदन रावत, प्रदीप वर्मा अजय रस्तोगी, अनिल वर्मा, मो0 शाहिद, मो0 जफर आनन्द गौतम आदि थे।

नुक्कड़ सभाओं से मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाएगी भाजपा

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। जिले की सभी 339 शक्तिकेंद्रों पर नुक्कड़ सभाओं के जरिए भाजपा जन जन तक अपनी पहुंच मजबूत करने की कयावद में जुट गई है। इन नुक्कड़ सभाओं में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं को वक्ता बनाकर भाजपा मोदी योगी सरकार के विकास मॉडल को आमजन तक पहुंचाएगी साथ ही विपक्ष पर हमलावर भी होगी।नुक्कड़ सभा अभियान को धार देने एवम पार्टी कार्यकर्ताओं को इस हेतु प्रशिक्षित करने के लिए सोमवार को जिला कार्यालय पर कार्यशाला आयोजित की गई।एमएलसी एवम जिला प्रभारी अवनीश सिंह पटेल ने कहा कि नुक्कड़ सभाएं शक्तिकेंद स्तर पर भाजपा के पक्ष में चुनावी माहौल बनाने में अहम भूमिका निभायेगी। कहा हम चुनाव के मुहाने पर जरूर खड़े है मगर भाजपा कार्यकर्ता साल के 365 दिन चरैवेति चरैवेति के मूल मंत्र पर चुनाव की तैयारी में जुटा रहता है। उन्होंने कहा कि देश के युवा, गरीब, महिला और किसान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की

प्राथमिकताओं में हमेशा शामिल रहते हैं। कहा कि मोदी सरकार की गरीब कल्याण योजनाओं और विकास मॉडल से विपक्ष घबराया हुआ है। विपक्ष ग्रामीण जनता के बीच भ्रामक प्रचार करने में जुटा है। उन्होंने नुक्कड़ सभाओं के लिए पार्टी के कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी तथा उन्हें टिप्स भी दिए। जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य ने नुक्कड़ सभा अभियान के लिए विधानसभा स्तर पर संयोजक और सहसंयोजक नामित किए।लोकसभा प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा ने सभी से जिले में भाजपा की ऐतिहासिक जीत की हैट्रिक बनाने के लिए कमर कसने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद बैजनाथ रावत, विधायक दिनेश रावत, सुधीर कुमार सिंह सिद्धू राम कुमारी मौर्य अमरीश रावत, संदीप गुप्ता, विजय आनंद बाजपेई, रचना श्रीवास्तव, रामेश्वरी त्रिवेदी रोहित सिंह, प्रशांत मिश्रा, गुरु शरण लोधी, शीलरत्न मिहिर, प्रमोद तिवारी, बद्री विशाल त्रिपाठी नेहा आनंद, वेद प्रकाश रावत, सत्यप्रकाश वर्मा, तेज प्रताप सिंह, उमेश मिश्रा मौजूद रहे।

तीन जोड़े फिर एक साथ रहने को राजी

बाराबंकी। पुलिस लाइन में स्थित महिला व बाल सुरक्षा संगठन कार्यालय में परिवार परामर्श केन्द्र का आयोजन किया गया। शिकायत मिलने पर बारह दम्पत्ति को बुलाया गया था। जिसमें सात दम्पत्ति हाजिर हुए थे। इसके बाद काउंसलर ने सभी जोड़ों की काउंसलिंग की। जिसके बाद तीन दम्पत्ति का आपस में सुलह-समझौता हो गया और तीनों दम्पत्ति एक साथ रहने को राजी हो गए।

डीएम ने चुनाव को लेकर किया सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बैठक

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं उपजिलाधिकारी/बंदोबस्त अधिकारी चकबन्दी शशांक शेखर राय की उपस्थिति में सेक्टर मजिस्ट्रेट डुमरियागंज के साथ जिलाधिकारी कक्ष में बैठक सम्पन्न हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट पवन अग्रवाल ने कहा कि आप लोग मतदेय स्थलो का निरीक्षण कर ले। बूथो पर पीने के पानी की व्यवस्था, फर्नीचर, विद्युत व्यवस्था, शौचालय की स्थिति, बरामदा, मतदेय स्थल पर बाउन्ड्री वाल, बूथ संख्या अंकित है या नही, इन्टरनेट कनेक्टिविटी तथा मतदेय स्थल भवन की स्थिति आदि के बारे में निरीक्षण कर ले। जो भी कमियां है उन्हे समय से ठीक करा ले। इसके अलावा बूथ तक जाने के लिए सड़क ठीक होनी चाहिए इसको भी देख ले। जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिला मजिस्ट्रेट ने निर्देश दिया कि सभी लोग उपलब्ध कराये गये वाहन का ही प्रयोग करेंगें। सभी लोग निर्धारित स्थल/विद्यालय पर ही रूकेगें किसी भी प्राइवेट स्थान पर नहीं रूकेगें। उपजिलाधिकारी डुमरियागंज को निर्देश दिया कि मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर समय से सभी कमियों को ठीक कराना सुनिश्चित करे। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा, समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट डुमरियागंज आदि उपस्थित रहे।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय कूंड़ी में वार्षिकोत्सव का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। ब्लॉक क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय कूँड़ी में वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ। वार्षिकोत्सव के मुख्य अतिथि के रूप में पधारे राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला मंत्री व ब्लॉक अध्यक्ष राकेश कुमार पांडेय ने वीणा वादिनी ज्ञान की देवी मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ईशा, नेहा, कविता, अनीता आदि छात्राओं ने सरस्वती वंदना पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया।

तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम की आयोजिका नीलम गुप्ता ने मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों का स्वागत फूलमाला एवं डायरी भेंट कर किया। इस अवसर पर अनेक छात्र-छात्राओं द्वारा लोकगीत, लोक नृत्य, देशभक्ति गीत तथा सामाजिक संदेश देने वाले नाटक 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' का सुंदर नाट्य रूपांतरण व मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि चंद्रभान यादव द्वारा बच्चों के कार्यक्रम को न केवल सराहा गया अपितु उनका मनोबल भी बढ़ाया गया। जिला मंत्री व ब्लॉक अध्यक्ष राकेश कुमार पांडेय एवं विशिष्ट अतिथि अहमद हुसैन फारूकी द्वारा कक्षा 6, 7 व 8 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों क्रमशः इशा साधना, मोहित विश्वकर्मा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले क्रमशः अर्चना, अनीता, प्रिया तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले क्रमशः अरुण, सुधा एवं शनि कनौजिया को मेडल व शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने बच्चों को शिष्टाचार की बातें बताते हुए कहा कि जो पीढ़ी अपने अतीत का आदर नहीं करती उसे भविष्य क्या वर्तमान भी मार्ग नहीं देता। विशिष्ट अतिथि नोडल शिक्षक संकुल अहमद हुसैन फारूकी ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य होते हैं उनमें शिक्षा की अलख जगाना शिक्षकों का नैतिक उत्तरदायित्व है। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर इंचार्ज प्रधानाध्यापिका नीलम गुप्ता द्वारा अतिथियों तथा अभिभावकों का आभार जताया गया तथा उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई। कार्यक्रम का संचालन विवेक कुमार द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय कूँड़ी के समस्त अध्यापक सनीला अंजुम, महताब आलम, ज्योति धुरिया तथा, अवधेश मणि त्रिपाठी, अज्ञेय कुमार गौतम, संजय कुमार, दिलीप कुमार, फजलुरहमान, सुनील कुमार, अलका त्रिपाठी, माया यादव, प्रकृति त्रिपाठी, उदय प्रताप, अलीम, मनोज द्विवेदी, शेष राम यादव, दिलीप कुमार शर्मा, संजय कुमार मिश्रा, राजेश कुमार त्रिपाठी, आलोक कुमार गिरि, विष्णु कांत द्विवेदी, राम सिंह पाल, प्रतिभा यादव, पूजा लक्ष्मी, मुनेंद्र, इश्तियाक अहमद, रमेश प्रभाकर, चंद्रभूषण दुबे आदि लोग उपस्थित रहे।

आग लगने से गेहूं जलकर राख, किसान परेशान

लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। विकास खण्ड लोटन क्षेत्र के ग्राम बैरवास गांव के उत्तर के तरफ व सपही गांव के पूरब में आग लगने से काफी एकड़ गेंहू का फसल जल कर राख हो गया। घटना सोमवार के करीब चार बजे की है। आग लगने से वैरवास व सपही के लोगों का काफी नुक़सान हुआ है। ग्रामीणों के सहयोग से किसी तरह आग पर काबू पाया गया। आग लगने की जानकारी होते ही थाना प्रभारी भी मौके पर पहुंच गये। आग लगने का कारण पता नहीं चल सका है।

अंजुमन असगरिया की जानिब से रोज़ा इफ्तार

जलालपुर अम्बेडकरनगर दानिश मेंहदी/इब्ने अली जाफरी। उर्दू बाजार स्थित करामतिया दारूल फ़ैज़ जामा मस्जिद में अंजुमन असगरिया के तत्वावधान में रोज़ा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। मौलाना नजीबुल्लाह के नेतृत्व में आयोजित रोज़ा इफ्तार पार्टी में हाजी फ़ैज़ मोहम्मद, कारी आफाक, मोहम्मद अरशद, मोहम्मद खालिद कासिमी, मोहम्मद अशजद, मोहम्मद सऊद मुजफ्फर हुसैन, अमीर हैदर, इब्ने अली जाफरी आदि मौजूद रहे। नगर के जाफराबाद स्थित सिद्दीकिया मस्जिद परिसर में केयर इंडिया फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित रोज इफ्तार पार्टी में साम्प्रदायिक सौहार्द का रंग चढ़ा। बड़ी संख्या में हिंदू भाई भी रोजा इफ्तार पार्टी में शामिल हुए। केयर इन्डिया फाउंडेशन के अध्यक्ष मुहम्मद इसहाक अन्सारी के नेतृत्व में कारी गुलाम यासीन, ओसामा, अहमद अयाज़, ने व्यवस्था संभाली। उक्त अवसर सहयोग फाउंडेशन के आशुतोष सिंह, सपीय गोयल, राजकुमार सोनी समीर चौधरी मौलाना सरफराज़, राजकुमार सोनी, मौलाना खालिद कासमी साहब समेत हिन्द एजुकेशनल ट्रस्ट के सदस्यों मौजूद रहे।

पोस्टल बैलेट मतदान से संबंधित समस्त कार्य समय से पूर्ण कराये : जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता

बस्ती। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में विविध कार्यो की समीक्षा जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अंद्रा वामसी ने कलेक्ट्रेट सभागार में किया। उन्होने उप निदेशक (निर्माण मण्डी समिति) को निर्देश दिया कि स्ट्रांगरूम से संबंधित जो निर्देश पूर्व में दिये गये थें, उसको समय से पूर्ण करा लिया जाये।

उन्होने निर्देश दिया कि अधिकारी-कर्मचारी गाड़ी पार्किंग, पोलिग पार्टी बस, स्ट्रांगरूम परिसर में प्रवेश और निकास का द्वार अलग-अलग होंगा। उन्होने कार्मिको के ट्रेनिंग सेण्टर की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि किसान डिग्री कालेज में चिन्हित 22 कमरों का रंगाई-पुताई का कार्य तत्काल पूर्ण कराया जाये। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आगामी 10 अप्रैल को स्ट्रांगरूम मण्डी समिति तथा टेउनिंग सेण्टर किसान डिग्री कालेज का निरीक्षण किया जायेंगा। उन्होने टेउनिंग के लिए उपयोग की जाने वाली ईवीएम की संख्या की जानकारी भूमि संरक्षण अधिकारी डा. राजमंगल से चाही है, जिससे राजनैतिक दलों की उपस्थिति में ईवीएम को कार्मिको के प्रशिक्षण के लिए भेजा जायेंगा। इसके साथ ही यह भी निर्देश दिया है कि ट्रेनिंग प्राप्त करने के दौरान किसी भी ट्रेनिंग प्राप्त कर्ता द्वारा मोबाइल का उपयोग नही किया जायेंगा। परियोजना निदेशक/नोडल अधिकारी पोस्टल बैलेट को निर्देशित किया कि पोस्टल बैलेट मतदान से संबंधित समस्त कार्य समय से पूर्ण कराये और निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बूथों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि समस्त बूथों का स्थलीय निरीक्षण फिर से कर लिया जाय, जिससे जो भी वहॉ कमिया है उसको ससमय पूर्ण कराया जा सकें। लाइसेंस शस्त्र की समीक्षा करते हुए संबंधित को निर्देश दिया कि जिनको छूट मिली है।

उच्च जोखिम वाली महिलाओं व स्वास्थ परीक्षण व नियमित वैक्सीनेशन सुनिश्चित करें : ओझा

अवधनामा संवाददाता

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं का नियमित स्वास्थ परीक्षण करने के साथ ही बच्चों को नियमित वैक्सीन की खुराक समय पर देना सुनिश्चित करें आशा,व एएनएम। यह बाते सोमवार को भनवापुर ब्लॉक क्षेत्र के सीएचसी सिरसिया में आयोजित आशा व एएनएम के कलस्टर बैठक में अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा ने कहा। सबसे पहले पूर्व में आशा, एएनएम के द्वारा किये गए कार्यो की समीक्षा करते हुए बेहतर कार्य करने वाली एएनएम फराह अंजुम की तारीफ करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया।बैठक में डॉ.ओझा ने उपस्थित आशा व एएनएम को कहा कि आप सभी लाभार्थियों का ड्यूलिस्ट तैयार कर गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण, गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच करना सुनिश्चित करें। ग्राम स्तर पर आशाओं के द्वारा किए जा रहे कार्यो का संबंधित एएनएम, संगिनी व सुपरवाइजर सत्यापन करते रहें। नियमित टीकाकरण व गर्भवती महिलाओं का निर्धारित जांच सत्र पर न करने की शिकायतें मिल रही है, ऐसे में संबंधित जिम्मेदार अपने कार्यो में सुधार करें। अन्यथा की स्थिती में कार्रवाई के लिए तैयार रहे। इस दौरान राजीव त्रिपाठी, मैराज अहमद, ध्रुवचंद्र, मनोज कुमार, शालिनी सिंह, सोनिया वर्मा, तारा मिश्रा, आरती आदि की उपस्थित रही।

उत्कृष्ट स्थान पाने वाले छात्रों का किया प्रोत्साहन

आलापुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। राजकीय हाई स्कूल जहाँगीरगंज, अम्बेडकरनगर में कक्षा नौ की परीक्षा के आधार पर उत्कृष्ट स्थान प्राप्त छात्र/छात्राओं को प्रधानाचार्य सुरेश लाल श्रीवास्तव द्वारा प्रतिभा प्रोत्साहन समारोह में मुख्य अतिथि सुमन पाण्डेय,प्रधानाध्यापिका, उच्च प्राथमिक विद्यालय जहाँगीरगंज की उपस्थित में सम्मानित किया गया।सम्मान समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सुमन पाण्डेय व प्रधानाचार्य सुरेश लाल श्रीवास्तव द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित करते हुए किया गया।समारोह की अध्यक्षता कर रहे सुरेश लाल श्रीवास्तव ने कहा कि राजकीय हाई स्कूल जहाँगीरगंज में सस्ती, गुणवत्तापरक एवं जीवनोपयोगी शिक्षा सुलभ कराना उनके शिक्षा सिद्धांत शिक्षा वही जो जीवन सजाये का संदेव उद्देश्य रहा है।इसे अभिलक्षित करने के लिए योग्य एवं गुणी शिक्षकों द्वारा शिक्षण की सुलभता बीच समय-समय पर महत्वपूर्ण दिवसों तथा प्रतिभा प्रोत्साहन प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय की शिक्षण नीतियों में है।

प्रधानाचार्य सुरेश लाल श्रीवास्तव का हुआ सम्मान

आलापुर अम्बेडकरनगर। साहित्य, शिक्षा, समाज, मानवीय मूल्य, मानव अधिकार और आज़ादी के अमृत महोत्सव पर मौलिक लेख,कहानी व काव्य सृजन करने वाले तुरकानीबाग, गयासपुर के मूल निवासी, राजकीय हाई स्कूल जहाँगीरगंज के प्रधानाचार्य सुरेश लाल श्रीवास्तव अभी हाल ही में आयोजित नीति आयोग समर्थित भव्या फॉउन्डेशन जयपुर, राजस्थान के अन्तरराष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन में साहित्य, शिक्षा, लेखन व स्तम्भकारिता सन्दर्भ में राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान 2024 से सम्मानित किये गये। फॉउन्डेशन के संस्थापक शैलेन्द्र माथुर एवं निदेशक निशा माथुर ने विभिन्न क्षेत्रों में सुरेश लाल श्रीवास्तव की उपलब्धियों की सराहना की।वहीं एम.टी.टी.वी. इण्डिया द्वारा इनके लेखन व काव्य सृजन के अर्थ में इन्हें इंडियाज़ इंस्पिरेशन अवार्ड 2024 से सम्मानित किया। ध्यातव्य हो कि डॉ. सुरेश लाल श्रीवास्तव को हिन्दी दैनिक समाचार पत्र वर्तमान अंकुर की तरफ़ से बज़्म-ए-हिन्द (साझा संग्रह) में उत्कृष्ट रचनाएं प्रकाशित होने के बावत काव्य गौरव सम्मान से विभूषित किया गया।

जायसवाल समाज का होली मिलन कार्यक्रम सम्पन्न

दानिश मेंहदी/अदनान अहमद

अंबेडकरनगर। टांडा में जायसवाल समाज के संयोजन में रविवार को नगर के छज्जापुर के एसएम सेलिब्रेशन मैरिज लॉन में भव्य तरीके से होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता उर्फ नंदी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जायसवाल समाज युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजितेश जायसवाल शामिल हुए। जिनका समाज के जिलाध्यक्ष भूपेश उर्फ डब्बू एवं नगर अध्यक्ष संजीव उर्फ मोनू की अध्यक्षता में पूरी टीम द्वारा गर्मजोशी के साथ जोरदार स्वागत किया गया।

कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने सर्वप्रथम सहस्त्रबाहु अर्जुन जी महाराज के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की तत्पश्चात संरक्षक दल के बजरंगी, नंदलाल,अमित, राजेंद्र,आनंद आर्य,राम भारत, गुरु प्रसाद सहित वरिष्ठ जनों को माला कर सम्मानित किया गया तत्पश्चात कैबिनेट मंत्री द्वारा टांडा नगर के नगर अध्यक्ष तेजस्वी जायसवाल को भी सम्मानित किया गया। कैबिनेट मंत्री ने अपने भाषण की शुरुआत करते ही सबसे पहले जायसवाल समाज के पदाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आप लोगों ने मुझे यहां पर आने का निमंत्रण दिया इसके लिए मैं आप लोगों को दिल की गहराइयों से बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं कहा कि मैं आपसे निवेदन के साथ कह रहा हूं कि समाज के लोगों का हमेशा ऐसे ही संगठित बनाकर रक्खे और वैश्य समाज को जोड़ कर चले । भारी भीड़ को देख गदगद हुए मंत्री ने कहा कि मैं बहुत ही गरीब परिवार से विलाग करता था लेकिन अपनी मेहनत और बड़े बुजुर्गों एवं समाज के लोगों के आशीर्वाद से आज मैं तीसरी बार कैबिनेट मंत्री पद पर हूं। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को यह नहीं सोचना चाहिए कि विरासत में हमें क्या मिला है बल्कि यह सूचना चाहिए की विरासत में हम कल क्या छोड़ जाएंगे मुख्य अतिथि ने कहा कि आश्वासन देते हुए कह रहा हूं कि आप सभी को कभी भी शासन-प्रशासन व अन्य किसी तरह की कोई भी समस्या हो तो निन्संकोच हमें सूचित करें आपका यह भाई बेटा सदैव पूरी तत्परता के साथ साथ के साथ खड़ा मिलेगा। इसी कड़ी में युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भी संगठन के पदाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि अपना समाज दिन-प्रतिदिन आगे बढ़ रहा है महिलाओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रसन्न हुए अध्यक्ष ने कहा कि समाज के लोगों को संगठित करने में मातृशक्ति का ज्यादा योगदान होने वाला है। उन्होंने भी किसी भी प्रकार की जरूरत पड़ने पर हर तरीके से मदद करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में आदित्य, आरोही, श्रेष्ठ, सानवी, छवि एवं लक्ष्य, गर्वी, अथर्व जायसवाल सहित लगभग दो दर्जन छोटे-छोटे बच्चों ने मन मोह लेने वाला सांस्कृतिक कार्यक्रम लोगों के समक्ष पेश किया जिससे खुश होकर सभी बच्चों को संगठन द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन अंकित जायसवाल एवं पवित्र नारायण ने किया। कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए संतोष उर्फ दीपू, मोहन, शिवांश, अभिजीत, योगेश, अविनाश, जितेंद्र, सुरेश एवं मीडिया प्रभारी संदीप सहित तमाम लोगों का योगदान रहा।

किसान डिग्री कॉलेज में चिन्हित 22 कमरों का रंगाई-पुताई का कार्य तत्काल पूर्ण कराया जाये

अवधनामा संवाददाता

बस्ती। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में विविध कार्यो की समीक्षा जिला निर्वाचन अधिकारी अंद्रा वामसी ने कलेक्ट्रेट सभागार में किया। उन्होने उप निदेशक (निर्माण मण्डी समिति) को निर्देश दिया कि स्ट्रांगरूम से संबंधित जो निर्देश पूर्व में दिये गये थें, उसको समय से पूर्ण करा लिया जाये।

उन्होने निर्देश दिया कि अधिकारी-कर्मचारी गाड़ी पार्किंग, पोलिग पार्टी बस का स्ट्रांगरूम परिसर में प्रवेश और निकास का द्वार अलग-अलग होंगा। उन्होने कार्मिको के ट्रैनिंग सेंटर की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि किसान डिग्री कालेज में चिन्हित 22 कमरों का रंगाई-पुताई का कार्य तत्काल पूर्ण कराया जाये। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आगामी 10 अप्रैल को स्ट्रांगरूम मण्डी समिति तथा ट्रेनिंग सेंटर किसान डिग्री कालेज का निरीक्षण किया जायेंगा। उन्होने ट्रेनिंग के लिए उपयोग की जाने वाली ईवीएम की संख्या की जानकारी भूमि संरक्षण अधिकारी डा. राजमंगल से चाहिए। जिससे राजनैतिक दलों की उपस्थिति में ईवीएम को कार्मिको के प्रशिक्षण के लिए भेजा जायेंगा। इसके साथ ही यह भी निर्देश दिया है कि ट्रेनिंग प्राप्त करने के दौरान किसी भी ट्रेनिंग प्राप्त कर्ता द्वारा मोबाइल का उपयोग नही किया जायेंगा। परियोजना निदेशक/नोडल अधिकारी पोस्टल बैलेट को निर्देशित किया कि पोस्टल बैलेट मतदान से संबंधित समस्त कार्य समय से पूर्ण कराये और निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बूथों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि समस्त बूथों का स्थलीय निरीक्षण फिर से कर लिया जाय। जिससे जो भी वहॉ कमिया है उसको ससमय पूर्ण कराया जा सकें। लाइसेंस शस्त्र की समीक्षा करते हुए संबंधित को निर्देश दिया कि जिनको छूट मिली है उनके अलावा अगर किसी व्यक्ति द्वारा अभी तक शस्त्र लाइसेंस नही जमा किया गया है तो उसके निरस्तीकरण की पत्रावली प्रस्तुत की जाये।

गर्म हवा व लू से बचाव के टिप्स सुरक्षा उपायों को अपनाने एवं सतर्क रहने का अपील की

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी श्री पवन अग्रवाल ने जन सामान्य को गर्म हवा व लू से बचाव के टिप्स सुरक्षा उपायों को अपनाने एवं सतर्क रहने का अपील किया है। जिलाधिकारी श्री पवन अग्रवाल ने बताया कि मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार इस वर्ष गर्मी ज्यादा पड़ेगी तथा जलवायु परिवर्तन का असर मौसम पर सीधे देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में मौसम का तापमान विगत वर्ष की अपेक्षा सामान्य तापमान से 3-4 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहने का अनुमान है तथा पूर्वानुमान है कि इस वर्ष पिछले साल की अपेक्षा अधिक गर्मी पड़ेगी तथा हीटवेव्स चलने की संभावना है। ऐसे में यह आवश्यक हो गया है कि जनसामान्य आले वाले दिनों में संभावित हीट वेब, लू से बचाव को लेकर अभी से सतर्क हो जाये तथा लू से बचाव के उपायों को जान सकें एवं अपना व समुदाय का बचाव कर सकें।

जिलाधिकारी ने बताया कि जन सामान्य को लू के प्रकोप से बचाने को लेकर उनके निर्देशन में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा राजस्व, स्वास्थ्य विभाग, पंचायतीराज, पूर्ति विभाग, नगर निकायो,पशुपालन, पुलिस, कृषि, अग्नि शमन, सिचाई सहित अन्य विभागों के सहयोग की कार्ययोजना तैयार की गई है। जिलाधिकारी ने गर्म हवा, लू से बचाव के तरीके बताते हुए कहा कि गर्म हवाओं से बचाने के लिए खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एलुमिनियम पन्नी, गत्ते इत्यादि से ढककर रखे ताकि बाहर की गर्मी को अन्दर आने से रोका जा सके। उन खिड़कियों व दरवाओं पर जिनसे दोपहर के समय गर्म हवाएं आती है काले परदे लगाकर रखना चाहिए। स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान को सुनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सजग रहे। आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें। बच्चों तथा पालतू जानवरों को कभी भी बन्द वाहन में अकेला न छोडे। जहां तक सम्भव हो घर में ही रहे तथा सूर्य यो ताप से बचे। सूर्य के ताप से बचने के लिए जहां तक संभव हो घर की निचली मंजिल पर रहे। संतुलित हल्का व नियमित भोजन करें। मादक पेय पदार्थों का सेवन न करें। घर से बाहर अपने शरीर व सिर को कपड़े या टोपी से ढककर रखें। उन्होंने बचाव के बारे में बताया कि धूप में खड़े वाहनों में बच्चों या पालतू जानवरों को न छोड़े। खाना बनाते समय घर के खिड़की दरवाजे आदि खुले रखे जिससे हवा का आना जाना बना रहे। नशीले पदार्थों शराब अथवा अल्कोहल से बचें। उच्च प्रोटीनयुक्त खाद्य पदार्थों का अधिक से अधिक सेवन करें तथा बासी भोजन कतई त इस्तेमाल करे इसके साथ ही सतुलित व हल्का आहार लें। दोपहर के समय यदि बहुत आवश्यक हो तभी घर से धूप में बाहर निकलें अन्यथा धूप में जाने से बचें।

भाजपा के पास 29 हजार पन्ना प्रमुखों की फौज है

बस्ती। भाजपा ने लोकसभा चुनाव को लेकर बड़े स्तर पर योजना तैयार की है। जहां एक ओर सपा बसपा जिलों में गुटबाजी से जूझ रही है, वहीं भाजपा ने जमीनी स्तर पर लोगों से संवाद शुरू कर दिया है। प्रदेश भाजपा पहली बार 2024 के लोकसभा चुनाव में पन्ना प्रमुखों के सहारे उतरेगी। पिछले चुनाव में भाजपा के पास पन्ना प्रमुख नहीं थे। भाजपा ने पिछले दो सालों में पन्ना प्रमुख बनाकर पार्टी के लिए एक फौज खड़ी कर दी है। इन पन्ना प्रमुखों का पूरा डाटा केंद्रीकृत है। यानी एक सूचना को कुछ ही मिनटों में धरातल तक पहुंचाने में काफी आसानी होगी। बस्ती में भाजपा के पास 29 हजार पन्ना प्रमुखों की फौज है। इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी ज़िला कार्यालय में सोमवार को आयोजित नुक्कड़ सभा वक्ता कार्यशाला हुई जहां अध्यक्षता ज़िलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रभारी समीर सिंह रहे। लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत प्रत्येक शक्ति केंद्र पर नुक्कड़ सभा का आयोजन होगा जिसमें वक्ताओं द्वारा मोदी सरकार की योजनाओं की जानकारी नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से दी जाएगी।

डीआईओएस ने कई विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। माध्यमिक विद्यालयों में पठन-पाठन सुचारू रूप से चलने के साथ ही शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मियों और बच्चों की उपस्थिति जांचने के लिए डीआईओएस सोमारू प्रधान ने सोमवार को कई विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एक स्कूल बगैर मान्यता के संचालित होने पर तत्काल विद्यालय को बंद करने समेत अभिलेख प्रस्तुत न करने पर एफआईआर दर्ज करने की चेतावनी दी है। इसके अलावा अलग-अलग स्कूलों में अनुपस्थित पांच शिक्षकों का एक दिन का वेतन कटौती का निर्देश दिया है। जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान ने सोमवार को राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मटियरिया के निरीक्षण में प्रधानाचार्य मीनू अनुपस्थित मिली। मार्च माह के उपस्थिति पंजिका में कई कालम में हस्ताक्षर ही नहीं बनाए गए हैं। दीनबंधु इंटर कॉलेज नदांव में तैनात 16 शिक्षकों में एक सहायक अध्यापक अनुपस्थित मिले। महामना मालवीय इंटर कॉलेज बरगदवा में सभी शिक्षक उपस्थित मिले। कक्षाएं संचालित मिली। बरदगवा में गायत्री पब्लिक स्कूल के निरीक्षण में जिविनि को कक्षा 10 तक की पढ़ाई होती मिली। मान्यता के कागजात दिखाने के मामले में प्रबंधक प्रमोद कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि कक्षा आठ तक मान्यता है। आठ तक की मान्यता संबंधी अभिलेख भी मौके पर नहीं दिखा सके। डीआईओएस ने तत्काल स्कूल बंद करने के निर्देश, साथ ही मान्यता संबंधी कागजात न दिखाने पर एफआईआर कराने की चेतावनी भी दी। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बांसी के निरीक्षण में बच्चों की संख्या कम मिली। सहायक अध्यापक अनुपमा पांडेय, सुष्मिता त्रिपाठी अनुपस्थित मिली। निरीक्षण के समय साफ-सफाई बेहतर करने केसाथ ही प्रवेश के समय बच्चों की प्रोफाइल कंपलीट करने का भी निर्देश दिया। जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान ने बताया कि अनुपस्थित शिक्षकों का एक दिन का वेतन कटौती का निर्देश दिया। भविष्य में भी औचक निरीक्षण का अभियान जारी रहेगा। **बैंक खाते में वेतन भुगतान के निर्देश**-वित्त विहीन मान्यता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षकों को प्रदत्त वेतन एवं परिलब्धियों का भुगतान चेक के माध्यम अथवा उनके बैंक खाते में हस्तांतरित करने का निर्देश दिया गया है। यह जानकारी डीआईओएस सोमारू प्रधान ने दी। बताया कि शासन के निर्देश का अनुपालन न करने पर संबंधित स्कूलों के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्यो को उत्तरदायी मानते हुए कार्रवाई प्रस्तावित कर दी जाएगी।

अलग-अलग स्कूलों में अनुपस्थित पांच शिक्षकों का एक दिन का वेतन कटौती का निर्देश

शिक्षण अवधि में परिवर्तन

मान्यता प्राप्त शासकीय एवं अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षण कार्य प्रारंभ होने के समय में परिवर्तन किया गया है। एक अप्रैल से 30 सितंबर तक सुबह 7.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक तथा शीतकालीन में एक अक्तूबर से 31 मार्च तक शिक्षण कार्य सुबह 8.50 बजे से अपरान्ह 2.50 बजे तक रहेगा। यह जानकारी जिविनि सोमारू प्रधान ने जारी विज्ञप्ति में दी है।

दिग्गज हुये मुरीद

लखनऊ सुपर जायंटस के तेज गेदबाज मयंक यादव ने धमाकेदार डेब्यू कर 155.8 किमी की रफ्तार से गेंद फेक सबको चकित कर दिया है। 21 वर्षीय मंयक के तारीफों की बाढ़ आ गई है। दुनियां के सभी दिग्गज क्रिकेटर मयेक की रफ्तार को लेकर तारीफों के पुल बांध रहे है। कह रहे है मयंक के रूप में हीरा मिल गया है। पंजाब किंग्स की ओनर प्रीति जिन्टा मुग्ध होकर कह रही है वाव 21 साल के युवा ने इस आईपीएल की सबसे तेज गेंद फेंककर दिल जीत लिया है। पंजाब किंग्स जो लखनऊ के सुपर जायटस पर बीस दिख रहा था मयंक ने पंजाब टीम पर अपने तेज गेंदबाजी का जौहर दिखा पंजाब से जीत छीन कर अपनी टीम की झोली में डाल दिया।

मयंक ने अपनी पहली गेंद 147 किमी प्रति घन्टे के रफ्तार से फेंकी। 155.8 कि.मी. रफ्तार के बावजूद सटीक लाइन लेग्थ बनाये रक्खी जिसके आगे पंजाब किग्स बेबस हो गया और जीत मयंक के हाथों में थमा दी। हालांकि पिच बल्लेबाजी के लिये उम्दा थी पर बालर की स्पीड लेन्थ और लाइन ने बल्लेबाजी वाली पिच को बालर वाली पिच बना दिया। इंगलिश बल्लेबाज केबिन पीट्रसन का प्रशंसा में उदगार है फास्ट फास्ट फास्ट फास्ट बालर। आस्ट्रलिया टीम के आलराउन्डर टीम मूडी लिखते है उम्दा ऐक्शन और स्पीड के साथ ऐक्शन लजवाब है मंयक यादव। कोई प्रशंसक मयंक यादव को राकेट बता रहा है। पहले ही मैच में मयंक ने कम उम्र के बावजूद अपने बालिग का वह जादू दिखाया है कि सभी आश्चर्य चकित है। हीरे की कद्र जौहरी जानता है। मयंक के लिये क्या खिलाड़ी क्या दर्शक सभी जौहरी बन गये है नायाब हीरा बता रहे हैं। अभी तक इंस्टाग्राम पर सिर्फ चार हजार फालोअप की मयंक के थे। मयंक के बालिंग का करिश्मा देख उनके फालोवर की संख्या कुछ ही घन्टों में 76 करोड़ हो गई। एक झटके में मंयक के फैन फालोअप की संख्या के विस्फोट मयंक की योग्यता का प्रमाण है। बल्लेबाजों को अपनी गेंद से उड़ा देने वाले अफ्रीकी पेसर डेलस्टेन पूछते है मयंक यादव अभी तक कहां छुपे हुये थे मयंक द्वारा इतनी कम उम्र में तहलका मचा कर एक रिकार्ड कायम तो किया ही है क्रिकेट में बालिंग सीख रहे नई पौध में बालिंग के प्रति जज्बा पैदा कर दिया है। कि मयंक लखनऊ सुपर जायंटस की उम्दा खोज है। मायंक को हर तरफ से तारीफ मिल रही है मुबारकबाद मिल रहे है। मयंक की उम्र अभी कम है और उनके कैरियर की अभी शुरूआत ही है। अकस्मात इतनी प्रशंसा का ज्वार उनके लिये आया हुआ है। इस उम्र में दिमाग कच्चा ही होता है। उनके सामने बहुत से प्रलोभन आयेगे, मीडिया वाले विज्ञापन देने वाले अपने माल की बिक्री बढ़ाने के लिये हस्तियों का इस्तेमाल करने वाले उन्हें घेर रहेगे। मयंक को अपने खेल के प्रति ही समर्पित रहना चाहिये पूरा ध्यान अपनी बालिंग पर ही रखना चाहिये। अत्याधिक प्रशंसा विज्ञापनदाताओं के लालच से सावधान रहना चाहिये। क्योकि ये लोग तरह तरह की लालच देकर नौजवान लोगो को बहका देते है उनके हुनर को कुन्द कर देते है। कई उदाहरण है जिनमें उभरती प्रतिभाओं ने अपने को गवा दिया है और न इधर के रहे है न उधर के।

इकाना स्टेडियम में जहां पर मयंक ने अपना कमाल दिखा इतनी प्रशंसा और ख्याति एक झटके में प्राप्त कर लिया मैच के दिन पिच का मिजाज बदला हुआ था। लाल मिट्टी की यह पिच बल्लेबाजी के लिये तैयार की गई थी। बावजूद इसके मयंक ने बल्लेबाजों के नाक में अपनी तेज रफ्तार और सटीक लेंग्थ लाइन से बल्लेबाजी वाली पिच को बालर की पिच में बदल दिया। यह उनकी प्रतिमा का कमाल ही कहा जायेगा। मयंक को प्लेयर आफ द मैच घोषित किया गया। मयंक कहते है उन्हें स्पीड हमेशा पसन्द रहा है। राकेट प्लेन सुपर बइक्स उनके सबसे पसन्दीदा आइटम है। वह बताते है उन पर कई तेज गेंदबाजों का असर है पर डेलस्टेन उनके आईडल है। मयंक के कोच बताते है कि मंयक को उनकी स्पीड को देख राजधानी एक्सप्रेस कहा करते थे। मयंक की स्पीड और कामयाबी पर अवधनामा परिवार की ओर से बधाई। यह उभरता स्पीडमास्टर अपने खेल में रोज नये मुकाम हासिल करता रहे। मयंक अभी तो कम उम्र के दौर में है। पर उन्हें अपने हुनर से स्पीड को लेकर नये हीरे तैयार करने की भी जिम्मेदारी निभानी चाहिये।

प्रथम स्वरूप माता शैलपुत्री को समर्पित

संजीव ठाकुर

नवरात्रि का पहला दिन यानी प्रतिपदा तिथि मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप माता शैलपुत्री को समर्पित माना जाता है। इस दिन जौ (जवार)बोने तथा कलश स्थापना पूजन के साथ ही देवी का पूजन किया जाना शुभ माना जाता हैद्य यह भी शास्त्रों में लिखा गया है कि प्रथम दिवस में माता की पूजा करते समय आराधक यदि लाल, गुलाबी ,नारंगी और रानी रंग के कपड़े पहन कर पूजा करने से माता का संपूर्ण आशीर्वाद प्राप्त होता हैद्य द्वितीय दिवस यानी नवरात्रि के दूसरे दिन अत्यंत दिव्य देवी ब्रह्मचारिणी की उपासना का विधान है सिद्धि के लिए इस दिन मां की उपासना करते समय सफेद,पीले रंग के कपड़े पहनना शुभ माना जाता है एवं इस पवित्र दिन में आराधना करने से मनवांछित इच्छाओं की प्राप्ति होती है। तृतीय दिवस में बाघ पर सवार स्वर्ण के समान रंग एवं छटा वाली मां चंद्रघंटा की पूजा की जाती है।इस दिन पीला, लाल, दूधिया या केसरिया रंग कपड़े पहनना शुभ माने जाते हैं एवं इन रंगों के कपड़े पहनकर देवी की आराधना करने से उनका आशीर्वाद एवं कृपा की प्राप्ति होती है। नवरात्रि में चतुर्थ दिवस में इस भव संसार के ब्रह्मांड की रचना करने वाली दुर्गा मां के चौथे रूप के रूप में देवी कुष्मांडा की आराधना एवं भक्ति की जाति है। इस दिन इस प्रकृति की देवी के स्वरूप की मन से आराधना करना शुभ फल देने वाला है एवं देवी प्रकृति की देवी हैं इनकी उपासना इस दिवस में पीला ,हरा, लाल और भूरे रंग का वस्त्र पहनकर करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है, एवं देवी प्रसन्न होती हैं। नवरात्रि के पावन पर्व पर पंचम दिवस पर पंचमी तिथि को भगवान कार्तिकेय की माता देवी स्कंदमाता की आराधना एवं श्रद्धा के साथ पूजा की जाती है। नवरात्रि के इस पावन पर्व पर छठवें दिन ऋषि कात्यायन की पुत्री कात्यायनी मां की पूजा अर्चना का शास्त्रों में पूजा का विधान माना जाता है। माता कात्यायनी अमोघ फलदाईनी होती हैं भक्तों द्वारा इस दिन लाल, नारंगी, गुलाबी, गेरुआ, मूंगा रंग के कपड़े पहनकर माता रानी की पूजा करने से ऐश्वर्या के साथ वैवाहिक जीवन में शांति सुख समृद्धि प्राप्त होती है। दुर्गा पूजा के सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा तथा अर्चना का विधान है, नवरात्रि की पूजा में तंत्र साधना करने वाले लोग इस दिन काले रंग का वस्त्र धारण करके इनकी पूजा अर्चना करते हैं साधकों को इस दिन बैगनी, स्लेटी ,नीला एवं आसमानी रंग का वस्त्र धारण कर मां के इस दिव्य रूप की पूजा अर्चना करनी चाहिए जिससे संपूर्ण ग्रह बाधाएं दूर होती हैं। नवरात्रि के आठवें दिन सर्व सौभाग्य दाइनी देवी महागौरी की उपासना का दिन माना जाता है। यह अत्यंत पवित्र दिन होता है और यह देवी धन, वैभव, सुख, शांति की शक्तिशाली देवी मानी जाती हैं। इनकी पूजा के दौरान साधकों को रातों को केसरिया संतरी गुलाबी या लाल रंग के वस्त्र धारण करके पूजा करनी चाहिए जिससे सुख एवं सौभाग्य की अखंड प्राप्ति होती है। शिवरात्रि मैं माताओं के नौ रूपों में दुर्गा पूजा के नौवें तथा आखरी दिन संपूर्ण विधि विधान, रीति रिवाज और पूर्ण निष्ठा के साथ देवी की आराधना करने वाले साधकों को संपूर्ण सिद्धिया प्राप्त होती हैं और इनकी उपासना के समय हरा धागों को लाल गुलाबी नारंगी रंग के वस्त्र पहनने से समाज में पद प्रतिष्ठा वैभव एवं धन की प्राप्ति होती है। नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ रूपों का पूजन अर्चना एवं निष्ठा से की गई आराधना से इस जगत का कल्याण भी होता है साथ ही इस पवित्र 9 दिनों में असंख्य दीप जलाकर माता को प्रसन्न करने का प्रयास किया जाता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

शारदीय नवरात्र आश्विन मास में और वासंतिक नवरात्र चैत्र माह में होते हैं। यूँ तो चैत्र वर्ष प्रतिपदा से हिन्दुओं का नया संवत्सर शुरू होता है लेकिन दोनों नवरात्र का हमारी सनातन संस्कृति में समान महत्व है। शारदीय और वासंतीक नवरात्र दोनों में नौ दिन और नौ रातों तक भगवती के नौ अलग -अलग रूपों की पूजा की जाती है। यह आज तक रहस्य बना हुआ है कि दुर्गा की पूजा सबसे पहले राम ने की या किसी और ने लेकिन इतना तय है लंका पर चढ़ाई और रावण वध से पहले राम ने आदिशक्ति स्वरूप मानकर दुर्गा जी की पूजा की।

नवरात्र शक्ति की विजय का महापर्व

एक ही परम तत्व परमपुरुष पराशक्ति के रूप में सर्वत्र व्यापक है। श्रुतियों, शास्त्रकारों ने एक ही चिरंतन शक्ति को कभी पुरुष के रूप में तो कभी देवी के रूप में स्वीकारा है। सब के घट में एक समान विराजमान वह दिव्य शक्ति जो प्रकाश के रूप में हमेशा मौजूद रहती है जिसे जीवन शक्ति कहा जाता है और उसका दर्शन होना ही शक्ति की आराधना है। दुष्टों का संहार करके भक्तों की रक्षा करने हेतु कभी काली तो कभी दुर्गा या फिर राम और कृष्ण के रूप में उस शक्ति का अवतरण इस धरा पर हुआ है।

हर्षवर्धन पाण्डे

मां अम्बे की पूजा - अर्चना का विधान वेद, पुराण, उपनिषदों हिन्दुओं के अन्य धर्मशास्त्रों में भी मिलता है। वेदों में कहा गया है, ब्रह्म एक था, उसमें इच्छा हुई, एक से अनेक होने की, और इस सृष्टि का निर्माण हुआ लेकिन अनेक होने के बाद भी उसके एकत्व में कोई अंतर नहीं पड़ा। जैसे कोई बीज एक होता है, किंतु समय पाकर एक से अनेक हो जाता है। पहले अंकुर फूटता है। फिर तना, डालियाँ, पत्ते, फूल, फल और अंत में बीज रूप में वह अनेक हो जाता है। हर बीज उस पूर्व बीज के ही समान है। उसमें भी अनेक होने की पूरी सम्भावनाएं हैं। जैसे अंकुर, तना, या डालियाँ, फूल आदि सभी उस बीज में से ही निकले हैं, पर वे बीज नहीं हैं। इसी प्रकार ब्रह्म से ही जड़ जगत, वृक्ष, पशु, पंछी आदि हुए हैं पर वे ब्रह्म के एकत्व का अनुभव नहीं कर सकते। केवल मानव को ही यह सामर्थ्य है कि वह फूल की तरह खिले, फिर उसमें भक्ति व ज्ञान के फल लगें और उसके भीतर ब्रह्म रूपी बीज का निर्माण हो सके। वेद में एकोएहं बहुस्याम और अजाय मानों बहुधा ब्यजायत के रूप में और देवी पुराण में सा वाणी साच सावित्री विप्राधिष्ठात वहां सर्व दुर्गा के रूप में संस्थापित है। मार्कण्डेय पुराण में स्वयं मान जएकैवाहं जगत्यत्र द्वितीया का ममापरा। पश्यैता दुष्ट मय्येव विशन्त्यो मद्विभूतयः अर्थात मैं ही दुर्गा हूँ, सर्व शक्ति स्वरूपा हूँ और मुझमें ही पूरी सृष्टि विलीन है। आशय यह है कि यह विशाल सृष्टि उत्पन्न होती है, बढ़ती है, विभिन्न रूपों में परिवर्तित होती है और अंत में विनिष्ट हो जाती है।

देवी पुराण में एक बड़े रोचक कथा प्रसंग की चर्चा की गयी है। अक्सर भ्रम में पड़ जाने वाले देवर्षि नारद को एक बार भ्रम हो गया। ब्रह्मा , विष्णु और महेश तीनों सर्वश्रेष्ठ हैं तो भला ये तीनों किस महाशक्ति का स्मरण करते हैं? नारद जी अपने सन्देश निवारण हेतु शिव के पास गए और बोले मुझे ब्रह्मा, विष्णु और महेश से बढ़कर कोई अन्य देवता नहीं दिखाई देता है फिर आप तीनों से ऊंचा कौन है जिसकी उपासना और स्मरण आप करते हैं? शिव मुस्कुराये और बोले हे ऋषिवर सूक्ष्म और शूल शरीर से परे जो महाप्राण आदिशक्ति (जगदम्बा) है वही तो परब्रह्म स्वरुप है - वह केवल अपनी इच्छा मात्र से ही सृष्टि की रचना, पालन और संहार करने में समर्थ है। वस्तुतः वह आदिशक्ति (दुर्गा) निर्गुण स्वरूप है

परन्तु उसे किसी भी रूप मे मन समय -समय पर धर्म की रक्षा और दुष्टों के विनाश के लिए साकार होना पड़ता है। इसी समय-समय पर पार्वती दुर्गा, काली, चंडी, सरस्वती आदि अवतार धारण किये हैं। इसी जगत जननी का सभी देव स्मरण करते हैं। वैसे भी आदिशक्ति स्वरुप दुर्गा में सभी देवताओं का कुछ न कुछ अंश शामिल है। दुर्गाशप्तशती के दूसरे अध्याय में देवी स्वरुप का वर्णन करते हुए बतलाया गया है। भगवान शंकर के तेज से उस देवी का मुख प्रकट हुआ। यमराज के तेज से मस्तक के केश, विष्णु के तेज से भुजाएं, चन्द्रमा के तेज से स्तन, इंद्रा के तेज से कमर, वरुण के तेज से जंघा, पृथ्वी के तेज से नितम्ब , ब्रह्म के तेज से चरण, सूर्य के तेज से दोनों पैरों की अंगुलियां, वसुओं के तेज से दोनों हाथों की अंगुलियां, प्रजापति के तेज से सम्पूर्ण दांत, अग्नि के तेज से दोनों नेत्र, संध्या के तेज से भौहें, वायु के तेज से कान, अन्य देवताओं के तेज से देवी के भीं- भीं अंग बने। इसी प्रकार सभी अमोघ शक्तियों से दुर्गा के रूप में एक आदिशक्ति का सृजन किया गया इसलिए यह स्वरुप सभी देवताओं के लिए स्मरणीय हो गया। जो विद्वानों के के लिए स्मरणीय हो वह लोगों के लिए विस्मरणीय भला कैसे हो सकता है। परिणामतः कलियुग में भी आज दो नवरात्रि के रूप में माँ जगदम्बा की पूजा जारी है। शारदीय और वासंतीक नवरात्र। शारदीय नवरात्र आश्विन मास में और वासंतिक नवरात्र चैत्र माह में होते हैं। यूँ तो चैत्र वर्ष प्रतिपदा से हिन्दुओं का नया संवत्सर शुरू होता है लेकिन दोनों नवरात्र का हमारी सनातन संस्कृति में समान महत्व है। शारदीय और वासंतीक नवरात्र दोनों में नौ दिन और नौ रातों तक भगवती के नौ अलग -अलग रूपों की पूजा की जाती है। यह आज तक रहस्य बना हुआ है कि दुर्गा की पूजा सबसे पहले राम ने की या किसी और ने लेकिन इतना तय है लंका पर चढ़ाई और रावण वध से पहले राम ने आदिशक्ति स्वरूप मानकर दुर्गा जी की पूजा की। यह स्थान भी रामेश्वरम के नाम से जाना जाता है। नवरात्र महोत्सव आसुरी शक्ति पर दैवीय शक्ति की विजय का प्रतीक है। नवरात्र में प्रथमा से लेकर नवमी तक शक्ति के 9 स्वरूपों की पूजा -अर्चना होती है। ये नौ शक्तियां बहनों का स्वरुप हैं और इन नौ शक्तियों के विभिन्न नाम रूप के कारण शारदीय नवरात्र उत्सव का उल्लास देखते ही बनता है। नवरात्र की पूरे देश में विशेष धूम रहती है। इन 9 दिनों में लोगों की भक्ति भावना, आस्था और शक्ति देखते ही बनती है। दर्जा माता की नौ शक्तियों के नाम हैं - शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायिनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धदात्री। नवरात्र में अंतिम दिन पर कन्या पूजा का विशेष महत्व है। नौ कुमारी कन्याओं को देवी स्वरुप मानकर लोग उनका विशेष पूजन भोजन , वस्त्रादि, उपहार देकर करते हैं। कन्या पूजन में दो वर्ष से लेकर 10 वर्ष तक की कन्याओं को पूजा जाता है। दस वर्ष से अधिक वर्ष की कन्याओं का पूजन वर्जित। दो वर्ष की कन्या कन्याकुमारी, तीन वर्ष की त्रिमूर्तिनी , चार वर्ष की कल्याणी, पांच वर्ष की रोहिणी, छह वर्ष की काली, सात वर्ष की चंडिका, आठ वर्ष की शम्भवी, नौ वर्ष की दुर्गा और दस वर्ष की सुभद्रा स्वरूपा मानी गयी है। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि 9 अप्रैल से आरंभ हो रहे हैं। प्रतिपदा तिथि पर कलश स्थापना के साथ ही नवरात्रि पर्व पर देवी दुर्गा की आराधना का महापर्व शुरू होता है। नवरात्रि के पहले दिन यानी चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि पर शुभ मुहूर्त को ध्यान में रखते हुए करना शुभ माना जाता है। चैत्र नवरात्र का उत्सव पूरे देश में 9 से 17 अप्रैल तक मनाया जाएगा। इस बार मंगलकारी रेवती-अश्विन नक्षत्र के शुभ संयोग और सर्वार्थ-अमृत सिद्धि योग में देवी का आगमन होने वाला है। इस बार पूरे नौ दिन देवी की आराधना के लिए मिलने वाले हैं जिसमें अनेक मंगलकारी योग भी देखने को मिलेंगे। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि के पहले दिन सर्वार्थ सिद्धि और अमृत योग रहेगा। वैदिक ज्योतिष में इन योगों में पूजा बहुत ही शुभ फलदायी होती है। हिंदू धर्म में चैत्र नवरात्रि का विशेष महत्व होता है। एक वर्ष में कुल चार नवरात्रि आती है, पहला चैत्र नवरात्रि, दूसरा शारदीय नवरात्रि और दो गुप्त नवरात्रि।

कानूनी सख्ती के बावजूद क्यों पनप रही बाल-तस्करी

देश में युवाओं के एक वर्ग की सोच में बदलाव भी परोक्ष रूप से बाल-तस्करी को बढ़ावा दे रहा है। एक सर्वे में खुलासा हुआ था कि भारत के नौ फीसदी युवा शादी तो करना चाहते हैं लेकिन बच्चे नहीं पैदा करना चाहते। संतान सुख के लिए उन्हें बच्चे खरीदने से परहेज नहीं है। हैरत की बात यह है कि देश के ढाई करोड़ से ज्यादा अनाथ बच्चों में से किसी को गोद लेने का विकल्प होने के बावजूद ऐसे युवा कई बार बाल तस्करी करने वालों से संपर्क तक साध लेते हैं।

देश की राजधानी दिल्ली में तमाम जांच एजेंसियों की नाक के नीचे नवजात बच्चों की खरीद-फरोश्त की मंडी चल रही थी जहां दूधमुंहे एवं मासूम बच्चों को खरीदने-बेचने का धंधा चल रहा था। दिल्ली की 'बच्चा मंडी' के शर्मनाक एवं खौफनाक घटनाक्रम का पर्दापाश होना, अमानवीतया एवं संवेदनहीनता की चरम पराकाष्ठा है। जिसने अनेक ज्वलंत सवालों को खड़ा किया है। आखिर मनुष्य क्यों बन रहा है इतना क्रूर, अनैतिक एवं अमानवीय? सचमुच पैसे का नशा जब, जहां, जिसके भी सर चढ़ता है वह इंसान शैतान बन जाता है। दिल्ली के केशवपुरम इलाके में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने छापेमारी कर ऐसे ही शैतानों के कुकृत्यों का भंडाफोड किया और एक महिला समेत सात लोगों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया, इसके साथ ही तीन नवजात शिशुओं को उनके चंगुल से बचाया। आरोपियों में एक अस्सिटेंट लेबर कमिश्नर को इस धंधे का मास्टर माइंड माना जा रहा है। न केवल दिल्ली वालों के लिए बल्कि देशवासियों के लिए यह खबर चिंता पैदा करने वाली ही नहीं है, बल्कि खौफ पैदा करने वाली भी है। दिल दहाले देने वाली इस घटना में सीबीआई की अब तक की जांच से पता चला है कि आरोपी फेसबुक पेज और व्हाट्सएप ग्रुप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर विज्ञापन के माध्यम से बच्चे गोद लेने के इच्छुक निसंतान दंपतियों से जुड़ते थे। आरोपी कथित तौर पर वास्तविक माता-पिता के साथ-साथ सेरोगेट माताओं से भी नवजात बच्चे खरीदते थे। इन नवजात बच्चों को चार से छह लाख रुपए में बेच दिया जाता था। जांच से जुड़े सीबीआई अधिकारियों के अनुसार एजेंसी की गिरफ्त में आए आरोपी बच्चों को गोद लेने से संबंधित फर्जी दस्तावेज तैयार कराते थे। आरोपी कई निसंतान दंपतियों से लाखों रुपए की ठगी करने में भी संलिप्त हैं। इस गिरोह के तार कहां-कहां हैं इसकी भी कड़ियां जोड़ी जा रही हैं। यह गिरोह आईवीएफ के माध्यम से युवतियों को गर्भधारण कराता था फिर इन शिशुओं को बेचता था। गरीब माता-पिता से भी बच्चे खरीदे जाते थे। बच्चों की खरीद-फरोख्त और बच्चों की तस्करी एक ऐसी समस्या है जिस पर तभी ध्यान जाता है जब कोई सनसनीखेज खबर सामने आती है।

ललित गर्ग

अर्थ की अंधी दौड़ में इंसान कितने क्रूर एवं अमानवीय घटनाओं को अंजाम देने लगा है कि चेहरे ही नहीं चरित्र तक अपनी पहचान खोने लगे हैं। नीति एवं निष्ठा के केन्द्र बदलने लगे हैं। मानवीयता एवं नैतिकता की नींव कमजोर होने लगी है। आदमी इतना खुदगर्ज बन जाता है कि उसकी सारी संवेदनाएं सूख जाती है। बाल तस्करी के खिलाफ कई सख्त कानूनी प्रावधानों के बावजूद भारत में यह समस्या नासूर बनती जा रही है। नवजात बच्चे चुराने वाले गिरोह के पर्दाफाश से फिर यह तथ्य उभरा है कि बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों में कानून का कोई खौफ नहीं है। बच्चों की तस्करी पर भारी जुर्माने के साथ उम्रकैद तक का प्रावधान होने के

बावजूद यह कड़वी हकीकत है कि ऐसे दस फीसदी से भी कम मामले दोषियों को सजा तक पहुंच पाते हैं। मुकदमों की पैरवी सही तरीके से नहीं होने के कारण अपराधी बच निकलते हैं और वे फिर बाल तस्करी एवं बच्चों की खरीद-फरोश्त में लिप्त हो जाते हैं।

बाल तस्करी एवं बच्चों की खरीद-फरोश्त के अनेक कारण हैं। निसंतान दंपतियों द्वारा बच्चों को खरीदना एकमात्र कारण नहीं है बल्कि गरीबी, अशिक्षा, आर्थिक विषमता, सुविधावादी जीवनशैली, भौतिकवाद, बच्चों की अधिक संख्या, बेरोजगारी भी बड़ा कारण है। पैसे की अपसंस्कृति ने अपराधों को अनियंत्रित किया है। पैसे कमाने के लिए कई लोग बाल तस्करी एवं बच्चों की खरीद-फरोश्त के व्यापार में लग गए हैं। वो गरीब लोगों को बहकाकर उनके बच्चों को काम दिलवाने का झांसा देकर शहर ले जाते हैं फिर शहर में जाकर उन बच्चों को बेचा जाता है फिर शुरू होता है बच्चों के शोषण का अंतहीन सिलसिला। जो बच्चे खो जाते हैं उनको अपराधी अगवा कर बेच देते हैं। लड़कियों को देह व्यापार के लिए विवश किया जाता है। हजारों बच्चों को फैक्ट्रियों में बंधुआ मजदूर बना दिया जाता है। 16-16 घंटे काम कराके इन को भर पेट खाना भी नसीब नहीं होता। इन सब कारणों से देश का बचपन कराह रहा है। देश में युवाओं के एक वर्ग की सोच में बदलाव भी परोक्ष रूप से बाल-तस्करी को बढ़ावा दे रहा है। एक सर्वे में खुलासा हुआ था कि भारत के नौ फीसदी युवा शादी तो करना चाहते हैं लेकिन बच्चे नहीं पैदा करना चाहते। संतान सुख के लिए उन्हें बच्चे खरीदने से परहेज नहीं है। हैरत की बात यह है कि देश के ढाई करोड़ से ज्यादा अनाथ बच्चों में से किसी को गोद लेने का विकल्प होने के बावजूद ऐसे युवा कई बार बाल तस्करी करने वालों से संपर्क तक साध लेते हैं। बाल-तस्करी भारत की एक उभरती एवं ज्वलंत समस्या है। यह केवल भारत की ही नहीं, दुनिया की बड़ी समस्या है। पिछले साल एक एनजीओ की रिपोर्ट में बताया गया था कि 2016 से 2022 के बीच बाल तस्करी के सबसे ज्यादा मामले उत्तर प्रदेश में दर्ज किए गए, जबकि आंध्र प्रदेश और बिहार क्रमशः दूसरे, तीसरे नंबर पर थे। इस अवधि में मध्य प्रदेश, गुजरात, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और तेलंगाना में भी कई मामले दर्ज हुए। कोरोना काल के बाद दिल्ली में बाल तस्करी के मामलों में 68 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई थी। यह भी देखने में आया कि जिलों की बाल तस्करी से जुड़े मामलों में जयपुर पहले स्थान पर रहा। पिछले साल संसद में पेश राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के मुताबिक देश में 2021 में हर दिन औसतन आठ बच्चों की तस्करी हुई। देश के ही भीतर यह तस्करी होती है लेकिन संगठित गिरोह कुछ बच्चों की खाड़ी और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में भी तस्करी करते हैं। एनसीआरबी के मुताबिक 2019 से 2021 के बीच देश में 18 साल से कम उम्र की 2.51 लाख लड़कियां लापता हुई। इनमें से ज्यादातर मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और ओडिशा की थी। बचपन अगर बाल तस्करी के बीच फंसकर रह जाए तो बच्चा अपने बचपन, क्षमता और मानवीय गरिमा के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक विकास से भी वंचित रह जाता है। गौरतलब है कि बच्चों के घरेलू काम, विभिन्न क्षेत्रों में बाल श्रम, भीख मांगना, अंग तस्करी और व्यावसायिक यौनकर्म जैसी अवैध गतिविधियां बाल तस्करी की कोख से ही जन्म लेती हैं। सरकार और समाज को इससे मिलकर निपटना होगा। इस समस्या की जड़ में गरीबी भी है। इसे ध्यान में रखते हुए ऐसी व्यावहारिक और ठोस नीति बनाई जानी चाहिए कि बाल तस्करी के समूल उन्मूलन की जमीन तैयार हो सके। इसे देश की विडंबना कहें या दुर्भाग्य कि आज बहुत से अजन्मे मासूम तो मां के गर्भ में आते ही जीवन-मृत्यु से जूझने लगते हैं। जन्म लेने के बाद इस देश में बच्चों को बेच दिया जाता है या ऐसे बच्चों का एक बहुत बड़ा वर्ग चौराहों, रेलवे स्टेशन, गली-मोहल्ले में भीख मांगता मिल जाएगा। बहुत सारे बच्चों का बचपन होटलों पर काम करते या जूठे बर्तन धोते हुए या फिर काल कोठरियों में जीवन बिताते हुए कट जाता है। यों भी कह सकते हैं कि उनका जीवन आज अंधेरे में कट रहा है।

लाभार्थियों तक क्यों नहीं पहुंचती योजनाएं?

उच्च शिक्षा के प्रति विशेष रुचि नहीं होने और जागरूकता के अभाव में बहुत से ग्रामीण सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने से वंचित रह जाते हैं। हालांकि गांव में उज्वला योजना, पीएम किसान निधि योजना, शौचालय निर्माण योजना, पेंशन योजना, सुकन्या योजना, आवास योजना, जन वितरण प्रणाली योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना और चिरंजीवी जैसी अनेकों योजनाएं संचालित हैं। जिसका कुछ ग्रामीण संपूर्ण लाभ उठा रहे हैं तो कुछ को अभी भी इन योजनाओं से मिलने वाले लाभ का इंतज़ार है।

देश में केंद्र हो या फिर राज्य सरकार, सभी नागरिकों के हितों में कई योजनाएं चला रही है। कुछ योजनाएं केंद्र द्वारा संचालित होती हैं तो कुछ योजनाएं राज्य सरकार भी अपने स्तर पर लागू करती हैं। लेकिन सभी का अंतिम उद्देश्य समाज में गरीब, पिछड़े, आर्थिक रूप से कमज़ोर और हाशिये पर खड़े लोगों तक लाभ पहुंचना है ताकि वह भी स्वयं को समाज की मुख्यधारा से जुड़ा हुआ महसूस कर सकें। शहरी ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में आर्थिक रूप से कमज़ोर लोगों की सबसे अधिक संख्या देश के ग्रामीण क्षेत्रों में होती है। जो अक्सर शिक्षा और जागरूकता के अभाव में अपनी मूलभूत बुनियादी सुविधाएं तक प्राप्त नहीं कर पाते हैं। यही कारण है कि केंद्र से लेकर राज्य सरकार तक का फोकस ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे अधिक होता है। जो भी योजनाएं तैयार की जाती हैं उसे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के हितों को केंद्र में रखकर तैयार की जाती है।

मुकेश मेघवाल

लेकिन अभी भी देश के कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं जहां के आधे से अधिक निवासी इन योजनाओं का लाभ पाने से वंचित रह जाते हैं। ऐसा ही एक गांव लोयरा है। जो राजस्थान के उदयपुर जिला मुख्यालय से लगभग 8 किमी की दूरी पर स्थित है। यहां पर लगभग 550 घरों की बस्ती निवास करती है। जिसकी कुल जनसंख्या करीब ढ़ाई हज़ार है। अनुसूचित जनजाति बहुल इस गांव में ज्यादातर गमेती समुदाय के लोग निवास करते हैं। इसके अतिरिक्त इसी जनजाति के डांगी समुदाय की संख्या है। इसके अतिरिक्त ओबीसी समाज की भी एक बड़ी आबादी इस गाँव में निवास करती है। बाकी अनुसूचित जाति और सामान्य समुदाय के कुछ परिवार भी यहां निवास करते हैं। यहां से लोग ज्यादातर आसपास या उदयपुर शहर में मजदूरी करने जाते हैं। इनमें अधिकतर चिनाई कारीगर, बेलदार, मार्बल फिटिंग अथवा मार्बल घिसाई मजदूर के रूप में काम करते हैं जबकि युवा पड़ोसी राज्य गुजरात के अहमदाबाद में कंस्ट्रक्शन मजदूर और सूरत में हीरा कारखाने में मजदूरी के लिए प्रवास कर जाते हैं।

उच्च शिक्षा के प्रति विशेष रुचि नहीं होने और जागरूकता के अभाव में बहुत से ग्रामीण सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने से वंचित रह जाते हैं। हालांकि गांव में उज्वला योजना, पीएम किसान निधि योजना, शौचालय निर्माण योजना, पेंशन योजना, सुकन्या योजना, आवास योजना, जन वितरण प्रणाली योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना और चिरंजीवी जैसी अनेकों योजनाएं संचालित हैं। जिसका कुछ ग्रामीण संपूर्ण लाभ उठा रहे हैं तो कुछ को अभी भी इन योजनाओं

से मिलने वाले लाभ का इंतज़ार है। गांव में एसटी समुदाय के 42 वर्षीय नाथूराम कहते हैं कि उन्हें अभी तक केवल प्रधानमंत्री बीमा योजना का ही लाभ मिल है। जबकि राशन कार्ड अभी तक नहीं बना है। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना का उन्होंने दो बार फार्म भरा लेकिन अभी तक वह इस सुविधा का लाभ उठाने से वंचित हैं। जिसके बाद इन्होंने किसी प्रकार पैसों की व्यवस्था कर खुद ही अपना आवास बना लिया है। नाथूराम कहते हैं कि जब उन्हें उज्वला योजना में गैस कनेक्शन नहीं मिला तो इन्होंने खुद से ही पैसा देकर इसे खरीदा है। अलबत्ता स्वास्थ्य के क्ष

मोदी के तीसरी बार पीएम बनने का मतलब विकसित भारत की गारंटी

मनकापुर/गोंडा। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सोमवार को गोंडा जिले में मनकापुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने आरपी इंटर कॉलेज में आयोजित गोंडा लोकसभा क्षेत्र के सोशल मीडिया वॉलेंटियर्स सम्मेलन में इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए दावा किया कि विपक्षी उम्मीदवार की जमानत जब्त हो जाएगी।

डिप्टी सीएम ने कहा कि जब नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने थे उस समय भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया के 11वें नंबर पर थी। आज भारत विश्व की पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था बन चुका है। अबकी बार जब आप कमल का बटन दबाएंगे, यही भारत को दुनिया में तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने की गारंटी होगी। तीसरी बार मोदी के पीएम बनने का मतलब विकसित भारत की गारंटी है।

उन्होंने कहा कि इस बार 400 पार के मिशन में गोंडा लोकसभा क्षेत्र का सबसे बड़ा योगदान होगा। भाजपा प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिंह और मजबूती के साथ लोकसभा पहुंचेंगे। राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख की कर्मस्थली और भगवान घनश्याम की जन्मस्थली की गूंज पूरे देश में होनी चाहिए। एक समय लोकसभा से राजीव गांधी ने खुद बोला था कि सरकार दिल्ली से एक रुपये भेजती है तो जनता तक मात्र 15 पैसे पहुंचते हैं। आज पीएम नरेंद्र मोदी ने दिल्ली से 34 लाख करोड़ रुपये सीधे लाभार्थियों के खाते में भेज दिया जिसका एक भी पैसा कम नहीं हुआ।

अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र ने सोशल मीडिया वॉलेंटियर्स का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि प्रत्येक स्वयंसेवक को देश के विकास में भागीदार बनने का अवसर मिल रहा है। प्रतिदिन सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर सरकार के पक्ष में सिर्फ पांच पोस्ट करना है। सरकार की उपलब्धियों व विपक्ष की नाकामियों को जन-जन तक

■ प्रतिदिन पांच पोस्ट करें साइबर योद्धा

पहुंचाकर विकसित भारत का सपना साकार किया जा सकता है।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप, गोंडा लोकसभा प्रभारी शरद अवस्थी, सहसंयोजक भारत भूषण वर्मा, सांसद कीर्तिवर्धन सिंह, एमएलसी अवधेश सिंह मंजू, विधायक रमापति शास्त्री, प्रेमनारायन पांडेय, विनय द्विवेदी व प्रभात वर्मा, राकेश तिवारी, आशीष त्रिपाठी, अनुपम प्रकाश मिश्र, दीपक अग्रवाल, अविनाश जायसवाल, राघवेंद्र ओझा, आशीष सिंह, रामराज शर्मा, दुर्गेश अवस्थी, निखिल सिन्हा आदि मौजूद रहे। हालांकि, इस दौरान गोंडा सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह व उतरौला विधायक रामप्रताप वर्मा की अनुपस्थिति चर्चा का विषय रही।

सोशल मीडिया पर जातिसूचक टिप्पणी करने वाले यूजर पर केस दर्ज

गोंडा। आदर्श आचार संहिता के दौरान सोशल मीडिया पर जातिसूचक टिप्पणी करने वाले यूजर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा के निर्देश पर चुनाव आयोग के मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति ने कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह को पत्र लिखकर महेंद्र सिंह राणा नाम के फेसबुक यूजर के विरुद्ध केस दर्ज कराया है।

डीएम ने कहा कि आदर्श आचार संहिता को लेकर सोशल मीडिया के प्रत्येक पोस्ट, लाइक, कमेंट व शेयर पर निगरानी की जा रही है। यदि किसी व्यक्ति की ओर से जाति, धर्म, संप्रदाय व निर्वाचन को प्रभावित करने वाले पोस्ट किए जाते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने युवाओं से अपील की है कि सोशल मीडिया के माध्यम से मतदान प्रतिशत को बढ़ावा देने व मतदाता जागरुकता से संबंधित पोस्ट किया जाय जिससे जिले का नाम देश व प्रदेश स्तर पर रोशन हो सके।

कमल निशान-उन्नति, सुरक्षा व समृद्धि की बनी पहचान : धर्मपाल

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने बुलन्दशहर में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण तथा कार्यकर्ताओं के परिश्रम से कमल निशान-उन्नति, सुरक्षा व समृद्धि की पहचान बना। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश का वातावरण भाजपा के अनुकूल है। हमें लोगों को पोलिंग बूथ तक पहुंचाना है तथा बूथ पर डटे रहना है। बैठक में सिटिंग प्लान के साथ गौतमबुद्धनगर लोकसभा की सिकन्दराबाद विधानसभा के बूथ अध्यक्ष सम्मिलित रहे। प्रदेश महामंत्री (संगठन) ने पुष्पवर्षा करके बूथ अध्यक्षों का अभिनंदन किया। गगनभेदी स्वर में गुंजा अबकी बार 400 पार का संकल्प।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) श्री धर्मपाल सिंह ने बूथ अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में सांस्कृतिक व सामरिक उन्नति

के साथ सबको साथ लेकर देश में सबका विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि बूथ की मजबूत ईकाई से ही बूथ विजय संभव है। बूथ की मजबूती के के लिए बूथ के मतदाताओं तथा लाभार्थियों के साथ नियमित सम्पर्क तथा मोदी सरकार व योगी सरकार की नीतियों व योजनाओं के साथ संवाद आवश्यक है। बूथ समिति और पन्ना प्रमुखों की नियमित बैठक तथा कार्यों का वर्गीकरण प्रत्येक लक्ष्य प्राप्त करने में सहायक है। प्रदेश महामंत्री (संगठन) ने कहा कि बैठकों के दौरान सभी सदस्यों का घर से टिफिन लाकर

■ कहा, बूथ की मजबूत ईकाई से ही बूथ विजय संभव

साथ बैठकर भोजन करने से परिवार के रूप में काम करने का संस्कार विकसित होता है, जो कार्य को सहज, सरज तथा सफल बनाता है। उन्होंने कहा कि बूथ अध्यक्षों की बैठक में सिटिंग प्लान का नया प्रयोग किया गया है जो बैठक के वातावरण को बूथ केन्द्रित करता है। श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अबकी बार 400 पार का लक्ष्य हम सभी को दिया है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए उत्तर प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटें जीतने का लक्ष्य है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आप सभी को अपना बूथ जीतना है और बड़े अन्तर से जीतना है। धर्मपाल सिंह ने कहा कि सपा-बसपा-कांग्रेस की सरकारों के समय प्रदेश में अपराधीकरण से भय का वातावरण था।

कांग्रेस पार्टी तुष्टीकरण की राजनीति करने पर आमदा : नड्डा

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। देश की जनता ने कांग्रेस पार्टी को बार-बार नकारा है लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस पार्टी तुष्टीकरण की राजनीति करने पर आमदा है और तुष्टीकरण की राजनीति से बाज नहीं आ रही है। मैंने कांग्रेस के मेनिफेस्टो को देखा, तो मुझे आश्चर्य हुआ कि यह कांग्रेस पार्टी का मेनिफेस्टो है या मुस्लिम लीग का है? देश को बांटने और सत्ता हथियाने के लिए कहाँ तक कांग्रेस पार्टी जा सकती है, इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता।

जिस मुस्लिम लीग ने 1929 में धर्म के आधार पर आरक्षण की बात कही थी, आज कांग्रेस पार्टी उसी बात को दोहरा रही है। यानी, सत्ता की लोलुपता में, सत्ता के लालच में, कांग्रेस पार्टी देश को कहां तक पहुंचाएगी, इसका अंदाजा लगाना भी मुश्किल है। आज माइनॉरिटीज के लिए जिस तरीके से धर्म के नाम पर आरक्षण की बात हो रही है, जो 50

प्रतिशत आरक्षण को आगे बढ़ाने की बात की जा रही है, वो आरक्षण किसको देने की बात की जा रही है? मैं ये भी कहना चाहता हूँ कि देश भूल न जाए कि यूपीए की सरकार ने, कांग्रेस पार्टी ने बहुसंख्यक समाज के खिलाफ एक ऐसा ही कानून बनाया था, जो संसद में पारित नहीं हो सका लेकिन इससे कांग्रेस पार्टी की मंशा बिलकुल स्पष्ट हो गयी थी। कांग्रेस पार्टी बहुसंख्यक समाज के खिलाफ जिस तरह की रणनीति एवं राजनीति कर रही है और तुष्टीकरण की राजनीति कर रहे हैं, उसके लिए देश ने कांग्रेस पार्टी को कभी माफ नहीं किया है और आगे भी माफ़ नहीं करेगी।

भाजपा में शामिल हुए विभिन्न पार्टियों के नेता

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दिलाई पार्टी की सदस्यता

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के समक्ष सोमवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर सपा, बसपा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालो में उत्तर प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने अपनी पत्नि अनुपमा के साथ भाजपा सदस्यता ग्रहण की। इसके साथ ही बसपा के पूर्व एमएलसी, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनोज अग्रवाल (फर्रूखाबाद), बसपा से नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल (फर्रूखाबाद), नगर पंचायत अध्यक्ष श्री नीरज सिंह सेंगर (फतेहपुर), नगर पंचायत अध्यक्ष मिथलेश कुमार मिश्र (सुल्तानपुर), कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव योगेन्द्र सिंह तोमर (अलीगढ़), सपा के पूर्व प्रदेश सचिव, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अम्बुज शुक्ला (कानपुर),

बसपा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सचिन त्रिपाठी (कानपुर), बसपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी संदीप शर्मा जैकी (कानपुर), बसपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डीएस मिश्रा (सुल्तानपुर), बसपा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अरूण कुमार दुबे (औरैया), यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव उमंग शुक्ला (कानपुर), यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव शानू बुन्देला (कानपुर), यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डब्बू तिवारी (कानपुर), कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव धर्मेन्द्र अवस्थी बबलू (कानपुर), कांग्रेस के प्रदेश सचिव पवन सिंह (कानपुर), बसपा के जाट भाईचारा को-आर्डिनेटर धर्मवीर चौधरी (गाजियाबाद), उपनेता नगर निगम कानपुर श्री अनिल यादव, मुख्य सचेतक कानपुर नगर निगम अमित जायसवाल, पूर्व पासपोर्ट अधिकारी सुधाकर रस्तोगी (लखनऊ), सचेतक कानपुर नगर निगम शालू कन्नौजिया, कार्यकारिणी सदस्य नगर निगम कानपुर अंजली दीक्षित, पार्षद सरोज चड्ढा (कानपुर), पार्षद सुधीर यादव (कानपुर), पार्षद मुसव्विर अली (लखनऊ), सपा नेता व अधिवक्ता सुधीर शुक्ला (लखनऊ), पूर्व पार्षद प्रकाश गुप्ता (लखनऊ), समाजसेवी सौरभ यादव (ललितपुर) ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, प्रदेश मीडिया सहप्रभारी हिमांशु दुबे एवं विधायक नीरज बोरा उपस्थित रहे। मंच का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष श्री बृज बहादुर ने किया।

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भाजपा परिवार में शामिल होने वाले सभी लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के संकल्प के साथ जुड़िए तथा अपने-अपने क्षेत्रों व बूथों पर जाकर भाजपा को मजबूत करने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कीजिए। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गांव, गरीब, किसान के आर्थिक व सामाजिक विकास के साथ विकसित भारत का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहे है।

देश की पहली किन्नर महामंडलेश्वर वाराणसी से लड़ेंगी चुनाव

वाराणसी। देश की पहली किन्नर महामंडलेश्वर हेमांगी सखी वाराणसी लोकसभा सीट से मैदान में उतरेंगी। अखिल भारत हिंदू महासभा ने हेमांगी सखी को बनारस से टिकट दिया है। वह 12 अप्रैल को बनारस पहुंचेंगी और बाबा विश्वनाथ का आशीर्वाद लेकर अपने चुनाव प्रचार की शुरुआत करेंगी।

महामंडलेश्वर हेमांगी सखी ने कहा कि पूरे देश में किन्नर समाज की स्थिति दयनीय है। किन्नर समाज के लिए एक भी सीट आरक्षित नहीं की गई है। किन्नर समाज अपनी बात लोकसभा और विधानसभा में कैसे रखेगा? किन्नर समाज का नेतृत्व कौन करेगा? किन्नर समाज की भलाई के लिए मैंने धर्म से राजनीति की ओर रुख किया है। हेमांगी सखी ने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरोध में नहीं हैं, उन्होंने भी धर्म का काम किया है। हमारा प्रयास सिर्फ इतना ही है कि हमारी बात सरकार के कानों तक पहुंचे। इसीलिए वाराणसी

संसदीय सीट से चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। महामंडलेश्वर ने कहा कि सरकार ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा दिया है। हम इसकी सराहना करते हैं, बेटियां जगतजननी का स्वरूप हैं लेकिन सरकार अर्द्धनारीश्वर को भूल गई। यह नारा हम भी सुनना चाहते हैं, वह दिन कब आएगा? केंद्र सरकार ने ट्रांसजेंडर पोर्टल जारी कर दिया लेकिन क्या किन्नरों को इसके बारे में पता है। जो सड़क पर भीख मांग रहे हैं, उनको पता ही नहीं है कि उनके लिए कोई पोर्टल भी है।

सीएमएस में रोबोटिक्स लैब का भव्य उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर द्वितीय कैम्पस में नवनिर्मित विश्व स्तरीय 'रोबोटिक्स लैब' का उद्घाटन आज सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन समेत सी.एम.एस. के विभिन्न कैम्पस की प्रधानाचार्याओं व बड़ी संख्या में शिक्षकों, छात्रों व अभिभावकों की उपस्थिति रही। सभी ने छात्रों को विज्ञान व प्रोद्योगिकी की अति-आधुनिक व्यावहारिक जानकारी प्रदान करने के सी.एम.एस. के इस प्रयास की दिल खोलकर सराहना की। इस अवसर पर डा. भारती गाँधी एवं प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने रोबोटिक्स लैब का अवलोकन किया एवं छात्रों से बातचीत कर उनका हौसला बढ़ाया।

इस अवसर पर सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने कहा कि सी.एम.एस. छात्रों के सर्वांगीण विकास एवं शिक्षा को एक नया

आयाम देने के लिए पूरी तरह संकल्पित है। यह रोबोटिक लैब छात्रों को अपने सुनहरे भविष्य के सपने को साकार करने में महती भूमिका निभायेगी। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने कहा कि वर्तमान दौर में छात्रों को आधुनिक तकनीक की जानकारी देना एवं आधुनिक तरीके से शिक्षा प्रदान करना बहुत जरूरी है, जिससे भावी पीढ़ी विश्व स्तर पर कदम से कदम मिलाकर चल सके। सी.एम.एस. गोमती नगर द्वितीय कैम्पस की वरिष्ठ प्रधानाचार्या सुश्री मंजीत बत्रा ने इस अवसर पर कहा कि सी.एम.एस. छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु उन्हें शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण, जरूरी संसाधन व तकनीक प्रदान करने को तत्पर है। प्रधानाचार्या श्रीमती संगीता बनर्जी ने विद्यालय में रोबोटिक्स लैब की स्थापना हेतु सी.एम.एस. प्रबन्धन का आभार व्यक्त किया।

सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. की विश्व स्तरीय रोबोटिक्स लैब में छात्रों को हैंड्स-आन रोबोटिक्स, एडवांस टेक साइंस एवं आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स को सीखने व समझने का भरपूर अवसर मिलेगा एवं इसके माध्यम से उनमें विज्ञान के रचनात्मक उपयोग की भावना का भी विकास होगा।

बरेली में गरजे मायावती के भतीजे आकाश आनंद

बरेली। बसपा सुप्रीमो के भतीजे आकाश आनंद ने बरेली में जनसभा को संबोधित किया। बसपा की स्टार प्रचारकों की सूची में शुमार आकाश आनंद ने कहा कि अब वह भी बहुजन मूवमेंट से जुड़ चुके हैं। आकाश आनंद ने कहा कि इलेक्टोरल बांड के माध्यम से 16,500 करोड़ रुपये 25 राजनीतिक दलों को चंदा मिला ,लेकिन इसमें बसपा का नाम नहीं था। बसपा पूंजीपतियों और धन्ना सेठों के सहारे नहीं, कार्यकर्तओं के धन, मन, बल के बूते चुनाव लड़ता है।

आकाश आनंद ने कहा कि अगर भाजपा का कोई सदस्य आये तो ये जरूर पूछना की बीते 10 वर्षों में शिक्षा, सुरक्षा उर रोजगार के लिए क्या किया। यह तीनों ही हमारे लिए जरूरी है। सरकारी नौकरी के नाम पर केवल पेपर लीक होने की खबरें आई हैं। यह सरकार को बहाना मिल जाता है, भर्ती रद्द करने का। कक्षा में पढ़ने वाले आधे से ज्यादा बच्चे जोड़ घटाना नहीं

कर पाते।

आकाश आनंद ने अपने भाषण में सपा और कांग्रेस पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में एक लाल टोपी वाले नेता है। एक बार सायकिल का चक्कर लगाकर सत्ता में पहुंच गए। एक बार टोपी पहनी और फिर लोगों को टोपी पहना दी। जिन मुस्लिमों ने इनके लिए एकतरफा वोट डाला लेकिन उनके लिए लड़ नहीं सके।राहुल गांधी का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि कांग्रेस वाले भैया एक देश से दूसरे कोने तक जाकर भारत जोड़ेंगे।

छात्रों ने 'ओपेन डे समारोह' में अपनी प्रतिभा का किया जोरदार प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, चौक कैम्पस में 'ओपेन डे समारोह' बड़े ही हर्षोल्लास के साथ छात्रों एवं उनके अभिभावकों तथा शिक्षकों ने मिलकर मनाया। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने समारोह का विधिवत् शुभारम्भ किया। इस अवसर पर अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए प्रो. किंगडन ने कहा कि जीवन मूल्यों पर आधारित शिक्षा छात्रों का जीवन पर्यन्त साथ देती है। हमें बालक को समाज का प्रकाश बनाना है और इसके लिए जीवन मूल्यों की शिक्षा देनी होगी। इस अवसर विद्यालय के छात्रों ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का अभूतपूर्व प्रदर्शन कर विद्यालय के मिशन 'प्रत्येक बालक धरती का प्रकाश है' को बड़े ही अनूठे ढंग से दर्शाया। समारोह में एक तरफजहाँ नन्हें-मुन्हें बच्चों की बहुमुखी प्रतिभा के विकास के लिए अनेक शैक्षिक एवं खेल

प्रतियोगितायें आयोजित की गयीं, जिससे अभिभावकों को सी.एम.एस. की ब्राडर एण्ड बोल्डर शिक्षा पद्धति को जानने व समझने का अवसर मिला। खेल-खेल में मोण्टसरी शिक्षा प्रणाली से बच्चों को पढ़ाना एवं कम्प्यूटर पर नर्सरी राइम व कहानियों द्वारा जीवन मूल्यों की शिक्षा देना आदि रोचक कार्यक्रमों को दर्शकों ने खूब पसंद किया जिसमें छोटे-छोटे बच्चे बड़े आत्मविश्वास से अपने विचार व्यक्त कर रहे थे एवं इस स्वच्छन्द व प्रभावशाली अभिव्यक्ति से अभिभावक अत्यन्त प्रफुल्लित दिख रहे थे। इसके अलावा विद्यलाय के छात्रों द्वारा प्रस्तुत क्लासरूम एक्टिविटी ने भी दर्शकों को खूब लुभाया। इस अवसर पर सी.एम.एस. चौक कैम्पस की प्रधानाचार्या श्रीमती अदिति शर्मा ने अभिभावकों के सहयोग के प्रति हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चा परमात्मा का उपहार है।

हिंदू नव संवत्सर के स्वागत में निकली शोभायात्रा

वाराणसी। हिंदू नव संवत्सर के स्वागत में महेशपुर में मंगल कलश यात्रा निकाली गई। प्रेमदास बाल संस्कार आश्रम से सोमवार को निकली कलश यात्रा में सर्व समाज की महिलाओं ने भागीदारी की। संतों के सानिध्य में निकली कलश यात्रा में श्रद्धालु हर-हर महादेव और जय श्रीराम का जयघोष करते हुए चल रहे थे।

सोमवार को कलश यात्रा बाल संस्कार आश्रम से शुरू होकर महेशपुर, चांदपुर और शिवदासपुर होते हुए पुन- आश्रम पहुंची। सिर पर कलश लेकर महिलाएं शोभायात्रा में शामिल हुईं। कलश यात्रा के दौरान जगह-जगह शोभायात्रा में शामिल लोगों का स्वागत किया गया। रास्ते भर श्रद्धालुओं को लोगों ने शरबत पिलाया और फूल बरसाया। शोभायात्रा की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, विशिष्ट अतिथि पातालपुरी मठ के महंत बालक दास, शीतला प्रसाद यादव, राजेश भाटिया रहे। इस दौरान नंदलाल, ज्ञानचन्द्र पटेल, पिंटू यादव, मयंक, रामविलास इत्यादि लोग शामिल रहे।

सभी स्कूलों व कॉलेजों में बेसिक लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए : नीरज

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। विश्व स्वास्थ्य दिवस 2024 के अवसर पर हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा रामायण पार्क, सेक्टर -25, इंदिरा नगर, लखनऊ में बेसिक लाइफ सपोर्ट कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में डॉ. पियाली भट्टाचार्य, सलाहकार, Lucknow Academy of Pediatrics एवं बाल रोग विशेषज्ञ, एस.जी.पी.जी.आई, Lucknow Academy of Pediatrics से डॉ निर्मला जोशी, अध्यक्ष, डॉ अमित कुमार रस्तोगी, उपाध्यक्ष तथा डॉ उत्कर्ष बंसल, सचिव ने सेक्टर 25 के निवासियों को हार्ट अटैक आने पर मरीज को दिये जाने वाले प्रारंभिक उपचार का प्रशिक्षण दिया।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी, नीरज सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यशाला का शुभारंभ राष्ट्रगान तथा दीप प्रज्वलन से

■ हम अपने स्वास्थ्य की रक्षा के लिए स्वयं जिम्मेदार हैं : डॉ रूपल अग्रवाल

हुआ। कार्यशाला में सभी का स्वागत करते हुए हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट की न्यासी डॉ रूपल अग्रवाल ने कहा कि आप सभी को विश्व स्वास्थ्य दिवस 2024 की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। विश्व स्वास्थ्य दिवस प्रतिवर्ष अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य संगठन (WHO) की स्थापना के दिन मनाया जाता है। इस दिन लोगों को सेहत से जुड़ी समस्याओं एवं अधिकारों के बारे में जागरूक किया जाता है। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम है मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार (My Health, My Right) जिसके तहत आज हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बेसिक लाइफ सपोर्ट कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट लोगों को नई चिकित्सा तकनीकों के बारे में जागरूक करने और उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में काम कर रहा है।

मैं यहां मोदी जी का दूत बनकर आया हूं...

जितिन प्रसाद ने पीलीभीत में शुरू किया चुनावी प्रचार

पीलीभीत। लोकसभा चुनाव में यूपी की हाईप्रोफाइल सीट पीलीभीत से भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद ने इस सीट पर चुनावी प्रचार का आगाज कर दिया है। जितिन प्रसाद ने सोमवार को एक बैठक में खुद को पीएम मोदी का दूत बताते हुए कहा कि हम सभी उनके विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए काम कर रहे हैं। इस दौरान एक पेपर से कुछ स्थानीय पार्टी कार्यकर्ताओं के नाम पढ़े। उन्होंने कहा, मैं शायद यहां के लोगों के नाम नहीं जानता, लेकिन आने वाले वर्षों में मैं उन्हें जान लूंगा।

भाजपा ने पीलीभीत से मौजूदा सांसद वरुण गांधी की जगह जितिन प्रसाद को चुना। इस निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व 1996 से वरुण गांधी या उनकी मां मेनका गांधी ने किया है। जितिन प्रसाद उत्तर प्रदेश के उन दो कैबिनेट मंत्रियों में से हैं, जिन्हें 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए टिकट

मिला है। जितिन के अलावा राजस्व राज्य मंत्री अनूप प्रधान वाल्मीकि को भाजपा ने हाथरस से उम्मीदवार बनाया है।

जितिन प्रसाद ने बैठक में पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा किए गए कार्यों और विकसित भारत के उनके दृष्टिकोण पर चर्चा की। हालांकि, इस दौरान उन्होंने मानसून के दौरान बाढ़ या औद्योगिक बुनियादी ढांचे की कमी और महत्वपूर्ण शहरों के लिए सीधे सड़क और रेलवे लिंक जैसे स्थानीय मुद्दों का कोई जिक्र नहीं किया। जितिन ने कहा, मैं यहां मोदी जी का दूत बनकर आया हूं। हम सभी उनके विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए काम कर रहे हैं।

सभा को संबोधित करते हुए जितिन ने कहा, मोदी जी ने 370 हटा दिया, मोदी जी ने राम मंदिर का निर्माण किया और विकास की शुरुआत की है जो पूरे देश में देखा जा रहा है। उन्होंने कहा, कमल (भाजपा का चुनाव चिह्न) के लिए डाला गया हर वोट मोदी जी को जाएगा और उन्हें मजबूत करेगा। प्रसाद ने दावा करते हुए कहा, मोदी जी तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में लौटेंगे।

भाजपा द्वारा वरुण गांधी की जगह उन्हें पीलीभीत से उम्मीदवार बनाए जाने पर प्रसाद ने कहा, भाजपा सर्वोपरि अनुशासन वाली पार्टी है। जब पार्टी कोई निर्णय लेती है या कोई निर्देश देती है, तो हर कोई एक ही लक्ष्य की दिशा में काम करता है। तेल मिल क्षेत्र में आयोजित एक अन्य सार्वजनिक बैठक में जाने के लिए अपनी कार में बैठते समय प्रसाद ने कहा, हम सभी यहां पीएम मोदी के नेतृत्व में किए जा रहे अच्छे काम को आगे बढ़ाने के लिए हैं। यही हमारा अंतिम लक्ष्य होना चाहिए।

ब्रह्माणी देवी मंदिर व लखना देवी मंदिर का लिया जायज़ा

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने सोमवार को आगामी 08/09 अप्रैल 2024 की मध्य रात्रि से प्रारम्भ होने वाले चैत्र नवरात्रि मेले के लिये चल रही तैयारियो का जसवंतनगर स्थित ब्रह्माणी देवी मंदिर एवं लखना कालका देवी मंदिर का भ्रमण कर संबंधित उप जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि मंदिरों पर 9 दिन तक चलने वाले मेले को लेकर फायर स्टेशन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए साथ ही साथ उन्होंने यह भी अवगत कराया कि सेनेटाइजर अवश्य कराया जाए। उन्होंने ब्रह्माणी देवी मंदिर पर मंदिर के पुजारी को निर्देशित किया कि मंदिर परिसर के अंदर ईंट पत्थर गिट्टी एवं कोई भी अनावश्यक चीज नहीं होनी चाहिए जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या हो। उन्होंने कहा कि श्रद्धालु जिस रास्ते पर आते हैं उसे रास्ते पर बैरिकेडिंग की व्यवस्था आज से ही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने ब्रह्माणी देवी मंदिर पर पुजारी से पूछताछ कर मंदिर की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की, पुजारी जी द्वारा बताया गया कि नवरात्रि के प्रथम दिन 20 से 25 हजार तक श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं साथ ही साथ उन्होंने लखना देवी मंदिर की व्यवस्थाओं के बारे में पुजारी से बात कर विस्तार से जानकारी प्राप्त की एवं पुजारी जी द्वारा बताया गया कि लखना देवी मंदिर पर शनिवार को अत्यधिक श्रद्धालुओं की भीड़ होती है जिस पर उन्होंने उप जिलाधिकारी भरथना को निर्देशित करते हुए कहा कि 9 दिन तक चलने वाले मेले को लेकर तीन शिफ्ट में अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाए जिससे यहां पर कोई भी समस्या ना हो। उन्होंने छुट्टा गोवंश को लेकर संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि गोवंशों को तत्काल नजदीकी गौशाला में भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने मंदिर परिसर में साफ सफाई, हटाये जाने वाले अतिक्रमण आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने यात्रियों की सुविधा के लिये दर्शन हेतु लगने वाले लाइन वाले मार्गो में धूप से बचने के लिये टेन्ट लगवाने का निर्देश दिया तथा मन्दिर से लगभग 500 मीटर पहले बैरीकेटिंग लगाकर समस्त वाहनो के प्रवेश पर प्रतिबन्ध लगाने का निर्देश देते हुये कहा कि ड्यूटी में तैनात अधिकारियों के अलावा सभी के वाहन वाहन स्टैण्ड पर खड़े किये जाए कोई भी प्राइवेट वाहन अन्दर नही जायेगा।

मन्दिरों में दर्शन के लिये बैरीकेटिंग, प्रकाश व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया गया। मंदिर में दर्शन करने जाने वाले यात्रियों की छाया की व्यवस्था का निर्देश दिया तथा दुकानदारों को हिदायत दी गयी कि अपने दुकान का सामान अपनी सीमा के अन्दर ही रखे। सड़को पर अतिक्रमण न करे ताकि यात्रियों के आने जाने में असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में पेयजल की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, संबंधित उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

अंकलीकर कालेज में धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। आचार्य आदिसागर अंकलीकर इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ.रिपुदमन सिंह क्षेत्रीय निदेशक उच्च शिक्षा कानपुर मंडल, डॉ.अनिल कुमार जैन अध्यक्ष अंकलीकर वाणी मासिक पत्रिका समिति, डायरेक्टर कमल किशोर जैन, डायरेक्टर डॉ.उज्जवल यादव तथा विद्यालय के प्रबंधक/मंत्री विशुन कुमार चौधरी ने मां शारदे/गुरुओं की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन कर किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. रिपुदमन सिंह ने अपने संबोधन में कहा छात्र-छात्राएं अपने भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए शिक्षा पर विशेष ध्यान दें क्योंकि शिक्षा की उपयोगिता को जो समझता है वही उन्नति प्राप्त करता है। विद्यालय के प्रबंधक ने सभी अतिथियों को माला तथा शॉल पहनाकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती सोहिनी, विभा यादव, अचला वर्मा, राजकिशोर वर्मा सुनील कुशवाहा विपिन कुमार, चेतन सिंह, अशोक नारायण, शिखा अग्रवाल, कंचन वर्मा, सुमित यादव, बीना वर्मा, अंशिका सक्सेना, श्रोति यादव, वासिफ खान, अविनाश कुमार आदि उपस्थित रहे।

बृजवासी विगत वर्ष गटक गये चार सौ 71 करोड़ की शराब

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। भगवान श्री कृष्ण की जन्म और क्रीडा स्थली बताया जाता है यहाँ पर दुध दही की नदियाँ बहती थी आज शराब का समुद्र किलोल मार रहा है। बीते वितीय वर्ष 2023 - 24 मैं आबकारी विभाग के आंकड़ों के अनुसार 471 करोड़ से भी अधिक की शराब की बिक्री होना बताया गया है। इसके अलावा भारी संख्या में नकली और तस्करी की शराब को भी पुलिस और आबकारी विभाग के द्वारा पकड़ा गया है।

जानकारी के अनुसार मथुरा जनपद जो दो अंतरराज्यीय सीमाओं से जुड़ा हुआ है पड़ोसी राज्यों में उत्तर प्रदेश की अपेक्षा सस्ती शराब बिकती है। जहां से भारी संख्या में जनपद में और जनपद की सीमाओं से होते हुए गैर जनपदों और दूसरे राज्यों को भारी तादाद में तस्करी की शराब का आवा - आगमन होता है जो किसी से छुपा हुआ नहीं है स्थानीय अधिकारियों से लेकर शासन में बैठे हुए आला अधिकारी भी भलीभांति परिचित हैं।

इस संबंध में जिला आबकारी अधिकारी कुमार प्रभात चंद्र ने बताया विगत वित्तीय वर्ष 2023- 24 मैं देसी विदेशी शराब और बियर की बिक्री 471 करोड़ 35 लाख रुपए की हुई है। जो पिछले वित्तीय वर्ष 2022 और 23 की अपेक्षा 89 करोड़ 64 लाख रुपए अधिक है। श्री कुमार ने बताया आबकारी विभाग और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए तस्करी की और अवैध रूप से निर्मित कच्ची पक्की शराब के 56 मामले पकड़े गए जिनमें 33 वाहन बरामद करके कार्रवाई की गई।

तस्करी की शराब और अवैध शराब जो पकड़ी गई वह भी करोड़ों की तादात में रही है जिसका निस्तारण न्यायालय के आदेश पर किया जाता है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया सीमित संसाधनों के होते हुए बड़ी संख्या में तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है जो अनवरत जारी रहेगी। जिले में तस्करी की शराब का बहुत बड़ा नेटवर्क है जिसके लिए शासन स्तर से व्यापक तैयारियां के साथ जिला आबकारी विभाग को कर्मचारी अधिकारी और संसाधन उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है।

निस्वार्थ और कामना रहित सेवा का फल मीठा ही नहीं बहुत-बहुत मीठा होता है

वहाज अली निहाल

- गौर निताई परिवार ने हर्षोल्लास से मनाया आध्यात्मिक आनंद उत्सव

इटावा। श्री श्री गौर निताई परिवार के भक्तों ने अपने गुरु व सनातन धर्म प्रचारक पंडित मनुपुत्र दास का आविर्भाव दिवस आध्यात्मिक आनंद उत्सव के रूप में श्रद्धाभाव के साथ हर्षोल्लास से मनाया। इस मौके पर हरिनाम संकीर्तन व भजन संध्या में श्रद्धालु जमकर झूमे सभी ने अपने गुरु को आविर्भाव दिवस की शुभकामनाएं भी दी। आध्यात्मिक आनंद उत्सव का शुभारंभ युगल सरकार, भगवान जगन्नाथ महाप्रभु व भगवान गौर निताई की महा आरती के साथ हुआ इस मौके पर भगवान को छप्पन भोग भी अर्पित किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया, सदर विधायक सरिता भदौरिया, ब्राह्मण समाज महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित अरुण दुबे सहित गौर निताई परिवार के भक्तों ने पंडित मनुपुत्र दास को पगड़ी माला शाल व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मान किया और चरण पूजन भी किया। भक्तों के द्वारा एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए गए और हरिनाम संकीर्तन भी किया गया संकीर्तन पर झूम-झूम कर भक्तों ने आनंद प्राप्त किया इस दौरान खूब पुष्प वर्षा भी की गई। गौणीय संप्रदाय में जिन आचार्यों से भक्त ईश्वर व भक्ति की महिमा को प्राप्त करते हैं उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए व्यास पूजा की जाती है। आध्यात्मिक आनंद उत्सव में भक्तों के द्वारा हृदय के भाव व्यास पूजा के माध्यम से प्रकट किए गए साथ ही कई भक्तों के द्वारा अभी तक के भक्ति के अनुभवों को भी साझा किया गया। इस मौके पर पंडित मनुपुत्र दास ने भक्तों को बताया कि निस्वार्थ और कामना रहित सेवा का फल मीठा नहीं बहुत-बहुत बहुत मीठा होता है । हरि गुरु कृपा से भौतिक भावना को त्याग कर आध्यात्मिक भावना को स्वीकार करते ही जीवन आनंद और उत्सवों से पूर्ण हो जाता है। जब भगवत स्वरूप संतों के हृदय से वैष्णो की सेवा का आशीष प्राप्त हो तो भगवत सेवा मिलने में अधिक देरी नहीं होती है। उन्होंने यह भी कहा कि जिस नोट पर आरबीआई की मोहर न हो वह संख्या में कितने भी क्यों न हो उनका कोई भी उपयोग नहीं, इसी प्रकार जिस भजन नाम जप व भगवत सेवा पर प्रमाणित गुरु की मोहर न हो वह भगवत प्रेम प्राप्ति के उपयोग का नहीं होता है। कार्यक्रम के समय पर सभी भक्तों ने महाप्रसाद ग्रहण किया।

एसएमजीआई में हुआ फ़ार्मेसी की पुस्तकों का विमोचन

- बाईलिंगुअल फार्मेट में उपलब्ध है ये सभी पुस्तकें

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। सर मदनलाल ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन इटावा के चेयरमैन डा.विवेक यादव एंव डायरेक्टर डा.उमा शंकर शर्मा द्वारा फ़ार्मेसी की पुस्तकों÷फार्माकोलोजी मैनुअल, हास्पिटल एंव क्लिनिकल फ़ार्मेसी तथा बायोकैमिस्ट्री एंव क्लिनिकल पैथोलॉजी÷का विमोचन एसएमजीआई, में भव्यता के साथ किया गया। ये पुस्तकें सर मदनलाल इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी के डायरेक्टर, प्रोफ़ेसर डा. उमा शंकर शर्मा, विभागाध्यक्ष एंव एसोसिएट प्रोफ़ेसर डा.रेहान उद्दीन, असिस्टेंट प्रोफ़ेसर रिया माथुर द्वारा संयुक्त रूप से सम्पादित की गई एंव आर नारायन पब्लिशर्स एंव डिस्ट्रीब्यूट्र्स, आगरा से बाईलिंगुअल लैंग्वेज में फार्माकोलोजी मैनुअल आईपी इन्नोवेटिव पब्लिकेशंस द्वारा प्रकाशित है। चेयरमैन डा.विवेक यादव ने पुस्तकों का विमोचन करते हुए पुस्तकों के सभी लेखकों को बधाई दी है। ये पुस्तकें पीसीआई नई दिल्ली के अधिनियम के तहत लिखी गई है, पुस्तकें संपूर्ण भारत वर्ष के फ़ार्मेसी के नये पाठ्यक्रम को ध्यान में रखकर ही लिखी गई है और सभी छात्रों के लिये अत्यंत उपयोगी भी हैं। फार्माकोलोजी मैनुअल की इन पुस्तक का एक अन्य लाभ यह भी है कि, प्रैक्टिकल के लिय छात्रों को अब कोई अलग-अलग मैनुअल नहीं पढ़ना पड़ेगा बल्कि पूरे बीफार्मा के चारों वर्ष के छात्र छात्राओं के लिए यह एक ही मैनुअल पर्याप्त होगा। वहीं डी फार्मा के लिये हास्पिटल एंव क्लिनिकल फ़ार्मेसी तथा बायोकैमिस्ट्री एंव क्लिनिकल पैथोलॉजी पुस्तक लिखी गई है जो कि, बाईलिंगुअल फार्मेट मे उपलब्ध हैं। बाईलिंगुअल फार्मेट में होने से छात्र एक ही पुस्तक को हिन्दी एंव अंग्रेज़ी दोनो भाषा में पढ़ सकता है। पुस्तकों मे चित्र भी हैं जो विधार्थी को विषय को सीखने मे मदद करेंगे। इन पुस्तकों का उपयोग कर के विधार्थी न केवल उत्तीर्ण होंगे बल्कि, परीक्षा में बहुत अच्छे अंक भी हासिल कर सकेंगे। यह पुस्तकें सभी दुकानों पर उपलब्ध है।

संक्षिप्त समाचार

अंजुमन हिदायतुल इस्लाम में हुआ रोज़ा इफ्तार

इटावा, अवधनामा ब्यूरो। अंजुमन हिदायतुल इस्लाम हाई स्कूल के प्रधानाचार्य शाहनवाज अतहर ने छब्बीस रमज़ान मुबारक को स्कूल में रोज़ा इफ्तार करवाया। रोज़ा इफ्तार में स्कूल का स्टाफ, छात्र-छात्राओं आदि ने किया रोज़ा इफ्तार। बाद इफ्तार के कारी सरफराज आलम निज़ामी ने नमाज़ अदा कराई और सभी के हक़ में दुआये की गई। इस मौके पर हाफिज़ हारून रशीद, आमिर खान, फरहत अली, तरन्नुम, जेबा, इस्मत, इफ्फत, गुलजार अहमद, मोहम्मद इमरान आदि के अलावा अंकित शुक्ला व संजय पाल भी मौजूद रहे।

मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में यश इण्टर नेशनल स्कूल की छात्रा ने लहराया परचम

इटावा, अवधनामा ब्यूरो। इटावा जनपद के सैफई में स्थित मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में रोलर स्पोर्ट्स एसोसियेशन फन स्केट्स के अंतर्गत आयोजित हुई जिला स्तरीय प्रतियोगिता में यश इण्टर नेशनल स्कूल की कक्षा आठवीं की छात्रा उत्कर्षणी ने तीसरा स्थान प्राप्त कर दो रजत पदक अपने नाम करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य आदित्य श्रीवास्तव ने छात्रा को पुरस्कृत कर आशीर्वाद दिया और विद्यालय के सभी बच्चों को खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों का सर्वांगीण विकास भी आवश्यक है।

कौमी एकता की मिसाल बना व्यापार मंडल का रोज़ा इफ्तार

इटावा, अवधनामा ब्यूरो। सत्ताइस रमज़ान मुबारक को नगर के रामगंज स्थित कोहिनूर मार्केट में उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला उपाध्यक्ष हाजी शेख आफताब के संयोजन में रोज़ा इफ्तार का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के सभी धर्मो के प्रमुख लोगों, प्रमुख व्यापारियों सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। रोज़ा इफ्तार के बाद मौलाना ज़ाहिद रज़ा ने नमाज़ अदा कराई। इस अवसर पर व्यापार मंडल के शहर अध्यक्ष संजय कुमार वर्मा, जिला महामंत्री रिषी पोरवाल, कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी, जिला उपाध्यक्ष सरदार मनदीप सिंह, वरूण राज यादव, हाजी गुड्डू मंसूरी, मुस्तकीम राइन, रियाज अब्बासी, लाला, हाजी राईस अहमद, वाई के शफी चिश्ती, हाजी चाँद मंसूरी, मोहम्मद मंसूर, रिज़वान कुरैशी, मोहम्मद अनीस, हाजी शेख शकील, मुस्तकीम कादरी, शमीम खान, जैनुल आबदीन, गुड्डू कुरैशी, शाकिर, अली फैयाज सिकंदर वारसी, फैज आलम सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

रितु ने किया मतदाता जागरूकता अभियान का शुभारंभ

मथुरा। बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज के सभागार में मतदाता जागरूकता अभियान का एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसका शुभारंभ मंडल आयुक्त रितु माहेश्वरी, जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीणा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडे आदि के द्वारा के दीप प्रज्वलित कर किया गया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत करी। मंडल आयुक्त रितु माहेश्वरी ने अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हम सब की भागीदारी सुनिश्चित हो।

जिलाधिकारी ने की नोडल अधिकारियों के साथ चुनाव तैयारियों की समीक्षा

अवधनामा संवाददाता

हरदोई। स्वामी विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में चुनाव कार्यों में लगे हुए विभिन्न नोडल अधिकारियों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने इपिक वितरण की समीक्षा के दौरान कहा कि डाक विभाग के साथ समन्वय कर इपिक वितरण के कार्य में तेजी लायी जाये। वितरण की नियमित समीक्षा की जाये। नगर मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि प्रेक्षकों के रुकने की उचित व्यवस्था की जाये। कंप्यूटर आदि की व्यवस्था की जाये। लेखन सामग्री के सम्बन्ध में निर्देश देते हुए उन्होंने उपलब्धता ससमय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता के साथ कोई समझौता न किया जाये। वाहन व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि वाहनों की उपलब्धता ससमय सुनिश्चित की जाये। आईटीआई व सीएसएन में पार्किंग का ले आउट प्लान तैयार कर लिया जाये। वाहन चालकों के लिए शौचालय व पेयजल आदि की उचित व्यवस्था की जाये। वेबकॉस्टिंग की व्यवस्था की जाये।नगर पालिका में बनने वाले कंट्रोल रूम में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। खण्ड विकास अधिकारी क्रिटिकल बूथों पर वेबकॉस्टिंग की व्यवस्था अपनी निगरानी में कराएंगे। स्ट्रांग रूम के सभी व्यवस्थाएं उन्होंने ससमय दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। ईवीएम की सोर्टिंग के लिए लगने वाले कर्मचारियों का 13 अप्रैल को प्रशिक्षण करा लिया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

डिजिटल वैन द्वारा नशा मुक्ति पर अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित

मथुरा। किशोरी रमन स्नातकोत्तर महाविद्यालय मथुरा में आज दिनांक 8 अप्रैल 2024 को नशा मुक्ति पर एक डिजिटल वैन के द्वारा ब्रह्म कुमारी संस्था एवं राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति पर एक डिजिटल कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर प्रवीण कुमार अग्रवाल रहे उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि नशा हमारे शरीर को धीरे-धीरे खत्म करता जाता है इसलिए हमको नशा मुक्त रहना चाहिए और अपने साथियों को भी नशा मुक्त रहने को प्रेरित करना चाहिए। ब्रह्मकुमारी रश्मि, रूपा, गुंजन, यशवंत, कमल, रूहानी, धीरज, शिल्पा ने नशा मुक्ति पर विस्तृत चर्चा की और डिजिटल अवेयरनेस के माध्यम से नशा मुक्त रहने का संदेश दिया।

केएम विवि में प्रारंभ हुआ आईके सिस्टम

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। केएम विश्वविद्यालय की ओर से सभी विद्यार्थियों के लिए इंडियन नॉलेज सिस्टम (आईकेएस) कोर्स का शुभारंभ संयुक्त रूप से प्रसिद्ध साहित्यकार शिवमूर्ति, सिटी मजिस्ट्रेट राकेश कुमार, एसपी सुरक्षा बीबी चौरसिया ने फीता काटकर किया। इस दौरान विवि के वाइस चांसलर डा. डीडी गुप्ता, प्रो. वाइस चांसलर डा. शरद अग्रवाल, मेडीकल कॉलेज के प्राचार्य डा.पीएन भिसे, रजिस्ट्रार पूरन सिंह, परीक्षा नियंत्रक मनोज ओझा, डीन डॉ धर्मराज सिंह उपस्थित रहे। विदित रहे कि पिछले साल यूजीसी की तरफ से जारी गाइडलाइंस में बताया गया है कि उक्त कोर्स में यूनिट मेजरमेंट, नंबर सिस्टम, अर्थमेटिक, एस्ट्रोनॉमी, नॉलेज फ्रेमवर्क, साइकोलॉजी और टाउन प्लानिंग जैसे टॉपिक्स पढ़ाए जाएंगे। इसके अलावा छात्र आर्किटेक्चर प्रोग्राम की भी पढ़ाई कर सकते हैं। ऑनलाइन कोर्स में छात्रों को वीडियो लेक्चर, रीडिंग मैटेरियल्स, सेल्फ असेसमेंट एग्जाम, ऑनलाइन डिस्कशन और डाउट क्लियरिंग फॉरम की सुविधाएं मिलेंगी। छात्र इंडियन नॉलेज सिस्टम में फंडामेंटल प्रोग्राम कर सकते हैं। प्रो. वाइस चांसलर ने बताया कि सभी उच्च शिक्षा संस्थानों को इस कोर्स से जोड़ा गया है, छात्र इससे आईकेएस कोर्स में भारतीय तर्कशास्त्र, भारतीय भाषाविज्ञान, इंडियन आर्किटेक्चर, भारतीय धातुकर्म और भारतीय राजनीति और अर्थव्यवस्था जैसे विषय का अध्ययन अब केएम विवि में कर सकेंगे।

शेरगढ़ पुलिस का ढीला रेबेया कहीं गांव औधुता में न करा दे खूनी संघर्ष

अवधनामा संवाददाता

- शेरगढ़ पुलिस अपराधियों को खुलेआम दे रही संरक्षण, थाना क्षेत्र में बढ़ रहा अपराध का ग्राफ

मथुरा। थाना शेरगढ़ क्षेत्र में 24 फरवरी को घटी घटना से क्षेत्र में सनसनी सी फेल गई थी,जानलेवा हमले व लूट की वारदात से हर कोई सहम सा गया था। यह घटना 24 फरवरी की शाम को थाना क्षेत्र के गांव औधुता निवासी विष्णु पत्रकार के साथ घटी थी। जिसमें तीन नामजदों व कुछ अज्ञात लोगों ने सोची समझी साजिश के तहत योजना मध्य तरीके से पत्रकार के साथ बुरी तरह से मारपीट कर अधमारा छोड़ पत्रकार के पास रखै रुपए पैसों को लेकर भाग गए जिसकी शिकायत विष्णु के पिताजी द्वारा 3 नामजदो ,1अज्ञात के खिलाफ इलाका पुलिस को दी, लेकीन पुलिस जांच के नाम पर लीपापोती करने में व्यस्त हैं। जिसकी थाना से रोड पुलिस ने हल्की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को खुली छूट दे दी है। पीड़ित विष्णु सिसोदिया ने बताया 24 फरवरी को शाम को वह बाइक से अपनी बेकरी शॉप तरौली से रोजाना की तरह शाम को गांव की तरफ आ रहे थे तभी रास्ते में शाम करीब 7 बजे विलोडा मोड़ से थोड़ा आगे औधुता रोड पर गांव के ही नारायन सिंह पुत्र अमर सिंह, पवन पुत्र रामप्रकाश, भिड़डो उर्फ नरेंद्र पुत्र भगवान सिंह व एक अज्ञात ने बाइक पर तमंचा से जान से मारने की नीयत से गोली चलाई लेकिन (बाल बाल बचा) डंडों से प्रहार कर बाइक को गिरा दिया जान से मारने की नियत से तमाम प्रहार कर, अधमरा कर दिया और जेब में रखे 5000 रुपया को भी लूट लिया, राहगीरों को आता देख सरसों के खेत में अधमरा कर फेंक कर भाग गए राहगीरों की मदद से मुझे घर पहुंचाया गया, वहां से इस घटना की सूचना इलाका पुलिश को दी, पिता जी द्वारा नामजदों के खिलाफ तहरीर दी, और पुलिस द्वारा इलाज हेतू मुझे जिला अस्पताल भर्ती किया गया, लेकिन इलाका पुलिस ने दूसरी दबंग पार्टी से मिलकर इसे सामान्य घटना करार कर मुकदमा पंजीकृत कर खाना पूर्ति की, पीड़ित के पिता का कहना है में अनपढ़ हूं में जो घटना के बारे में सेही चौकी पर पुलिस वालों को बता रहा था उन्होंने वो पूरी बात लिखी ही नही और शाइन करा कर कहा अपनी शिकयत लिख ली है जांच की जा रही है,जिसके बाद हमने न्यायालय मथुरा की शरण ली और अपनी शिकयत दर्ज कराई, इलाका पुलिस कुछ भी कार्यवाही नही कर रही है और आरोपी कभी भी पुनः बडी बरदात को अंजाम दे सकते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने इंसाफ का सर किया ऊंचा: एआइपीएमएम

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। उतर प्रदेश के 17 लाख छात्रों एवं 10 हज़ार शिक्षकों को राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने यूपी मदरसा शिक्षा कानून 2004 को निरस्त करने के इलाहबाद हाई कोर्ट के आदेश पर अंतरिम रोक लगकर इंसाफ का सर ऊंचा किया है। ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महज़ इस फैसले का दिल की गहराइयों से स्वागत करता है और सुप्रीम कोर्ट का आभार प्रकट करता है। ज्ञात हो कि 22मार्च 2024 को इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मदरसा शिक्षा बोर्ड 2004 को धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उलंघन कराने वाला बताते हुए असंवैधानिक घोषित कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहबाद हाईकोर्ट के फ़ैसले पर टिप्पणी करते हुए कहा है कि हाई कोर्ट ने प्रथमदृष्टया मदरसा कानून के प्रावधानों की गलत व्याख्या की है यह कानून किसी भी तरह से धार्मिक निर्देश जारी नही करता है इस लिए धर्मनिरपेक्षता का उलंघन प्रतीत नही होता है। सुप्रीम कोर्ट ने बहुत ही बेहतरीन और प्रशंसनीय टिप्पणी की है कि हाई कोर्ट अथवा सरकार को यदि चिंता इस बात की है कि मदरसों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले तो इसका समाधान मदरसा बोर्ड कानून समाप्त करने में नहीं है बल्कि शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए निर्देश जारी करना चाहिए। ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महज़ मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष डाक्टर इफ्तिखार अंसारी , मदरसा बोर्ड के प्रबंधकों एवं कार्यरत शिक्षकों से गुज़ारिश करता है कि आप लोग आपसी सहयोग से मदरसा शिक्षा बोर्ड को समावेशी और आधुनिक काल के अनुरूप विकसित करें और शिक्षकों को आधुनिक शिक्षा पद्धति के अनुरूप ढाले तथा इनसर्विस ट्रेनिंग करवाकर अपडेट करें।

केएमयू : मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार थीम पर मनाया गया विश्व स्वास्थ्य दिवस

अवधनामा संवाददाता

- दवा और सेवा के भाव से कार्य करना डाक्टर्स का कर्तव्य: किशन चौधरी
- डाक्टर्स के पास बीमार और दिमाग से परेशान लोग ही आते है : किशन चौधरी

मथुरा। 'मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार' थीम के साथ 74वां विश्व स्वास्थ्य दिवस केएमयू विश्वविद्यालय में मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी ने कहा कि मनुष्य जीवन में पांच सुखों में से एक सुख निरोगी काया होती है, कर्म ही पूजा के भाव से मरीज की सेवा करना ही चाहिए, यह हमारी जिम्मेदारी है, दवा और सेवा का भाव से कार्य करना डाक्टर्स का कर्तव्य होता है। आप एमबीबीएस के बच्चे बड़े भाग्यशाली है कि आपको पहनने के लिए ऐपरेन मिला है, जिसकी पूजा कीजिए, आपके पास सिर्फ बीमार, दिमाग से परेशान लोग ही आएंगे, स्वस्थ मरीज आपके पास नहीं आयेगा। इसलिए पूरी तन्मयता से मरीज की सेवा कीजिए।

74वां विश्व स्वास्थ्य दिवस को लेकर एमबीबीएस 2022 के बैच के 250 छात्र-छात्राओं ने मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार थीम पर एक कार्यक्रम केएमयू के लेक्चर थियेटर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विवि के चांसलर किशन चौधरी, कुलपति डा. डीडी गुप्ता, उपकुलपति डा. शरद अग्रवाल, कुलसचिव (रजिस्ट्रार) पूरन सिंह, उप कुलसचिव सुनील अग्रवाल, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे, एडीशनल मेडीकल सुपरिडेंट डा. आरपी गुप्ता, डा. जेपी उपाध्याय, डा. अंजली भारद्वाज, डा. भूमिका शर्मा, डा. कृष्णा गडवाल ने सरस्वती मां के चित्र पर दीप प्रज्जवलित करके किया।

विवि के कुलपति डा. डीडी गुप्ता ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा प्रतिवर्ष 07 अप्रैल को एक खास थीम के साथ 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' मनाता है। इस दिवस को मनाए जाने का प्रमुख उद्देश्य विश्व में प्रत्येक व्यक्ति को बीमारियों के प्रति और स्वास्थ्य को लेकर जागरूक करना है। स्वयं का स्वास्थ्य ध्यान में रखकर स्वास्थ्य सुविधा मरीजों के दे, जंक फूड से बचे मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे ने एमबीबीएस छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया का प्रत्येक व्यक्ति शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक रूप से पूर्ण रूप से स्वस्थ रहे इसी जागरूकता को लाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

डी गुकेश ने करूआना को बराबरी पर रोका, विदित गुजराती फिर हारे

ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में शीर्ष वरीय अमेरिका के फाबियानो करूआना को बराबरी पर रोका लेकिन विदित गुजराती को रूस के इयान नेपोमनियाची के खिलाफ एक और हार का सामना करना पड़ा। आर प्रज्ञानानंदा ने अमेरिका के हिकारू नाकामूरा से अंक बांटे जबकि अजरबेजान के निजात अबासोव और फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा की बाजी भी बराबरी पर छूटी।

आठ खिलाड़ियों की इस डबल राउंड रोबिन प्रतियोगिता से अगली विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर का फैसला होगा। नेपोमनियाची सफेद मोहरों से खेलते हुए दूसरी जीत से तीन अंक के साथ टूर्नामेंट में एकल बढ़त बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे आधा अंक पीछे करूआना और गुकेश ढाई अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। प्रज्ञानानंदा दो अंक के साथ चौथे स्थान पर हैं जबकि विदित, अबासोव, अलीरेजा और नाकामूरा चारों के समान डेढ़ अंक हैं।

महिला वर्ग में आर वैशाली ने अपने छोटे भाई प्रज्ञानानंदा की तरह ड्रॉ खेला। उन्होंने रूस की एलेक्सांद्रा गोरयाचकिना को बराबरी पर रोका। भारत की कोनेरू हंपी को हालांकि सबसे कम रैंकिंग वाली और सबसे युवा खिलाड़ी बुल्गारिया की नुर्गयुल सेलिमोवा के खिलाफ टूर्नामेंट की पहली हार का सामना करना पड़ा। चीन की झोंगयी टैन ने रूस की कैटरीना लेगनो के खिलाफ ड्रॉ खेलकर तीन अंक के साथ अपनी एकल बढ़त बरकरार रखी है।

चीन की ही टिंगजी लेई ने यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक के साथ अंक बांटे। टैन के बाद गोरयाचकिना ढाई अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वैशाली, सेलिमोवा और लेगनो दो अंक के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। इस हार के बाद हंपी डेढ़ अंक के साथ संयुक्त रूप से छठे स्थान पर खिसक गई हैं। मुजिचुक और लेई भी डेढ़ अंक के साथ संयुक्त रूप से छठे पायदान पर हैं। गुकेश ने करूआना के खिलाफ काले मोहरों से खेलते हुए दबाव का अच्छी तरह सामना किया और अंततः 72 चाल के बाद दोनों खिलाड़ी अंक बांटने को राजी हो गई।

दूसरे दौर में नाकामूरा के खिलाफ जीत दर्ज करने वाले विदित के खिलाफ पिछली दो बार के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट विजेता नेपोमनियाची अधिकांश समय बेहतर स्थिति में रहे और दो बार विश्व चैंपियनशिप मुकाबला खेलने वाला रूस का खिलाड़ी अंततः जीत दर्ज करने में सफल रहा। प्रज्ञानानंदा को प्रत्येक दौर के साथ अपने प्रतिद्वंद्वियों की सराहना और सम्मान मिल रहा है। नाकामूरा के खिलाफ भी ऐसा ही रहा और अमेरिकी खिलाड़ी जोखिम नहीं उठाते हुए सफेद मोहरों से खेलने के बावजूद सिर्फ 24 चाल के बाद ड्रॉ पर राजी हो गया।

दूसरी तरफ महिला वर्ग में टूर्नामेंट के लिए महिला विश्व कप के जरिए क्वालीफाई करने वाली सेलिमोवा ने हंपी को हराकर दिखाया कि उनका क्वालीफिकेशन तुक्का नहीं था। बुल्गारिया की खिलाड़ी ने 62 चाल में जीत दर्ज की। प्रतियोगिता का पांचवां दौर आराम के पहले दिन के बाद खेला जाएगा। साल की इस सबसे बड़ी प्रतियोगिता में अब भी 10 दौर का खेल बाकी है।

लीवरपूल और मैनचेस्टर यूनाईटेड का मुकाबला 2-2 से ड्रॉ

लीवरपूल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल में रविवार को यहां मैनचेस्टर यूनाईटेड से 2-2 से ड्रॉ खेलकर अंक तालिका के शीर्ष पर पहुंचने का मौका गंवा दिया। लीवरपूल को 23वें मिनट में लुई डियाज ने बढ़त दिलाई लेकिन ब्रूनो फर्नांडिज ने 50वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। कोबी मेनू ने 67 मिनट में मैनचेस्टर यूनाईटेड को बढ़त दिलाई। मोहम्मद सालाह ने हालांकि 84वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर लीवरपूल को हार से बचा लिया। जीत दर्ज करने में नाकाम रहने के कारण लीवरपूल ने अंक तालिका में शीर्ष पर बढ़त बनाने का मौका गंवा दिया। टीम अब 31 मैच में 71 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। आर्सेनल के भी इतने ही मैचों में इतने ही अंक हैं लेकिन बेहतर गोल अंतर के कारण वह शीर्ष पर है। मैनचेस्टर सिटी 31 मैच में 70 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। दिन के अन्य मुकाबलों में अंतिम स्थान पर चल रहे शेफील्ड यूनाईटेड ने चेल्सी को 2-2 से बराबरी पर रोका जबकि टोटेनहैम ने नॉटिंघम फॉरेस्ट को 3-1 से शिकस्त दी।

राष्ट्रमंडल खेल महासंघ की अगले महीने 2026 टूर्नामेंट के नए मेजबान की घोषणा करने की योजना

राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) ने 2026 में होने वाले खेलों के नए मेजबान की अगले महीने घोषणा करने की योजना बनाई है और कहा है कि उसके पास ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य की जगह लेने के लिए 'कई प्रस्ताव' हैं। सीजीएफ ने सोमवार को कहा कि वह प्रस्तावों को गोपनीय रख रहा है। विक्टोरिया बढ़ती लागत का हवाला देकर पिछले साल जुलाई में तीन क्षेत्रीय केंद्रों में होने वाले 2026 खेलों की मेजबानी की योजना से हट गया था।

सीजीएफ ने अप्रैल में अपनी बैठक के बाद एक बयान में कहा, ''अहम प्रगति हुई है और हम शुरुआती अवधारणाओं से उत्साहित हैं जिसका उद्देश्य खेलों को रीसेट करना और नया स्वरूप देना है।'' बयान के अनुसार, ''हम आगे विस्तृत मूल्यांकन करने के लिए संबंधित सदस्यों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं और 2026 राष्ट्रमंडल खेलों के मेजबान की घोषणा मई में करने का लक्ष्य रखते हैं।''

विक्टोरिया सीजीएफ के साथ मुआवजे के पैकेज पर सहमत हुआ है जिससे अगले मेजबान के खर्चों की भरपाई में मदद मिलेगी। राष्ट्रमंडल खेल 2018 का आयोजन करने वाले ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट को 2026 के संभावित मेजबान के रूप में चिह्नित किया गया था लेकिन राज्य या संघीय वित्त पोषण नहीं मिल सका। सीजीएफ ने कहा कि वह लागत कम करने और प्रतियोगिता को अधिक तार्किक बनाने के लिए खेलों में बदलाव लाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

1930 में ब्रिटिश एम्पायर गेम्स के रूप में स्थापित राष्ट्रमंडल खेलों में 74 देश और क्षेत्र हिस्सा लेते हैं। इनका आयोजन ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, इंग्लैंड, भारत, जमैका, मलेशिया, न्यूजीलैंड, स्कॉटलैंड और वेल्स में हुआ है।

आज पंजाब और सनराइजर्स के बीच रोमांचक मुकाबले की उम्मीद

पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां जब आमने-सामने होंगी तो दोनों की नजरें जीत हासिल करके अंक तालिका में अपनी स्थिति बेहतर करने पर टिकी होंगी। सनराइजर्स और पंजाब दोनों ने चार-चार मैच में समान दो जीत दर्ज की हैं और दो मैच गंवाए हैं। ये दोनों उन चार टीम में शामिल हैं जिनके चार-चार अंक हैं और दोनों की नजरें जीत हासिल करके तालिका में आगे बढ़ने पर लगी हैं।

सनराइजर्स की टीम ने अब तक बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया है और मौजूदा सत्र में अधिकतर मौकों पर उसके बल्लेबाजों ने प्रभावित किया लेकिन पंजाब की टीम के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता। मुंबई इंडियन्स के खिलाफ जीत के दौरान सनराइजर्स ने आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा टीम स्कोर बनाया जबकि शुक्रवार को गत चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ भी टीम ने छह विकेट की आसान जीत दर्ज की। अभिषेक शर्मा, ट्रेविस हेड, हेनरिक क्लासेन और ऐडन मार्कराम जैसे बल्लेबाजों ने विरोधी गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाया है और टीम को तेज शुरुआत दिलाई है। शिखर धवन, जॉनी बेयरस्टो और लियाम लिविंगस्टोन की मौजूदगी में पंजाब के पास भी बड़े शॉट खेलने वाले खिलाड़ी हैं लेकिन कप्तान धवन के अलावा अन्य किसी के प्रदर्शन में निरंतरता नजर नहीं आई है।

पंजाब को अपने भारतीय खिलाड़ियों प्रभसिमरन सिंह और जितेश शर्मा से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। दोनों टीमें अपने पिछले मुकाबले जीतकर इस मैच में उतरेंगी और नवनिर्मित महाराज यादविंद्र सिंह क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले इस सिर्फ दूसरे आईपीएल मैच में पावर प्ले में टीम का प्रदर्शन अहम भूमिका निभाएगा। दोनों टीमों की गेंदबाजी चिंता का विषय है। पंजाब की टीम को डेथ ओवरों में जूझना पड़ा है जबकि सनराइजर्स के गेंदबाज नई गेंद से काफी महंगे साबित हुए हैं। पंजाब के लिए दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबादा छह विकेट के साथ उनके सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे हैं लेकिन डेथ ओवरों के विशेषज्ञ अर्शदीप सिंह और हर्षल पटेल के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी टीम के लिए चिंता की बात है। लेग स्पिनर राहुल चाहर काफी महंगे साबित हुए हैं लेकिन हरप्रीत बरार ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है। हैदराबाद की ओर से जयदेव उनादकट, मयंक मारकंडे और भुवनेश्वर कुमार ने काफी रन लुटाए हैं। काफी अनुभवी होने के बावजूद भुवनेश्वर को नई गेंद से जूझना पड़ा है। वह पिछले मैच में हालांकि विकेट चटकाने में सफल रहे। दो मैच से बाहर रहने के बाद वापसी करने वाले टी नटराजन ने अब तक चार विकेट हासिल किए हैं। अब तक चार मैच में पांच विकेट चटकाने वाले कप्तान पैट कमिंस ने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन उन्हें अन्य गेंदबाजों से लगातार समर्थन की जरूरत है। दोनों टीमों के बीच पिछले पांच मैच में से सनराइजर्स ने तीन जबकि पंजाब ने दो जीते हैं जिससे दोनों टीमों के बीच एक और रोमांचक मुकाबले की उम्मीद है।

सीएसके और केकेआर मैच से पहले गंभीर ने की धोनी की तारीफ, बताया सीएसके को हराना क्यों मुश्किल

आईपीएल 2024 में आज चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मुकाबला खेला जाना है। ये मैच चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच से पहले केकेआर के मेंटॉर गौतम गंभीर ने सीएसके के पूर्व कप्तान एमएस धोनी की जमकर तारीफ की है। गंभीर ने कहा है कि धोनी कप्तान भारत को कभी शायद मिल भी नहीं पाएगा। धोनी की तारीफ में गंभीर ने कसीदे पढ़े और साथ ही बताया कि क्यों चेन्नई को हराना मुश्किल होता है। उन्होंने कहा कि चेन्नई सुपर किंग्स ऐसी टीम है जो आखिरी तक हार नहीं मानती है और यही वजह है कि आखिरी रन बनने तक आप सीएसके को हारा हुआ नहीं मान सकते हैं। आईपीएल 2024 में केकेआर ने लगातार तीन मैचों में जीत दर्ज की है। वहीं सीएसके ने लगातार दो मैच जीतने के बाद लगातार दो मैच गंवाए भी हैं। केकेआर प्वाइंट्स टेबल में दूसरे पायदान पर है, जबकि चेन्नई पॉइंट्स टेबल में चौथे नंबर पर है।

स्टार स्पोर्ट्स पर गंभीर ने कहा कि, मैं बस जीतना चाहता हूं, मैं अपने दिमाग में बिल्कुल क्लियर हूं। देखिए लोग हैं, जो दोस्त हैं, एक-दूसरे के लिए रिस्पेक्ट सब बातें अलग हैं, ये सब बातें रहेंगी, लेकिन जब हम मैदान पर होते हैं, मैं केकेआर की कप्तानी कर रहा हूं और वो सीएसके की कप्तानी कर रहे हैं, अगर वो मेरी जगह बैठे हैं और अगर आप उनसे यही सवाल करेंगे, तो वो भी यही जवाब देंगे। ये जीतने के बारे में हैं, आप विनिंग ड्रेसिंग रूप में वा, मुझे नहीं लगता कि कोई भी एमएस के लेवल तक पहुंच भी सकता है। तीन आईसीसी ट्रॉफी जीतना... लोग ओवरसीज जीत सकते हैं, जितना हो सके टेस्ट मैच जीत सकते हैं। लेकिन तीन आईसीसी ट्रॉफी से बढ़कर कुछ नहीं है। गंभीर ने आगे कहा कि, आईपीएल में मैंने उनके खिलाफ हर मैच का पूरा लुत्फ उठाया है क्योंकि आपको पता होता है कि उनको रणनीति के मामले में मात नहीं दी जा सकती है। रणनीति के मामले में वह बहुत अच्छे हैं, उन्हें पता है कि स्पिनरों के खिलाफ कैसे रन बनाने हैं, और पता है कि स्पिनरों के साथ कैसी फील्ड सेट करनी है। इसलिए कभी हार नहीं मानते हैं, नंबर-6 और नंबर-7 पर बल्लेबाजी करते हैं। आप जानते हैं कि वो जब तक क्रीज पर हैं, वो कभी भी मैच फिनिश कर सकते हैं। चाहे आपको एक ओवर में 20 रन ही क्यों नहीं बनाने हों। मुझे पता था कि मेरे पास ऐसा बॉलिंग अटैक था, जो सीएसके के किसी भी बैटर को रोक सकता था। रणनीति के मामले में उनसे बेहतर होना मुश्किल है, धोनी फील्ड पर एग्रेसिव नहीं होते हैं, लेकिन वो जानते हैं कि आखिरी तक हार नहीं मानी है। चेन्नई को हराने के लिए आपने जब तक आखिरी रन नहीं बनाया है, तब तक आप जीते नहीं हो, क्योंकि कई ऐसी टीम हैं, जो पांच विकेट गंवाकर हार मान लेती हैं, लेकिन ऐसा एमएस के साथ बिलकुल नहीं है।

राजनीति में आने के बाद कंगना रनौत ने खरीदी दूसरी मर्सिडीज मेबैक, खूबसूरत अंदाज में फ्लॉन्ट की कार

कंगना रनौत बड़े पर्दे पर एक बेहतरीन कलाकार हैं और उनकी कई बॉक्स-ऑफिस हिट फिल्में और पुरस्कार इसका प्रमाण हैं। जैसे-जैसे वह अपने करियर के एक नए चरण में आगे बढ़ रही है, वह स्क्रीन के लिए अभिनय के अलावा और भी बहुत कुछ करना चाहती है। हाल ही में उन्हें अपनी नई मर्सिडीज मेबैक में ड्राइविंग करते हुए देखा गया। नई कार के साथ उनका वीडियो और तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। कंगना रनौत को भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) द्वारा हिमाचल प्रदेश के मंडी से पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार के रूप में नामित किया गया है, उन्होंने अपने रैली कार्य से थोड़ा ब्रेक लिया है। वीडियो में वह सैलून से बाहर आकर सफेद ड्रेस पहने नजर आ रही थीं। अभिनेत्री ने अपनी बिल्कुल नई कार में बैठने से पहले प्रशंसकों और पत्रकारों की ओर हाथ हिलाया। प्रशंसक उनकी बिल्कुल नई शानदार कार से आश्चर्यचकित थे और टिप्पणी अनुभाग में उमड़ पड़े। एक यूजर ने लिखा, एक्ट्रेस टू एमपी।

कंगना रनौत ने फिल्म गैंगस्टर से बॉलीवुड में सबसे प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों में से एक के रूप में अपनी पहचान बनाई। इसके बाद उन्होंने कई फिल्में कीं जो हिट रहीं, जिनमें फैशन, तनु वेड्स मनु, वन्स अपॉन ए टाइम इन मुंबई, क्वीन, थलाइवी और तेजस शामिल हैं। वह अगली बार फिल्म इमरजेंसी में नजर आएंगी। आपातकाल की कहानी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है जिसमें कंगना दिवंगत राजनीतिज्ञ की मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी। पूर्व प्रधानमंत्री ने 1975 में देश में आपातकाल लगाया था और जैसा कि नाम से पता चलता है, यह फिल्म उसी विषय पर आधारित है। इस आगामी फिल्म में कंगना के अलावा अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, महिमा चौधरी और दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक हैं। एक्टिंग के अलावा कंगना रनौत फिल्म का निर्देशन भी कर रही हैं।

कमल हासन की फिल्म इंडियन 2 जून में होगी रिलीज

अभिनेता कमल हासन की फिल्म इंडियन 2 जून में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के निर्माताओं ने यह घोषणा की। तमिल फिल्म इंडियन 2 का निर्देशन शंकर ने किया है। यह 1996 में आई जासूसी एक्शन थ्रिलर फिल्म इंडियन का दूसरा भाग है। इंडियन 2 का निर्माण करने वाली कंपनी लाइका प्रोडक्शंस ने शनिवार शाम अपने आधिकारिक एक्स पेज पर फिल्म की रिलीज के बारे में जानकारी साझा की। लाइका प्रोडक्शंस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''सेनापति की वापसी के लिए तैयार रहें! इंडियन-2 इस जून में सिनेमाघरों में धमाल मचाने के लिए तैयार है! फिल्म में काजल अग्रवाल, सिद्धार्थ, रकुल प्रीत सिंह, एस जे सूर्या, गुलशन ग्रोवर, पीयूष मिश्रा और ब्रह्मानंदम जैसे कलाकार भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।

आखिर कौन हैं हंस जिमर जो जल्द ही रणबीर कपूर की रामायण से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं

फिल्म निर्माता नितेश तिवारी ने रामायण की शूटिंग शुरू कर दी है, जिसमें रणबीर कपूर भगवान राम, साई पल्लवी सीता, सनी देओल हनुमान और यश रावण की भूमिका में हैं। पिंकविला की एक रिपोर्ट के अनुसार, नितेश तिवारी और निर्माता नमित मल्होत्रा ने इस परियोजना के लिए ऑस्कर विजेता हंस जिमर और एआर रहमान की संगीत को सूचीबद्ध किया है। द लायन किंग और इंटरस्टेलर जैसी फिल्मों में अपने काम के लिए फेमस हंस जिमर, एआर रहमान के साथ म्यूजिक संभालेंगे, जिससे फिल्म को लेकर संभावनाएं बढ़ जाएगी। हंस जिमर नितेश तिवारी की रामायण के साथ भारतीय फिल्म उद्योग में अपनी शुरुआत करने के लिए तैयार हो रहे हैं।

इन दिनों रणबीर कपूर की अपकमिंग फिल्म रामायण चर्चाएं खूब हो रही है। फिल्म की शूटिंग भी शुरु हो चुकी है। वहीं इस फिल्म के गानों पर बारिकी से काम किया। इसके गाने सबको लंबे समय तक याद रहने वाले है। इसके लिए ऑस्कर विनर्स एआर रहमान और हंस जिमर, रामायण का म्यूजिक देंगे।

एआर रहमान के बारे में तो सब जानते ही हैं, स्लमडॉग मिलेनियर के लिए वह दो-दो ऑस्कर जीत चुके है। हंस जिमर की बात करे तो वह फिल्म स्कोर कंपोजर और म्यूजिक प्रोड्यूसर हैं। द लायन किंग और इंटरस्टेलर जैसी फिल्मों में साउंडट्रैक दिया है। बता दें कि हंस ने लियोनार्डो डिकैप्रियो, जॉनी डेप, मिस्टर बीन एक्टर एटाकिंसन जैसे हॉलीवुड के टॉप सेलिब्रिटीज की फिल्मों में कमाल का म्यूजिक दिया है। अब हंस रामायण के लिए भी म्यूजिक कंपोज करेंगे।

रामायण फिल्म की शूटिंग चल रही है और इसे भारतीय सिनेमा का सबसे महंगा उद्यम माना जा रहा है। रणबीर, साई, सनी और यश के जल्द ही अपनी भूमिकाओं के लिए फिल्मांकन शुरू करने की उम्मीद है। ऐसी अटकलें हैं कि फिल्म दिवाली 2025 के आसपास सिनेमाघरों में आ सकती है। हाल ही में, फिल्म के सेट से फुटेज ऑनलाइन सामने आए हैं, जिससे प्रशंसकों के बीच उत्सुकता बढ़ गई है।

काम के लिए मोहताज हैं एजाज खान, फिल्म जवान में शाहरुख खान संग काम करने के बावजूद नहीं मिला कोई अच्छा काम

एजाज खान इंडस्ट्री में एक लोकप्रिय नाम हैं। उन्होंने फिल्मों और टीवी शो में काम किया है और ओटीटी क्षेत्र में एक अभिनेता के रूप में भी खुद को तलाश रहे हैं। पिछले साल, एजाज खान को हिंदी फिल्म उद्योग की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से एक, जवान में देखा गया था, जिसमें शाहरुख खान, नयनतारा, विजय सेतुपति और दीपिका पादुकोण ने अभिनय किया था। जवान ने दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर 1100 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की, जो शाहरुख खान के लिए भी सबसे ज्यादा है। बिग बॉस 14 के प्रतियोगी ने खुलासा किया कि इससे उन्हें उस तरह का काम पाने में मदद नहीं मिली जो वह चाहते थे।

एजाज खान ने शाहरुख खान अभिनीत फिल्म जवान में अपनी भूमिका के लिए प्यार और सराहना मिलने के बारे में बात की। अभिनेता का कहना है कि वह बढ़ती तारीफों के बीच जितना हो सके जमीन से जुड़े रहने की कोशिश करते हैं। एजाज ने बताया कि कैसे उनकी छोटी सी भूमिका ने फिल्म में गहरा प्रभाव डाला। उन्होंने शाहरुख, एटली और विजय सेतुपति के साथ काम करने के बारे में भी बात की। वह स्वीकार करते हैं कि उन्होंने सोचा था कि जवान के बाद उन्हें अद्भुत काम मिलेगा। लेकिन वैसा नहीं हुआ।

एजाज ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि लोग क्या सोचते हैं। लोकप्रिय फिल्म और टेलीविजन अभिनेता ने खुलासा किया कि उन्हें एक कॉल आई थी जिसकी उन्हें उम्मीद थी और उन्हें लगा कि अब उनके पास कॉल्स वगैरह की बाढ़ आ जाएगी। उनका कहना है कि उन्हें ऐसे कॉल आए जिनमें कुछ अच्छी भूमिकाएं और चुनौतीपूर्ण भूमिकाएं थीं। लेकिन तब उन्होंने जवान किया था. ऐजाज़ ने बताया कि वह बड़ी संख्या में काम नहीं करते क्योंकि वह एक समय में एक ही चीज़ पर ध्यान केंद्रित करना पसंद करते हैं।

सपनों के शहर के अभिनेता ने खुलासा किया कि कैसे शाहरुख ने उन्हें बंदूक से जुड़ा एक दृश्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। इससे उसे अपने डर पर काबू पाने में मदद मिली। उन्होंने खुलासा किया कि एक सीन था जहां उन्हें पूरी ताकत से शाहरुख पर पिस्तौल से वार करना था। ऐजाज़ को उसी बात का डर याद आता है। पिस्तौल भारी थी और उसे पसीना आ रहा था लेकिन शाहरुख ने उससे कहा कि यह ठीक है। वह सुपरस्टार को चोट पहुँचाने से डरता था लेकिन सुपरस्टार बहुत दयालु और दयालु था।

फूट-फूट कर रो पड़ीं थी माधुरी दीक्षित, प्रेम प्रतिज्ञा के लिए मोलेस्टेशन सीन करने से किया इनकार, अभिनेता रंजीत ने किए कई खुलासे

80 और 90 के दशक की बॉलीवुड फिल्मों में खलनायक की भूमिका निभाने के लिए जाने जाने वाले अभिनेता रंजीत ने हाल ही में खुलासा किया कि एक बार माधुरी दीक्षित ने उनके साथ छेड़छाड़ के दृश्य को शूट करने से इनकार कर दिया था, लेकिन आखिरकार उन्हें ऐसा करना पड़ा।

एएनआई से बात करते हुए, रंजीत ने घटना को याद करते हुए कहा, वह (माधुरी दीक्षित) रोने लगीं और उन्होंने सीन करने से इनकार कर दिया। मैं स्थिति से अनजान था, किसी कला निर्देशक ने मुझे बताया था। एक बंगाली कला निर्देशक थे। हमारे निर्देशक थे। बापू, वह साउथ से थे। मैं सेट पर मस्ती करता था, जैसे कि जब मैं अपने सह-कलाकारों से कहता था, डार्लिंग थोड़ा उधर मुंह करो मैं चेंज कर लेता हूं। मुझे मेकअप रूम में जाने की भी आदत नहीं थी। बहुत सामान्य और मुझे वैसे ही स्वीकार किया जाता था, अन्यथा वे कहते कि मैं नकली हूं।

रंजीत ने यह भी उल्लेख किया कि उन्होंने कभी भी ऐसे दृश्यों को करने के लिए बल का प्रयोग नहीं किया और इस बारे में बेहद पेशेवर थे उन्होंने कहा कि रोना जारी रहा, मुझे दूसरे शूट पर जाना पड़ा और मैंने उन्हें उसे बुलाने के लिए कहा। लेकिन मुझे किसी ने नहीं बताया कि माधुरी नहीं मान रही हैं। अंततः वह मान गयी। वीरू देवगन फाइट मास्टर थे। उन्होंने कहा कि हम कैमरा घुमाते रहेंगे, बीच में कैमरा कट नहीं होना चाहिए। छेड़छाड़ हमारे काम का हिस्सा है. खलनायक बुरा नहीं है। मेरी सभी अभिनेत्रियाँ मुझसे बहुत प्यार करती थीं क्योंकि मैंने कभी कोई ज़ोर-ज़बरदस्ती नहीं की। प्रेम प्रतिज्ञा 1989 की हिंदी फिल्म थी जिसमें मिथुन चक्रवर्ती, सतीश कौशिक और विनोद मेहरा ने भी महत्वपूर्ण भूमिकाएँ निभाई थीं। इसका संचालन बापू ने किया था।

संजय निरुपम ने संजय राऊत को खिचड़ी घोटाले का मास्टरमाइंड बताया

मुंबई (हि.स.)। पूर्व सांसद संजय निरुपम ने सोमवार को शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय निरुपम पर खिचड़ी घोटाले का मास्टरमाइंड होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि ईडी को अपनी जांच का दायरा बढ़ाते हुए संजय राऊत पर मामला दर्ज करके उन्हें

गिरफ्तार करना चाहिए। खिचड़ी घोटाला केस में ही ईडी ने मुंबई उत्तर-पश्चिम से शिवसेना (यूबीटी) के उम्मीदवार अमोल कीर्तिकर को समन भेजा है। संजय निरुपम ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि संजय राऊत जब गोरेगांव स्थित पत्राचाल घोटाला मामले में फंसे थे, तब उन्होंने खिचड़ी घोटाले के आरोपित सह्याद्रि रिफ्रेशमेंट कंपनी के मालिक सुजीत मुकुंद पाटकर से तकरीबन एक करोड़ रुपये लिए थे। यह पैसे खिचड़ी घोटाले की दलाली के रूप में दिए गए थे। संजय निरुपम ने कहा कि कोरोना के दौरान मुंबई नगर निगम ने 300 ग्राम खिचड़ी गरीब मजदूरों को देना तय किया था लेकिन संजय राऊत ने खिचड़ी की मात्रा सिर्फ 100 ग्राम कर दी। उन्होंने कहा कि इस तरह संजय राऊत ने सह्याद्रि रिफ्रेशमेंट कंपनी से एक करोड़ रुपये की दलाली लेकर गरीबों की 200 ग्राम खिचड़ी चुरा ली। संजय निरुपम का कहना है कि सह्याद्रि रिफ्रेशमेंट कंपनी के मालिक के पास खिचड़ी बनाने के किचन का अनुभव नहीं था। इसलिए संजय राऊत के इशारे पर जोगेश्वरी एसवी रोड पर एक निजी रेस्तरां पर्शियन दरबार की रसोई को खिचड़ी का अनुबंध किया गया था। बाद में जब पर्शियन दरबार रेस्टोरेंट के मालिक को बुलाया गया तो उन्होंने कहा कि हमारे साथ कोई समझौता नहीं हुआ है।

भारत ने एलएसी पर तैनात की रूसी एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइलों की पहली खेप

लॉन्चर

पहली इकाई में 24 लॉन्चर और 100 एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइलें हैं, जो हाल ही में रूस से पहली खेप के रूम में भारत को मिली हैं।

नई दिल्ली।(हि.स.)। भारत ने चीन की सीमा वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर इग्ला-एस मैन पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम तैनात कर दिया है। पहली इकाई में 24 लॉन्चर और 100 एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइलें हैं, जो हाल ही में रूस से पहली खेप के रूम में भारत को मिली हैं। कंधे पर रखकर दागी जाने वाली यह मिसाइलें 6 किमी.

तक हवाई लक्ष्य को भेदने में सक्षम हैं। यानी अब भारत बहुत नजदीक से दुश्मन को मारने में सक्षम होगा। सेना की मौजूदा जरूरतों को पूरा करने के लिए इग्ला-एस का ऑर्डर पिछले साल दिया गया था। 6 किमी. तक की बेहतर मारक क्षमता के साथ इग्ला-एस पुराने सिस्टम के मुकाबले ज्यादा प्रभावी है। कंधे पर रखकर सतह से हवा में मार करने वाली यह मिसाइल प्रणाली उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में दुश्मन के विमान, ड्रोन और मिसाइलों को कम ऊंचाई वाले हवाई खतरों को बेअसर करने के लिए काफी है। इग्ला-एस एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल का वजन 10.8 किलोग्राम, जबकि पूरे सिस्टम का वजन 18 किलोग्राम है। मिसाइल के आगे 1.17 किलोग्राम वजन का विस्फोटक लगाया जाता है और यह अधिकतम 11 हजार फीट तक जा सकती है। सेना ने 2021 में आपातकालीन खरीद के हिस्से के रूप में इग्ला-एस के 24 लॉन्चर और 216 मिसाइलों का ऑर्डर रूस की कंपनी रोसोबोरोन एक्सपोर्ट को दिया था। भारतीय सेना की बहुत कम दूरी की वायु रक्षा (वीएसएचओआरएडी) क्षमताओं को बढ़ाने के लिए इस प्रणाली की खरीद की गई थी। भारतीय सेना को इसी सौदे की पहली खेप के रूप में 100 मिसाइलों के साथ 24 इग्ला-एस मैन पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम मिले हैं, जिसमें बाकी को भारत में बनाया जाएगा। भारत को रूस से मिली इग्ला-एस वायु रक्षा प्रणाली की नई खेप को एलएसी पर तैनात किया गया है। हालांकि, भारत के पास पहले से ही स्वदेशी आकाश सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एसएएम) प्रणालियां, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एमआरएसएएम) हैं। अब रूस से इग्ला-एस वेरी शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस (वीएसएचओआरएडी) मिलने से भारत बहुत ही नजदीक से दुश्मन को मारने में सक्षम होगा। शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस एंटी-एयरक्राफ्ट हथियारों और रणनीति का एक समूह है, जो कम ऊंचाई वाले हवाई खतरों, मुख्य रूप से हेलीकॉप्टर और कम-उड़ान वाले क्लोज एयर सपोर्ट एयरक्राफ्ट की रक्षा करता है।

भाजपा ने कांग्रेस के घोषणा पत्र पर उठाए सवाल, कहा- तुष्टिकरण की राजनीति करती है पार्टी

नई दिल्ली। (हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस के घोषणा पत्र पर सवाल उठाए हैं। भाजपा के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने सोमवार को कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि पार्टी का घोषणापत्र विभाजन का खाका है, जिन्ना के मुस्लिम लीग एजेंडे की स्पष्ट कॉपी है। राष्ट्रीय एकता पर तुष्टिकरण की राजनीति को प्राथमिकता देकर, कांग्रेस विभाजन को कायम रखना चाहती है। देश कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेगा।

जे पी नड्डा ने एक्स पर अपने पोस्ट पर कहा कि भारत ने पहले भी ऐसी विभाजनकारी राजनीति को खारिज किया है और फिर भी ऐसा करेगा। भाजपा ध्रुवीकरण के इस खतरनाक रास्ते के खिलाफ मजबूती से खड़ी है और सभी के लिए समावेशी शासन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र आरक्षण का जिक्र किया है, उसे स्पष्ट करना चाहिए।

राहुल गांधी ने कांग्रेस की सरकार बनने पर सरकारी नौकरी व स्कॉलरशिप का किया वादा

सिवनी/मंडला (हि.स.)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को मध्य प्रदेश के दौरान सिवनी जिले के धनौरा में मंडला संसदीय क्षेत्र से पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार ओमकार सिंह मरकाम के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। धनौरा की जनसभा में राहुल गांधी ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आदिवासियों को देश और इस जमीन का पहला मालिक बताते हुए कांग्रेस की केन्द्र में सरकार बनने पर युवाओं को 30 लाख सरकारी नौकरी देने और एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियों की स्कॉलरशिप दोगुनी करने का वादा किया। राहुल गांधी ने कहा कि आदिवासी शब्द का मतलब वो लोग जो इस देश के इस जमीन के पहले मालिक थे। अगर आप पहले मालिक थे, तो जमीन, जल, जंगल, देश के धन पर आपका हक बनता है। राहुल गांधी ने केन्द्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि युवाओं का हक मारा जा रहा है। युवाओं को न रोजगार मिलता है और न ही उचित शिक्षा। शिक्षा के निजीकरण, जीएसटी और उद्योगपतियों के प्रति उदारीकरण की नीति पर सवाल उठाते हुए राहुल गांधी ने कहा कि किसानों और छोटे व्यापारियों को कोई राहत नहीं दी जा रही। हम चाहते हैं कि उनके कर्ज माफ हों तो आम लोगों को भी राहत मिलनी चाहिए। जनसभा को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी संबोधित किया। राहुल गांधी शाम को शहडोल में कांग्रेस प्रत्याशी फुंदेलाल मार्को के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे।

हिन्दू नववर्ष के स्वागत के लिए मातृ शक्ति ने किया अनुष्ठान

महोबा (हि.स.)। चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा पर मंगलवार से शुरू हो रहे हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2081 के स्वागत के लिए आज सोमवार को मातृ शक्ति ने अपने अपने घरों में पूजा-पाठ और अनुष्ठान किया एवं समाज के कल्याण व समृद्धि के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। जनपद मुख्यालय निवासी प्रेमलता पाटकार ने बताया कि अंग्रेजी नव वर्ष के बारे में तो सब लोग जानते हैं लेकिन अपने हिन्दू नव वर्ष के बारे में लोगों बहुत कम जानकारी है। जबकि महाराजा विक्रमादित्य की प्रेरणा से विक्रम नवसंवत्सर अंग्रेजी कलेंडर से 57 वर्ष पहले शुरू हुआ था। हमारे सभी तिथि, त्यौहार हिन्दू कलेंडर से ही निर्धारित होते हैं। साथ ही हमारा वित्तीय वर्ष भी इसीलिए एक अप्रैल से शुरू होता है। मुख्यालय के ढलैतनपुरा में महिलाओं ने सुबह पहले पीपल के वृक्ष की पूजा की, उसके बाद अपने घर पर अनुष्ठान किया एवं एक दूसरे को हिन्दू नव वर्ष की बधाइयां दी।

भूपतिनगर ब्लास्ट मामले में एनआईए ने तीन तृणमूल नेताओं को भेजा समन

कोलकाता (हि.स.)। एनआईए ने भूपतिनगर बम विस्फोट के आरोपित तीन स्थानीय तृणमूल नेताओं को तलब

किया है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने सोमवार को तीन तृणमूल नेताओं मानवकुमार पाइया, सुबीरकुमार मैती और नवकुमार पांडा को एनआईए के न्यू टाउन कार्यालय में बुलाया है। इससे पहले एनआईए ने भूपतिनगर मामले की जांच करते हुए पिछले शनिवार को बलाईचरण मैती और मनोब्रत जाना नाम के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया था। उनकी गिरफ्तारी के दौरान शनिवार को एनआईए अधिकारियों पर हमले भी हुए थे।

दो दिसंबर 2022 को रात करीब 11 बजे भूपतिनगर थाने के भगवानपुर 2 नम्बर ब्लॉक के अर्जुन नगर ग्राम पंचायत के नैराबिला गांव में बम विस्फोट हुआ था।

घटना में तृणमूल बूथ अध्यक्ष राजकुमार मन्ना, उनके भाई देवकुमार मन्ना और विश्वजीत गायेन की मौत हो गयी थी। जून 2023 में हाई कोर्ट के आदेश पर एनआईए ने जांच शुरू की है। पता चला है कि जिन तीनों उतरन मूल नेताओं को बुलाया गया है वह भी ब्लास्ट के मामले में संलिप्त रहे हैं।

पीरजादा अरशद फरीदी हजरत शेख सलीम चिश्ती की दरगाह के 17वें सज्जादानशीन घोषित

संबोधन

सज्जदानशीन पीरज़ादा रईस मियां ने अपने संबोधन में कहा कि 1943 में मेरे पिता पीरज़ादा अज़ीज़ुद्दीन चिश्ती के इंतकाल के बाद मुझे सज्जदानशीन बनाया गया था।

फतेहपुर सीकरी(हि.स.)। सूफ़ी संत हजरत शेख़ सलीम चिश्ती की दरगाह के सज्जदानशीन हजरत पीरजादा आयाज़ुद्दीन चिश्ती उर्फ़ रईस मियां चिश्ती ने अपने जानशीन (उत्तराधिकारी) के नाम का ऐलान किया। ऐतिहासिक कचहरी ख़ानकाह में उर्स की महफ़िल के दौरान यह घोषणा की गई। इस मौके पर हज़ारों जायरीन, सूफ़ियों एवं सज्जदानशीनों ने शिरकत की। विशेषकर अजमेर

शरीफ दरगाह के सज्जदानशीन सैयद जैनुल आबेदीन अली ख़ान ने बधाई दी है। सज्जदानशीन पीरज़ादा रईस मियां ने अपने संबोधन में कहा कि 1943 में मेरे पिता पीरज़ादा अज़ीज़ुद्दीन चिश्ती के इंतकाल के बाद मुझे सज्जदानशीन बनाया गया था। तब मेरी उम्र 7 वर्ष थी। इसी कचहरी में मेरी दस्तरबंदी हुई थी। मुझे ख़ुशी है कि मैं अपने बड़े बेटे पीरज़ादा अरशद फ़रीदी की 17वें सज्जदानशीन के लिए दस्तरबंदी कर रहा हूं। अपने भावुक संबोधन में उन्होंने कहा कि मैंने 81 साल तक इस चौखट की ख़िदमत की और अब उम्मीद करता हूं कि अरशद फ़रीदी दरगाह की परमपरांओं, धार्मिक व सामाजिक नियमों का पालन करेंगे। शाही फ़रमान में वर्णित नियमों के अनुसार पवित्र दरगाह की व्यवस्था को चलाएंगे।

बाबा शेख सलीम चिश्ती अजमेर शरीफ के ख्वाजा गरीब नवाज की चिश्ती परंपरा के सर्वमान्य सूफ़ी हैं। वह प्रसिद्ध सूफ़ी हज़रत बाबा फरीद के परिवार से थे। शेख सलीम चिश्ती का उर्स 454 वर्ष से यहां हर साल हो रहा है। इस अवसर पर मौजूद बाबा शेख सलीम चिश्ती के तमाम श्रद्धालुओं ने इस घोषणा का स्वागत किया। विभिन्न खानकाहों की और लोगों ने भी पगड़ी पेश की।

बाद में लोगों को संबोधित करते हुए पीरजादा अरशद फरीदी ने कहा कि अपने पिता के सान्निध्य में रहते हुए वह खानकाही परंपराओं से भली-भांति परिचित हुए हैं और आगे भी उनके आदर्शों पर चलेंगे।

जब अररिया के सांसद को संसद के गेट पर ही रोक दिया गया था

फारबिसगंज/अररिया(हि.स.)। देश में चुनाव का मौसम है इस बीच बड़े-बुजुर्गों की जुबान से कई अनसुनी कहानियां सुनने को मिल रही है, जो लोगों के यादों को तरोताजा कर रही हैं। ये कहानी अररिया के एक सांसद की है जो एक साधारण से परिवार आते है। अररिया के पूर्व सांसद महेंद्र नारायण सरदार हैं। दरअसल, 1975 में तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए इमरजेंसी के बाद कांग्रेस के खिलाफ पूरे देश में एक आंधी चली थी। कांग्रेस के खिलाफ उठी इस लहर में बिहार की भूमिका बेहद अहम रही। इस आंधी ने बिहार को कई कद्दावर नेता दिए। इन्हीं में से एक नेता थे महेंद्र नारायण सरदार । 1977 के चुनावों में वह एक बड़ी जीत दर्जकर संसद पहुंचे थे ।उन्होंने अररिया लोकसभा सीट पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डुमरलाल बैठा को शिकस्त दी थी और चुनाव जीतने के बाद जब महेंद्र नारायण सरदार संसद पहुंचे तो सिर्फ़ उनका पहनावा देख उन्हें जवानों ने गेट पर ही रोक दिया था। वाक़िया वर्ष 1977 का है। आम ग्रामीण के तरह साधारण वेशभूषा में रहने वाले महेंद्र नारायण सरदार बैलगाड़ी से पटना गए और फिर वहां से रेलगाड़ी से दिल्ली पहुंचे थे। ग्रामीण परिवेश में जीवन गुजारने वाले महेंद्र नारायण सरदार शहर की चकाचौंध से वाकिफ नहीं थे। बताया जाता है कि महेंद्र नारायण का धोती व कुर्ता सफर में बेहद गंदे हो गए थे, जिसके चलते संसद भवन के गेट पर तैनात जवानों ने उनका पहनावा देखा और कपड़े देख उन्हें संसद भवन के अंदर जाने रोक दिया। इसके बाद वे काफ़ी हो-हंगामा करने लगे। बाद में जवानों को पता चला कि वे सांसद हैं।

इजराइल का हिजबुल्ला के ठिकानों पर हमला, ईरानी दूतावास पर हमले के बाद बढ़ा टकराव

यरुशलम(हि.स.)। इजराइली ड्रोन को हिजबुल्ला द्वारा पूर्वी लेबनान के आकाश में मार गिराने के बाद इजराइल ने हिजबुल्ला के ठिकानों पर रविवार को हमले कर अब तक 270 लड़ाकों को मार गिराया है।

सीरिया में ईरानी दूतावास पर इजराइल के हमले के बाद बढ़े तनाव के बीच लेबनान-इजराइल सीमा पर हिजबुल्ला और इजराइली सेना के बीच टकराव की घटनाएं बढ़ गई हैं। हिजबुल्ला ईरान समर्थित सशस्त्र संगठन है जिसकी लेबनान की सत्ता में भागीदारी है।

इस बीच, इजराइल ने कहा है कि वह ईरान के किसी भी दुस्साहस का जवाब देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इजराइली सेना ने बताया है कि उसके लड़ाकू विमानों ने लेबनान के बालबेक शहर में स्थित हिजबुल्ला के सैन्य परिसर और तीन अन्य ठिकानों को निशाना बनाया। इन हमलों में हुए जान-माल के नुकसान का अभी पता नहीं लग सका है। हिजबुल्ला ने बताया है कि उसके राकेट हमलों में इजराइल के कब्जे वाली गोलान पहाड़ियों पर बने इजराइली हवाई सुरक्षा ठिकाने बर्बाद हो गए हैं। इजराइल ने हिजबुल्ला के इस दावे पर कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की है। हमास के समर्थन में हिजबुल्ला ने आठ अक्टूबर, 2023 को इजराइल पर हमले किए थे उसके बाद से दोनों पक्षों में टकराव जारी है। इस टकराव में अभी तक हिजबुल्ला के 270 लड़ाके और इजरायल के 50 नागरिक व सैनिक मारे गए हैं। दोनों पक्षों ने करीब एक-एक लाख लोगों को सीमा से दूर सुरक्षित स्थानों पर भेजा है। गाजा में गश्त के दौरान इजराइली सेना के गश्ती दल पर शनिवार को हुए हमले में कमांडो यूनिट के चार सैनिक मारे गए हैं। यह हमला उस समय हुआ जब ध्वस्त हुई एक इमारत के नजदीक से गुजर रहे थे तभी एक सुरंग से निकले लड़ाकों ने उन्हें निशाना बना लिया।

प्रतिबंध आदेश के उल्लंघन में जेल जाना बड़े सम्मान की बात होगी : ट्रंप

वाशिंगटन(हि.स.)। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि न्यायाधीश द्वारा लगाए प्रतिबंध आदेश के उल्लंघन में मुझे अगर जेल जाना पड़ता है तो यह मेरे लिए बड़े सम्मान की बात होगी। ट्रंप ने यह बात एक पोर्न स्टार को गुप्त तरीके से धन भुगतान मामले को लेकर कही जिसकी सुनवाई अगले कुछ दिनों में उक्त न्यायाधीश करेंगे। ट्रम्प ने शनिवार को अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट कर कहा कि खुला और स्पष्ट सच बोलने को अगर पक्षपातपूर्ण माना जाता है मुझे इसके लिए हिरासत में लिया जाता है तो मैं खुशी से आधुनिक समय का नेल्सन मंडेला बन जाऊंगा, जो मेरे लिए बड़े सम्मान की बात होगी।

टेलीकॉम के बाद एक्साइज ड्यूटी स्टांप घोटाले में भी मुख्य सचिव के शामिल होने के सबूत एसीबी के हाथ लगे

काठमांडू,(हि.स.)। नेपाल सरकार के मुख्य सचिव पर एक्साइज ड्यूटी स्टांप घोटाला मामले में शामिल होने के प्रमाण एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) के हाथ लगे हैं। उन पर पहले ही टेलीकॉम घोटाले में संलग्न होने के आरोप लगे थे।

इस मामले को जल्द ही विशेष अदालत में ले जाने की तैयारी चल ही रही थी। हालांकि, प्रधानमंत्री अब तक इस मामले में खामोश हैं। एंटी करप्शन ब्यूरो के प्रमुख प्रेम राई ने बताया कि एक्साइज स्टांप ड्यूटी की छपाई मामले में जांच के दौरान सरकार के मुख्य सचिव वैकुण्ठ अर्याल की भूमिका और व्यापक अनियमितता होने का पता लगा है। जिस समय वैकुण्ठ अर्याल सिक्युरिटी प्रिंटिंग प्रेस के निदेशक जनरल थे, उस समय एक्साइज ड्यूटी स्टांप की छपाई में आर्थिक अनियमितता होने और अवैधानिक

अदालत

इस मामले को जल्द ही विशेष अदालत में ले जाने की तैयारी चल ही रही थी।

तरीके से आर्थिक लेनदेन होने का प्रमाण मिला है। प्रेम राई ने कहा कि टेलीकॉम मामले में पिछले दो महीने से न्यायिक हिरासत में रहे सुनील पौडेल और विकल पोडैल के साथ आर्थिक लेन-देन का प्रमाण मिलने के बाद अब अर्याल के खिलाफ जांच को और आगे बढ़ाया गया है।

वैकुण्ठ अर्याल पर इससे पहले टेरामैक्स नामक टेलीकॉम घोटाले में भी आर्थिक लेन-देन करने की बात सार्वजनिक हुई थी। हालांकि, सरकार ने अब तक अर्याल से ना तो पद छोड़ने के कहा है और ना ही अवकाश पर जाने को कहा है।



इज़राइल मिस्र में नई वार्ता के लिए तैयार, दक्षिण गाजा में सेना घटाई

येरूशलम/काहिरा (हि.स.)। इज़राइल ने रविवार को कहा कि उसने दक्षिणी गाजा से और अधिक सैनिकों को वापस बुलाते हुए केवल एक ब्रिगेड छोड़ी है। इजराइल ने कहा कि उसने और हमास ने छह माह से जारी संघर्ष में संभावित युद्धविराम पर ताजा बातचीत के लिए मिस्र में टीम को भेजा है। इजराइल साल की शुरुआत से ही गाजा में सैनिकों की संख्या कम कर रहा है और मानवीय स्थिति में सुधार करने के लिए अपने सहयोगी अमेरिका से उस पर दबाव बढ़ रहा है, खासकर पिछले हफ्ते सात सहायता कर्मियों की हत्या के बाद। सैन्य प्रवक्ता ने सैनिकों को वापस बुलाने के कारणों या इसमें शामिल संख्या के बारे में विवरण नहीं दिया लेकिन रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने कहा कि सैनिक गाजा में भविष्य के अभियानों के लिए तैयारी करेंगे।

पाकिस्तान में आत्मघाती हमले में मारे चीनी नागरिकों में महिला भी शामिल

रिपोर्ट

पुलिस रिपोर्ट में बताया गया कि इस हमले में जान गंवाने वाले पांच चीनी नागरिकों में एक महिला इंजीनियर भी थी।

पेशावर (हि.स.)। उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में पिछले माह एक आत्मघाती हमले में मारे गए पांच चीनी अभियंता में एक महिला भी शामिल थी। इतना ही नहीं जिस वाहन से जा रहे थे, वह न तो बुलेट प्रूफ और न ही बम-प्रूफ था। पुलिस रिपोर्ट में यह बात कही गयी है। अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के सुदूर बेशाम क्षेत्र में 26 मार्च को हुए एक आत्मघाती बम हमलावर ने चीनी

अभियंताओं के एक काफिले को निशाना बनाया था। इन अभियंताओं को एक बस से उसी प्रांत के कोहिस्तान जिले में डासू पनबिजली केंद्र के निर्माण स्थल पर ले जाया जा रहा था। इस हमले में पांच चीनी नागरिकों एवं उनके पाकिस्तानी चालक की जान चली गयी थी। रिपोर्ट के मुताबिक रविवार को पुलिस रिपोर्ट में बताया गया कि इस हमले में जान गंवाने वाले पांच चीनी नागरिकों में एक महिला इंजीनियर भी थी। जानकारी के मुताबिक इस संबंध में संघीय सरकार को पुलिस ने जो रिपोर्ट भेजी है, उसमें कहा गया है कि इस हमले में जिस बस को निशाना बनाया गया था, वह काराकोरम राजमार्ग पर एक अन्य बस से 15 फुट की दूरी पर जा रही थी तथा आत्मघाती हमलावर द्वारा विस्फोटकों से लदे वाहन को चीनी अभियंताओं को लेकर जा रही इस बस में टकरा देने से वह 300 फुट गहरी खाई में गिर गयी। पुलिस रिपोर्ट में कहा गया है कि चीनी यात्रियों को लेकर जा रही यह बस न तो 'बुलेट प्रूफ' थी और न ही 'बम प्रूफ'।

मोजाम्बिक में नौका दुर्घटना, 90 से अधिक लोगों की मौत

हरारे(हि.स.)। जिम्बाब्वे में मोजाम्बिक के उत्तरी तट पर रविवार को अस्थाई नौका दुर्घटना में 90 से अधिक लोगों की मौत हो गई। इनमें बड़ी संख्या में बच्चे भी शामिल हैं। स्थानीय ऑनलाइन आउटलेट टीवी डियारियो नामपुला के अनुसार, नाव में 130 लोग सवार थे। आउटलेट के प्रसारण में कहा गया है कि नाव देश के उत्तर में नामपुला प्रांत में लुंगा और मोजाम्बिक द्वीप के बीच चल रही थी जो अचानक पलट गई। बचाव प्रयास सोमवार

को भी जारी है। नाव यात्रियों में कुछ लोग एक मेले में भाग लेने जा रहे थे। अन्य लोग कथित रूप से हैजा फैलने की सूचना से घबरा कर इस नाव में सवार होकर अन्यत्र जा रहे थे। नामपुला प्रांत के राज्य सचिव जैमे नेटो ने कहा कि कथित हैजा फैलने की गलत सूचना के कारण लोग घबरा गए और भागने की कोशिश में नाव पर चढ़ गए। आमतौर पर इस नाव का इस्तेमाल मछली पकड़ने के लिए होता है।

बांग्लादेश रेल हादसे में दो गेटमैन निलंबित

ढाका (हि.स.)। बांग्लादेश रेल हादसे में रेलवे ने दो गेटमैन को निलंबित कर दिया गया। यह हादसा 05 अप्रैल को फेनी के मुहुरीगंज में एक ट्रेन के रेत से लदे ट्रक से टकराने से हुआ था। इस दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई थी। बांग्लादेश रेलवे के उप सहायक अभियंता रिटन चकमा के अनुसार इस हादसे में दो मामले दर्ज किए गए हैं। दो गेटमैन सैफुल और मोहम्मद राशेद खान के खिलाफ आधिकारिक जांच चल रही है। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए बांग्लादेश रेलवे के संभागीय परिवहन अधिकारी (डीटीओ) अनीसुर रहमान की अध्यक्षता में छह सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया है। डीआरएम सैफुल इस्लाम ने कहा कि दुर्घटना के पीछे का सही कारण जांच के बाद पता चल सकेगा। प्रारंभिक तौर पर माना जा रहा है कि दुर्घटना के समय सिग्नल बार बंद नहीं था। चटगांव जा रही मेल ट्रेन

ढाका-चटगांव रेलवे पर फेनी के मुहुरिगंज पुल से सटे क्रॉसिंग पर रेत से भरे ट्रक से टकरा गई। हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। दोनों गेटमैन को निलंबित कर दिया गया है।

पाकिस्तानः बम विस्फोट में दो लोगों की मौत

इस्लामाबाद (हि.स.)। पाकिस्तान के आतंकवाद प्रभावित बलूचिस्तान प्रांत के खुजदार शहर में रविवार देर शाम हुए शक्तिशाली बम विस्फोट में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और पांच लोग घायल हो गए। यह जानकारी स्थानीय पुलिस ने दी। डॉन समाचार पत्र की रिपोर्ट के अनुसार, यह विस्फोट खुजदार के व्यस्त शॉपिंग इलाके के उमर फारूक चौक पर हुआ। विस्फोट के समय महिला और बच्चों सहित बड़ी संख्या में लोग ईद की खरीदारी में व्यस्त थे। विस्फोट में दो लोग मारे गए हैं और पांच अन्य घायल हो गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अज्ञात हमलावरों ने एक मोटरसाइकिल में इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) लगा कर उसे उमर फारूक चौक पर खड़ा कर दिया था।

मानव सभ्यता पर जलवायु परिवर्तन का हुआ गहरा असर: प्रो. ध्रुवसेन

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय स्थित रज्जू भैया संस्थान के अर्थ एंड प्लेनेटरी साइंसेज विभाग में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यशाला में सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ध्रुवसेन सिंह ने जलवायु परिवर्तन एवं प्राकृतिक आपदाओं पर उसके प्रभाव पर विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर होने वाली प्रत्येक आपदाएं कहीं न कहीं जलवायु परिवर्तन पर आधारित है । उन्होंने कहा कि पृथ्वी के इतिहास में मानव सभ्यता के पहले भी जलवायु परिवर्तन होते रहे हैं परंतु आज की परिस्थितियों में मानवजनित गतिविधियों की वजह से उसकी दर प्रभावित हो रही है जो बड़ी चिंता का कारण है ।

उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन की अपेक्षा पर्यावरण प्रदूषण में मानवजनित गतिविधियों का अधिक योगदान है। उन्होंने कहा कि प्रकृति अपना बैलेंस खुद बनाती है और अपनी जरूरतों का पूरा कर सकती है लेकिन वर्तमान समय में विकास की होड़ में प्रकृति पर बहुत बुरा असर हुआ है। प्रो. ध्रुवसेन ने से आर्कटिक

बाढ़ नियंत्रण के अध्ययन में रिमोट सेंसिंग तकनीक की महती भूमिका: डॉ. मेधा

पोल पर भारत के ग्लेशियरों के अध्ययन के लिए स्थगित भारत के स्टेशन हिमाद्रि की स्थापना एवं अन्य वैज्ञानिक आयामों पर विस्तार से चर्चा की। द्वितीय सत्र में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर बी. पी. सिंह ने विंध्य पहाड़ियों में पूरा-भूकंपीय तरंगों के परिणामस्वरूप बनने वाली विभिन्न संरचनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि सोनभद्र, मिर्जापुर चित्रकूट जिले की विंध्य पहाड़ियों में तमाम ऐसी संरचनाएं मिलती हैं जो ये सुनिश्चित करती हैं कि पूर्व में यह परिक्षेत्र भूकंप का बड़ा केंद्र था।

इसी क्रम में केन्द्रीय दक्षिण बिहार विश्वविद्यालय गया से आये प्रोफेसर प्रफुल्ल कुमार सिंह ने भूस्खलन एवं उसके अध्ययन में रिमोट सेंसिंग के उपयोग पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पहाड़ी इलाकों में सड़कों के बनने से पहले रिमोट सेंसिंग तकनीकी के माध्यम से उनकी क्षमताओं एवं भविष्य में होने वाले नुकसान का पता आसानी से लगाया जा सकता है। उन्होंने उत्तराखंड राज्य के चकराता - कालसी रोड कॉरिडोर निर्माण एवं विभिन्न भूस्खलन के तथ्यों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्राकृतिक आपदा में हुए नुकसान का तात्कालिक रूप से आकलन करना एवं राहत पहुंचाना सबसे बड़ी चुनौती होती है । पहाड़ी इलाकों में प्रतिदिन कहीं न कहीं भूस्खलन होता रहता है जिससे मानीटर करने के लिए रिमोट सेंसिंग सबसे सुगम तकनीक है।

आई आई टी बीएचयू की विशेषज्ञ डा. मेधा झा ने रिमोट सेंसिंग तकनीक के माध्यम से नदियों पर होने वाले शोध पर अपने विचार व्यक्त किये । उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जल संरक्षण एवं बाढ़ नियंत्रण के अध्ययन में भी रिमोट सेंसिंग तकनीकी की महती भूमिका है। इस अवसर पर रज्जू भइया संस्थान के निदेशक प्रोफेसर प्रमोद यादव एवं प्रोफेसर देवराज सिंह ने बाह्य विशेषज्ञों का अंगवस्त्रम तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। तकनीकी सत्रों का संचालन कार्यशाला के संयोजक डा. श्याम कन्हैया ने किया। इस अवसर पर अर्थ एंड प्लेनेटरी साइंसेज के विभागाध्यक्ष डॉ नीरज अवस्थी, डा. शशिकांत यादव, डा. सौरभ सिंह, डा. श्रवण कुमार एवं सभी प्रतिभागियों सहित विभाग के विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

ईट भट्ठे पर कैंप लगाकर बीएसए ने किया नामांकन

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। नया शैक्षिक सत्र शुरू होने पर बेसिक शिक्षा मे नामांकन अभियान प्रारम्भ हो गया है इसी क्रम मे विकास खण्ड मुफ्तीगंज के ग्राम ओझैनिया में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल ने खंड शिक्षा अधिकारी मुफ्तीगंज नीरज श्रीवास्तव तथा समस्त एआरपी के साथ ईट भट्ठे पर काम करने वाले मजदूरों के बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए ईट भट्ठे पर कैंप लगाकर तथा हरिजन बस्ती में घर-घर जाकर नवीन नामांकन किया। ईट भट्ठे पर कुल 24 बच्चों का नामांकन तथा हरिजन बस्ती में 05 बच्चों का नामांकन किया। नामांकित बच्चों को माला पहनाकर व शैक्षिक सामग्री प्रदान कर स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित अभिभावकों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया। इस नामांकन अभियान में अंग्रेजी मीडियम प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ममता गुप्ता, ग्राम प्रधान सुरेंद्र यादव, सतीश पाठक, राम दुलार यादव, अनिल सिंह, वैभव सिंह, संदीप सिंह, शशि राय, आशीष सिंह, मनोज सिंह, रमेश, कृष्ण देव, शालिनी गुप्ता, रघुराज, जंग बहादुर, एआरपी विकास सिंह, रवि प्रताप, अखिलेश यादव, जेपी यादव आदि उपस्थित रहे।

गायत्री शक्तिपीठ द्वारा निकाली गई कलश यात्रा

5 कुंडिया गायत्री महायज्ञ एवं संगीतमय प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)। नगर स्थित गायत्री शक्तिपीठ द्वारा सोमवार को पावन पर्व चैत्र नवरात्रि महोत्सव से पूर्व श्रद्धालुओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें नशा मुक्त भारत, पर्यावरण संरक्षण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आदि प्रमुख विषयों पर लोगों को जागरूकता का संदेश दिया। जो आकर्षण का केंद्र बना रहा।

बताते चलें कि चैत्र नवरात्रि पर्व और नव वर्ष प्रतिपदा,5 कुंडिया गायत्री महायज्ञ एवं संगीतमय प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन आयोजन गायत्री शक्तिपीठ द्वारा आयोजित किया गया है। जिसको लेकर उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु गायत्री शक्तिपीठ द्वारा कलश यात्रा निकाली गई,जिसमें पीताम्बरी वस्त्र धारण किए सर पर कलश लेकर निकले श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। यात्रा स्टेशन रोड से चलकर मेन तिराहा से नगर भ्रमण करते हुए पुनः यथास्थान पर पहुंच समाप्त हुआ। इस दौरान श्रद्धालु गायत्री मंत्र का जाप करते हुए चल रहे थे तो बच्चे नशा मुक्त भारत, पर्यावरण संरक्षण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, हम बदलेंगे युग बदलेगा आदि प्रमुख विषयों पर लिखे पक्तियों के माध्यम से लोगों को जागरूक करते हुए चल थे जिससे समाज देश में बदलाव हो सके। इस दौरान सैकड़ों संख्या में में महिला पुरुष बच्चे शामिल थे। सिर पर महिलाएं कलश लेकर चल रही थी। यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। गायत्री शक्तिपीठ परिवार ने बताया कि नौ दिवसीय प्रज्ञा पुराण कथा शाम छः बजे से रात नौ बजे तक चलेगा और इस अवसर पर सुबह विभिन्न संस्कार निशुल्क किया जाएगा। गायत्री मंत्र का जाप करने से किसी भी व्यक्ति को तत्काल विपत्ति से मुक्ति मिल जाती है। सभी मंत्रों का महामंत्र गायत्री मंत्र है। गायत्री मंत्र के जाप से हमारे मन और मस्तिष्क पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। गायत्री मंत्र के जाप से मन व मस्तिष्क शांत हो जाता है।

राजकीय ममता विद्यालय में मानसिक मंदित बच्चों का प्रवेश प्रारंभ

प्रयागराज। शिक्षा सत्र-2024-25 में राजकीय ममता विद्यालय, जगदीशपुर चॉदन, कुरेशर रोड कौडिहार, प्रयागराज में मानसिक मंदित (माइल्ड एवं मॉडरेट श्रेणी) 06 से 18 आयुवर्ग बालको का प्रवेश प्रारम्भ है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रवेशित दिव्यांग छात्रों को विशेष अध्यापकों द्वारा मनोवैज्ञानिक पद्यति पर आधारित शिक्षा, स्मार्ट क्लास की सुविधा, खेलकूद मनोरंजन एवं शैक्षणिक भ्रमण की सुविधा, सी0सी0 टी0वी0 कैमरे से आच्छदित सुरक्षित परिसर, स्कूल यूनीफार्म एवं पाठ्य सामग्री की सम्पूर्ण व्यवस्था, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परीक्षण की उचित व्यवस्था, गैर जनपदीय बालकों के लिए छात्रावास की सुविधा, गुणवत्तायुक्त भोजन एवं शुद्व पेयजल की सुविधा आदि निःशुल्क उपलब्ध करायी जाती है। इच्छुक मानसिक मंदित (माइल्ड एवं मॉडरेट श्रेणी) 06 से 18 आयुवर्ग बालको के प्रवेश हेतु निर्धारित पात्रता के अन्तर्गत मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त मानसिक मंदित (माइल्ड एवं मॉडरेट) श्रेणी का दिव्यांगता प्रमाण पत्र, नव प्रवेशी की आयु 06 से 18 वर्ष के मध्य होनी चाहिए।

फीस वृद्धि के विरोध में अभिभावकों ने ज्ञापन सौंपा

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। सरकार द्वारा निजी स्कूलों में 15 प्रतिशत फीस बढ़ाने से आक्रोशित अभिभावकों ने आज उत्तर प्रदेश अभिभावक एकता समिति के प्रदेश अध्यक्ष विजय गुप्ता के नेतृत्व में जिला अधिकारी प्रयागराज के कार्यालय मे नगर मजिस्ट्रेट विनोद कुमार सिंह को ज्ञापन देकर बढ़ी हुई फीस वापस लेने की मांग की।

उपरोक्त सम्बन्ध में ज्ञापन सौंपते हुए विजय गुप्ता ने कहा कि किताब और कॉपी का रेट 4 गुना बढ़कर बेचा जा रहा है। स्कूल से ड्रेस, जूता और मोजा खरीदना है। शिक्षा माफियाओं के दबाव में आकर स्कूल प्रशासन हर वर्ष 15त्न फीस वृद्धि की है वह किसी भी तरह से ठीक नहीं है।

आम आदमी की कमर टूट गई जो अभी तक सम्भल नहीं सके, फीस वृद्धि के कारण लोगों को अपने बच्चों को शिक्षित करने में असहजता होगी। इसलिए शासन को फीस वृद्धि के निर्णय पर पुनः विचार करके उसे वापस लेना चाहिए।

ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से बृजेश निषाद, सोनी अग्रहरि, प्रदीप श्रीवास्तव, प्रमोद गुप्ता, रानी केसरवानी, विकास अग्रहरि, रेखा गुप्ता, राजकुमार जायसवाल, प्रदीप यादव, संगीता केसरवानी, कमलेश सिंह, अखिलेश मिश्रा आदि अभिभावक शामिल रहे।

संक्षिप्त समाचार

तमंचे के साथ तीन वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर। सरायख्वाजा थाना अंतर्गत वाहन चेकिंग के दौरान तीन शातिर अपराधी को एक तमंचा व जिंदा कारतूस, मोटरसाइकिल के साथ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार मुखबिर के द्वारा मिली सुचना पर सरायख्वाजा थानाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा व पुलिस टीम ने बैजारामपुर में संदिग्ध वाहन चेकिंग के दौरान तीन शातिर अपराधी को एक तमंचा व जिंदा कारतूस, मोटरसाइकिल के साथ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आयुष (26) वर्ष पुत्र बालालखेन्द्र निवासी सिटी स्टेशन लाईन बाजार थाना, राजन यादव 20 (वर्ष)पुत्र महावीर यादव निवासी अलहदिया थाना तेजीबाजार, आशीष उर्फ अंगद 23 (वर्ष) पुत्र कृपाशंकर निवासी खुसहपुर थाना बक्शा जौनपुर के कब्जे से एक देशी तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतुस दो मोटर साइकिल बरामद हुई जिसे गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई हेतु न्यायालय भेज दिया गया ।

प्रथम पुण्यतिथि पर सुंदरकांड पाठ एवं भंडारे का हुआ आयोजन

जौनपुर। महराजगंज क्षेत्र के सराय विभार ग्राम प्रधान जगदीश उपाध्याय के पूज्य पिता स्व. रतिराम उपाध्याय की प्रथम पुण्यतिथि पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ का दिव्य आयोजन करते हुए भंडारे का आयोजन किया गया जहां पर सुंदरकांड पाठ आरती एवं प्रसाद वितरण के पश्चात भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें उपस्थित अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा जिला अध्यक्ष जौनपुर डॉ. अतुल कुमार दुबे सहित संगठन के सभी पदाधिकारी एवं ब्राह्मण बंधु तथा क्षेत्रीय जनता उपस्थित रही निम्न कार्यक्रम व्यवस्थापक का कार्य आलोक उपाध्याय एवं अभिषेक उपाध्याय की देखरेख में हुआं।

स्कूली बच्चों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

प्रयागराज। उच्च प्राथमिक विद्यालय राजापुर प्रथम नगर प्रयागराज में खंड शिक्षा अधिकारी नगर प्रतिभा सिंह के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित सभी अध्यापक ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यालय इंचार्ज मोहम्मद अमानुल्लाह द्वारा बताया की रैली में 200से अधिक छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया तथा उनका उत्साह देखते ही बन रहा था। बच्चों द्वारा रैली में तख्तियो पर मतदाता जागरूकता हेतु स्लोगन भी लिखा हुआ था। रैली में आर.पी अनीता सोनकर, श्रीमती अनुरागिनी सिंह तथा अजय कुमार ने भी प्रतिभाग किया। अंत में खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा छात्रों को फल वितरण वितरण कर रैली का समापन किया गया।

हज यात्रियों हेतु कुछ विशेष निर्देश व चेतावनी जारी

प्रयागराज। हज कमेटी आफ इण्डिया मुम्बई के सकुर्लर-15 में भारत के महावाणिज्य दूतावास जद्दाह ने हज-2024 के हज यात्रियों हेतु कुछ विशेष निर्देश व चेतावनी जारी की है। चेतावनी के अनुसार हज वीजा पर तीर्थ यात्रियों द्वारा किसी भी प्रकार की व्यवसायिक गतिविधि करना सख्त वर्जित है। यदि तीर्थ यात्री ऐसी किसी भी गतिविधि करने का प्रयास करते है तो उन्हें स्थानीय पुलिस द्वारा पकड़ा जा सकता है।

रुद्रांश और ध्रुव ने शिवपुर क्लब को जिताया

प्रयागराज। रुद्रांश सिंह के अर्धशतक (77 रन, 108 गेंद, 10 चौके, एक छक्का) और ध्रुव यादव की अचूक गेंदबाजी (7-0-23-5) की बदौलत शिवपुर क्लब ने करेली क्लब को नौ विकेट से हराकर साबिरा बेगम स्मृति अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। दौलत हुसैन कॉलेज मैदान पर सोमवार को खेले गए मैच में करेली क्लब ने 35 ओवर में 168 रन (तन्मय केसरवानी 64, मोहम्मद अनस 25, ओम राय 17, ध्रुव यादव 5/23, जितेंद्र 2/26) बनाये। जवाब में शिवपुर क्लब ने 33.2 ओवर में एक विकेट पर 170 रन (रुद्रांश सिंह 77 नाबाद, आयुष मौर्य 38, शिवम यादव 33, सिद्धार्थ वर्मा 1/31) बना लिए।

भारत का बाजू, अल्लूरी सीताराम राजू की संघर्ष गाथा का नाट्य मंचन

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सौजन्य से सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था जनता टेक्निकल एजुकेशनल सोसायटी, लखनऊ के तत्वाधान में देशभक्ति का गुणगान जन जन तक गाने हेतु ही रंगमंच पर पहली बार वरिष्ठ नौटंकी विशेषज्ञ व नाट्य निर्देशक अमित दीक्षित %रामजी% द्वारा संवाद लेखन, परिकल्पना, संगीत व निर्देशन में देश के महान क्रांतिकारी अल्लूरी सीताराम राजू की संघर्ष गाथा को नौटंकी शैली पर आधारित प्रस्तुति ÷भारत का बाजू, अल्लूरी सीताराम राजू÷ का मंचन सांस्कृतिक दल के 60 कलाकारों द्वारा संत गाडगे प्रेक्षागृह, उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी में भव्यता से किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि चेयरमैन, फिक्की यूपी चैप्टर नीरज कुमार सिंह, बीजेपी प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर,अनुराग मिश्रा ÷अन्नू÷, वरिष्ठ रंगकर्मी डॉ.अनिल रस्तोगी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन किया। इस अवसर पर संगीतमय नौटंकी - नाट्य प्रस्तुति में देशभक्ति की धारा को अलग ढंग से परिभाषित व प्रस्तुत किया गया है।

इस प्रस्तुति की कहानी प्रमुख पात्र अल्लूरी सीताराम राजू के बचपन से प्रारंभ होकर आदिवासी समाज के लिए संघर्ष से प्रारंभ होती है। नट - नटी द्वारा मनोरंजन के साथ उनकी कथा का वर्णन संगीतमय ढंग से प्रस्तुत किया गया। बारह वर्ष की अवस्था में उन्होंने गृह त्याग हिमालय की ओर प्रस्थान किया व सन्यास धर्म स्वीकार कर अपना सम्पूर्ण जीवन समाज हित में समर्पित कर दिया। हिमालय पर्वत जाकर उन्होंने जो ज्योतिष और आयुर्वेद का ज्ञान अर्जित किया, गांव आकर उस ज्ञान से ही समाज को लाभान्वित किया। उस समय अग्रेजों का बोलबाला था, हर तरफ उनका ही शासन था, पर कुछ क्रांतिकारी बहादुर इनके खिलाफ आंदोलन में कूद पड़े। पूज्य अल्लुरी अंग्रेजों के खिलाफ खुला मोर्चा खोल दिया और असलहे, गोले बारूद के भंडार लूटकर, थाने बर्बाद कर ब्रिटिश सरकार की नींद हराम कर दी। इस कार्यक्रम में समाज के हर वर्ग के बौद्धिक, सामाजिक व राजनैतिक गणमान्य अतिथिगण उपस्थित रहे। लगभग 60 कलाकारों की भव्य नौटंकी प्रस्तुति ने अपने आप में एक अनूठी मिसाल कायम की, इस प्रस्तुति में नट शुभ्रेश शर्मा, गिरिराज शर्मा, अभिषेक पाल, नटी ज्योति, शिखा श्रीवास्तव, नैना, अल्लूरी अभिजीत सिंह, बालक अल्लूरी दिविज दीक्षित, बिरइयादौरा प्रदीप मित्रा प्रस्तुति में नृत्य संरचना प्रिया मैरी चंद और आस्था मिश्रा सहित सभी कलाकारों ने बढ़चढ़ कर अभिनय किया। मंच परे प्रकाश परिकल्पना मो. हफीज, वस्त्र विन्यास रोजी दुबे, मंच सज्जा आशुतोष विश्वकर्मा, मुख सज्जा राकेश सैनी ने तथा हारमोनियम मो. इलियास, तबला मो. इलियास खान, शहनाई मो0 रफ़ी, ऑर्गन अविनाश चंद, नक्कारा मो0 सलाम, ढोलक मो. आफताब ने किया। लेखन शेषपाल सिंह शेष द्वारा किया गया।

गायक मनोज गुप्ता को मिला गंगा वाणी रत्न सम्मान

अवधनामा संवाददाता

ग्लोबल ग्रीन्स के संस्थापक अध्यक्ष पर्यावरणविद् मनोज श्रीवास्तव एवम् पर्यावरणविद् मां नर्मदा सुत डॉ पंकज श्रीवास्तव स्मृति सम्मान समारोह 2024 आयोजित

प्रयागराज। वैश्विक हरियाली के लिए भारत में विगत 18 वर्षो से पर्यावरण संरक्षण पर कार्य कर रही बहुचर्चित संस्था ग्लोबल ग्रीन्स ने संस्था के अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध उद्घोषक संजय पुरुषार्थी की अध्यक्षता में संपन्न हुए कार्यक्रम में विख्यात गायक मनोज गुप्ता सहित आठ विभूतियों को कुलभास्कर आश्रम पी जी कालेज के सभागार में सम्मानित किया गया। दोनो पुण्यात्माओं मनोज श्रीवास्तव एवं डॉ पंकज श्रीवास्तव के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ कार्यक्रम का आरंभ हुआ। कार्यक्रम दो सत्रों में हम चले तेरी राह के शीर्षक में विभक्त था। पहले सत्र के मुख्य अतिथि इ.वि.वि.के अर्थशास्त्र विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर पी.के.घोष थे जबकि विशिष्ट अतिथि समाजसेवी हसन नक़वी और अर्थशास्त्र विभाग इ. वि.वि.की वर्तमान अध्यक्ष प्रोफेसर किरन सिंह रही। जबकि दूसरे सत्र की मुख्य अतिथि उप महापौर सुनीता दरबारी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अधिवक्ता व गंगा न्याय मित्र अरुण कुमार गुप्ता रहे। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में संजय पुरुषार्थी ने कहा कि मनोज मेरे अनुज मात्र ही नहीं अपितु पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में मेरे गुरु रहे हैं। सम्मान समारोह की श्रृंखला में उदय शंकर लाल श्रीवास्तव को ग्लोबल ग्रीन्स हिंदी साहित्य रत्न सम्मान, बृजेंद्र प्रताप सिंह को ग्लोबल ग्रीन्स नदी मित्र सम्मान, प्रोफेसर श्रीमती सीमा सिंह को ग्लोबल ग्रींस शिक्षाविद रत्न समान, गायक मनोज गुप्ता को ग्लोबल ग्रीन्स गंगा वाणी रत्न सम्मान, चंद्र कुमार निषाद को ग्लोबल ग्रीन्स जलीय जीव सचेतक सम्मान, संजीव त्रिपाठी एवं अर्चना त्रिपाठी को ग्लोबल ग्रीन्स सामाजिक रत्न संयुक्त सम्मान, सुश्री शुभांशी को ग्लोबल ग्रीन्स पर्यावरण संरक्षण नवोदित रत्न सम्मान एवं विभूति नारायण पांडे को ग्लोबल ग्रीन्स पर्यावरण संरक्षण नवोदित रत्न सम्मान से विभूषित किया गया। इस अवसर पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

गांजा तस्कर गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। अहरौला थाना क्षेत्र के थानाध्यक्ष सुनील कुमार दूबे मय हमराह व स्वाट टीम द्वितीय के प्रभारी उ0नि0 श्रीप्रकाश शुक्ला मय हमराह द्वारा मुखबीर की सूचना के आधार पर ग्राम अहरौला बाइपास तमसा नदी पुलिया से गिएक अभियुक्त दिनेश चन्द्र पुत्र मनीराम सिंह उम्र करीब 32 वर्ष निवासी शाहआलमपुर थाना मलावन जनपद एटा को 10 गत्ते मे कुल माल 1 कुन्तल34 किलो 900 ग्राम गांजा नाजायज व एक मोबाइल व 1000 रुपया तथा एक ट्रक के साथ समय सुबह 08.40 बजे पुलिस हिरासत में लिया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 146,24 धारा 8,20 एक्ट पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्त का चालान न्यायालय किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया गया कि साहब ट्रक सं0 01। 8545 को वरुना कम्पनी से माल लोड करके लेकर आ रहा था कि अपने साथी उमेश के साथ रास्ते में ही गाडी के केबिन में अबैध गांजा लोड कर लिया गया जिसे बेचने के लिए जा रहा था तभी आप लोगो द्वारा पकड़ लिया गया तथा मेरा साथी उमेश मौके से भाग गया।

तीसरी बार मोदी सरकार बनाने में पिछड़े समाज की महत्वपूर्ण भूमिका होगी: मनोज

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। लोकसभा इलाहाबाद के दक्षिणी विधानसभा का केंद्रीय कार्यालय पर पिछड़ा मोर्चा की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर बैठक के मुख्य अतिथि लोकसभा प्रभारी मनोज जायसवाल ने पिछड़ा मोर्चा के कार्यकर्ताओं से कहा भाजपा एक ऐसी पार्टी है जिसने संगठन और सरकार में सबसे ज्यादा जिम्मेदारी पिछड़े समाज को सौंपने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की कैबिनेट हो या राज्य की सभी में पिछड़ों को महत्व पूर्ण जिम्मेदारी भाजपा सरकार ने सौंपी अब तीसरी बार मोदी सरकार बनाने में पिछड़े समाज की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होनी चाहिए। पिछड़ा समाज यदि संकल्प ले-ले तो 400 पार का लक्ष्य आसान होगा। बैठक की अध्यक्षता पिछड़ा वर्ग मोर्चा महानगर अध्यक्ष आनन्द कुमार जायसवाल ने की। बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा अश्विनी सिंह पटेल, सुभाष सिंह पटेल, राजेश केसरवानी, मनोज कुशवाहा, घनश्याम मौर्या, सतीश प्रजापति, लकी साहू , पार्षद किरन जायसवाल, गौरी शंकर वर्मा, नाटेश्वर सिंह, अजय शर्मा, राम लखन विश्वकर्मा, कमलेश पाल, सुशील निषाद, प्यारेलाल जायसवाल, अनिकेत जायसवाल, राजू सिंह पटेल, प्रीति पटेल, धर्मेंद्र सिंह पटेल, मेहीलाल चौरसिया, अजय जायसवाल, विकास जायसवाल, दिनेश पटेल, शत्रुघन जायसवाल, जय किशन चौरसिया, अमन गुप्ता समेत अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

400 पर फिर से एक बार मोदी सरकार: केशव

अवधनामा संवाददाता

लालगंज,आजमगढ़। लोकसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच भाजपा सोशल मीडिया वालंटियर सम्मेलन कार्यक्रम में चुनाव का मंत्र देने आज डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का जनपद आजमगढ़ में आगमन हुआ। इस दौरान उन्होंने मीडिया से वार्ता के दौरान सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के मुख्तार के घर जाने पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि मुख्तार सपा की बीमारी है भाजपा पूरी तरह से स्वस्थ्य है। आजमगढ़ जिले के पुलिस लाइंस हेलीपैड पर हेलीकाप्टर से उतरते ही पार्टी नेताओं ने उनका स्वागत किया। उस दौरान डिप्टी सीएम हर एक कार्यकर्ता और पदाधिकारी से मिले। मीडिया कर्मियों से बातचीत करते उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा 80 की 80 सीटें जीत रही है। 4 जून को 11 बजे सपा, बसपा व कांग्रेस का 12 बजे जायेगा। जहाँ 400 पर फिर से एक बार मोदी सरकार। आज गाजीपुर में मुख्तार अंसारी के परिजन से मिलने सुप्रीमो अखिलेश यादव के सवाल पर डिप्टी सीएम ने कहा कि वह गाजीपुर जाएं या गाजियाबाद जाएं जहां वह जाएंगे वहां साइकिल पंचर है। सपा समाप्ति की ओर है और कमल खिला रहा है। आम आदमी पार्टी के केजरीवाल के सवाल पर कहा कि वह जेल में है और वह यात्रा करें।

हमारा दायित्व सामाजिक सेवाओं में अपनी शत प्रतिशत भागीदारी करना: राजेश सोनी

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। भारत विकास परिषद् शाखा आजमगढ़ का दायित्व ग्रहण समारोह शहर के मड़या स्थित एक होटल के सभागार में सम्पन्न हुआ। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि काशी प्रांत के प्रांतीय उपाध्यक्ष राजेश सोनी व पदाधिकारियों द्वारा भारत माता व स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन कर वन्देमातरम् के साथ किया गया।

इसके बाद सर्वप्रथम मुख्य अतिथि राजेश सोनी द्वारा अध्यक्ष सीताराम पांडेय, सचिव डॉ देवेश दूबे, कोषाध्यक्ष विश्वनाथ अग्रवाल वहीं महिला संयोजिका का दायित्व श्रीमती छाया अग्रवाल का ग्रहण कराया गया।

मुख्य अतिथि राजेश सोनी ने कहा कि परिषद् का प्रमुख दायित्व सामाजिक सेवाओं में अपनी शत प्रतिशत भागीदारी करना है, आज इसी प्रेरणा के दम पर हमारे योगदान की सराहना होती है। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि आजमगढ़ में नए पदाधिकारी परिषद् के सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए संगठन को नई ऊचांईयां प्रदान करें। मुख्य अतिथि द्वारा विशेष योगदान के लिए डॉ कृष्ण मोहन त्रिपाठी प्रबंधक चिल्ड्रेन कालेज, राजेन्द्र प्रसाद यादव, प्रबंधक सर्वोदय पब्लिक स्कूल, अनिरुद्ध जायसवाल प्रबंधक सेंट जेवियर्स स्कूल, डी.पी. मौर्य प्रबंधक महादेवी हायर सेकंडरी स्कूल को अंगवस्त्रम स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकारः कैसे ऑनलाइन चिकित्सा मित्र ग्रामीण भारत में स्वास्थ्य सेवा को सुलभ बना रहा है

लखनऊ। ऑनलाइन चिकित्सा मित्र, एक अग्रणी टेलीमेडिसिन-संचालित ग्रामीण स्वास्थ्य-तकनीक स्टार्ट-अप है जो कि देश भर में ई-क्लीनिक स्थापित करके भारतीयों

को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करा रहा है ।

'द स्टेट ऑफ हेल्थकेयर इन रूरल इंडिया 2023' नामक अध्ययन के अनुसार, 60% आबादी प्राथमिक चिकित्सा के लिए अपने राज्य से बाहर जाने के लिए मजबूर है, जिसका मुख्य कारण क्लीनिक, अस्पतालों और डॉक्टरों की कमी होना है । चिकित्सा सुविधा की पहुंच बढ़ाने के लिए हम मेडिकल स्टोर पर अपने ई-क्लीनिक के माध्यम से दूरदराज के व्यक्तियों को देश भर के विशेषज्ञ डॉक्टरों से जोड़ते हैं। स्टोर मालिकों को डिजिटल पोर्टल के माध्यम से मरीजों को टेली परामर्श की सुविधा देने के लिए प्रशिक्षित करते हैं । जिस से उन्हें निकटतम अस्पताल (कभी-कभी 50KM से अधिक दूर होता है) बिना दूर बाहर गये आवश्यक उपचार और परामर्श के बाद की सहायता मिलती है ।

स्टार्ट-अप ने 500 से अधिक ई- क्लीनिक नेटवर्क के साथ भारत में अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज की है, जो 13 राज्यों में फैला हुआ है । उत्तर प्रदेश के लगभग 40 ज़िलों में ये सुविधा दे रहा है, जिसमें लखनऊ, बाराबंकी, गोरखपुर, अयोध्या, वाराणसी, प्रयागराज, आज़मगढ़, सुल्तानपुर, बस्ती, बहराइच, सहारनपुर आदि ज़िले शामिल हैं। अभी तक 40,000 से अधिक मरीजों को सेवा दे चुका है और 34त्न से अधिक मरीज़ों का पुनः परामर्श करवाने के दर के साथ, इस वर्ष 50 नए ई-क्लीनिक खोलने के लिए तैयार है ।

सह-संस्थापक स्मृति टंडन जी ने बताया कि, भारत में प्रत्येक 1400 मरीजों पर सिर्फ 1 डॉक्टर है, हम इस अंतर को कम करने के लिए पूरे भारत में 1 लाख ई-क्लीनिक स्थापित करने के मिशन पर हैं । स्वास्थ्य सुविधा को हर घर के करीब लाने की दृष्टि से हम देश के हर शहर, कस्बे और गांव में मेडिकल स्टोर पर ई-क्लीनिक स्थापित कर रहे हैं।

कैंटाबिल रिटेल ने उत्तर प्रदेश में अपना नया स्टोर खोलकर अपनी रिटेल मौजूदगी का किया विस्तार

गजरौला। भारत के अग्रणी परिधान निर्माताओं एवं रिटेल विक्रेताओं में से एक, कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड ने गजरौला में अपना नया रिटेल रिटेल स्टोर खोलने की घोषणा की है। 1320 वर्ग फुट में फैला ब्रांड का यह नया स्टोर ग्राम दरियापुर बुजुर्ग, तहसील धनौरा, अमरोहा, गाटा संख्या 390 रकबा 1.732 गजरौला, अमरोहा, उत्तर प्रदेश, पिनकोड- 244235 पर स्थित है, जो कि ब्रांड की विस्तार यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

स्टोर लॉन्च के अवसर पर टिप्पणी करते हुए, कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड के निदेशक, श्री दीपक बंसल ने कहा, हमें गजरौला में अपने इस नये रिटेल स्टोर के लॉन्च की घोषणा करते हुए बेहद खुशी महसूस हो रही है। एक ब्रांड के रूप में कैंटाबिल रिटेल को सभी आयु समूहों के मिड-प्रीमियम सेगमेंट में, ग्राहकों के बीच अच्छी तरह से स्वीकारा और सराहा गया है। हमारा यह नया स्टोर पुरषों और महिलाओं के लिए फैशन-फ़ॉरवर्ड परिधानों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करेगा। अपने सभी ग्राहकों के लिए ट्रेंडी और प्रतिस्पर्धी फैशन परिधानों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए, हमने उत्तर प्रदेश में अपना 82वां स्टोर खोला है। आज, सम्पूर्ण देश में हमारी मजबूत उपस्थिति है और हमारा लक्ष्य अगले कुछ वर्षों में अपनी रिटेल उपस्थिति को और अधिक आक्रामक रूप से विस्तारित करना है।

दीपक मेहरोत्रा बने आकाश एज्युकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के नये प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

लखनऊ। आकाश एज्युकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) परीक्षा की तैयारी से जुड़ी सेवायें प्रदान करने में अग्रणी है। इसने श्री दीपक मेहरोत्रा को अपना प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। यह फैसला एईएसएल के लिये एक ऐसे महत्वपूर्ण समय में लिया गया है, जब कंपनी ने लगातार नये-नये आविष्कार करना जारी रखा है और शैक्षणिक सेवाओं के प्रतिस्पर्द्धी परिदृश्य में अपनी पेशकशों का दायरा बढ़ाया है। दीपक मेहरोत्रा एक अनुभवी लीडर हैं, जिनके पास एफएमसीजी, टेलीकॉम और शिक्षा जैसे उद्योगों में एक प्रमाणित ट्रैक रिकॉर्ड है। कार्यकारी भूमिकाओं में 35 वर्षों से ज्यादा का अनुभव रखने वाले श्री दीपक अपने साथ ज्ञान एवं विशेषज्ञता का खजाना लेकर आए हैं ताकि एईएसएल के सपने को आगे बढ़ाया जा सके और शिक्षा के क्षेत्र में उभरते अवसरों का लाभ उठाया जा सके। एईएसएल में शामिल होने से पहले, श्री दीपक आशीर्वाद पाइप्स के प्रबंध निदेशक थे। उन्होंने पीयर्सन इंडिया, भारती एयरटेल, कोका-कोला और एशियन पेंट्स में भी काम किया है।

दीपक ने आईआईटी रुड़की से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बैचलर्स डिग्री प्राप्त की है और उन्होंने जेबीआईएमएस से एमएमएस किया है। उन्होंने द व्हार्टन स्कूल, फिलाडेल्फिया (यूएसए) से एक एक्जीक्यूटिव प्रोग्राम भी पूरा किया है। अपनी नियुक्ति के बारे में, श्री दीपक मेहरोत्रा ने एईएसएल का इसकी वृद्धि के अगले चरण में नेतृत्व करने के लिये अपना उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने देशभर में विद्यार्थियों के पढ़ने का अनुभव बेहतर बनाने के लिये टेक्नोलॉजी और पढ़ाने की आधुनिक विधियों का लाभ उठाने के महत्व पर जोर भी दिया। उन्होंने कहा, ''मैं शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी एईएसएल से जुड़कर सम्मानित महसूस कर रहा हूँ। मुझे उनकी प्रतिभाशाली टीम के साथ मिलकर काम करने का बेसब्री से इंतजार है, ताकि विद्यार्थियों को अच्छी गुणवत्ता की शिक्षा दी जा सके और वे अपनी पूरी क्षमता हासिल कर सकें।''

दीपक मेहरोत्रा की नियुक्ति एईएसएल की उस रणनीतिक सोच का हिस्सा है जिसके तहत वह अपनी पेशकशों को बेहतर बनाना चाहता है और अपनी पहुँच बढ़ाने के साथ ही शिक्षा के परिदृश्य पर सकारात्मक असर डालना चाहता है। कंपनी सीखने, वृद्धि करने और इनोवेशन की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिये समर्पित है। कंपनी का फोकस अपने शैक्षणिक एवं पेशवर प्रयासों में सफलता के लिये विद्यार्थियों को तैयार करना है।

बायजूस के संस्थापक एवं चेयरमैन बायजू रवीन्द्रन ने यह कहते हुए दीपक का हार्दिक स्वागत किया कि, ''हम वृद्धि के अगले चरण में कदम रख रहे हैं, ऐसे में एईएसएल का नेतृत्व करने के लिये हमें श्री दीपक का स्वागत करके बहुत खुशी हो रही है।

आईकू ने फ्लैगशिप, नियो और जेड सीरीज स्मार्टफोन पर आकर्षक डील्स के साथ मनाई अपनी चौथी सालगिरह

नई दिल्ली। भारत में अपनी चौथी सालगिरह के बेहतरीन अवसर पर, हाई परफॉरमेंस स्मार्टफोन ब्रांड, आईकू ने 9 अप्रैल से 14 अप्रैल, 2024 तक अपने फ्लैगशिप, नियो और जेड सीरीज प्रोडक्ट लाइनअप पर रोमांचक ऑफर और छूट देने जा रहा है।

ग्राहक आईकू 11 की खरीद पर ?25,000 तक की बचत का लाभ उठा सकते हैं। आईकू ई-स्टोर और अमेज़न.इन पर आईकू 12 रेड वेरिएंट, आईकू जेड9, आईकू नियो9 प्रो और आईकू जेड7 प्रो के साथ साथ कई सारे आईकू स्मार्टफोन्स पर विशेष ऑफ़र प्राप्त कर सकते हैं।

बेहतरीन परफॉर्मेंस, आकर्षक डिज़ाइन और फ्लैगशिप-लेवल कैमरों के साथ, आईकू स्मार्टफोन टेक्नो-सेवी उपभोक्ताओं को इंडस्ट्री-लीडिंग अनुभव के साथ दमदार परफॉर्मेंस देने का वादा करते हैं।

पॉवर पैक्ड फ्लैगशिप - आईकू 12 भारत में सबसे पहले स्मार्टफोनों में से एक है जो इंडस्ट्री-लीडिंग स्नैपड्रैगन0 8 जेन 3 मोबाइल प्लेटफॉर्म के साथ आता है, जो एक

कस्टम सुपरकंप्यूटिंग चिप क्ता के साथ मिलकर इन-गेम प्रदर्शन, तेज मेमोरी और तेज फ्लैश स्टोरेज को और बेहतर बनाता है। डिवाइस 144॥5 तक के अमोल्ड डिस्प्ले से लैस है, जिसमें 3000ठ्ठद्बह्लह्य पीक ब्राइटनेस डिस्प्ले है। आईकू 12 में 5000 द्बद्ध (ञ्जङ्क) के बराबर प्रो-परफॉर्मेंस ग्रेफाइट बैटरी है जो 120ड्ड फ्लैशचार्ज टेक्नोलॉजी को सपोर्ट करती है - जो डिवाइस को केवल 30 मिनट में बैटरी 100त्न तक चार्ज देती है। आईकू 12 ट्रिपल रियर कैमरा सिस्टम है जिसमें डिस्कवरी और एडवेंचर एक पोर्थोल डिज़ाइन है। इसका बिल्कुल नया डेजर्ट रेड कलर वैरिएंट विंडप्रिंट टेक्सचर से प्रेरित है, नई लेदर रबिंग टेक्नीक रेगिस्तान जैसे पैटर्न बनाती है, यह एक खोजी की अनकही कहानी सुनाता है।

पावरफुल मिड-रेंज स्मार्टफोन - आईकू नियो 9 प्रो एक दमदार डिवाइस है, यानी यह डुअल चिप पावर से लैस है - जो अत्याधुनिक क्वालकॉम स्नैपड्रैगन0 8 जेन 2 मोबाइल प्लेटफॉर्म के साथ-साथ सुपरकंप्यूटिंग चिप क्ता के साथ चलता है जो नियो 9 प्रो के प्रदर्शन को बूस्ट कर और तेज करता है, साथ ही इमर्सिव गेमिंग अनुभव और सीमलेस कनेक्टिविटी देता है। इसका वाइब्रेंट डुअल-टोन और प्रीमियम लेदर डिज़ाइन न केवल शानदार क्राफ्टमैनशिप का प्रदर्शन करता है बल्कि एक आकर्षक डिज़ाइन के साथ-साथ एक आरामदायक पकड़ और प्रीमियम अनुभव भी प्रदान करता है। यह स्मार्टफोन आधुनिक फ्लैगशिप 50 एमपी सोनी आईएमएक्स920 कैमरे से भी लैस है, जो कम रोशनी में भी शानदार नाइट फोटोग्राफी के लिए जबरदस्त प्रदर्शन प्रदान करता है।

लखनऊ में मनोज बाजपेयी ने किया साइलेंस 2: द नाइट आउल बार शूटआउट का प्रमोशन

लखनऊ। जाने-माने अभिनेता, मनोज बाजपेयी हाल ही में अपनी आने वाली ZEE5 ऑरिजिनल फिल्म, साइलेंस 2: द नाइट आउल बार शूटआउट के प्रमोशन के लिए नवाबों के शहर, लखनऊ की सड़कों पर नज़र आये, जिसका दर्शकों को बेसब्री से इंतज़ार है। पिछले हफ़्ते इस फिल्म का दिलचस्प ट्रेलर के रिलीज़ हुआ जिसके बाद से ही यह लोगों के बीच चर्चा में है। दर्शकों से जुड़ने और फिल्म के प्रति लोगों का उत्साह बढ़ाने के इरादे से मनोज बाजपेयी आज लखनऊ आये। यह नज़ारा उस समय और भी शानदार हो गया, जब बाजपेयी एक खुली जीप में शहर की सड़कों पर घूमते हुए दिखाई दिए, जिसमें उनके साथ फिल्म में उनके किरदार एसीपी वर्मा जैसे दिखने वाले कई लोग भी शामिल थे।

इस फिल्म में बाजपेयी एक बार फिर से बेहद सख़्त रवैये वाले एसीपी अविनाश वर्मा के किरदार में

नज़र आ रहे हैं, जो स्पेशल क्राइम यूनिट की कमान संभालते हुए सिलसिलेवार तरीके से हुई हत्याओं की गुत्थी सुलझाने के लिए समय को मात देने की कोशिश कर रहे हैं। अबन भरूचा देवहंस के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में प्राची देसाई, साहिल वैद, वकार शेख, दिनकर शर्मा और पारुल गुलाटी भी अहम किरदार निभा रहे हैं। 16 अप्रैल को ''श्वश्व5 पर प्रीमियर होने वाली फिल्म, साइलेंस 2: द नाइट आउल बार शूटआउट का अनुभव यकीनन दर्शकों के लिए बेहद शानदार होने वाला है।

बजाज फाइनेंस ने अपनी अलग अलग अवधि के लिए एफडी दरों में 60 आधार अंकों तक की बढ़ोतरी

पुणे/मुंबई। देश के सबसे बड़े फाइनेंशियल सर्विसेज ग्रुप में शामिल, बजाज फिनसर्व की सहायक कंपनी बजाज फाइनेंस लिमिटेड ने अपने ज्यादातर अवधि वाले फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) की ब्याज दरों में बढ़ोतरी करने की घोषणा की है। कंपनी ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए 25 से 35 महीने की अवधि की एफडी के लिए ब्याज दरों में 60 आधार अंक तक और 18 से 24 महीने की अवधि की एफडी के लिए 40 आधार अंक तक की बढ़ोतरी की है। यह नई दरें 3 अप्रैल, 2024 से प्रभावी है। बजाज फाइनेंस के हेड- फिक्स्ड डिपॉजिट एंड इन्वेहस्टफमेंट, सचिन सिक्का ने कहा कि कई निवेश विकल्पों में हमारी बढ़ी हुई दरें स्थिरता चाहने वाले निवेशकों के लिए एक आकर्षक ऑफर पेश करती हैं। पिछले कुछ साल में, लाखों डिपॉजिटर्स ने बजाज ब्रांड पर अपना भरोसा जताया है। हम उन्हें बेहतर अनुभव, अधिक वैल्यू और उनकी बचत के लिए एक सुरक्षित विकल्प प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।31 मार्च, 2024 तक बजाज फाइनेंस की कस्टमर फ्रेंचाइजी लगभग 83.64 रूरू थी। कंपनी 31 मार्च, 2024 तक 60,000 करोड़ रुपये से अधिक की डिपॉजिट बुक के साथ देश की सबसे बड़ी डिपॉजिट लेने वाली एनबीएफसी के रूप में उभरी है।गैर-वरिष्ठ नागरिकों के लिए, 25 से 35 महीने की अवधि की एफडी के लिए ब्याज दरों में 45 आधार अंक, 18 और 22 महीने की अवधि की एफडी के लिए 40 आधार अंकों, 30 और 33 महीने की अवधि की एफडी के लिए 35 आधार अंकों तक की बढ़ोतरी की गई है।यह कदम मौजूदा बाजार परिस्थितियों में बचत करने वालों के लिए स्थिर और बेहतर रिटर्न सुरक्षित करने का अवसर प्रस्तुत करता है।वरिष्ठ नागरिक 42 महीने की अवधि की एफडी के लिए डिजिटल बुकिंग के जरिए 8.85त्न तक की एफडी दरों का लाभ उठा सकते हैं, जबकि गैर-वरिष्ठ नागरिक 8.60त्न तक की ब्याज दरों का लाभ उठा सकते हैं।31 दिसंबर, 2023 तक इसके ऐप प्लेटफॉर्म पर नेट यूजर्स 49.19 मिलियन थे। डाटा.आईओ रिपोर्ट के अनुसार, बजाज फिनसर्व ऐप भारत में प्लेस्टोर पर फाइनेंशियल डोमेन में चौथा सबसे अधिक डाउनलोड किया जाने वाला ऐप है।बजाज फाइनेंस फिक्स्ड डिपॉजिट प्रोग्राम को क्रिसिल की AAA/स्टेबल और इकरा की AAA (स्टेबल) के साथ हाइएस्टड स्टेबल रेटिंग मिली है, जो निवेशकों के लिए सबसे सुरक्षित निवेश विकल्पों में से एक है। कंपनी का ऐप एक निवेश बाजार भी प्रदान करता है? जहां ग्राहक म्यूचुअल फंड की एक विस्तृत रेंज तक पहुंच सकते हैं।

ईडी ने सन परिवार समूह से जुड़ी 25.20 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में सन परिवार समूह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने सन परिवार समूह की कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मेथुकु रविंदर, उनके परिवार के सदस्यों, करीबी सहयोगियों और उनसे जुड़े लोगों की 25.20 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति जब्त की है।

केंद्रीय जांच एजेंसी ने सोमवार को एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि ईडी ने हैदराबाद के सन परिवार समूह की चल-अचल संपत्ति जब्त की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने सन परिवार समूह के पोंजी स्कीम से संबंधित मामले में धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत मेथुकु रविंदर, उनके परिवार के सदस्यों, करीबी सहयोगियों और उनसे जुड़े लोगों की 25.20 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति जब्त की है।

ईडी के मुताबिक छापेमारी के दौरान सन परिवार समूह के सीईओ मेथुकु रविंदर, उनके परिवार के सदस्यों, करीबी सहयोगियों और सहयोगियों से संबंधित बैंक शेष और शेयरों के रूप में 8.99 करोड़ रुपये (लगभग) की संपत्ति और 16.20 करोड़ रुपये (करीब) की चल संपत्ति जब्त की गई है। इस तरह कुल मिलाकर 25.20 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति जब्त की गई है।

फोनपे के शेयर-मार्केट ने फ्यूचर्स और ऑप्शंस सेगमेंट पेश किया

नई दिल्ली। शेयर-मार्केट, फोनपे का प्रॉडक्ट है, जिसने आज अपने फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस सेगमेंट के लॉन्च

share market

की घोषणा की है। इस नए सेगमेंट की मदद से, ट्रेडर्स को कॉम्प्रेहेंसिव ट्रेडिंग टूल और संसाधनों से बेहतर सुविधाएँ देने में प्लेटफॉर्म के मिशन में बड़ी उपलब्धि है। यह, इंटेलिजेंस लेयर पर पूरा ध्यान देने के साथ-साथ ट्रेडिंग के अनुभव को बेहतर बनाएगा।बिजनेस लांच करने के सात महीनों के भीतर, शेयर.मार्केट के अब तक कुल 1.55रू से ज़्यादा लाइफटाइम ग्राहक हैं और इस पर हर महीने 1.4रू एक्टिव एमएफ एसआईपी लेनदेन किए जाते हैं।इसके अलावा, शेयर-मार्केट ने 75,000 से ज़्यादा (दैनिक ऐप इंगेजमेंट) यूजर और 1.5 रु डीमैट खातों को इंटेलिजेंस की सुविधा दी है।

एफएंडओ के लॉन्च के बारे में बात करते हुए, शेयर-मार्केट के CEO उज्जवल जैन ने कहा, कि जैसे-जैसे निवेशक और ट्रेडर ने बेहतर निवेश और ट्रेड करने के लिए खुद को सशक्त बनाया है, शेयर-मार्केट भी इंटेलिजेंस की मदद से काम करने वाले डिस्काउंट ब्रोकिंग को आगे बढ़ाने के लिए महत्वाकांक्षी कदम उठाने में सक्षम हो गया है। उन्होंने आगे कहा, हमारे प्लेटफॉर्म पर फ्यूचर्स और ऑप्शंस ट्रेडिंग के लॉन्च के साथ, हम अपनी सुविधाओं को बढ़ा रहे हैं। यह और भी निवेशकों और ट्रेडर को मौजूदा गतिशील फाइनेंशियल मार्केट के लिए ज़रूरी टूल और संसाधनों के साथ सशक्त बनाने के हमारे प्रयासों को और मजबूत करेगा।

आज की ताज़ा खबर! डिज़्नी +हॉटस्टार ने भुवन बाम अभिनीत 'ताज़ा खबर' के दूसरे सीजन की घोषणा की

हिमांक गौर द्वारा निर्देशित हॉटस्टार स्पेशल्स 'ताज़ा खबर 2' की शूटिंग शुरू हो चुकी है और इसे जल्द ही डिज़्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज किया जायेगा 9

मुंबई। ज़िंदगी बड़ी अज़ीब है, कभी कभी मौत से शुरू होती है। एक भयानक खुलासे और तनावपूर्ण रिश्तों के बीच, यह एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है, जिसे अचानक जादुई शक्तियां मिल जाती हैं, जिससे उसकी ज़िंदगी में भारी उथल-पुथल मच जाती है। इसके दूसरे सीजन का लंबा इंतजार अब खत्म हो चुका है, क्योंकि डिज़्नी+ हॉटस्टार के ऐक्शन-ड्रामा सीरीज, हॉटस्टार स्पेशल्स 'ताज़ा खबर' में इस बार वास्या (भुवन बाम) अपनी तकदीर खुद लिखने के लिये तैयार है।

बीबी की वाइंस प्रोडक्शन्स के बैनर तले रोहित राज एवं भुवन बाम द्वारा निर्मित, हिमांक गौड़ द्वारा निर्देशित और हुसैन एवं अब्बास दलाल की जोड़ी द्वारा लिखित इस सीरीज में सोशल मीडिया सेंसेशन

भुवन बाम प्रमुख किरदार निभा रहे हैं। उनके साथ ही श्रिया पिलगांवकर, महेश मांजरेकर, देवेन भोजानी, शिल्पा शुक्ला, प्रथमेश परब, नित्या माथुर व कई अन्य जाने-माने कलाकार भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आयेंगे।

गौरव बनर्जी, हेड-कंटेंट, डिज़्नी+ हॉटस्टार एवं एचएसएम एन्टरटेनमेंट नेटवर्क, डिज़्नी स्टार ने कहा, ताज़ा खबर सीजन 1' की बेमिसाल कामयाबी शानदार मनोरंजन पेश करने की डिज़्नी+हॉटस्टार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। भुवन बाम की प्रमुख भूमिका से सजी इस सीरीज ने दुनिया भर के प्रशंसकों के मन में जिज्ञासा जगा दी थी। ताज़ा खबर सीजन 2 की घोषणा करते हुये हमें बेहद खुशी हो रही है, जो दर्शकों को वास्या की दुनिया के एक दिलचस्प सफर पर लेकर जायेगा।''

मशहूर कंटेंट क्रिएटर और ऐक्टर भुवन बाम ने कहा, ''ताज़ा खबर सीजन 1' को सभी का प्यार और तारीफ मिली थी और मैं इसके लिये अपने प्रशंसकों का बहुत शुक्रगुजार हूं। वास्या का किरदार मेरे दिल के बेहद करीब है और कई स्तरों पर मैं उससे मेल खाता हूं। उसके सफर ने मुझे उसकी मानसिकता में गहराई से उतरने और उसके किरदार को और भी ज्यादा समझने के लिये प्रेरित किया।

'ताज़ा खबर सीजन 2' के लिये वास्या के किरदार में फिर से आना एक सीखने वाला अनुभव है और मैं इस किरदार की बारीकियों को और भी ज्यादा एक्सप्लोर करने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। एक कॉन्सेप्ट के रूप में, शो के साथ दर्शकों का जुड़ाव रहा है और इसके साथ अपना डेब्यू करके मैं बहुत खुश हूं।

सैमसंग भारत में 17 अप्रैल को एआई टीवी की नई रेंज लॉन्च करेगा

गुरुग्राम। सैमसंग, भारत का सबसे बड़ा कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, 17 अप्रैल 2024 को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से पावर्ड

शक्तिशाली

> **सैमसंग का नया नियो क्यूएलईडी 8K टीवी शानदार ऑडियो और शक्तिशाली ऑडियो फीचर्स के साथ देखने का जबर्दस्त अनुभव देता है।**

टेलीविज़न की अपनी नई रेंज लॉन्च करने के लिए तैयार है ।

एआई टेलीविज़न का आगामी लॉन्च इस साल की शुरुआत में सैमसंग की बड़ी एआई-संबंधित घोषणाओं के बाद हुआ है। सैमसंग ने जनवरी में गैलेक्सी S24 सीरीज़ के साथ अपने स्मार्टफोन के लिए गैलेक्सी एआई और इस हफ्ते की शुरुआत में अपने घरेलू उपकरणों के लिए बीस्पोक एआई लॉन्च किया था।

सैमसंग की नियो क्यूएलईडी 8K सीरीज, नियोस् क्यूएलईडी 4K सीरीज और ओएलईडी सीरीज इस साल एआई द्वारा पावर्ड होने की संभावना है।

भारत में सैमसंग ने एआई टीवी की नई रेंज खरीदने में रुचि रखने वाले उपभोक्ताओं से प्री-ऑर्डर लेना भी शुरू कर दिया है। उपभोक्ता Samsung.com और सैमसंग शॉप ऐप पर 5000 रुपये का भुगतान करके सैमसंग के नए एआई टीवी की पहले से बुकिंग करा सकते हैं। जो ग्राहक सैमसंग के नए एआई-पावर्ड टीवी का प्री-ऑर्डर करते हैं, उन्हें अपनी खरीदारी पर अर्ली एक्सेस स्पेशल ऑफर्स मिलेंगे।

नियो क्यूएलईडी 8K सीरीज (75 इंच और उससे ऊपर) का पहले से ऑर्डर करने वाले उपभोक्ता अपनी खरीद पर 15000 रुपये का लाभ प्राप्त कर सकते हैं, जबकि नियो क्यूएलईडी 4K और ओएलईडी सीरीज का प्री-ऑर्डर करने वाले उपभोक्ताओं को अपनी खरीद पर 10000 रुपये का लाभ मिलेगा।

सैमसंग का नया नियो क्यूएलईडी 8K टीवी शानदार ऑडियो और शक्तिशाली ऑडियो फीचर्स के साथ देखने का जबर्दस्त अनुभव देता है। इससे ग्राहकों को बेहतर व्यक्तिगत अनुभव मिलता है, बिजली की बचत होती है और इसमें कई नए फीचर्स भी हैं।

सिंगापुर टूरिज्म बोर्ड और फोनपे ने सिंगापुर आने वाले भारतीयों के लिए यूपीआई पेमेंट को बढ़ावा देने के लिए दो साल की साझेदारी की

लखनऊ। सिंगापुर टूरिज्म बोर्ड और फोनपे ने दो साल के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह सहयोग भारत और सिंगापुर के बीच मौजूदा यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) लिंकेज पर आधारित है जो ग्राहकों को अपने मौजूदा भारतीय बैंक खातों से सीधे दोनों देशों के बीच सीमा पार लेनदेन करने की सुविधा देता है।इस साझेदारी के तहत, एसटीबी और फोनपे प्रमुख पर्यटन स्थलों को प्रोमोट करने और यहां यूपीआई के जरिए सुचारू पेमेंट सुविधा देने के लिए भारत और सिंगापुर में मार्केटिंग के लिए मिलकर निवेश करेंगे।फोनपे प्राइवेट लिमिटेड के इंटरनेशनल बिजनेस, फोनपे के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, रितेश पई ने कहा सिंगापुर अपनी अनूठी पेशकशों के साथ एक डायनैमिक डेस्टिनेशन है जिसे भारतीय यात्रियों के बीच काफी लोकप्रियता हासिल की है। स्ञ्जक्क के साथ साझेदारी से फोनपे यूजर्स के लिए लेनदेन में आसानी होगी। ये अब इस आइलैंड सिटी का दौरा करते समय क्यूआर कोड को स्कैन करके सीधे अपने मौजूदा बैंक खाते से पेमेंट कर सकते हैं।

मिआ बाय तनिष्क की ईद की सौगात, आकर्षक ऑफर्स का लाभ उठाकर खुशियों को चारचांद लगाइए

यादगार उपहार देने की खुशी को दुगुना करेंगी मिआ बाय तनिष्क की रोमांचक ऑफर्स

भारत के सबसे ट्रेंडी मूल्यवान फ़ाईन ज्वेलरी ब्रांड्स में से एक, मिआ बाय तनिष्क ने अपने उपभोक्ताओं के लिए ईद की सौगात के रूप में पेश की हैं आकर्षक ऑफर्स। 15000* रूपए और उससे अधिक के हीरों के आभूषणों की खरीदारी पर मेकिंग चार्जेस पर फ्लैट 50त्न* डिस्काउंट मिलेगा। 14 अप्रैल 2024 तक इस रोमांचक ऑफर का लाभ उठाया जा सकता है। मिआ स्टोर्स आज की महिलाओं की पसंद और ज़रूरतों के अनुरूप कलेक्शन्स और डिज़ाइन की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करते हैं। ईद के मौके पर उपहार देने और लेने की परंपरा को मद्देनज़र रखते हुए मिआ ने ईद गिफ्टिंग के लिए अनूठे डिज़ाइन के विशेष ज्वेलरी कलेक्शन प्रस्तुत किए हैं। इस साल ईद पर हमारे अनूठे कलेक्शन्स में परंपरा और आधुनिकता के खूबसूरत मिलाप और समृद्धि का अनुभव करें। इन कलेक्शन्स में हर एक आभूषण त्योहार का सार दर्शाता है। अपने लिए और अपने प्रियजनों के लिए ईद को यादगार बनाइए, मिआ के साथ खुशियों और समृद्धि को घर ले आइए। इस त्यौहार के लिए मिआ बाय तनिष्क अलग-अलग पसंद और ज़रूरतों के लिए अनुरूप विशाल कलेक्शन्स लेकर आए है। क्वर्की से लेकर क्लासी तक और एलिगेंट से लेकर चिक तक हर प्रकार के आभूषण इसमें हैं। 14 कैरेट सोने में बने यह डिज़ाइन रंगीन स्टोन्स, चमकीले सोने, हीरे और चांदी से सजाए गए हैं। अपने जीवनसाथी के लिए बेहतरीन उपहार ढूंढ रहे है तो यहां आपको मिलेगी आपकी सबसे अच्छी चॉइस। ईद के पाक मौके पर नयी शुरूआत करें, अपने भीतर के सितारे का सम्मान करें। मिआ में हर किसी की पसंद पूरी होगी।

रमादान के पवित्र महीने के बाद ईद की खुशियां मनाइए, मिआ के ट्रेंडी और अनूठे आभूषण अपने प्रियजनों को उपहार में देकर ईद को हमेशा के लिए यादगार बनाइए।

कुशीनगर लोकसभा क्षेत्र से दरकती गई सपा की सियासी जमीन

शकील अहमद

कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)। कुशीनगर लोकसभा में सपा की सियासी जमीन धीरे-धीरे दरकती गई। स्थिति यहां तक पहुंच गई कि शुरू के तीन चुनावों में कांटे का टक्कर देने वाली सपा के उम्मीदवार अंतिम के तीन चुनावों में अपनी जमानत तक नहीं बचा पाए थे। यह वही क्षेत्र है जहां से गन्ना व किसान आंदोलन को लेकर सपा को प्रदेश में बड़ा राजनीतिक आधार मिला था। अब एक फिर से गठबंधन के सहारे सपा अपनी खोई सियासी जमीन पाने की पुरजोर कोशिश करेगी। हालांकि, सपा अभी यहां अपने प्रत्याशी की घोषणा नहीं कर सकी है।

पहली बार 1996 में कुशीनगर लोकसभा से दम ठोका

गठन के बाद सपा ने पहली बार 1996 में कुशीनगर लोकसभा से दम ठोका और एमवाई (मुस्लिम यादव) फैक्टर के तहत कासिम अली को चुनाव मैदान में उतारा। जोरदार टक्कर भी देखने को मिली और सपा प्रत्याशी 25.42 प्रतिशत मतों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। भाजपा के रामनगीना मिश्र ने 33.23 प्रतिशत मत पाकर जीत दर्ज की थी। 1998 के चुनाव में सपा ने अपना उम्मीदवार बदला तो उसका मत प्रतिशत भी बढ़ा। सपा ने मैदान में उतरे बालेश्वर यादव को इस चुनाव में 30.73 प्रतिशत मत मिला और दूसरे स्थान रहे। हार के बाद भी पिछली बार की तुलना में सपा का 5.31 प्रतिशत मत बढ़ा। ठीक एक साल बाद 1999 के हुए चुनाव में भी सपा दूसरे स्थान पर रही और इस बार मतों का

अब गठबंधन के सहारे खाता खोलने की कोशिश

प्रतिशत घटकर 24.44 प्रतिशत हो गया और यहीं से सपा की सियासी जमीन भी दरकनी शुरू हो गई। 2004 के चुनाव में सपा 8.4 प्रतिशत मतों के साथ पांचवे स्थान पर आ गई और सपा प्रत्याशी की जमानत तक जब्त हो गई। 2009 में सपा का मत प्रतिशत फिर से घटा और 3.84 प्रतिशत तक पहुंच गया और फिर से जमानत न बच सकी। 2014 के चुनाव में सपा को 6.62 प्रतिशत मत मिला और फिर से सपा प्रत्याशी की जमानत जब्त हो गई। इसके बाद 2019 का चुनाव में बसपा से हुए गठबंधन ने सपा को पुरानी सियासी जमीन की ओर ले जाने का कार्य जरूर किया और मत प्रतिशत बढ़कर 24.63 प्रतिशत हो गया। यह और बात है कि मोदी लहर में भाजपा प्रत्याशी विजय कुमार दूबे को 56.68 प्रतिशत मत मिला और हार-जीत का फासला काफी बड़ा रहा। इस बार कांग्रेस सहित अन्य दलों के गठबंधन करने वाली सपा अपनी खोई पुरानी खोई सियासी जमीन पाने के साथ ही चुनाव में टक्कर देने की कोशिश करेगी।

शार्ट सर्किट से 70 एकड़ गेहूं की फसल खाक आक्रोशित ग्रामीणों का प्रदर्शन

गोरखपुर। हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के सिसवा, लटकना सिवान में बिजली के शार्ट सर्किट से आग लगने से करीब 70 एकड़ गेहूं की फसल जल कर खाक हो गया। दिन में 10 बजे के करीब तेज हवा से बिजली के तार टकराने से निकली चिंगारी सिवान के गेहूं की फसल से आग की लपटे उठती देख ग्रामीण दौड़े और अपने अपने प्रयास से आग बुझाने की कोशिश करने लगे। आगजनी की जानकारी मिलने पर एसओ विशाल उपाध्याय अपने हमराहियो के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। और कुछ ही देर में दमकल की गाड़ी भी पहुंच गई। और काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस दौरान राजनाथ, राजकरण, विक्रांत, दयानंद, लेखपाल, शंकर, रवि तिवारी, जयराम, बृजलाल, विभूति, विश्वनाथ, प्रेमचंद, हरीराम, रामरूप राम सागर, टिंकू मिश्र, विवेक सिंह सहित दर्जनों किसानो की फसल जल कर खाक हो गया। बिजली के लटकते तारो से हुई आगजनी को लेकर आक्रोशित किसानो ने प्रदर्शन किया।

दहेज में 11 पौधा लेने के साथ संविधान को साक्षी मानकर शादी कर प्रेरणा बने प्रदीप

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। दहेज नहीं दे पाने पर लड़कियों की शादी टूटने की बातें आए दिन सुनने को मिलती हैं। ऐसे माहौल में एक युवक ने अनोखी मिसाल पेश की है। बिहार देवीपुर निवासी बैंक में कैसियर पर तैनात युवक शादी में 11 पौधा लेकर व संविधान को साक्षी मानकर एक लड़की से शादी कर अन्य लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गया। यह शादी क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी है।

बिहार के देवीपुर निवासी फेकू चौधरी का पुत्र प्रदीप एक बैंक मै कैसियर पद पर तैनात है।प्रदीप की शादी के लिए अच्छे दान दहेज देने वाले लोग आए लेकिन उसने इसका विरोध किया। बीतो दिनो प्रदीप ने विशुनपुरा ब्लाक के सूरजनगर बाजार के एक मैटेरियल व्यावसायी सुरेंद्र चौधरी की पुत्री जानकी से अपनी शादी मे दहेज के रुप मे पीपल, नीम सहित अन्य प्रजाति के 11 पौधों पर तय की।रविवार रात को प्रदीप की शादी देश के संविधान पुस्तक व डा.भीमराव अम्बेडकर चित्र को साक्षी मानकर जानकी से संपन्न हुई और दहेज में उन्हें ससुरालीजनों ने पीपल, नीम, आम, बरगद, आशोक, क्रिसमस सहित 11 प्रजाति का पौधों को दिया। क्षेत्र में प्रदीप की शादी चर्चा की विषय बनी है। प्रदीप ने बताया कि आज दहेज के चलते तमाम लोग गर्भ में ही कन्या भ्रूण की हत्या कर देते हैं। अगर दहेज के दानव को समाप्त कर दिया जाए तो यह सामाजिक बुराई अपने आप समाप्त हो जाएगी। बताया कि जब ससुराल पक्ष से उन्होंने पीपल व नीम सहित 11 पौधा देने की बात कही थी। बताया कि पीपल और नीम का वृक्ष ऐसा है जो सबसे ज्यादा ऑक्सीजन देता है और वातावरण को शुद्ध करता है। अगर हमारा वातावरण शुद्ध होगा तो हम आने वाली पीढ़ी के लिए शुद्ध वातावरण देकर स्वस्थ समाज की स्थापना करने में सक्षम होंगे। कहा कि वे प्रतिवर्ष शादी की सालगिरह पर चाहे जहां रहेंगे पीपल व नीम का पौधा रोपकर अपने मित्रों और सहयोगियों से भी दहेज प्रथा को समाप्त करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। शादी कार्यक्रमपी मे भव्य जागरण कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ जो आकर्षक रहा। इस दौरान लडकी पिता सुरेंद्र चौधरी, लडका पिता फेकू, मारकंडेय, सुन्नद, रविंद्र शर्मा, रमायन, अभिनाष, भोला, बैजनाथ, मनोज, दीनानाथ आदि उपस्थित रहे।

राजकीय महाविद्यालय में फेयरवेल पार्टी का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। स्थानीय दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को बीए तृतीय वर्ष के छठें सेमेस्टर के छात्र- छात्राओं की फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. तरन्नुम बानो ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि समयबद्धता, अनुशासन, निष्ठा व समर्पण आदि सदुण जीवन में सफलता हेतु अत्यंत ही आवश्यक हैं। प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में अपना एक लक्ष्य अवश्य ही निर्धारित करना चाहिए। इससे पूर्व प्राचार्या ने सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन कर किया। द्वितीय सेमेस्टर की छात्राओं नंदिनी सिंह, लक्ष्मी सिंह ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुति की गयी। कार्यक्रम का संचालन बीए चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं प्रिया यादव एवं रंजू यादव तथा धन्यवाद ज्ञापन अंशिका यादव ने किया। इस अवसर पर डॉ. दीपक सोनी, डॉ. करुणेश त्रिपाठी, अमित गोयल, पवन कुमार, मनीषा, ममता, डॉ. अंकिता गोयल, डॉ. रजनी गुप्ता, अर्पिता त्रिपाठी, गायत्री पाण्डेय, शालिनी त्रिपाठी खुशबू चतुर्वेदी, अंकिता सिंह, प्रज्ञा, सोनम शर्मा, महावीर, समीर अंसारी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

नकली स्टांप मामले में कुशीनगर के तीन वेंडरों का नाम

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। गोरखपुर में नकली स्टांप गिरोह का पर्दाफाश होने के बाद जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। कुशीनगर के तीनों आरोपियों से तालुकात रखने वालों का कनेक्शन पुलिस खंगाल रही है। प्रशासन ने स्टांप वेंडरों को रजिस्टर जमा करने का नोटिस जारी किया है। इस खेल में शामिल तीनों आरोपी जिला मुख्यालय पर बैठकर नकली स्टांप का खेल करते थे। रजिस्टर में दर्ज स्टांप और शुल्क का मिलान के दौरान कई और वेंडर भी जांच के घेरे में आ सकते हैं। रजिस्टर जमा कराने के आदेश के बाद स्टांप वेंडरों में खलबली मची है। रजिस्टर नहीं जमा करने वाले स्टांप वेंडरों का लाइसेंस निरस्त कर केस दर्ज कराया जाएगा।

अभी हाल ही में कुछ दिन पहले गोरखपुर पुलिस ने नकली स्टांप बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया था। इसमें कुशीनगर के तीन स्टांप वेंडर भी शामिल हैं। एक स्टांप वेंडर के पकड़े जाने के बाद ही गिरोह के मुख्य

तीनों आरोपियों का जुड़ा है कनेक्शन, रजिस्टर खंगाल रही पुलिस

सरगना तक पुलिस पहुंची थी। तीनों वेंडर कुशीनगर जिला मुख्यालय पर बैठते थे और यहीं से नकली स्टांप का खेल करते थे। चूंकि, ऑनलाइन प्रक्रिया की बजाय मैनुअल तरीके से किसी क्लेम में लगने वाले नकली स्टांप को जिम्मेदार भी नहीं पकड़ पाते थे। इस वजह से यह खेल कई वर्षों से कुशीनगर जिले में भी चल रहा था। जब कुशीनगर के तीन वेंडरों का नाम नकली स्टांप बनाने वाले गिरोह से जुड़ा तो यहां के जिम्मेदार भी इसकी जांच में जुट गए हैं। जिले के स्टांप वेंडरों का रजिस्टर जमा करने के लिए आदेश जारी किया गया है। रजिस्टर जमा होने के बाद स्टांप की बिक्री और शुल्क मिलान किया जाएगा। इस जांच के बाद कई और वेंडरों का नाम भी सामने आ सकता है। वहीं, सूत्रों का कहना है कि नकली स्टांप गिरोह का पर्दाफाश होने के बाद कार्रवाई की डर से कुछ स्टांप वेंडर मुख्यालय आना ही छोड़ दिए हैं।

> सभी स्टांप वेंडरों को रजिस्टर जमा करने के लिए नोटिस जारी किया गया है। स्टांप की खरीद, बिक्री करने की जांच कराई जा रही है। पुराने स्टांप का भी मिलान किया जा रहा है। जमीन बैनामा में लगे स्टांपों की जांच के भी आदेश दिए गए हैं। प्रशासनिक स्तर से इसकी जांच कराई जा रही है।
>
> **वैभव मिश्र, एडीएम प्रशासन**

> जिले के तीन स्टांप वेंडर नकली स्टांप बेचने के धंधे में शामिल थे। गोरखपुर पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार किया है। गोरखपुर पुलिस ही इसकी जांच कर रही है। जांच में स्थानीय पुलिस मदद कर रही है। स्टांप वेंडरों से जुड़े लोगों के बारे में जांच टीम पता लगा रही है।
>
> **धवल जायसवाल एसपी**

वर्षों से चल रहा था धंधा

नकली स्टांप गिरोह में पकड़े गए कसया थाना क्षेत्र के जानकी नगर निवासी ऐश मोहम्मद, पडरौना कोतवाली क्षेत्र के सिरसिया दीक्षित निवासी रविंद्र दीक्षित व जंगल बकुलहां के नंदू उर्फ नंदलाल जिला मुख्यालय पर वर्षों से स्टांप बेचते थे। सूत्रों का कहना है कि कई वर्ष से ये नकली स्टांप की सप्लाई करते थे, लेकिन मिलनसार स्वभाव होने के कारण इन पर किसी ने शक नहीं किया। अब जब गिरोह में इनके शामिल होने की जानकारी अन्य वेंडरों को हुई तो वे भी कार्रवाई से डरने लगे हैं। रसीदी टिकट भी नकली बेचने की चर्चा है। सूत्रों की मानें तो रसीदी टिकट के बार कोड का फोटो मोबाइल में खींचकर सिवान से प्रिंट कराकर लाकर जिले में बेचते हैं। इसकी भी जांच कराई जाए तो कई स्टांप वेंडरों की गर्दन फंस।

खेल से व्यक्ति का होता है सर्वांगीण विकास

अमेठी अवधनामा संवाददाता। नगर स्थित चाणक्यपुरी मोहल्ले में प्रीमियर लीग प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रविवार की शाम ब्लैक आर्मी और रेड आर्मी के बीच खेला गया। प्रतियोगिता में पहले बल्लेबाजी करते हुए ब्लैक आर्मी की टीम ने 48 रन बनाए। जवाब में उतरी रेड आर्मी की टीम महज 28 रन पर सिमट गई। इस प्रकार ब्लैक आर्मी प्रतियोगिता की विजेता हुई। साधना फाउंडेशन की सचिव साधना त्रिपाठी ने विजई प्रतिभागियों को सील्ड और मेडल देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए पराजित हुए प्रतिद्वंद्वी को अगले मैच के लिए फिर से तैयारी करना चाहिए निराश नहीं होना चाहिए। खेल से व्यक्ति के जीवन का सर्वांगीण विकास होता है। प्रतियोगिता में अंडर 14 खिलाड़ियों में प्रिंस अग्रहरि अमर गुप्ता आदित्य विश्वकर्मा अमरेंद्र सिंह अनुभव दीप कृष्ण अग्रहरि रौनक अग्रहरि सक्षम कसौंधन अभी मोदनवाल आदित्य अग्रहरि आदर्श अग्रहरि रूद्र अग्रहरि मनन अग्रवाल का उत्साहवर्धन करने के लिए मोहल्ले के डॉ धनंजय सिंह धर्मेंद्र सिंह श्रीनाथ मनोज अग्रहरि आदि लोग मौजूद रहे।

रमजान में बरसती है खुदा की रहमत

अमेठी अवधनामा संवाददाता। रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन करने से कई गुना शबाब होता है। नेकी और बरकत के रमजान माह में खुदा की रहमत बरसती है ।इस माह में रोजा इफ्तार का बहुत बड़ा महत्व है ।नगर के जामा मस्जिद परिसर में रविवार को रजा मुस्लिम दलित जन कल्याण सोसायटी के तत्वावधान में रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया ।जिसमें बड़ी संख्या में रोजेदार शामिल हुए। संगठन के अध्यक्ष व जामा मस्जिद के सेक्रेटरी मोहम्मद लईक हवारी ने बताया कि रमजान की 27 वी तारीख को संगठन द्वारा एक लंबे समय से रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस रोजा इफ्तार कार्यक्रम में रोजेदारो के अलावा गैर मुस्लिम समुदाय के लोग भी शामिल हुए ।इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री डा संजय सिंह अखंड प्रताप सिंह हरीश सिंह मकदूम बाबू खान वसीम राइन सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

डायट प्रशिक्षुओ ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

रामपुर कारखाना, देवरिया। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रामपुर कारखाना देवरिया द्वारा सुव्यस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को प्रशिक्षण संस्थान के देवरहा बाबा सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डायट देवरिया के प्राचार्य/उप शिक्षा निदेशक अनिल कुमार सिंह एवं वरिष्ठ प्रवक्ता अमित कुमार सिंह द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डायट देवरिया के प्राचार्य/उप शिक्षा निदेशक ने कहा कि जब तक वोटर जागरूक नहीं होगा तब तक हम एक विकसित राष्ट्र का निर्माण नही कर पाएंगे। हम सभी मिल जुलकर अपने ज़िले के वोट प्रतिशतता को प्रचार प्रसार के माध्यम से आमजन को जागरूक कर मतदान स्थल तक आने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। वरिष्ठ प्रवक्ता अमित कुमार सिंह ने डायट देवरिया के प्रशिक्षुओ की प्रशंशा करते हुए कहा कि आपने अपने नुक्कड़ नाटक और लोकगीत के माध्यम से सराहनीय कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

परिषदीय विद्यालयों में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत चलाया गया नामांकन अभियान

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव के निर्देश के क्रम में परिषदीय विद्यालयों में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत नामांकन अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत समस्त अध्यापक, शिक्षामित्र, अनुदेशक अपने ग्राम सभाओं में जाकर अभिभावकों से संपर्क किया और परिषदीय विद्यालयों में बच्चों के नामांकन हेतु अनुरोध किया। प्रातः 8 बजे अध्यापक क्षेत्र में जाकर अभिभावकों से बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत चलने वाली विभिन्न योजनाओं की जानकारी दिए। विकासखंड देवरिया सदर में खण्ड शिक्षा अधिकारी देव मुनि वर्मा के नेतृत्व में नामांकन अभियान चलाया गया जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी स्वयं भ्रमणशील रहकर संविलयन विद्यालय देवपुर, प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय खोराराम, प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय अगस्तपार में स्कूल चलो अभियान का अनुश्रवण किए। खण्ड शिक्षा अधिकारी देवरिया सदर देव मुनि वर्मा ने बताया कि हमारे परिषदीय विद्यालयों में कायाकल्प के अंतर्गत बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हैं जिससे बच्चे का सर्वांगीण विकास हो रहा है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव ने संविलयन विद्यालय शंकर नगर मझौलीराज, विकासखंड सलेमपुर के अंतर्गत स्कूल चलो अभियान की रैली को संबोधित किया है तथा परिषदीय विद्यालयों के बच्चों के अभिभावकों से संपर्क किया। खंड शिक्षा अधिकारी देसही देवरिया पंकज सिंह विकासखंड देसही देवरिया के विभिन्न ग्राम सभा में भ्रमणशील रहकर अध्यापकों के साथ नामांकन अभियान में प्रतिभाग किया। इसी प्रकार खण्ड शिक्षा अधिकारी बरहज एवं रुद्रपुर राज किशोर सिंह के द्वारा विभिन्न परिषदीय विद्यालयों में नामांकन हेतु अभियान चलाया गया। खंड शिक्षा अधिकारी भटनी राजेश कुमार यादव के नेतृत्व में विकासखंड भटनी के विभिन्न विद्यालयों में नामांकन अभियान चलाया एवं अभिभावकों को प्रेरित किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि यह अभियान बच्चों को विद्यालयों से जोड़ने में सहायता करेगा और इस प्रकार के अभियान वर्तमान में अप्रैल के अन्य दिवसों में भी संचालित किया जाएगा।

श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से जीव का होता है कल्याण

अमेठी अवधनामा संवाददाता। मुक्ति दान की सिंह गर्जना है श्रीमद्भागवत पुराण कथा। श्रीमद्भागवत वेदों का भाष्य है। श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण करने से जीवन में बदलाव से ही मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। उक्त बातें स्वामी परमहंस आश्रम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में अंतर्राष्ट्रीय भागवत मर्मज्ञ डा श्याम सुंदर पाराशर जी ने कही। टीकरमाफी स्थित स्वामी परमहंस आश्रम में चल रही कथा में कथा वाचक डा पाराशर ने बताया की प्रारब्ध में नही है तो नही मिलेगा। ये भ्रम है कि पुत्र होगा तो कल्याण होगा। जिंदगी में सुख चाहते हो तो भगवद भजन ही सही मार्ग है। कथा में किस्से और कहानियों को सुनाकर श्रोताओं को समझाने का प्रयास किया। धुंधकारी व गोकर्ण की कथा को सुनाकर समझाया। बताया कि एक कुख्यात तो दूसरा विख्यात हुआ। बेटा न हो तो कष्ट अगर है और कुपुत्र हुआ तो संसार के सभी दुख तकलीफ उसी पिता के पास। गोकर्ण ने गीता का ज्ञान बताया। बसुधैव कुटुम्बकम होना चाहिए देह से मोह नहीं होना चाहिए। दूसरे के दुर्गुण पर ध्यान नहीं देना चाहिए। उन्होंने बताया कि ममता ही कष्ट का कारण है। कपट रूपी माया का जाल सच्चिदानंद स्वरुप का दर्शन मात्र से स्वतः नष्ट हो जाता है। कथा व्यास ने प्रभु श्रीराम के अवतार के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अयोध्या के ऐश्वर्या को देखकर देवता भी प्रभावित होते हैं लेकिन प्रभु श्रीराम ने उसे भी त्याग दिया।

विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

गौरीगंज (अमेठी) अवधनामा संवाददाता। जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिला अधिकारी निशा अनंत और मुख्य विकास अधिकारी प्रभारी अधिकारी स्वीप सूरज पटेल के निर्देशन में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र की उपनिदेशक डॉ आराधना राज के निर्देश पर विकासखंड तिलोई के सत्य साई इंटर कॉलेज शंकरगंज में मेहंदी प्रतियोगिता रंगोली प्रतियोगिता चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम सृष्टि सिंह द्वितीय माही मिश्रा तृतीय स्थान सोनम सिंह ने प्राप्त किया। चित्रकला में प्रथम आदित्य साहू द्वितीय दीपांशी तृतीय फिजा ने प्राप्त किया रंगोली में प्रथम स्थान चांदनी के ग्रुप ने व द्वितीय स्थान प्रज्ञा पांडेय के ग्रुप ने प्राप्त किया सभी प्रतिभागियों को कॉलेज प्रबंधक अजय कुमार सिंह व जिला संयोजक एनवाईके राघवेंद्र प्रताप सिंह ने मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। वही मोहनगंज के जागेश्वर मेमोरियल एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में चित्रकला व निबन्ध प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को भी मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सभी युवाओं को पम्पलेट देकर 20 मई को अमेठी में होने वाले मतदान के लिए घर घर जाकर लोगों को जागरूक करने व अपने अपने गाँव मे सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर युवा मंडल अध्यक्ष रॉबिन सिंह शिवम तिवारी एनवाईवी आशीष सिंह महिला मण्डल अध्यक्ष श्रद्धा सिंह प्रधानाचार्य अमर कुमार श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

ईद उल फितर के मद्देनजर नामित किए गए मजिस्ट्रेट

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने ईद उल फितर दिनांक 11 अप्रैल को चंद्रदर्शन के अनुसार मनाए जाने के दृष्टिगत उक्त त्योहार पर विशेष सतर्कता बरतते हुए शांति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु 11 अप्रैल के लिए पर्यवेक्षक अधिकारी, सुपर जोनल मजिस्ट्रेट/जोनल मजिस्ट्रेट तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट, नगर निकाय क्षेत्रवार/तहसील/पुलिस चौकीवार नियुक्त किए हैं। जिलाधिकारी ने तहसील क्षेत्र कसया, सम्पूर्ण नगर क्षेत्र कसया, नगर क्षेत्र फाजिलनगर, सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र तमकुहीराज, व नगर क्षेत्र तमकुही, दुदही व सेवरही,सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र हाटा, पडरौना, संपूर्ण नगर क्षेत्र सुकरौली, मथौली, हेतु पर्यवेक्षक अधिकारी के रूप में वरून सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी, को नामित किया है। इसी प्रकार संपूर्ण तहसील व नगर क्षेत्र पड़रौना, सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र कप्तानगंज, नगर क्षेत्र कप्तानगंज, सम्पूर्ण नगर क्षेत्र रामकोला, सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र खड्डा, नगर क्षेत्र छितौनी, हेतु पर्यवेक्षक अधिकारी के रूप में अनिल कुमार डिप्टी कलेक्टर को पर्यवेक्षक अधिकारी नामित किया गया है। सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में 19 अधिकारियों को नामित किया गया है जिसके अंतर्गत ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कसया, उप जिलाधिकारीगण तहसीलवार व अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी नामित किए हैं। जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में कुल 13 अधिकारियों को नामित किया है, जिसके अंतर्गत तहसीलदार सहित जनपद स्तरीय अधिकारियों को नामित किया गया है। जिलाधिकारी ने इसके अलावे 37 सेक्टर मजिस्ट्रेट को पुलिस चौकी वार, कस्बा चौकी वार, प्रमुख चौक वाइज नामित किए हैं जो जनपद स्तरीय/विकास खण्ड स्तरीय अधिकारी हैं। रिजर्व में 03 जोनल व 05 सेक्टर मजिस्ट्रेट भी नामित किए है।

कंट्रोल रूम स्थापित

जिलाधिकारी ने बताया कि इसके लिए कलेक्ट्रेट में एक कंट्रोल रूम भी बनाया गया है जिसका न. 05564-240590 है, कंट्रोल रूम के प्रभारी विनय कुमार जिला प्रोबेशन अधिकारी मो.न. 7518024041 व आलोक प्रियदर्शी जिला पंचायत राज अधिकारी मो.न. 7834948507 को बनाया गया है जो अपने अपने स्टाफ के साथ कंट्रोल रूम में उपस्थित रहेंगे तथा प्रत्येक अधिकारियों को फोन कर उनकी लोकेशन प्राप्त कर अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराएंगे।

इफ्तार पार्टी में अमन व शांति के लिए रोजेदारों ने मांगी दुआ

मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता। विकास खंड मोतीचक के ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर पंचायत भवन पर प्रधान अकमल हुसैन द्वारा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया जिसमें रोजेदारों समेत सभी वर्गो के लोग शरीक हुए। इस मौके पर रोजेदारों ने सबकी सलामती व अमन चैन की दुआ मांगी। हर वर्ष की तरह इस बार भी प्रधान अकमल हुसैन द्वारा इफ्तार पार्टी का आयोजन कराया गया जिसमें ग्राम सभा के सभी सदस्यों व सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। इस मौके पर प्रधान अकमल हुसैन ने कहा कि माह ए रमजान एकता व भाईचारगी की सीख देता है। हमें मिल जुलकर त्योहार मनाना चाहिए और हर धर्म का सम्मान करना चाहिए। कहा कि इफ्तार से आपसी मोहब्बत और भाईचारा का माहौल बनता है। इस तरह के कार्यक्रम समय-समय पर होते रहने चाहिए। प्रधान प्रतिनिधि डॉ जमीरुद्दीन ने कहा कि रमजान का महीना पाक महीना है। सब लोग आने वाले त्योहार ईद को मिल जुल के मनाएं। साथ आने वाले नवरात्र का भी अस्तकबाल करें। इस दौरान तमाम लोगों में अंगवस्त्र भी वितरण किया गया। इस मौके पर इस्तेयाक अहमद, जुबैर अहमद, नन्हे खान, रामज्ञान प्रसाद, टिहुल, अलीराजा, फूल मुहम्मद, अल्फाज, नन्हे खान, मुन्ना, गुफरान अहमद, मुजीब, छत्रर प्रजापति, तमन्ना, पूर्व प्रधान भोला प्रसाद, धर्मेंद्र, एकरम, एहसान सिद्दीकी, इंताफ अंसारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

मंगल ने जलाई थी क्रांति की मिशाल : पवन मिश्र

देवरिया। भाजपा किसान मोर्चा देवरिया नगर मण्डल द्वारा शहीद मंगल पांडेय के बलिदान दिवस पर किसान मोर्चा कार्यकर्ताओ ने चकियवा चौराहा पर आयोजित कार्यक्रम में उनके चित्र पर पुष्पांजलि कर उनके शहादत को नमन किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि मंगल पांडेय भारत के ऐसे वीर सपूत थे, जिन्होंने ये एहसास दिलाया कि अगर हम चाहे तो कुछ भी असम्भव नही है, देश की आजादी में अंग्रेजो के खिलाफ पहली बार मंगल पांडेय ने क्रांति की मशाल जलाया और उन्ही के बदौलत आजादी की लड़ाई ने रफ्तार पकड़ी और हम आजाद हुए। उन्होंने कहा कि 1857 के संग्राम में मंगल पांडेय और उनके साथियों का बगावत में अहम रोल था, अंग्रेजो ने मंगल पांडेय के बगावत के कारण उन्हें फांसी की सजा दे दी। नगर अध्यक्ष किसान मोर्चा अरुण कुमार ने सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि शहीद मंगल पांडेय का बलिदान देश की युवा पीढ़ी के लिये प्रेरणा है।

स्मार्ट क्लास से बच्चो का सर्वागीण विकास होगा

गोरखपुर अवधनामा संवाददाता। स्मार्ट क्लास से बच्चो का सर्वागीण विकास होगा। बच्चे आधुनिकता की दौड़ में कदमताल कर सकेगे। उनका पढ़ाई में मन लगने के साथ शैक्षिक गुणवत्ता में अधिक सुधार होगा। उक्त बातें बीईओ सहजनवा रजनीश कुमार द्विवेदी ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरपुर बुदहट में स्मार्ट क्लास के उद्घाटन के दौरान बतौर मुख्य अतिथि लोगो को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम के दौरान पीटीएम का आयोजन किया गया। तथा विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मुख्य अतिथि द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही कक्षा 8 उत्तीर्ण हो चुके बच्चो को विदाई भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षा समिति अध्यक्ष राम नवरत्न संचालन प्रतिमा निगम ने किया। इस दौरान प्रधान मदन मुरारी, प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष महेश कुमार शुक्ल, क्षेत्र पंचायत सदस्य नागेंद्र प्रसाद, संध्या भारती, विंदू भारती, अनुराधा सिंह, सुशीला सिंह सहित अनेक लोग मौजूद थे।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने सीडीओ से की वार्ता

अवधनामा संवाददाता

कार्मिकों की समस्याओं से सम्बंधित प्रार्थना पत्र का परीक्षण करा निराकरण का मिला आश्वासन

बहराइच। जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 ड्यूटी में लगाये गये कार्मिको की समस्याओं के निराकरण हेतु प्रभारी अधिकारी निर्वाचन कार्मिक (मुख्य विकास अधिकारी) से राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बहराइच प्रशिक्षण केंद्र में भेंट की, पत्र के माध्यम से उन्हें निर्वाचन ड्यूटी में आ रही समस्या से अवगत कराया तथा निस्तारण की मांग की।

श्री मिश्र ने सीडीओ राम्या आर0 को अवगत कराते हुए कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में जिला प्रशासन की ओर से शिक्षक, शिक्षिकाओ, शिक्षामित्र, अनुदेशकों तथा अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जनपद में ऐसे शिक्षक/शिक्षिकाएं/शिक्षामित्र/अनुदेशक /कर्मचारी दम्पत्ति (पति व पत्नी) जो सरकारी सेवा में है, एवं जहां एक ही चरण या तिथि में निर्वाचन है दोनों की ड्यूटी लग गई है उनमें से एक कार्मिक को (यथासम्भव महिला) को छोटे बच्चों, बुजुर्ग मातापिता की देखभाल के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश द्वारा जारी निर्देश के क्रम में प्रार्थना पत्र प्राप्त करते हुए ड्यूटी से मुक्त रखा जाय। इसके अलावा जिन विकलांग/गंभीर रूप से बीमार कर्मचारी, एकल अभिभावक या बुजुर्ग माता-पिता, प्रसूता, गर्भवती, महिला कार्मिक, जिनके पाल्य एक साल से कम हैं, की ड्यूटी मतदान कार्मिक के रूप में लगी है उन कार्मिकों से प्रार्थना पत्र के आधार पर उचित साक्ष्य प्राप्त करके ड्यूटी से मुक्त किया जाय। जिला महामंत्री उमेश चन्द्र त्रिपाठी ने पोलिंग बूथ पर रात्रि निवास से महिला कार्मिकों को यथासंभव छूट प्रदान करने की कृपा करें। वार्ता के दौरान मुख्य विकास अधिकारी महोदया ने आश्वस्त करते हुए कहाकि प्राप्त हुए सभी प्रार्थना पत्रों का परीक्षण कराकर वास्तविक रूप से समस्याग्रस्त कार्मिक को निर्वाचन ड्यूटी से मुक्त करने की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने निर्वाचन सकुशल संपन्न कराने मे आवश्यक सहयोग की अपेक्षा की। वार्ता के समय शैक्षिक महासंघ के जनपदीय प्रतिनिधि मंडल पदाधिकारी जिला महामंत्री उमेश चंद्र त्रिपाठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष सगीर अंसारी तथा उपाध्यक्ष घनश्याम मिश्र, शामिल रहे।

बहराइच के शिक्षकों का हुआ लखनऊ में सम्मान

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। राजधानी लखनऊ के चारबाग स्थित होटल अंबर में आयोजित शिक्षकों के सेमिनार में उत्तर प्रदेश के लेखक शिक्षकों को सम्मानित किया गया, जिसमें जनपद बहराइच के भी तीन शिक्षक पूरन लाल चौधरी विशाल गांधी एवं वंदना श्रीवास्तव को भी सम्मानित किया गया। शैक्षिक संवाद मंच के संस्थापक, प्रसिद्ध साहित्यकार एवं शिक्षाविद प्रमोद दीक्षित मलय ने एक साझा संकलन पुस्तक का विमोचन किया जिसमें उत्तर प्रदेश के विभिन्न शिक्षकों से विद्यालय में एक दिन की घटना को लिखकर देने को कहा गया था जिसमें से 128 शिक्षकों की कहानियां को चयनित किया गया और उनको विद्यालय में एक दिन पुस्तक के नाम से प्रकाशित किया गया जिसमें जनपद बहराइच के तजवापुर ब्लॉक से पूरनलाल चौधरी बहराइच नगर क्षेत्र के एआरपी विशाल गांधी एवं ब्लॉक रिसिया से वंदना श्रीवास्तव की कहानियों को पुस्तक में स्थान मिला। इस पुस्तक का विमोचन लखनऊ के अंबर होटल में प्रसिद्ध साहित्यकार दिनेश प्रताप सिंह चित्रेश एवं रामप्यारे प्रजापति जी और प्रमोद दीक्षित मलय के द्वारा किया गया जिसमें सभी शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र, प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र के द्वारा सम्मानित किया गया। इस पुस्तक में बहराइच के तीनों शिक्षकों ने अपने-अपने विद्यालय की एक घटना को लिखा है।

फैसिलिटेशन सेन्टर पर उपस्थित होकर पोस्टल बैलेट से मतदान कर सकेंगे कार्मिक

बहराइच। उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में निर्वाचन कर्तव्योरूढ़ तथा आवश्यक सेवाओं में लगे विभागों यथा पुलिस, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, विद्युत, भारत संचार निगम लिमिटेड, भारतीय डाक सेवा, भारतीय रेल, परिवहन निगम तथा सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के कार्मिकों को पोस्टल बैलेट से मतदान की सुविधा प्रदान की गयी है। श्री रंजन ने बताया कि यदि कोई कार्मिक अन्य जनपद के किसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र का मतदाता है और उसकी ड्यूटी किसी अन्य जनपद में निर्वाचन कार्य हेतु लगी है तो सम्बन्धित जनपद के जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पोस्टल बैलेट से मतदान हेतु पत्र जारी किया जायेगा।

डा0डी एस मिश्रा ने थामा बीजेपी का दामन

सुल्तानपुर। जनपद के बीएसपी नेता /पूर्व प्रत्याशी 188 विधान सभा सुल्तानपुर डॉ डीएस मिश्रा ने अपने समर्थकों के साथ उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के नेतृत्व में बीजेपी की सदस्यता ग्रहण किया। इस मौके पर अमर पाल मौर्य (प्रदेश महामंत्री एवं राज्य सभा सदस्य), बृजबहादुर (प्रदेश उपाध्यक्ष), मनीष दीक्षित (प्रदेश मीडिया प्रभारी), हिमांशु दुबे (प्रदेश सह प्रभारी) उपस्थित थे।

रोजा इफ्तार पार्टी का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर/अमेठी। शुकुलबाज़ार ब्लॉक के ग्राम पंचायत नेवाज मदार गढ़ में 27 वे रमजान को प्रत्रिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। नेवाजमदार गढ़ के नम्बरदार परिवार की तरफ से इफ्तार पार्टी का आयोजन कराया जाता है।जिसमे क्षेत्र के सम्भ्रान्त गणमान्य लोगो के साथ साथ अत्यंत निर्धन परिवार को आमंत्रित किया गया था।आयोजन कर्ता में हसीब नम्बरदार, आफ़ताब खान,रिजवान नम्बरदार, दानिश प्रधान ,परवेज दाऊद जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा कमाल जमीर अहमद गुलाम रब्बानी का प्रमुख योगदान रहा।इस मौके पर मौलाना नसीरुल इस्लाम ने कहा कि रोजा इफ्तार कराना बहुत सवाब का काम है।रोजा अफ्तार में शामिल होने वाले और रोजा इफ्तार कराने वाले दोनों को नेकी मिलती है। उन्होंने देश मे अमन शांति कायम हो दुवा कराई। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष मेराज अहमद खान ,हारून खान प्रमुख प्रतिनिधि शुकुलबाज़ार, मुहम्मद अरशद पवार कांग्रेस नेता,राहत खान, पूर्व प्रमुख इस्तिखार, फिरोज एडवोकेट रईश एडवोकेट, खालिद प्रबंधक लिटिल फ्लावर्स स्कूल जैनबगंज, ख़लीक अहमद खान, डाक्टर गुड्डू अंसारी,शक़ील अहमद , शब्बीर अहमद रास्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के मार्गदर्शक निज़ाम खान इत्यादि हज़ारों लोग शामिल हुए।

अतीक के रिश्तेदारों ने हेलमेट पहनकर मांगी रंगदारी

प्रयागराज। अतीक अहमद की हत्या हो चुकी है लेकिन अतीक के रिश्तेदारों के कारनामा कम होने का नाम नहीं ले रहा है। अतीक के भाई अशरफ के साले जैद और उसके सहयोगियों के ऐसे ही कारनामा सामने आया है। जैद और उसके सहयोगियों के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। इन पर पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में शाहगंज थाने में एफआईआर दर्ज हुई है। वक्फ प्रापर्टी के मुतवल्ली अम्माद हसन के सहयोगी फूलचंद केसरवानी की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। बता दें कि वक्फ प्रापर्टी के मुतवल्ली अम्माद हसन के सहयोगी फूलचंद ने माफिया अतीक अहमद के भाई माफिया अशरफ के साले जैद और उसके सहयोगियों के खिलाफ पुलिस से शिकायत की है।

शाइस्ता परवीन की ईद से पहले हो सकती है गिरफ्तारी

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। उमेशपाल हत्याकांड के बाद से फरार चल रही इनामियां तीन लेडी डॉन शाइस्ता परवीन, जैनब फातिमा और आयशा नूरी को प्रयागराज पुलिस जल्द ही गिरफ्तार कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक तीनों ईद पर अपने बेटों से मुलाक़ात करने हटवा गांव आ सकती है। इसको लेकर पुलिस पहले से चौकन्ना हो चुकी है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक उमेशपाल हत्याक़ांड मामले में माफिया अतीक अहमद और उसके भाई खालिस अजीम उर्फ़ अशरफ को आरोपी बनाया गया था। साथ ही लखनऊ जेल में बंद बड़े बेटे उमर और नैनी जेल में बंद छोटे बेटे अली को भी आरोपी बनाया गया था। इस मामले में अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन अशरफ की पत्नी जैनब फातिमा और पति की बहन आशा नूरी को साजिश करने के आरोप में शामिल किया गया था।

घटना के बाद से फरार चल रही इन तीनों लेडी डॉन पर इनाम भी घोषित किया गया है। जिसमें शाइस्ता पर 50 हजार का इनाम घोषित है। जबकि जैनब फातिमा और आयशा नूरी पर 25-25 हजार का इनाम घोषित किया गया है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने की बैठक

आजमगढ़। लोकसभा सामान्य निर्वाचन -2024 को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए निर्वाचन आयोग ने आवश्यक सेवाओं से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान दिवस से पूर्व मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इसके दृष्टिगत उप जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आज जिला निर्वाचन कार्यालय में आवश्यक सेवा में आने वाले विभागों के अधिकारियों व नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त अधिकारियों को ड्यूटी में लगे कर्मचारियों की सूची समय से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पोस्टल वैलेट पेपर के प्रभारी अधिकारी जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को समय से पोस्टल वैलेट पेपर प्रिंट कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे अधिकारियों,कर्मचारियों के लिए फैसिलिटेशन सेंटर स्थापित किया जाएगा।

गठबंधन प्रत्याशी भीम निषाद का हुआ कार्यकर्ता सम्मेलन

अवधनामा संवाददाता

बल्दीराय, सुल्तानपुर। बल्दीराय के बहुरावा बाजार में इसौली विधायक मोहम्मद ताहिर खान के नेतृत्व में गठबंधन के प्रत्याशी भीम निषाद का बल्दीराय क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित हुआ। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भीम निषाद ने कहा कि पीडीए पिछड़ा ,दलित अल्पसंख्यक,अति निर्धन अगड़े पिछड़े हर वर्ग समाज के मतदाता एकजुट होकर अपने भाई को आशीर्वाद दे, जिससे आप के हर सुख दुःख का साथी बने। वहीं इसौली विधायक ताहिर खान ने कहा जैसे मैं विधान सभा में आप सबकी समास्याएं व क्षेत्र के मुद्दों को ज़ोर शोर से आवाज उठाने का काम करता हूं, उसी तरह भीम निषाद भी पूरे जनपद की समस्याओं को लेकर उठायेंगे और मुद्दा की बात,करेंगे, चौमुखी विकास होगा।कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने गठबंधन प्रत्याशी भीम निषाद को जिताने का प्राण लिया।इस मौके पर इसौली विधान सभा अध्यक्ष स्वामी नाथ, बल्दीराय ब्लाक अध्यक्ष वृजेश यादव, जिला सचिव रामचंद्र यादव, जिला सचिव उमाकांत यादव, प्रधान श्रीपाल पासी, पूर्व प्रधान सोनू कोरी, प्रधान भूती निषाद, श्री राम निषाद ,रजनीश,रिंकू प्रधान, बृजेश ब्लॉक अध्यक्ष, रीता निषाद, जिला निषाद, सोनू सलमान गनी खाना,आफाक अहमद देवनारायण, रमाकांत निषाद,रमाकांत निषाद, राकेश निषाद, दुर्गा निषाद बीडीसी तनवीर आलम खान, जगन्नाथ यादव, बीडीसी अब्दुल्ला रहमान समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विंध्यवासिनी शक्ति पीठ के लिए 180 बसों का होगा संचालन

प्रयागराज। आगामी 09 अप्रैल से शक्ति पर्व चैत्र नवरात्रि की शुरुआत हो रही है। इस अवसर पर शक्ति पीठों में मां के दर्शन के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ता है। प्रदेश सरकार के यूपी परिवहन विभाग ने अलग- अलग शहरों से मां के इन मंदिरों में भक्तों के पहुंचने के लिए सहूलियत दे रही है। प्रयागराज रोडवेज परिक्षेत्र में इसके लिए 180 बसें चलाई जा रही हैं।

कुम्भ नगरी प्रयागराज से सटे मिर्जापुर जिले में स्थित मां विंध्यवासिनी मंदिर में चैत्र नवरात्रि में लाखों की संख्या में भक्त दर्शन के लिए आते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए यूपी परिवहन विभाग की तरफ से विशेष व्यवस्था की गई है। रोडवेज के प्रयागराज परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक एमके त्रिवेदी ने बताया है कि नवरात्रि में रोडवेज विंध्याचल के लिए 180 बसों का संचालन करेगी। इसमें निगम की और अनुबंधित बसें भी सम्मिलित हैं।

नीलकंठ लॉ एसोशिएट ने जताया शोक

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। नीलकण्ठ लॉ एसोशियेट कार्यालय में एक शोकसभा का आयोजन वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश पाठक एड. की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें राघवेंद्र सिंह चौहान, अधिवक्ता बृजेंद्र सिंह चौहान, अधिवक्ता पुष्पेंद्र सिंह चौहान के पूज्यनीय पिताजी स्व.श्री सुंदर सिंह चौहान सेवानिवृत्ति अमीन के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया। अधिवक्ताओं ने दिगंवत आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर शेरसिंह यादव एड., रामनरेश दुबे एड., रविंद्र घोष एड., अभिषेक उपाध्याय एड., प्रसन्न कौशिक एड., स्वतंत्र व्यास एड., मुकेश लोधी एड., शशिकांत लोधी एड., दीपक राजपूत एड., अजय राजपूत एड., आकाश झा एड., विशाल चौहान एड., अक्षय गौतम एड., पीएलबी बलराम कुशवाहा, वरिष्ठ पत्रकार अमित लखेरा आदि मौजूद रहे। वहीं शहर के मोहल्ला आजादपुरा रिसाला मंदिर के सामने रहने वाले राघवेन्द्र सिंह चौहान, अधिवक्ता ब्रजेन्द्र सिंह चौहान, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में पैनल लॉयर पुष्पेन्द्र सिंह चौहान के पूज्यनीय पिताजी श्री सुन्दर सिंह चौहान सेवानिवृत्त संग्रह अमीन का रविवार सुबह हृदयगति रूक जाने से आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन होने की खबर शहर में लगते ही शोक लहर दौड़ गयी। शहर के समाजसेवियों, राजनेताओं, व्यापारियों, अधिवक्ताओं और पत्रकारों ने सेवानिवृत्त संग्रह अमीन श्री सुन्दर सिंह चौहान के आकस्मिक निधन को समाज की एक अपूर्णीय क्षति बताते हुये गहरा शोक व्यक्त किया। इधर नवभारत कार्यालय पर एक शोकसभा का आयोजन वरिष्ठ पत्रकार राहुल जैन की अध्यक्षता में किया गया। सभा में राघवेन्द्र सिंह चौहान, अधिवक्ता ब्रजेन्द्र सिंह चौहान व गौरैया बचाओ अभियान के अध्यक्ष, पर्यावरणविद्, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल लॉयर पुष्पेन्द्र सिंह चौहान एड. के पूज्यनीय पिताजी के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। सभा में मौजूद सभी पत्रकारों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए कामनायें। इस दौरान पत्रकार दर्शन जैन, अमित लखेरा, अतिशय जैन के अलावा अनेकों पत्रकार साथी मौजूद रहे।

प्रथम दिन प्रशिक्षित किये गये मतदान कार्मिक

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए नियुक्त किये गये पीठासीन एवं मतदान अधिकारी प्रथम के लिए स्व. ठाकुर हुकुम किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बहराइच में आयोजित 03 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिन दो पालियों में प्रथम पाली में कोड संख्या 01 से 1250 तथा द्वितीय पाली में कोड संख्या 1250 से 2500 तक के पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रथम को इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर ने प्रशिक्षण स्थल के उन सभी कक्षों का विधिवत् निरीक्षण किया जहॉ पर कार्मिकों को सैद्धान्तिक एवं ई.वी.एम. का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर ने मतदान कार्मिकों को इस बात के निर्देश दिये कि मतदान के दौरान ई.वी.एम. मशीन में एरर आने पर उसे दूर करने के तरीकों को भली प्रकार से सीख लें। इसके अलावा एस.एम.एस. और पंजिका को भरने के बारे में भी पूरी जानकारी प्राप्त की जाय। सभी कार्मिकों को सुझाव दिया गया कि प्रशिक्षण के दौरान आप में इतनी परिपक्वता आ जाए कि मतदान के दिन यदि कोई दिक्कत आती है तो आपको पता होना चाहिए कि आपको क्या करना है। रम्या आर ने मतदान कार्मिकों का आहवान्ह किया कि पूरे मनोयोग के साथ ईवीएम संचालन तथा मतदान प्रक्रिया के बारे में सैद्धान्तिक प्रशिक्षण प्राप्त कर लें ताकि पोलिंग डे पर आपको को किसी प्रकार असुविधा न हो। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, पीडी डीआरडीए राज कुमार, बीएसए अव्यक्तराम तिवारी, डीपीआरओ राघवेन्द्र द्विवेदी, ईओ नगर पालिका परिषद बहराइच प्रमिता सिंह, डॉ. सी.के. वर्मा सहित अन्य अधिकारी, मास्टर ट्रेनर्स तथा काफी संख्या में पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रथम मौजूद रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में 35 वर्षीय व्यक्ति की हुई मौत

आजमगढ़। संदिग्ध परिस्थितियों को मुखलिस पुर गांव निवासी 35 वर्षीय व्यक्ति की हुई मौत, परिजनों ने जताई हत्या आजमगढ़ जिले के थाना कप्तानगंज के मुखलिसपर गांव निवासी विजय मौर्य पुत्र मंतू मौर्य बीती रात खान पीकर सो गया था कि रात को घर से अचानक गायब हो गया। सुबह जब गांव के लोग घर से बाहर टहलने गए। तो एक बबूल के पेड़ से लटकता हुआ शव दिखाई दिया। शव की पहचान विजय मौर्य के रुप में हुई। इस बात की सूचना पुलिस ने दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पास से तीन बच्चे हैं पत्नी की मृत्यु चार वर्ष पहले हो चुकी है।वही परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। इस संबंध में इंस्पेक्टर संजय कुमार पाल ने बताया कि पोस्ट मार्टम की रिपोर्ट के आने के बाद ही घटना के कारण का पता चल सकेगा।

जनपद में शान्तिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान कराना प्राथमिकता: जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। जनपद में लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराए जाने एवं मतदान प्रतिशत में वृद्धि हेतु जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने विभिन्न मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आदर्श विद्यालय कम्पोजिट नगर क्षेत्र, जीडी मेमोरियल पब्लिक स्कूल पिसनारी, उ.प्र.वि. सिलगन, उ.प्र.वि. सिवनीखुर्द में बने मतदेय स्थलों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन को शांतिपूर्ण निष्पक्ष एवं पारदर्शिता से सम्पन्न कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए, समस्त जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट लगातार भ्रमणशील बने रहकर निगरानी करें, क्रिटिकल एवं वल्नरेवल बूथों पर कड़ी निगरानी रखें, ताकि मतदान में कोई बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान मतदेय स्थलों सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहें, किसी भी मतदाता को परेशानी नहीं होनी चाहिए, इस हेतु सभी बूथों पर पूर्व से ही व्यवस्थाएं सुनिश्चित करा लें। प्रकाश एवं वैकल्पिक ऊर्जा हेतु जनरेटर, उचित साफ-सफाई, पीने का पानी, रैम्प, शौचालय, बेरीकेटिंग, छाया हेतु टेंट व्यवस्था, कुर्सियां एवं मेजों की व्यवस्था, कूलर, पंखा आदि की व्यवस्थाएं करायी जायें। दिव्यांग एवं वयोवृद्ध मतदाताओं हेतु व्हीलचेयर व वॉलेन्टियर्स की व्यवस्था की जाए। पुलिस अधिकारी मतदान के दौरान अराजक तत्वों पर बारीक नजर बनाये रखें, जिससे कोई घटना घटित न हो। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोगो को आगामी 20 मई 2024 को मतदान के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग करने के हेतु प्रत्येक स्तर पर मतदाताओं को जागरूक किया जाए।

कार्यकर्ताओं का उत्पीडन् किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं : प्रदीप जैन आदित्य

ललितपुर। समाजवादी पार्टी महरौनी के नगराध्यक्ष पर पुलिस द्वारा दर्ज मुकदमे को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त है। इसकी जानकारी होते ही झांसी ललितपुर से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी व पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ललितपुर स्थित सपा कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने अपने गठबंधन के कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर हर उनके सुख-दुख में मजबूती से खड़े रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का उत्पीडन् किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तत्पश्चात वह सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह व कांग्रेस पार्टी जिलाध्यक्ष राकेश रजक व गठबंधन कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस अधीक्षक आवास पहुंचे। जहां उन्होंने पुलिस अधीक्षक वार्ता करते हुए बताया कि समाजवादी पार्टी महरौनी के नगराध्यक्ष प्रदीप साहू संभ्रांत व्यापारी हैं। वह साहू समाज महरौनी के अध्यक्ष भी हैं। उन पर सत्ताधारी पार्टी के इशारे पर साजिश के तहत उन्हें व उनके बच्चों को गिरफ्तार किया है। हालांकि बाद में सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह द्वारा पुलिस से की गई, तब जाकर उनके बच्चों को छोड़ा गया। वहीं महरौनी नगराध्यक्ष प्रदीप साहू को फर्जी तरीके से गांजा रखने की साजिश में जबरन गिरफ्तार कर लिया है। जो कि न्यायोचित नहीं है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने मामले की उच्चस्तरीय जांच कराते हुए कर्मठ कार्यकर्ता को झूठे मामले में फंसाने वाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री की बात को सुनते हुए एसपी ने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। इस दौरान कांग्रेस प्रदेश सचिव बलवंत सिंह राजपूत, बंटी सरदार, एड. पुनीत देवलिया, वीरेंद्र जैन रिंकू, पीलू जैन, पुष्पेंद्र चौहान, इरफान खान, राममूर्ति तिवारी, महेंद्र पनारी, उपेन्द्र आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वामी ब्रह्मानंद बिग्रेड का होली मिलन समारोह संपन्न

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। स्वामी ब्रह्मानंद बिग्रेड के तत्वावधान में गोविंद सागर बांध की तलहटी में स्थित सिद्ध क्षेत्र बैराबट धाम पर लोधी महासभा, बिग्रेड तथा लक्ष्य इकाई के संयुक्त तत्वावधान में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि चन्द्रशेखर पंथ एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री/पूर्व सांसद, प्रदीप जैन आदित्य, पूर्व प्रधान सौरभ सिंह लोधी, पूर्व सपा जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी। अध्यक्षता रघुवीर सिंह लोधी प्रधान रमेशरा नें व संचालन मुकेश करमरा एड द्वारा किया गया। बताते चलें कि स्वामी ब्रह्मानंद बिग्रेड के तत्वावधान में पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुसार सुबह से ही बैराबट धाम पर एकत्रित होनें लगे। बैराबट धाम का शानदार तथा बांध की तलहटी की सुरूली हवा, चिडिया की चहचहाहट तथा शानदार नजरा के मध्य लोग एकत्रित होनें लगें। दोपहर के बाद सैकड़ों की संख्या में एकत्रित होकर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कन्या पूजन से शुभारम्भ हुआ तथा मां बैराबट माई की पूजा अर्चना की गयीं। तदनुसार विभिन्न वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखें तथा होली की शुभकामनाएं बधाई प्रेषित की तथा रंग गुलाल लगाकर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। कार्यक्रम में लोधी महासभा के जिलाध्यक्ष भरत सिंह लोधी पहाड़ी कला, लक्ष्य जिलाध्यक्ष शशिकांत सिंह लोधी, बिग्रेड जिलाध्यक्ष देव महेशपुर, जिला पंचायत सदस्य अमर विश्वकर्मा, कल्याण कारीटोरन, यशवंत सिंह लोधी सतलींगा, बलराम जरया, सुरेन्द्र सिंह गढौली, प्रभु दयाल प्रधान गौरा, देवेंद्र सिंह लोधी बरोदिया, देवेन्द्र सिंह ककरूआ, कल्लू दावनी, रतिराम पटौराखुर्द, धर्मेंद्र सिंह नयागांव, राजेश यादव, राघवेन्द्र महेशपुरा, राजकुमार जुगपुरा, माधव लागौन, जयहिंद सिंह सेमरा युवा जिलाध्यक्ष, अजब सिंह दावनी, शिवम दावनी, छत्रपाल सिंह नैगुवा, संदीप सिंह लोधी नैगुवा, कृष्णपाल सिंह पटौआ, महेश सिंह कैथोरा, रामजी मडवारी, वैभव गुप्ता, अभय मिश्रा धवारी, अशीष हुण्डैत, अंकित यादव, राकेश रजक, बलवंत सिंह राजपूत, जसपाल सिंह सरदार, संजीव चौरासिया पाली, नरेंद्र सिंह राजपूत, अनुराग सिंह एड., दीपक सिंह राजपूत एड., पं.अमित नायक पार्षद, चरनप्रताप सिंह बाबूजी, निर्मल सिंह लोधी भौंती मडावरा, दुष्यंत सिंह बम्हौरी कलां, डा.बालकिशन राजपूत, परवेज पठान, पं.दीपक पारासर, ध्रुव राजा, रूपेश साहू, पत्रकार प्रदीप कुमार एड.जरया, शोभाराम, गजेन्द्र सिंह नयागांव, सुनील सिंह लोधी नयागांव, राकेश राजपूत जखौरा, अजय रमेशरा सहित सैकड़ों की संख्या में नौजवान, उपस्थित रहे। आभार देव महेशपुरा नें जताया।

1857 की क्रान्ति के प्रणेता थे मंगल पाण्डेय

आजमगढ़। मंगल पाण्डेय की शहादत दिवस पर ब्राह्मण समाज कल्याण परिषद के तत्वावधान में सोमवार को एलवल स्थित शिविर कार्यालय पर मंगल पाण्डेय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। बैठक में ब्राह्मण समाज कल्याण परिषद के संरक्षक तारकेश्वर मिश्र ने कहा कि आजादी के महा नायक पण्डित मंगल पाण्डेय को 8 अप्रैल 1857 के दिन बैरकपुर जेल में फांसी दी गई ।उनके बलिदान से देश में क्रान्ति की ज्वाला और भड़क उठी तथा देश की आजादी के लिए उनके द्वारा बोया गया क्रान्ति रूपी बीज 90 साल बाद 1947 में आजादी के वट वृक्ष के रूप में तब्दील हो गया। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन करते हुए महामंत्री महामंत्री मनोज कुमार त्रिपाठी ने कहा कि पण्डित मंगल पाण्डेय 1857 की क्रान्ति के प्रणेता थे।अपने देश एवं धर्म की रक्षा के लिए अंग्रेजी सरकार में अंग्रेज अधिकारियों पर प्रथम गोली चलाने वाले सिपाही मंगल पाण्डेय ही थे। जिन्होंने देश के लिए अपने निजी स्वार्थ को त्याग कर एक देशभक्त सिपाही के रूप प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के प्रथम योद्धा बने।

फर्जी मार्कशीट से नौकरी कर रहा रोडवेज डिपो का लिपिक बर्खास्त

- आरएम बांदा ने एआरएम की जांच रिपोर्ट के बाद की कार्रवाई
- वरिष्ठ लिपिक के खिलाफ कार्यवाही से विभाग में मची हलचल

अवधानामा संवाददाता

हमीरपुर। इंटरमीडिएट की फर्जी मार्कशीट से नौकरी कर रहे रोडवेज डिपो के वरिष्ठ लिपिक को बर्खास्त कर दिया गया है। बर्खास्त लिपिक उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ का वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रतिनिधि है। वर्ष 1993 में इंटरमीडिएट उत्तीर्ण चालकों को परिचालक पद पर पदोन्नति के आदेश हुए थे। तारिक हुसैन ने इंटरमीडिएट का अंक पत्र लगाकर परिचालक पद पर पदोन्नति प्राप्त की थी। वर्तमान में वह वरिष्ठ लिपिक के पद पर कार्य कर रहा था। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक एआरएम आरपी साहू ने बताया कि वर्ष 2022 में एक शिकायतकर्ता ने तारिक हुसैन की इंटरमीडिएट का फर्जी अंक पत्र लगाकर नौकरी करने की शिकायत की थी।शासन ने क्षेत्रीय प्रबंधक आरएम बांदा,संदीप अग्रवाल को जांच के आदेश दिए थे। आरएम बांदा ने तत्कालीन हमीरपुर डिपो के एआरएम अकील अहमद को जांच अधिकारी नामित किया। अकिल ने तारिक से इंटरमीडिएट का मूल अंक पत्र तलब किया था, लेकिन उन्होंने हर बार फोटो कॉपी उपलब्ध कराई। एआरएम ने तारिक को फर्जी अंक पत्र के जरिए नौकरी करने का दोषी ठहराते हुए रिपोर्ट आरएम बांदा को भेजी थी। आरएम बांदा ने जांच रिपोर्ट के आधार पर वरिष्ठ लिपिक तारिक से स्पष्टीकरण तलब किया था,लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। जिस कॉलेज की मार्कशीट थी वहां से सत्यापन कराया गया। शिकायत की पुष्टि होने पर आरएम ने वरिष्ठ लिपिक तारिक हुसैन को सेवा से बर्खास्त कर दिया। इस आदेश के विरुद्ध लखनऊ मुख्यालय में करेंगे अपील,तारिक हुसैन इस संबंध में वरिष्ठ लिपिक तारिक हुसैन का कहना है कि वर्ष 2022 में उनके तत्कालीन एआरएम अकील अहमद से विवाद शुरू हुआ था। उन्होंने विभाग में लिखित रूप से सूचना दी कि एआरएम अकील से उनका विवाद है और वह उनकी जांच निष्पक्ष तरीके से नहीं करेंगे। वह इस आदेश के विरुद्ध लखनऊ मुख्यालय में अपील करेंगे।

रंगोली के माध्यम से नागरिक मतदाताओं को किया जागरूक

अवधानामा संवाददाता

हमीरपुर जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी के निर्देशन में जनपद के समस्त विभागों के कार्यालयों मे शिक्षा विभाग के शिक्षकों बच्चों द्वारा मतदाता जागरूकता पर रंगोली अभियान चलाया गया इस अवसर पर प्रातः सभी टीम कलेक्ट प्रांगण में एकत्र हुई तथा नोडल अधिकारी के नेतृत्व में जनपद के समस्त कार्यालय में रवाना कर इस चिन्हित स्थान पर रंगोली बनाने की प्रतियोगिता संपन्न की गई टीमों द्वारा जनपद के नागरिकों मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मतदान से संबंधित विभिन्न सुंदर रंगोली बनाई गई जिसका नेतृत्व मुख्य विकास अधिकारी जिला विकास अधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक परियोजना निदेशक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी सुमेरपुर कुरारा मौदहा मुस्करा ने अपनी टीम के माध्यम से किया जिलाधिकारी महोदय ने समापन अवसर पर सभी बच्चों को मतदाता शपथ दिलाते हुए मतदान का पर्व देश का गर्व व जरूर कियो वोट का नारा दिया बच्चों ने शपथ ली कि आगामी मतदान दिवस 20 में को जनपद के प्रत्येक ग्राम में पहले मतदान बाद में दूजा काम का अभियान चला कर घर के माता-पिता चाचा चाचा मौसी मौसी भाई बहन ताऊ ताई सभी को मतदान जरूर करने भेजेंगे इस कार्यक्रम का समन्वय अकबर अली स्वीप कोऑर्डिनेटर जनपद हमीरपुर द्वारा किया गया।

प्रारंभ हुआ पांच दिवसीय स्काउट गाइड कैम्प

हमीरपुर। भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जिला संस्था हमीरपुर के नेतृत्व में डीएलएड प्रशिक्षुओं का पांच दिवसीय स्काउट गाइड कैंप स्व सुंदरलाल शिवहरे डिग्री कॉलेज मकराव हमीरपुर में प्रारंभ हुआ कैंप का शुभारंभ करते हुए लीडर ऑफ द कोर्स अकबर अली ने बच्चों को स्काउटिंग के इतिहास के बारे में जानकारी प्रदान की तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य महेश्वर गुप्ता ने बच्चों को स्काउट के महत्व और जीवन में उसके प्रभाव की चर्चा की डीएलएड के एचओडी विवेक रंजन ने बच्चों को स्काउट का महत्व बताया तथा सहायक लीडर मीना गुप्ता ने बच्चों को टोली विधि के बारे में जानकारी दी । आज कैंप में स्काउट प्रार्थना झंडा गीत नियम प्रतिज्ञा इतिहास एवं स्काउट से संबंधित सामान्य जानकारी प्रदान की गई । कैंप में डिग्री कॉलेज के आर एस गुप्ता मनीष ओमर योगेश कुमार अरविंद कुमार दीपक गुप्ता प्रीति पाल आरती गुप्ता और रानू सिंह उपस्थित रहे।

खरीददारी करने निकले युवक की सड़क हादसे में मौत

अवधानामा संवाददाता

हमीरपुर। राठ कोतवाली क्षेत्र के मसगवां के पास तेज रफ़्तार चार पहिया वाहन ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते युवक के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। चिकासी थाना अंतर्गत चुरहा गांव का निवासी प्रेमनारायण पुत्र कुंवर बहादुर जॉकी (40) अपने बच्चों के लिए कपड़े खरीदने तथा राठ क्षेत्र के धनौरी गांव में रहने वाली अपनी भतीजी उमा से मिलने के लिए आया हुआ था। जो कि राठ से वापस अपने गांव चुरहा जा रहा था। तभी रास्ते में राठ कोतवाली क्षेत्र के मसगवां गांव के पास अचानक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उसकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे हादसे में बाइक पर सवार प्रेम नारायण की मौके पर ही मौत हो गई। युवक के परिजनों ने बताया कि प्रेम नारायण अपनी 7 बीघा कृषि भूमि में खेती किसानी व पशुपालन आदि कर अपने परिवार की गुजर बसर करता था। जो कि अपने पीछे पत्नी अर्चना के अलावा 13 वर्षीय पुत्र दीपू और 9 वर्षीय पुत्री हर्षिता को छोड़ गया है। राठ कोतवाली के प्रभारी ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा और टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

ईद की नमाज़ के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार

हमीरपुर। मुसलमानों का सब से बड़ा व महत्पूर्ण त्योहार ईदुलफितर है जो पवित्र माह रमज़ान के एक महीनें के बाद अल्लाह का इनाम होता है रोजदारों के लिए। 29 रोजा को तमाम मुसलमान चांद को बड़ी उत्सुकता के साथ देखते है और यदि चांद नजर आजाता है तो अगले दिन ईद होती है और यदि 29 रोजा को चांद नजर नही आता है तो फिर 30 रोजे पूरे करनें के बाद ईद मनाई जाती है। ईद के दिन सभी मुसलमान ईद गाहों की तरफ अपने बच्चों और रिश्तेदारों के साथ पैदल ईद की नमाज अदा करने के लिए नहा के नये कपड़े पहन कर बेहतरीन खुशबू लगातार कर ईद गाह जाते है जहाँ दो रकत नमाज पढते है फिर एक दूसरे से गगेलग कर ईद की मुबारक बाद देते हुए अपनें अपनें घरों को लौट जाते है। सूत्रों के अनुसार जनपद की लगभग 19 कदीमी ईदगाहों में ईद की नमाज अदा की जाएगी इन के अलावा भी अनेक मस्जिदों में भी ईद की नमाज पढ़ी जिएगी।

गाड़ी जनपद हमीरपुर कभी नहीं गयी तो माइन्स टैग के कैसे हो गए चालान

अवधानामा संवाददाता

हमीरपुर। जनपद में खनिज विभाग एक चौका देने वाला मामला सामने आया है।जिसके निदान हेतू पीड़ित जनपद मुख्यालय स्थित खनिज विभाग के दर्जनों बार चक्कर काटने को मजबूर हुआ है फिर भी उसका निदान नही हो सका है। अंततः उसके द्वारा निराश हो जनपद के उच्च अधिकारी जिलाधिकारी के दर पर दस्तक दे न्याय की गुहार लगाई है। दरअसल मामला तो यह है कि एक पड़ोसी जनपद महोबा के प्रसिद्ध ग्रेनाइट मंडी कबरई निवासी 10 चक्का up 95टी7798 का ट्रक मालिक गंगा प्रसाद गुप्त पुत्र रामेश्वर प्रसाद अपनी गाड़ी से ग्रेनाइट खदान से कस्वा स्थित ही क्रेसर तक पत्थर ढुलाई का कार्य करता है।उसके द्वारा बताया गया कि जब से उसके द्वारा गाड़ी खरीदी गई नेशनल हाइवे कानपुर के खन्ना टोल प्लाजा भी पार नही की है। झटका तो उसे तब लगा जब उसके घर पर खनिज विभाग हमीरपुर के तीन चालान की भरपाई हेतू नोटिस पहुँचा तो उसके पैरों के तले से जमीन खिसक गई। जब वह चालान संबंधित जानकारी प्राप्त करने पहुँचा संबंधित अधिकारियों द्वारा बताया कि माइन्स टैग के कारण 5 चालान हुए है। शिकायत कर्ता ने बताया कि उसके द्वारा 5 जनवरी 024 को वाहन का नया माइंस टैग बनवाया गया। पर पुनः जब वह अपने गाड़ी का चालानों को निरस्त कराने हेतू पहुँचा तो संबंधित विभाग द्वारा हमीरपुर जनपद में माइन्स टैक के चालानों की संख्या 14 बतायी गयी।पीड़ित द्वारा खनिज विभाग में हुए चालानों को निरस्त कराने के लिए 10 बार से अधिक चक्कर संबंधित अधिकारी के लगाए गए पर निराशा ही हाथ लगी।तब सोमवार के रोज जिलाधिकारी की चौखट पर पहुँच चालान निरस्त कराने की मांग की है। सबसे बडी बात तो यह है कि जब पीड़ित के ट्रक द्वारा महोबा बार्डर ही पार नही किया तो उसके माइंस टैक चालान कैसे हो गए।जब इस संबंध में खनिज अधिकारी से बात की तो उनके द्वारा शिकायत कर्ता से गाड़ी जनपद में नही आने का सबूत देने की बात कही है पर यह कोई बात नही होती इस संबंध में तो स्यम ही विभाग को जांच करानी चाहिए। पर गाड़ी मालिक से सबूत मांगना कोई न्याय प्रिय बात नही होती जबकि पीड़ित वाहन स्वामी का कहना है माइंस टैक चालान के दौरान गाड़ी की आयी तस्वीर में 10 चक्का नही बड़ी गाड़ी दिखाई दे रही है।

चुनाव संपन्न कराने हेतु माईक्रोआबजर्वर का प्रशिक्षण

अवधानामा संवाददाता

हमीरपुर। लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु मतदान केंद्रों में नियुक्ति किये गये माईक्रोआबजर्वर का प्रशिक्षण डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी /जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला की उपस्थिति में दिया गया। चुनाव के लिए नियुक्त सभी माईक्रोआबजर्वर का प्रशिक्षण प्रोजेक्टर के माध्यम से दिया गया। तथा प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि सभी माईक्रो आबजर्वर समय से प्रशिक्षण में पहुँचे जिससे सभी को प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके। माईक्रों आबजर्वर इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखे कि मतदान दिवस के दिन मॉकपोल सुव्यवस्थित ढंग से हो पोलिंग एजेन्ट मतदान केन्द्र पर उपस्थति है अथवा नही, मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से सम्पन्न हो रही है, कोई अनाधिकृत कार्य मतदान कक्ष मे प्रवेश न करने पाये। मतदान कम्पार्टमेंट इस तरह बना हो कि मतदान की गोपनीयता सुनिश्चित रहे। 17 ए रजिस्टर में विधिवत रूप से मतदाताओं का अंकन किया जा रहा है।, तथा यदि एक मतदान केन्द्र पर एक से अधिक मतदान बूथ हों तो सभी का परिवेक्षण करते रहे। मतदान समाप्ति 15 मिनट पूर्व पीठाशीन अधिकारी से समन्वय स्थापित कर देख लें कि यदि मतदान लाइन में खड़े हों तो मतदान कार्मिक टोकेन पर्ची वितरित कर सभी मतदाताओं का वोट डलवाना सुनिश्चित करें, यदि मतदान के दौरान कोई बात संज्ञान में आती है तो अपने सेक्टर मजिस्ट्रेट को भ्रमण के दौरान अवगत करायें। माईक्रोआबजर्वर द्वारा मतदान सम्पन्न होने के पर 18 बिन्दुओं की रिपोर्ट आबजर्वर को प्रस्तुत करनी होगी। निर्वाचन एवं प्रशिक्षण के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश प्रदान किए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार चुनाव में लगे कार्मिको का भुगतान डी0वी0टी0 के माध्यम से किया जाना है। अतः सभी कार्मिक अपने अपने बैक खाता उपलब्ध करा दें, जिससे कार्मिको का भुगतान समय से हो सके। प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी माईक्रोआबजर्वर समय से आये तथा बूथ केन्द्रो पर अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश न करने पाये। अधिकृत व्यक्तियों को ही बूथ केन्द्रों पर प्रवेश करने की अनुमति प्रदान करें। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विजय शंकर तिवारी,अपर जिलाधिकारी न्यायिक नागेन्द्र नाथ यादव, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुरेश कुमार,डिप्टी कलेक्टर अभिमन्यु कुमार, जिला विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

ट्रांसफार्मर के जम्फर से निकली चिंगारी से फसल जलकर खाक

अवधानामा संवाददाता

सरीला हमीरपुर। कस्बा सरीला में विद्युत ट्रांसफार्मर के जम्फर से निकली चिंगारी से गेहूं के खेत में आग लग गई खेत पर खड़े टैक्टर व फसल जलकर राख हो गई। समय पर फायर ब्रिगेड की गाडी व लोगों के द्वारा आग पर काबू न पाया गया होता तो हजारों बीघे की फसल जल सकती थी।विधुत विभाग की बड़ी लापरवाही बताई जा रही हैं। बरहरा मार्ग पर नगर के पूर्व चेयरमैन मुंशी बारेलाल राजपूत के खेत व निजी नलकूप है इस नलकूप में बरहरा फीडर से विद्युत लाइन गई है जोकि अति जर्जर है शुक्रवार को निजी नलकूप में रखे ट्रांसफार्मर के जम्फर से अचानक चिंगारी निकली जिससे गेहूं की फसल में आग लग गई और खेत पर खड़े टैक्टर भी जल गया।मौके पर मौजूद लोगों ने आग को बुझाने की कोशिश की तथा फायर ब्रिगेड को सूचित किया पुलिस भी पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया नहीं तो बड़ी घटना हो सकती थी, अरविन्द कुमार राजपूत का कहना है कि इस लाइन के तार खंभे अत्यंत जर्जर हैं जिनके कारण आए दिन घटनाएं होती रहती है उन्होंने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व नगर के ही भगवान सिंह की विद्युत लाइन की चपेट में आकर मृत्यु हो चुकी है और कई जानवर भी मर चुके हैं बताया कि यदि उस समय हवा चल रही होती तो हजारों बीघे की फसल जल सकती थी उन्होंने विद्युत लाइन के तार खंभे बदलवाए जाने की मांग की है, राम कुमार राजपूत का कहना है कि जब भी कोई घटना होती है तो विभागीय अधिकारियों को बताया जाता है मगर लाइन के तार खंभे नहीं बदले जा रहे हैं उन्होंने तार खंभे बदलवाए जाने की मांग की है इस सम्बंध में जेई जतिन सोनी का कहना है कि घटना की उनको जानकारी नहीं है मामले की जांच की जाएगी।

सी-विजिल एप पर दर्ज शिकायतों का होगा शीघ्र निस्तारण

अवधानामा ब्यूरो

सोनभद्र। जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वर्तमान में चल रहे लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन एवं अन्य विभिन्न प्रकार की शिकायत करने तथा उसके निस्तारण हेतु आनलाइन सी-विजिल एप विकसित किया गया है उक्त एप पर चुनाव की घोषणा के दिनांक से मतदान दिवस तक शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत अपलोड की जा सकती है, सी-विजिल एप का प्रयोग करने हेतु स्मार्टफोन गूगल प्लेस्टोर से डाउनलोड कर अपना मोबाइल नम्बर डालकर ओटीपी के माध्यम से एप में लागिन कर शिकायत दर्ज की जा सकती है सी-विजिल एप एक जी.आई.एस. आधारित एप है जिसमें साक्ष्य के तौर पर केवल लाइव फोटो, वीडियो, आडियो ही अपलोड किया जा सकता है शिकायत अपलोड होने के उपरान्त 100 मिनट के अन्दर ही शिकायत का निस्तारण सम्बन्धित अधिकारी द्वारा उसी एप के माध्यम से सुनिश्चित किया जाना है निस्तारण के पश्चात् विवरण शिकायत कर्ता के सी-विजिल एप पर स्वतः उपलब्ध हो जायेगा सी-विजिल एप निम्न प्रकार से प्रदर्शित होगा, आप सभी से अपील की जाती है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के सम्बन्ध में आनलाइन शिकायत हेतु आयोग द्वारा विकसित सी-विजिल एप का प्रयोग करें। cVIGIL citizen App डाउनलोड करें और चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता के किसी भी उल्लंघन की सूचना दें।

हिण्डाल्को में री-प्रिज़्म- 2024 का भव्य शुभारंभ

अवधानामा संवाददाता

सोनभद्र/रेणुकूट। जैसा कि विदित है कि आदित्य बिड़ला समूह की कम्पनी हिण्डाल्को एक विशुद्ध रूप से मैन्युफैक्चरिंग कम्पनी है और यहां अल्युमिनियम धातु का उत्पादन किया जाता है। इसी मैन्युफैक्चरिंग अर्थात् विनिर्माण की प्रक्रिया में उत्कृष्टता लाने के उद्देश्य से संस्थान में विनिर्माण उत्कृष्टता का उत्सव 'री-प्रिज़्म' का भव्य शुभारंभ हिण्डाल्को मल्टी फैसिलिटी हॉल में किया गया। री-प्रिज़्म की यात्रा जो कि सन् 2017 मे आरंभ हुई थी और इस वर्ष इसके चतुर्थ संस्करण का भव्य शुभारंभ संस्थान के मुखिया एन. नागेश, क्लस्टर एच.आर. हेड जसबीर सिंह, अल्युमिना प्लांट हेड एन.एन. राय, रिडक्शन प्लांट हेड जे.पी. नायक एवं अन्य उच्चाधिकारियों व मान्यताप्राप्त श्रमिक संगठनों के पदाधिकारियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस वर्ष री-प्रिज़्म ''नेक्सट-वर्स'' की थीम के साथ मनाया जायेगा जिसके अंतर्गत विनिर्माण के क्षेत्र में नवाचार, सहयोग व निरंतर सुधार की संस्कृति को बढ़ावा देने का सकारात्मक प्रयास किया जायेगा। लगभग चार महीनों तक चलने वाले उक्त उत्सव के अंतर्गत संस्थान में शॉप फ्लोर पर विभिन्न प्राकार की प्रतियोगिताओं व गतिविधियों का आयोजन तो किया ही जायेगा साथ ही समस्त हितग्राहकों के लिए भी कई आयोजन किए जायेंगे। इसी क्रम में केस स्टडी के लिए 5-जी चैम्पियनशिप प्रतियोगिता, सर्वाधिक प्रशंसित प्लांट्स के लिए हेराल्डर्स प्रतियोगिता तथा चैलेन्जर्स फॉर थॉट लीडर्स इस मैन्युफैक्चरिंग स्पेस जैसी कई चुनौतिपूर्ण प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जायेगा। इस अवसर पर श्री एन. नागेश ने अपने सम्बोधन में विनिर्माण के उभरते परिदृश्य में नवाचार व सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने भविष्य के लिए तैयार पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए प्रतिभा को पोषित करने, डिज़िटलीकरण को अपनाने और टिकाउ प्रथाओं को बढ़ावा देने की कम्पनी की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए सभी को इस उत्सव में पूरे जोश के साथ भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

हत्या करने के प्रयास के दो अभियुक्तों को दस-दस वर्ष के कठोर कारावास

हमीरपुर। थाना सुमेरपुर मे धारा 307 भारतीय दंड संहिता में 3 सितंबर 2018 को अभियुक्तगण वेदप्रकाश तिवारी पुत्र बाबूलाल तिवारी व सत्यम उर्फ मोनू तिवारी पुत्र वेदप्रकाश तिवारी निवासी गण पचखुरा बुजुर्ग थाना सुमेरपुर के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियोजन विभाग से समन्वय करके समयबद्ध रूप से साक्षियों का साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी किये जाने के फलस्वरुप न्यायालय एडीजे-4 हमीरपुर, द्वारा अभियुक्तगण प्रत्येक को 10 वर्ष के कठोर कारावास से व प्रत्येक को दस हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियुक्त गण द्वारा वादी के पुत्र को गोली मारकर गम्भीर रुप से घायल कर दिया था।

घर घर जाकर बताएं सरकार की उपलब्धियां

राठ(हमीरपुर)। भाजपा की विधानसभा संचालन समिति बैठक हमीरपुर रोड स्थित हिन्द एंजिल्स पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई। जिसमें राठ विधानसभा प्रभारी शैलेंद्र कुमार पांडेय ने संबोधित किया। साथ ही लोस चुनाव को लेकर आवश्यक सुझाव दिए। सोमवार को मंडल अध्यक्ष/ प्रभारी व शक्ति केंद्र संयोजक/प्रभारियों की बैठक लेते हुए विधानसभा चुनाव संचालन समिति के विधानसभा प्रभारी शैलेंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि मतदान का समय धीरे धीरे पास आ रहा है। सारे कार्यकर्ता अपने अपने बूथों व शक्ति केंद्रों पर समय दे। प्रत्येक बूथ पर अधिक से अधिक मतदान कराना है। विधानसभा संचालन समिति के प्रत्येक पदाधिकारी को अपने अपने कार्यों की जानकारी होना अति आवश्यक है। उन्होंने बताया कि बूथ की संरचना पार्टी की अहम कड़ी है। नगर मंडल अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला ने कहा कि हमें बूथ प्रभारी व पन्ना प्रमुख से संपर्क कर घर घर बूथ के मतदाताओं से वोट करने की अपील करनी है। जिससे विधानसभा के सभी बूथों पर वोट प्रतिशतता बढ़ेगी। इस दौरान प्रियम मिश्रा, रामहेत राजपूत, अरविंद मुखिया, अभिषेक तिवारी, सुनील नगायच, अभय त्रिपाठी, संदीप राजपूत, जयशंकर त्रिपाठी, मनीष गौतम आराधना राजपूत, देवी सिंह तोमर, राजीव आर्य, सहित विधानसभा क्षेत्र के शक्ति केंद्र प्रभारी व संयोजक मौजूद रहे।

सुरम्या रानी सिंह मिस यूपी अवार्ड शो रही प्रथम

- मल्लिका-ए-अवध द्वारा आयोजित मिस यू पी कॉन्टेस्ट में सोनभद्र कीं बेटी विजय का ताज पहना

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। मल्लिका-ए- अवध ग्रुप द्वारा प्रत्येक वर्ष मिस यू पी अवार्ड शो का आयोजन किया जाता है इसी कड़ी में वर्ष 2024 का मिस यू पी अवार्ड 2024 प्रतियोगिता का आयोजन लखनऊ में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि सारा अली खान द्वारा प्रतिभागियों तथा प्रथम विजेता सोनभद्र , रॉबर्ट्सगंज- न्यू कॉलोनी के निवासी रामचंद्र सिंह की सुपुत्री सुरम्या रानी सिंह अवार्ड देकर सम्मानित किया। यह हमारे जिले के लिए गौरवपूर्ण विषय है। वही रवासियों ने जिले का नाम रोशन करने पर सुरम्या रानी सिंह को बधाई व शुभकामनाएं दी कहां की इसी तरह जिले का नाम युवाओं पूरी द्वारा रोशन होता रहेगा तो निश्चित ही आगे चलकर युवाओं के लिए या एक प्रेरणा स्त्रोत रहेगा और युवा बजट कर हर क्षेत्र में आगे बढ़ते रहेंगे।

अन्तर्राज्यीय दो अभियुक्त गिरफ्तार

सोनभद्र। पुलिस लाइन चुर्क सभागार में सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान एडिशनल एसपी मुख्यालय कालू सिंह ने बताया कि चन्द्रभान सिंह पुत्र भुल्लन यादव द्वारा थाना रॉबर्ट्सगंज पर सूचना दी गयी कि बीते 20.02.2024 को दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अपने बच्चे की तबियत खराब बताते हुए ONàß PLUS कम्पनी का मल्टीमिडिया एण्ड्रायड स्मार्ट फोन 09 हजार रुपये में उनको बेचा गया था बेचते समय उन लोगों द्वारा मोबाइल का बिल भी दिया गया था जब इनके द्वारा उक्त मोबाइल फोन में सिम लगाया गया तो फोन आया कि आप द्वारा जो मोबाइल फोन खरिदा गया है वह गड़बड़ है तथा जिसका यह मोबाइल है उसके साथ घटना हो गयी है जिससे इनको संदेह हुआ कि फर्जी बिल देकर गलत मोबाइल फोन बेचा गया है। उक्त सूचना पर थाना रॉबर्ट्सगंज पर विभन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया।

उद्योग व्यापार संगठन ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

- होली मिलन समारोह में नगर के व्यापारियों में अलग ही उत्साह देखने को मिला

सोनभद्र,राबर्ट्सगंज। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के तत्वाधान में रविवार की देर शाम लोढ़ी स्थित होटल एडी में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सदर विधायक भूपेश चौबे व नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा को अंग वस्त्र प्रदान कर माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

इस मौके पर नगर के व्यापारियों में अलग ही उत्साह देखने को मिला। लोगों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी एवं गले मिलकर एक दूसरे का अभिवादन किया। फागुन के गीत जैसे होली आई रे कन्हाई एवं होली के दिन दिल खिल जाते हैं रंगों में रंग मिल जाते हैं जैसे गीतों पे थिरकते नजर आए।

इस मौके पर संगठन के जिला अध्यक्ष कौशल शर्मा ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि होली रंग एवं पकवानों के साथ-साथ गीत संगीत के लोक परंपराओं का पर्व है। चेहरे पर गुलाल लगे, ढोल बजाते लोगों का समूह संस्कृति से जुड़ाव की एक अलग ही छवि प्रस्तुत करता है।

उन्होंने हर बार की तरह व्यापारियों के हित में आवाज उठाते हुए कहा कि व्यापारियों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। व्यापारियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करते हुए उन्होंने व्यापारी एकता को और मजबूत करने का आह्वान भी किया। श्री शर्मा ने कहा कि भारत के अर्थव्यवस्था का एक मजबूत स्तंभ है व्यापारी । जिस तरह स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई में स्वतंत्रता सेनानियों को आर्थिक मदद कर व्यापारियों ने देश को अंग्रेजों के चंगुल से आजाद कराया। आज भी व्यापारी उसी कर्तव्य निष्ठा से काम कर समय पर टैक्स देकर अपने देश को आर्थिक तौर पर और मजबूत करने की दिशा में अग्रसर है। इस मंच के माध्यम से उन्होंने विश्वास दिलाया कि अगर भविष्य में किसी भी व्यापारी के साथ अन्याय हुआ तो हम सड़क पर उतरेंगे और जब तक न्याय नहीं मिल जाता तब तक संघर्ष करते रहेंगे।

नगर अध्यक्ष प्रशांत जैन ने कहा कि किसी भी संगठन को मजबूत करने के लिए व्यापारियों में मित्रता एवं भाईचारे की भावना को जागृत करना होगा। आपस में प्रतिस्पर्धा की भावना को खत्म करना होगा और व्यापारी समाज के हित में सभी को मिलकर काम करना होगा। श्री जैन ने होली के मौके पर नगर की युवाओं से अपील की कि त्योहारों को परंपरागत तरीके से शांति और सौहार्द भाव से मनाए ना कि नशे में धुत हो कर। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी इस पर्व से जुड़ी परंपराओं से विमुख होती नजर आ रही है। अंत में सदर विधायक भूपेश चौबे और नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने जिला अध्यक्ष कौशल शर्मा और उनके टीम को धन्यवाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

सपा-कांग्रेस गठबंधन की ज़मानत जब्त होने जा रही है: केशव

- जिस गाड़ी में सपा का झंडा उस पार्टी में बैठा गुंडा: उपमुख्यमंत्री

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सोमवार को गोंडा और बस्ती में लोकसभा वालंटियर्स सम्मेलन में सम्मिलित हुए।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा-कांग्रेस गठबंधन की जमानत जब्त होने जा रही है। उन्होंने सपा को गुंडा और माफियाओं की बड़ी पार्टी बताते हुए कहा कि जिस गाड़ी में सपा का झंडा उस पार्टी में बैठा गुंडा। समाजवादी पार्टी का नारा - खाली जमीन, प्लाट हमारा, सपा सरकार में यह नारा लगाते हुए सपा के नेता खाली प्लाट, मकान और जमींनो पर कब्जा करते थे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता सपा सरकार की गुण्डई और अपराधीकरण को भूली नहीं है। अब अखिलेश यादव दोबारा मुख्यमंत्री कभी नहीं बन पाएंगे। इस बार तो वे जीरो पर आउट होने वाले हैं।

मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को भ्रष्टाचार मुक्त करने का वादा किया है, भ्रष्टाचार करने वालों के घरों पर छापे पड़ रहे हैं, तो वह चिल्लाते हैं। 10 साल तो अभी लोगों ने ट्रेलर देखा है। 4 जून के बाद विपक्षी दल के लोग पिक्चर देखेंगे। जिन्होंने भ्रष्टाचार किया है कठोर कार्रवाई होगी। भ्रष्टाचारियों को छोड़ा नहीं जाएगा। हर भ्रष्टाचारी के खिलाफ और कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी।

श्री मौर्य ने कहा कि अखिलेश यादव बहुत गंभीर तनाव में हैं वह चुनाव हार रहे हैं। सपा का खाता खुलने वाला नहीं है, उनका वर्तमान भी अंधकार में है और भविष्य भी अंधकार में है। तो तनाव में इस प्रकार के बयान बाजी करते हैं। उनके गुंडे जो बड़े-बड़े अपराधी हैं वह जेल जा चुके हैं। गुंडो के बल पर अब पोलिंग बूथ कब्जा नहीं कर सकते तो सपा जीत नहीं सकती। सपा का सफाया हो रहा है। कांग्रेस का सफाया हो रहा है।

श्री मौर्य ने कहा कि विपक्ष पर जनता का विश्वास नहीं है वह जनता का विश्वास खो चुके हैं। जब देश में राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार थी संसद में खड़े होकर के यह लोग कहते थे कि हम दिल्ली से अगर 1 रूपया भेजते हैं तो जनता के पास 15 पैसा पहुंचता है। मोदी की सरकार में पैसा सीधा जनता के खाते में पहुंचता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार मुक्त भारत का संकल्प लिया है।

कांग्रेस का वजूद उत्तर प्रदेश में समाप्त: भूपेन्द्र सिंह चौधरी

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सोमवार को अपने बयान में कहा कि कांग्रेस का वजूद उत्तर प्रदेश में समाप्त है। इनके पास जनता के बीच जाने का साहस भी नहीं बचा है। इसीलिए तो ये सब सिर्फ़ इंडियन परिवार लीग खेलने में व्यस्त हैं। क्योंकि इनके लिए परिवार ही टीम है, पार्टी-संगठन परिवार के हितों की पूर्ति के साधन है। जनहित और जनभावना का महत्व इनके लिए शून्य है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोगो को कोई पूछ नहीं रहा है। इनके प्रत्याशी तो घोषित टिकट भी लौटा दे रहे हैं। इनके नेता कार्यकर्ता कार्यालय से कार्यालय आने-जाने में ही अपना समय काट रहे हैं। इन्हें जनता न टिकने दे रही है और न ही रुकने दे रही है। दो युवकों की फ्लॉप पिक्चर फिर से रीलांच करने के भरसक प्रयास के बाद भी उसे ऑडियंस नहीं मिल रही है। कांग्रेस के पास तो अमेठी और रायबरेली की भी सीट पर उम्मीदवार ढूँढें नहीं मिल रहे हैं। चौधरी ने कहा कि न्याय पत्र के नाम पर कांग्रेस झूठ का पुलिंदा लेकर बैठी है। जिस पार्टी ने देश पर 55 वर्ष से ज़्यादा शासन किया वह अभी तक जनता के साथ न्याय नहीं कर पाई। इंडी अलायंस के घोषणावीर नेता केवल लुभावने वादे ही कर सकते हैं इनके पास करने के लिए कुछ बचा नहीं है। प्रदेश की 25 करोड़ जनता इनके चाल, चरित्र और चेहरे से वाक़िफ़ है। वह एक बार फिर इन्हें मैदान के बाहर ही बैठायेगी।

कांग्रेस ने 5 न्याय के तहत देश की तस्वीर बदलने का संकल्प लिया

- न्याय पत्र भारत की जनता के दुख-दर्द और चुनौतियों के लिए जवाब है: अविनाश

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। कांग्रेस महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने सोमवार को कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, नेता विधान मंडल दल आराधना मिश्रा मोना और वरिष्ठ सांसद प्रमोद तिवारी के साथ कांग्रेस का न्याय पत्र जारी किया। श्री पाण्डेय ने कहा कि न्याय पत्र जननायक राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान देश और समाज के हर वर्ग से बातचीत के बाद उनकी समस्याएं समझ, उनकी आकांक्षाओं पर बना है। यह न्याय पत्र भारत की जनता के दुख-दर्द और चुनौतियों के लिए जवाब है। कांग्रेस का न्याय पत्र जारी होने के बाद से भारतीय जनता पार्टी के खेमे में भारी निराशा का माहौल है। कांग्रेस का न्याय पत्र जारी करते हुए श्री पाण्डेय ने कहा कि कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में 5 न्याय के तहत 25 गारंटियों के जरिए देश की तस्वीर बदलने का संकल्प लिया है। आज मुट्ठी भर कुछ लोगों को बेपनाह दौलत दी गयी और देश के वंचित वर्ग को अन्याय और अत्याचार के दलदल में धकेल दिया गया। कांग्रेस इस अन्याय को खत्म कर इंडिया गठबंधन के न्याय का राज स्थापित करेंगे। इस दौरान कांग्रेस प्रवक्ता अभय दुबे, पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, मीडिया चेयरमैन डॉ. सी.पी. राय, प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक प्रसाद, सुशील पासी, संगठन महासचिव अनिल यादव, मीडिया वाइस चेयरमैन मनीष हिंदवी सहित अन्य कांग्रेसी नेता उपस्थित थे। हिस्सेदारी न्याय के तहत होगी जातीय जनगणना हिस्सेदारी न्याय के तहत कांग्रेस जातीय जनगणना कराएगी और एससी-एसटी और ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित रिक्त पदों को साल भर में भरेगी। संविदा कर्मियों का नियमितीकरण होगा, अल्पसंख्यकों को शिक्षा, स्वास्थ्य, नौकरी में बिना भेदभाव उचित अवसर मिलेगा।

ईद की नमाज से पहले फितरा अदा करने की अपील

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया और ईदगाह कमेटी में ईदुल फित्र की नमाज को लेकर तैयारी बैठक हुई। इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद की अध्यक्षता में हुई बैठक में मौलाना खालिद रशीद ने ईद की नमाज से पहले फितरा अदा करने की अपील की। इसी के साथ उन्होंने रसूल और सहाबा की पैरवी करते हुए ईदगाह में ईद की नमाज अदा करने की अपील की। मौलाना ने कहा ईदगाह में ईदुल फित्र की नमाज सुबह 10 बजे होगी। नमाज से पहले मौलाना खालिद रशीद खिताब करेंगे। मौलाना ने कहा कि हदीस में है कि ईद की सुबह फज्र के वक्त से खुदा का फरिश्ता लोगों को ईदगाह की तरफ पुकारता है। ईदगाह में नमाज की तैयारियां पूरी हो गयी हैं। मौलाना ने ईद की नमाज पढने का तरीका बताते हुए कहा कि ईद की नमाज की नियत करें कि दो रकअत नमाज ईदुल फित्र वाजिब मय जायद तकबीरों के, वास्ते अल्लाह तआला के पीछे इस इमाम के, इन अल्फाज का दोहराना जरूरी नहीं सिर्फ ख्याल कर लेना काफी है। मौलाना ने विस्तार से नमाज का तरीका बताया। मौलाना ने कहा कि पिछले सालों की तरह इस साल भी ईदगाह में महिलाओं के लिए नमाज का विशेष इंतजाम किया गया है।

मकसदे हुसैनी की स्पेशल क्लासेज का पुरस्कार वितरण 21 अप्रैल को

लखनऊ। माहे मुबारक रमजान में इस्लाम के मूल सिद्धांतों से लोगों विशेष कर युवाओं को परिचित कराने के लिए इदारए मकसदे हुसैनी की ओर से आयोजित स्पेशल क्लासेज का समापन हुआ। इसी के साथ विभिन्न केन्द्रों पर परीक्षाओं का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 1500 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। संस्था के प्रवक्ता एस.एम. अमन ने बताया कि राजधानी के विभिन्न स्थानों पर संस्था की ओर से आयोजित क्लासेज की परीक्षा केन्द्र प्रभारी ने कराई। उन्होंने बताया कि परीक्षाओं का परिणाम ईद के बाद जारी किया जाएगा और सआदतगंज के कश्मीरी मोहल्ला स्थित एम.एच. हॉल में 21 अप्रैल को पुरस्कार वितरण होगा, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

लोकसभा संचालन समिति और पार्षदगणों की बैठक आयोजित

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। हजरतगंज स्थित हलवासिया कोर्ट में लोकसभा संचालन समिति और पार्षदगणों की बैठक आयोजित की गई। जिसमे पूर्व उपमुख्यमंत्री राज्यसभा सांसद डॉ दिनेश शर्मा, राज्यसभा सांसद अशोक बाजपई, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, एमएलसी और लोकसभा संचालन समिति संयोजक मुकेश शर्मा व महापौर सुषमा खर्कवाल ने लोकसभा चुनाव तैयारियों की समीक्षा की और आगामी कार्य योजना तय की गई। पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ दिनेश शर्मा ने कहा कि पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता विभिन्न व्यापारिक, सामाजिक संगठनों और समितियों के साथ अलग-अलग बैठक करे और अपने प्रत्याशी के पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित करें। पार्षदों की भी जिम्मेदारी है कि वह केंद्र एवं राज्य की लोक कल्याणकारी योजनाओं को घर घर पहुंचने का काम करेंगे। पार्षदगण अपनी पूरी जिम्मेदारी के साथ वार्ड में कार्य करें और अपने नगर निगम चुनाव से ज्यादा लोकसभा चुनाव में मतदान कराए और भारी मतों से लोकसभा प्रत्याशी राजनाथ सिंह को विजई बनाने का कार्य करें।

15 अप्रैल को किया जायेगा स्पेशल ट्रेन का संचलन

जम्मू की रूट की 8 ट्रेनों में लगाई जायेगी अतिरिक्त बोगी

लखनऊ। लखनऊ से गुजरने वाली जम्मू की रूट की 8 ट्रेनों में लम्बी वेटिंग लिस्ट को देखते अतिरिक्त बोगी लगाई जायेगी। इनमें बेगमपुरा एक्सप्रेस, कोलकाता जम्मूतवी, हिमगिरी एक्सप्रेस, अर्चना एक्सप्रेस, अमरनाथ एक्सप्रेस, गाजीपुर वैष्णो देवी

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। रेलवे की तरफ से यात्रियों की सुविधा के लिए 05616 गुवाहाटी श्री गंगानगर एकल यात्रा स्पेशल ट्रेन का संचलन 15 अप्रैल सोमवार को किया जायेगा। जानकारी के अनुसार 05616 गुवाहाटी श्री गंगानगर एकल यात्रा स्पेशल ट्रेन 15 अप्रैल सोमवार को गुवाहाटी से 6 बजे चलकर कामाख्या से 6:17 बजे, गोलपारा टाउन से 8:12 बजे, न्यू बोंगाईगांव से 9:45 बजे, कोकराझार से 10:10 बजे, अलीपुर द्वार जंक्शन से 11:15 बजे, दूसरे दिन दलगांव 12:57 बजे, न्यू जलपाई गुडी से 4:05 बजे, किशनगंज से 5:17 बजे, बरसोई जंक्शन से 6:03 बजे, कटिहार जंक्शन से 7:15 बजे, नौगछिया से 8:15 बजे, खगडिया जंक्शन से 9:10 बजे, बेगूसराय से 9:48 बजे, बरौनी जंक्शन से 10:25 बजे, समस्तीपुर से 11:45 बजे, मुजफ्फरपुर जंक्शन से 12:40 बजे, हाजीपुर से 1:35 बजे, छपरा से 3:20 बजे, सीवान से 4:17 बजे, भटनी से 5:15 बजे, देवरिया सदर से 5:55 बजे, गोरखपुर से 7:50 बजे, मनकापुर से 10:35 बजे, अयोध्या धाम जंक्शन 11:35 बजे, अयोध्या कैण्ट से 11:58 बजे, तीसरे दिन लखनऊ से 2:20 बजे, कानपुर सेण्ट्रल से 4:20 बजे, इटावा से 6:40 बजे, शमशाबाद टाउन से 9:32 बजे, आगरा कैण्ट से 10:40 बजे, भरतपुर जंक्शन से 11:22 बजे, बांदीकुई जंक्शन से 1:45 बजे, गांधीनगर जयपुर से 2:48 बजे, जयपुर जंक्शन से 3:25 बजे, रिंगस जंक्शन से 4:10 बजे, सीकर जंक्शन से 5:20 बजे, चुरू से 8 बजे, रतनगढ़ से 8:55 बजे, श्री डूंगरगढ़ से 9:50 बजेए चौथे दिन बीकानेर से 12:25 बजे, लूनकरनसर से 1:30 बजे, अरजनसर से 2:32 बजे, सूरतगढ़ जंक्शन से 3:35 बजे, रायसिंह नगर से 4:25 बजे तथा श्री करनपुर से 4:53 बजे छूटकर श्री गंगानगर 6:45 बजे पहुंचेगी। इस ट्रेन में शयनयान श्रेणी के 15, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 2, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 1 तथा जीएसएलआर के 2 कोचों सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे।

बालामऊ लखनऊ एक्सप्रेस और लखनऊ शाहजहांपुर एक्सप्रेस ट्रेनें रहेंगी निरस्त

लखनऊ। बालामऊ लखनऊ एक्सप्रेस और लखनऊ शाहजहांपुर एक्सप्रेस ट्रेनें निरस्त रहेंगी। वहीं कई अन्य ट्रेनों के मार्ग परिवर्तन, रेग्यूलेशन मार्ग में विनिमयित तथा रिशेडयूल किया जायेगा। यह जानकारी उत्तर रेलवे की वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा ने दी। ट्रेन नम्बर 04356 बालामऊ लखनऊ एक्सप्रेस स्पेशल व 04319 लखनऊ शाहजहांपुर एक्सप्रेस स्पेशल तथा 04301 लखनऊ शाहजहांपुर एक्सप्रेस स्पेशल, 04320 शाहजहांपुर लखनऊ एक्सप्रेस, 04320 शाहजहांपुर लखनऊ एक्सप्रेस स्पेशल 10 अप्रैल तक 04355 लखनऊ बालामऊ एक्सप्रेस स्पेशल निरस्त रहेगी। ट्रेन नम्बर 13308 गंगा सतलज एक्सप्रेस आलमनगर, ट्रांसपोर्ट नगर, उतरेटिया जंक्शन, सुलतानपुर जंक्शन, जफराबाद जंक्शन के रास्ते, 13006 अमृतसर हावड़ा पंजाब मेल आलमनगर, ट्रांसपोर्ट नगर, उतरेटिया जंक्शन के रास्ते तथा 13308 गंगा सतलज एक्सप्रेस आलमनगर, ट्रांसपोर्ट नगर, उतरेटिया जंक्शन, सुलतानपुर जंक्शन व जफराबाद जंक्शन के रास्ते तथा 13006 अमृतसर हावड़ा पंजाब मेल आलमनगर, ट्रांसपोर्ट नगर, उतरेटिया जंक्शन के रास्ते, 13308 गंगा सतलज एक्सप्रेस आलमनगर, ट्रांसपोर्ट नगर, उतरेटिया जंक्शन, सुलतानपुर जंक्शन, जफराबाद जंक्शन के रास्ते तथा 13006 अमृतसर हावड़ा पंजाब मेल आलमनगर, ट्रांसपोर्ट नगर, उतरेटिया जंक्शन के रास्ते अपने गंतव्य को जायेगी। साथ ही 9 अप्रैल को अपने प्रारभिक स्टेशन से यात्रा आरंभ करने वाली गाड़ी संख्या 13151 कोलकाता जम्मूतवी सियालदह एक्सप्रेस निर्धारित प्रस्थान समय पूर्वान्ह 11:45 के स्थान पर समय 2:45 पर प्रस्थान करेगी।

अतिरिक्त कोच लगाकर वेटिंग के यात्रियों को दी जायेगी राहत

चैत्र नवरात्रि मेले पर रेलवे श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए 9 से 23 अप्रैल तक लोकमान्य तिलक टर्मिनस गोरखपुर एक्सप्रेस समेत डेढ़ दर्जन ट्रेनों का अतिरिक्त 5 मिनट का अस्थाई ठहराव मैहर स्टेशन पर देगा। इसके अलावा जम्मूतवी जाने वाल ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाकर वेटिंग के यात्रियों को राहत दी जायेगी। मैहर स्टेशन पर दोनों दिशाओं में ठहराव करने वाली ट्रेनों में ट्रेन नम्बर 11055 लोकमान्य तिलक टर्मिनस गोरखपुर एक्सप्रेस, ट्रेन नम्बर 11059 लोकमान्य तिलक टर्मिनस छपरा त्रैसाप्ताहिक एक्सप्रेस, ट्रेन नम्बर 12669 चेन्नई छपरा द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस, ट्रेन नम्बर 19051 वलसाड मुजफ्फरपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस, ट्रेन नम्बर 18201 दुर्ग नौतनवा द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस, ट्रेन नम्बर 11037 पुणे गोरखपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस, ट्रेन नम्बर 18610 लोकमान्य तिलक टर्मिनस रांची साप्ताहिक एक्सप्रेस, ट्रेन नम्बर 22131 पुणे बनारस साप्ताहिक एक्सप्रेस और ट्रेन नम्बर 19045 सूरत छपरा एक्सप्रेस शामिल

अवैध रूप से बनाए जा रहे रो-हाउसेस भवनों को किया गया सील

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर सोमवार को अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान के तहत अवैध रूप से बनाए जा रहे रो-हाउसेस भवनों को सील किया गया। प्रवर्तन जोन-1 की टीम ने चिनहट के मल्हौर में अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बिल्डर के बनाए 5 अवैध रो-हाउसेस भवनों को सील किया। प्रवर्तन जोन-1 की जोनल अधिकारी वन्दना पाण्डेय ने बताया कि मयंक त्रिपाठी व अन्य की ओर से चिनहट के निजामपुर मल्हौर में शुक्ला भट्टे के पास लगभग 500 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर अवैध रूप से 5 रो-हाउसेस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किये जा रहे निर्माण को सील करने का आदेश विहित न्यायालय ने दिया था। सोमवार को सहायक अभियंता शिवा सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता सत्यवीर सिह व सुरेन्द्र द्विवेदी ने निर्माणाधीन भवनों को सील कराया।

आईआरसीटीसी भारत गौरव पर्यटक ट्रेन से करायेगा धार्मिक यात्रा

लखनऊ। आईआरसीटीसी भारत गौरव पर्यटक ट्रेन से धार्मिक यात्रा करायेगा। 25 अप्रैल से इस यात्रा में बैद्यनाथ, गया, पुरी, कोणार्क, गंगासागर, कोलकाता, वाराणसी और अयोध्या की यात्रा कराई जायेगी। यात्रा पैकेज में विष्णुपद मंदिर, स्थानीय मंदिर गया, बैद्यनाथ मंदिर, जसडीह, जगन्नाथ मंदिर, कोणार्क मंदिर, पुरी स्थानीय मंदिर, गंगा सागर, काली मंदिर कोलकाता, काशी विश्वनाथ मंदिर वाराणसी, रामजन्मभूमि, हनुमान गढ़ी और अयोध्या के विभिन्न मंदिरों की यात्रा कराई जायेगी।

रोडवेज यात्रियों के सफर को बनायेगा आसान

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। रोडवेज हर स्टॉप पर अगल अलग श्रेणियों की बसों के ठहराव से यात्रियों के सफर को और आसान बनायेगा। रोडवेज बसों के फेयर स्टॉप को बढ़ाये जाने के निर्देश दिये गये हैं। रोडवेज बसों की सेवाओं को पांच श्रेणियों में बांटा गया है। जिसमें ग्राम्य सेवाएं, शटल स्थानीय, सिमित स्टॉप, एक्सप्रेस और सुपरफास्ट सेवाएं हैं। इन बसों का ठहराव और रफ्तार तय किया गया है। परिवहन निगम के प्रधान प्रबंधक संचालन अंकुर विकास ने बताया कि गर्मी के मौसम में यात्रियों की संख्या बढ़ेगी। ऐसे में फेयर स्टॉप बढने से किराये की दरों के निर्धारण में भी आसानी होगी। उन्होंने कहा कि यात्री सुविधाओं को बढ़ाने के लगातार प्रयास होते रहने चाहिए जिससे किसी प्रकार की यात्रियों को असुविधा न हो। इसमें फेयर स्टॉप की भूमिका महत्वपूर्ण है। ग्रामीण बस सेवा वाली बसें गांवों में रात में हॉल्ट करेंगी और हर स्टॉप पर रुकेंगी। उनकी औसत रफ्तार 40 किमी प्रतिघण्टा होगी। इसके अलावा शटल स्थानीय सेवाएं दो जिलों के बीच चलने वाली बसें हर बस स्टॉपेज पर रुकेंगी। जिनकी रफ्तार 46 किमी प्रतिघण्टा होगी। सिमित स्टॉप सेवा वाली बसें तय स्टॉप पर ही रुकेंगी और उनकी किराया सूची पर इस जिक्र होगा साथ ही उन बसों की रफ्तार 54 किमी प्रतिघण्टा होगी। एक्सप्रेस सेवा बसों का स्टॉपेज ब्लॉक स्तर पर होगा और आबादी 25 हजार व 60 किमी प्रति घण्टा होगी। सुपरफास्ट सेवा वाली बसें 35 हजार आबादी वाले उपनगरों में स्टापेज करेंगी और उन बस की औसत रफ्तार 54 किमी प्रति घण्टा होगी।

मजलूमों के खिलाफ इस्राईल की हरसंभव मदद कर रहे मुस्लिम हुकमरान: जवाद

- अगर मजलूम की फरियाद का जवाब नहीं दिया तो वह मुसलमान नहीं
- फिलीस्तीनियों की फरियाद पर मुस्लिम हुकूमतें हैं खामोशी

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। मजलिस उलमा-ए-हिन्द के महासचिव मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी ने कहा कि रसूल की हदीस है कि कोई मुसलमान किसी मजलूम की हदीस सुने भले ही फरियादी दूसरे मजहब और अकीदत का हो लेकिन अगर मजलूम की फरियाद का जवाब नहीं दिया तो वह मुसलमान नहीं। आज मजलूम फिलीस्तीनी लगातार फरियाद कर रहे हैं लेकिन मुस्लिम हुकूमतें खामोशी अख्तियार किये हैं। मौलाना अंतर्राष्ट्रीय कुद्स दिवस पर चौक मण्डी स्थित इमामबाड़ा गुफरानमआब में मदरसातुज जहरा की ओर से आयोजित कांफ्रेंस की अध्यक्षता करते हुए सम्बोधित कर रहे थे। कांफ्रेंस का आगाज कारी अमीर हम्जा ने तिलावते कलामे पाक से किया। मौलाना ने कहा कि मुस्लिम हुक्मरान फिलीस्तीन के मजलूमों के खिलाफ इस्राईल की हरसंभव मदद कर रहे हैं। सऊदी अरब और अन्य मुस्लिम देशों से सहायता सामग्री इस्राईल पहुंचाई जा रही है। गाजा में जो इस्राईली जुल्म जारी है उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। अमेरिका हथियारों की आपूर्ति बन्द कर दे तो इस्राईल युद्ध में कहीं नहीं ठहरेगा। मौलाना ने कहा कि युद्ध का असली दोषी अमेरिका है, जिसने इस्राईल को जन्म दिया और उसके नाजायज अस्तित्व को सही ठहराने का हरसंभव प्रयास किया। मौलाना हसनैन बाकरी ने कहा कि दुनिया में दो निजाम हैं एक इलाही और दूसरा शैतानी। जायोनीवादियों ने पूरी दुनिया को अपना गुलाम बना लिया है। अमेरिका और अन्य देशों में हुकूमत चाहे जिसकी हो नियंत्रण जायोनीवादियों का है। उन्होंने शिक्षा और अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में इतनी प्रगति की कि आज पूरी दुनिया पर राज कर रहे हैं। मुसलमानों ने ज्ञान और अर्थव्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया।

रमज़ान पर किये गये सवालों के जवाब

अवधनामा ब्यूरो



लखनऊ। इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया की ओर से दारुल उलूम निजामिया फरंगी महल में रमजान हेल्पलाइन पर सवालों के जवाब इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली की अध्यक्षता में उलमा के पैनल ने दिये। सवाल पूछने के लिए मोबाइल नम्बर 9335929670, 9415102947, 7007705774 और 9140427677, ई-मेल ramzanhelplinewz@gmail.com और वेबसाइट www.farangimahal.in पर सम्पर्क किया जा सकता है।

सवाल:- जमीन के लिए खरीदे बीज और खाद पर क्या जकात देना होगा?

जवाब:- उस पर जकात वाजिब नहीं है।

सवाल:- रोजे का फिदया बेटी, नवासी, पोता-पोती, दामाद आदि को देना सही है या नहीं?

जवाब:- रोजे का फिदया अपनी औलाद और अपनी औलाद की औलाद को देना जायज नहीं है।

सवाल:- पिछले साल जकात अदा नहीं की अब दूसरा साल शुरू हो गया नए साल का हिसाब कैसे करें?

जवाब:- जिस तारीख को पहला साल खत्म हुआ उस दिन जितना माल था उस पर पहले साल की जकात फर्ज हुई, अगले दिन से दूसरा साल शुरू समझा जाएगा।

सवाल:- क्या ऐतिकाफ के दौरान कुरान के अलावा दीनी किताबें पढ़ सकते हैं?

जवाब:- तमाम दीनी किताबों को पढ़ सकते हैं।

सवाल:- गिरवी रखी चीज की जकात किस पर वाजिब है?

जवाब:- गिरवी रखी चीज की जकात न देने और न रखने वाले पर है। ऐतिकाफ के लिए मस्जिद में कहीं भी बैठ सकते हैं

मौलाना सैफ अब्बास नकवी के नेतृत्व में उलमा के पैनल ने दिये जवाब

कार्यालय आयतुल्लाह सादिक हुसैनी शीराजी की ओर से हेल्पलाइन पर सवालों के जवाब मौलाना सैफ अब्बास नकवी के नेतृत्व में उलमा के पैनल ने दिये। हेल्पलाइन पर सवाल मोबाइल नम्बर 9415580936, 983909 7407 पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक या ई-मेल masael@gmail.com पर पूछे जा सकते हैं। महिलाओं के सवालों के लिए मोबाइल नम्बर 6386897124 पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं।

सवाल:- क्या एक शख्स दो लोगों की तरफ से ऐतिकाफ कर सकता है?

जवाब:- अगर कोई शख्स नियत करके किसी की तरफ से ऐतिकाफ में बैठ गया तो दूसरे की नियाबत अख्तयार करना जायज नहीं है।

सवाल:- ऐतिकाफ किन मौकों पर करना चाहिए?

जवाब:- ऐतिकाफ करने के लिए हर वह वक्त सही है जब इंसान रोजा रख सकता हो, क्योंकि ऐतिकाफ करने वाला रोजे से से होना चाहिए।

सवाल:- क्या ऐतिकाफ के लिए मस्जिद में कोई खास जगह है जहां ऐतिकाफ के लिए बैठें?

जवाब:- मस्जिद में मेहराब, मीनार, छत, तहखाना सभी शामिल हैं इसलिए कहीं भी बैठ सकते हैं।

सवाल:- क्या पत्नी के लिए ऐतिकाफ से पहले अपने शौहर की इजाजत लेना जरूरी है?

जवाब:- ऐतिकाफ में शामिल होने के लिए हर उस आदमी की इजाजत जरूरी है जैसे गुलाम को अपने मालिक से, पत्नी को अपने पति से और बच्चों को अपने मां-बाप से। **सवाल:-** अगर किसी जगह ऐतिकाफ में कोई रुकावट है तो क्या दूसरी मस्जिद में जाकर ऐतिकाफ पूरा कर सकते हैं?

जवाब:- अगर कोई रुकावट है तो ऐतिकाफ बातिल हो जाएगा। ऐसे में दूसरी मस्जिद में ऐतिकाफ जारी रखना सही नहीं है।